मार्च–सोची समझी योजना कारगर रहेगी। तीव्र लाभ की जिज्ञासा बलवन्ती होगी। इस महीने अपव्यय का भी योग है। अनावश्यक बातें, राजनैतिक भागदौड़ कम करें। अभीष्ट आराधना से लाभ होगा। घर गृहस्थी का विचार पूरा हो जायेगा।

वृश्चिक– तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू



अप्रैल–मास में धन प्राप्ति का नया रास्ता खुलेगा। साझीदार तथा उच्चाधिकारी से मनोमालिन्य न होने दें। प्यार प्रीति के चक्कर से बचे रहें। अकर्मण्यता अदृश्य फलों में बाधक होने के साथ-साथ भाग्यावरोधक भी है।

मई–नित नई समस्या का सामना करना पड़ेगा। यह मास उहापोह में बीतेगा। संयम बरतने वाले अधूरे काम पूरे करने में सक्षम हो सकते हैं। दोस्तों से इच्छित सहयोग मिलेगा।

जून–कार्यारम्भ कीजिए ग्रह विकास में सहायक हैं। इस महीने वृश्चिक राशी वाले नित नये पन का अनुभव करेंगे। भूमि, वाहनादि खरीदा जायेगा। घर गृहस्थी में सरसता का संयोग बनेगा। स्वास्थ्य कुछ गड़बड़ी करेगा।

जुलाई–जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्तरदायित्व बढ़ेगा। पढ़ाई लिखाई में मन खूब लगेगा। पुरानी निराशा का समापन होगा। कोई नुकसान पहुंचाने का प्रयत्न करेगा। संयम से काम लें।

अगस्त–कार्यारम्भ करें। राजकीय सहयोग मिलेगा। भाग्य का सितारा चमकेगा। प्यार मुहब्बत में काम खराब होगा। चोर, बदमाश, उचक्के, सवारी से डर बना रहेगा। मौसम का सेहत पर प्रभाव पड़ेगा।

सितम्बर–बनते बिगड़ते परिवेश में नये आयाम मिलेंगे। मित्र आपकी भरपूर मदद करेंगे। आलस्य प्रमाद न बढ़ने दें। खरीद फरोख्त का धन्धा मिले तो अवश्य करें। राजकीय आश्वासन अधूरे भाग्य की बिडम्बना ही जानें।

अक्तूबर–कानूनी विवाद को सुलझाने की कोशिश करें। उन्नति-अवनति का योग समान है। मंगलोत्सव की खुशी होगी। दोस्तों में मटरगश्ती चलेगी। स्थान परिवर्तन की रूपरेखा बनेगी। नये काम की इच्छा पूरी होगी।

नवम्बर–मास के गोचर ग्रह भाग्य विकास में सहायक है। खरीद फरोख्त के धन्धे से नफा मिलेगी। यात्रा छोटी मगर लाभप्रद रहेगी। पुरानी बीमारी से राहत मिलेगी। आगम धन प्राप्ति की रूपरेखा सफल होगी।

दिसम्बर–घर गृहस्थी, इष्ट मित्रों में सरसता बढ़ती जायेगी। विदेश से अच्छी खबर आयेगी। इच्छित वस्तु खरीदी जायेगी। किसी की कही सुनी बातों में ना आवें। रोग, ऋण, उपद्रवादि से बचे रहें।

जनवरी (९८)–मास वृश्चिक राशि वालों के लिए उलझन पूर्ण रहेगा। इच्छित कार्य पूर्ति के लिए भारी संघर्ष करना पड़ेगा। लाभ तो होगा, मगर देर से। स्थानान्तरण सुखद नहीं। बड़े अधिकारी से बना कर रखने में ही फायदा है।

फरवरी–असफलता के मध्य सफलता मिलेगी। घूमने-फिरने की इच्छा बलवन्ती होगी। घर गृहस्थ की समस्या उलझने के बाद ही सुलझेगी। मर्यादा रहित व्यवहार से नुकसान हो सकता है।

मार्च–दोस्तों के साथ अच्छी पटेगी। अच्छी खबर मन खुश करेगी सांसारिक सुख की सामग्री खरीदी जायेगी। प्रतिकूल सूचना मन दुखायेगी। प्रतियोगिता में विजय मिल जायेगी।

धनु– ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे

अप्रैल–मास में गोचर ग्रह अनुकूल रहेंगे। राजनैतिक दबदबा बढ़ेगा। मनोरंजन का सुखद समाचार मिलेगा। रोग, ऋण, पुराना विवाद खत्म होगा। अनसुलझी पहेली भी सुलझ जायेगी। खरीददारी से नफा मिलेगा।

मई–ग्रहयोग आशातीत लाभ के परिचायक हैं। दैनिक कामों में कोताही बरतना श्रेष्ठ नहीं। आलस्य-प्रमाद उच्चाकांक्षा से काम बिगड़ सकता है। व्यापारी वर्ग को कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

जून–साहित्य, संगीत, मनोरंजन, आमोद प्रमोद में समय बीतेगा। यात्रा, देव दर्शन का विचार बनेगा। सुखद समाचार से मन खुश होगा। प्रतिकूल खबर से विषाद होगा। न चाहते हुए भी कहीं जाना पड़ेगा।

जुलाई–मास कुछ विशेषतायें लिए आ रहा है। दोस्ती में प्यार प्रीति का चक्कर चलेगा। तत्परता में बनने वाला गठजोड़ नुकसान देगा। बड़े अधिकारी की गतिविधियां पहिचानें। अनजान से दोस्ती का हाथ ना मिलावें।

अगस्त–अकर्मण्यता मिलने वाले शुभ फलों में बाधक है। आलस्य प्रमाद न बढ़ने दें। अनावश्यक उच्चाकांक्षायें नियन्त्रित करें। अचूक लाभ का संयोग बनेगा। स्वास्थ्य कुछ गड़बड़ी करेगा।

सितम्बर–भूमि, वाहन, पशु आदि का लेन देन अच्छा रहेगा। इस महीने निराशा निवृत्ति का सुयोग है। रुका हुआ धन तो आयेगा मगर देर से पारिवारिक वैमनस्य से बचे रहें। पड़ोसी नुकसान करवा सकता है।

अक्तूबर–मन नित नई उधेड़ बुन में लगा रहेगा। एक काम का लाभ तो दूसरे से नुकसान होगा। असामान्य विषम परिस्थिति में नया रास्ता मिलेगा। अपने बाहुबल का भरोसा रखें। सरकारी सहयोग की आशा छोड़ दें।

नवम्बर–कार्यारम्भ कीजिए ग्रह सफलता में सहायक है। धनु राशि वालों को नई उपलब्धि मिलेगी। घर गृहस्थी में प्यार प्रीति की प्रतिक्रिया होगी। धार्मिक काम में मन लगेगा। लम्बी यात्रा का विचार बनेगा।

दिसम्बर–तीव्र लाभ की जिज्ञासा बढ़ती जायेगी। कानूनी समस्या और भी जटिल हो जायेगी। खरीद फरोख्त के धन्धे में नफा मिल जायेगी। अच्छी खराब दोनों किस्म की खबर आयेगी। स्वास्थ्य हानि से बचे रहें।

जनवरी (९८)–मास कुछ विशेषतायें लिए आ रहा है। मनोरथ सिद्धि होगी सामाजिक मान सम्मान मिलेगा। भाग्य का सितारा चमकेगा। कोई तुम्हें नाहक परेशान करेगा। पदोन्नति में बाधा डलवायेगा। चोर, डकैत, सवारी से सावधान रहना पड़ेगा।

फरवरी–अकर्मण्यता मिलने वाले शुभ फलों में बाधक है। दैनिक काम काज में कोताही न बरतें। पारिवारिक समस्या मिलबैठ कर सुलझा लें। आशातीत लाभ होगा। पुराने रोगोपद्रव से छुटकारा मिल जायेगा।

मार्च–असफलता के मध्य सफलता मिलेगी। देव दर्शन की इच्छा बलवन्ती होगी। लाटरी आदि से लाभ हो सकता है। बदले की भावना त्याग दें। सृजनात्मक काम का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य हानि से बचे रहें।

मकर– भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी

अप्रैल–घर गृहस्थी की समस्या का समाधान देर से होगा। विरोधियों का ईर्ष्याभाव बढ़ेगा। लम्बी यात्रा का विचार बनेगा। मंगलोत्सव में जाना पड़ेगा। साथी उन्नति में बाधा डलवायेगा। खरीद-फरोख्त का धन्धा पनप जायेगा।

मई–जमा खर्च का योग समान है। बनते बिगड़ते परिवेश में नये आयाम मिलेंगे। इष्ट मित्र इच्छित काम में मददगार होंगे। आप यात्रा पर जा सकते हैं। बड़े अधिकारी से कहासुनी सम्भव है। स्वास्थ्य नियमों का पालन करें।

जून–मास मकर राशि वालों के लिए कुछ विशेषतायें लिए आ रहा है। कानूनी विवाद प्रतियोगिता में विजय मिलेगी। देव दर्शन की इच्छा प्रबल होगी। घर गृहस्थी की समस्या नहीं सुलझ पायेगी। स्वास्थ्य हानि से बचे रहें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जुलाई–घर गृहस्थी में कटुता बढ़ सकती है। पुरुषार्थ की निर्बलता वसात नुकसान हो सकता है। सजगता स्फूर्ती से काम सही बनेगा। स्त्री समाज का समय बातचीत में बीतेगा। बच्चे खेलकूद में रुचि लेंगे।

अगस्त–सोचे हुए काम बनेंगे। कुछ विलम्ब से नये काम का लाभ होगा। सांसारिक सुख का समान खरीदा जायेगा। बड़ा अधिकारी बेमतलब परेशान करेगा। स्थान परिवर्तन लाभ प्रद होगा।

सितम्बर–यह भौतिक विकास के लिए अच्छा रहेगा। जन्माङ्गचक्र में पड़े उत्तम ग्रह प्रभाव से सितारा चमकेगा। घर परिवार को नई उलझन का सामना करना पड़ेगा। मौसम का स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अशान्ति का कारण बनेगा।

अक्तूबर–चल रहे सामयिक काम में गतिरोध चिन्ता का कारण बनेगा। कोई तुम्हें बहला फुसलाने की कोशिश करेगा। बहुत ही सोच समझकर काम करें। अनजान की दोस्ती फायदेमन्द नहीं।

नवम्बर–अतीत के संदर्भ में नये काम का लाभ मिलेगा। पुराने रोग, ऋण, उपद्रवादि से छुटकारा मिल जायेगा। प्रतियोगिता में जीत हासिल होगी। सुखोपभोग की रूपरेखा बनेगी। छोटी यात्रा लाभप्रद रहेगी।

दिसम्बर–पूर्वापेक्षा धन लाभ का अच्छा योग है। इच्छित सहयोग मिलेगा। घर गृहस्थी का उत्तरदायित्व बढ़ेगा। आगन्तुक मेहमान का हर्षोल्लास होगा। मर्यादा रहित व्यवहार नुकसान दे सकता है।

जनवरी (९८)–जमा खर्च का समान योग है। मेहनत के चलते सेहत का ख्याल करें। साझे के काम, लेन देन के मामले में सावधानी बरतें। अकर्मण्यता मिलने वाले शुभ फलों में बाधक है। प्रतिकूल खबर मिलेगी।

फरवरी–उत्तम ग्रह चाल से सितारा चमकेगा। सोचा-समझा काम सावधानी बरतने से बनेगा। असावधानी वसात नुकसान हो सकता है। भूमि, वाहन की खरीद फरोख्त फायदे में रहेगी। प्यार प्रीति की प्रतिक्रिया चलेगी।

मार्च–आशा निराशा का समान योग है। दैनिक कामों में कोताही ना बरतें। बड़े अधिकारी की घनिष्ठता त्याग दें। घर गृहस्थी में सरसता बनाये रखें। पत्नी, बाल बच्चों की फरियाद ध्यान से सुनें।

कुम्भ– गु, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा

अप्रैल–मास में लाभार्जन का चांस मिलेगा। सामाजिक काम में मन लगेगा। राजनैतिक उठा पटक में खिलाड़ी को नुकसान होगा। दूर दराज की यात्रा का संयोग बनेगा स्वास्थ्य कुछ गड़बड़ी करेगा।

मई–प्रतिकूल गोचर के प्रभाव से अशान्ति रहेगी। कानूनी विवाद सुलझने की बजाय उलझ जायेगा। सूझ बूझ के लिए काम में सफलता भी मिलेगी। दोस्तों में मटरगस्ती चलेगी। पुरानी बीमारी दूर भगेगी।

जून–दोस्ती में सौदा अच्छा पटेगा। घूमने फिरने का अवसर मिलेगा। सुखद समाचार में मन खुश होगा। लेन देन के मामले में झगड़े नहीं। इष्ट आराधना में समय लगावें। शत्रु की कुचाल से बचे रहें।

जुलाई–मास कुछ विशेषतायें लिए आ रहा है। अपने कर्तव्य पालन में निष्ठावान अर्थलाभ के भागीदार बनेंगे। यश की कीर्ति के विस्तार से आपके दुश्मन जलेंगे। चौपाया, वाहनादि उपद्रव से बचे रहें।

अगस्त–जमाखर्च का योग समान है। रुका हुआ धन तो मिलेगा मगर देर से। जमीन जायदाद, वाहन आदि वस्तु खरीदने का विचार बनेगा। लम्बी लाभप्रद योजना में धन खर्च होगा।

सितम्बर–अतीत से संदर्भ में नई खोज का लाभ मिलेगा। साथी ही पदोन्नति में बाधा डलवायेगा। कानूनी विवाद और भी उलझ सकता है। प्रत्येक कदम सोच विचार कर उठावें। स्वास्थ्य नियमों का पालनन करें। घर-परिवार की समस्या को सुलझाने की कोशिश करें।

अक्तूबर–मास नित नई उपलब्धियां कराने आ रहा है। गृहस्थी का विचार पूरा हो जायेगा। प्यार प्रीति का चक्कर चलेगा। पुराने दोस्त से मनोरंजन का समय मिलेगा। मर्यादा रहित व्यवहार नुकसान देगा।

नवम्बर–की ग्रहचाल अनुकूल होने से काम बनेगा। देव दर्शन लम्बी यात्रा का संयोग बनेगा। आगम प्राप्ति का नया रास्ता खुलेगा। मंगल काम का समाचार मिलेगा। अज्ञात कारण वसात नुकसान सम्भव है।

दिसम्बर–लाभप्रद योजना सफल रहेगी। इस महीने इष्ट मित्र, दोस्तों के साथ अच्छी पटेगी। उपयोगी वस्तु खरीदी तथा बेची जायेगी। कार्य शैथिल्यता नुकसान पहुंचायेगी।

जनवरी ९८–यह मास नये कारोबार के लिए उत्तम रहेगा। घर गृहस्थी में हास्य रस बढ़ता जायेगा। विरोधी नुकसान पहुंचायेगा। लोकोपकार की भावना का उदय होना। पुराना दोस्त मदद करेगा। रोग, ऋण, उपद्रवादि से बचे रहें।

फरवरी–में आशातीत लाभ के ग्रह योग बन रहे हैं। अपने काम के प्रति निष्ठावान लाभ कमायेंगे। लापरवाही बरतने वाले नुकसान में रहेंगे। यार दोस्त आपकी मदद करेंगे। मेहनत के चलते हुए सेहत का ख्याल करें।

मार्च–मास कुछ विशेषतायें लिए आ रहा है। अपने कर्तव्य के प्रति सचेत रहें। राजनैतिक गठजोड़ फायदे में रहेगा। भाग्य का सितारा चमकेगा। पदोन्नति का समाचार मिलेगा। साथी ईर्ष्या भाव रखेगा। नुकसान करवा सकता है।

मीन– दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, च, ची

अप्रैल–अकर्मण्यता अदृश्यफलों में बाधक है। अतीत के संदर्भ में नये काम का लाभ मिलेगा। दोस्तों के साथ घूमने फिरने का सुनहरा अवसर मिलेगा। सचेतन चुस्त रहने वालों को फायदा होगा।

मई–मास की ग्रहचाल लाभालाभ की परिचायक है। साझीदार से लड़ें झगड़ें नहीं। कानूनी समस्या ले देकर सुलझाने की कोशिश करें। अचूक लाभ का चांस मिलेगा। पड़ौसियों से सहानुभूति मिलेगी।

जून–घर गृहस्थी के झन्झट बढ़ते जायेंगे। लोकोपवाद की आशंका से बचे रहना चाहिए। इष्ट लाभ होगा। विषम स्थिति से गुजरना पड़ेगा। बच्चों का मन खेल कूद में लगा रहेगा।

जुलाई–कानूनी विवाद, रोग, ऋणादि से छुटकारा हो जायेगा। मन अकेलेपन का अनुभव करने लगेगा। इस महीने पर्याप्त विकास होगा। चल-अचल सम्पत्ति का सुख मिलेगा। कोई तुम्हारे साथ धोखेबाजी कर सकता है। नशे बाजी से बचे रहें लाभ मिलेगा।

अगस्त–घूमने फिरने का लाभ होगा। यश कीर्ति का विस्तार होगा। सामाजिक काम में समय लगेगा। चला आ रहा विवाद समाप्त हो जायेगा। स्वास्थ्य कुछ ढीला चलेगा।

सितम्बर–मास कुछ विशेषतायें लिए आ रहा है। नया काम तो बनेगा। अन्तर्विरोध भी चलता रहेगा कानूनी झन्झट ले देकर छूट जायेगा। मिलजुलकर समस्या का हल खोजें।

अक्तूबर–लाभकारी लम्बी योजना में धन लगेगा। नव निर्माण एवं देव दर्शन का लाभ होगा। राजनैतिक माहौल में सितारा चमकेगा। देश विदेश से समाचार मिलेगा। पुरानी निराशा का समापन होगा।

नवम्बर–कुछ काम बनेंगे, कुछ बिगड़ेंगे, उच्चाधिकारी से टकराव मोल न लें। शत्रु पराभव, स्वजन समागम, लम्बी यात्रा हो सकती है। प्रतिस्पर्धाओं में मन लगा रहेगा।

दिसम्बर–व्यर्थ के झगड़े झमेलों में भाग न लें। परिवार में खुशी मिलेगी। रुका हुआ धन मिलेगा। मिथ्याभियोग से बचे रहें। यह मास मीन राशि वालों को फायदा पहुँचायेगा।

जनवरी ९८–अकर्मण्यता मिलने वाले फलों में बाधक है। अपने काम कल पर ना छोड़ें। सांसारिक सुख मिलेगा कोई तुम्हें गुमराह करने की कोशिश करेगा। मौसम का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

फरवरी–आशा-निराशा में बदल सकती है। अभीष्ट लाभ की खुशी मिलेगी। लाभालाभ की योजना रद्द हो सकती है। स्वास्थ्य सम्बन्धी नियमों का पालन करना चाहिए।

मार्च–जोड़ तोड़ की नीति फायदे में रहेगी। घर गृहस्थी में कुशलता बनी रहेगी। अभीष्ट लाभ की रूपरेखा बनेगी। देव दर्शन लालसा बढ़ती जायेगी।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र

विक्रम सम्वत् २०५४ (ता. ९ अप्रैल १९९७ से २८ मार्च सन् १९९८ ई. तक)

- मंगल के राज्यकाल यह पूरा वर्ष अशान्तमय वातावरण में बीतेगा। राजनैतिक उलटफेर कहीं ना कहीं होते ही रहेंगे।
- मन्त्री सूर्य के प्रभाव से पापाचार, दुराचार, अत्याचार की उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। मीन के शनिश्चर ने आकाशीय चुनाव में महत्त्वपूर्ण तीन पद लिए हैं,यह किसी राष्ट्र को ध्वस्त करवायेगा।
- कहीं भूकम्प तो कहीं अतिवृष्टि, कहीं अनावृष्टि, आंधी, तूफान, वडम्बर आने से भारी क्षति होगी। प्राकृतिक आपत्तियां आयेंगी। कहीं ओला वृष्टि त्रासदी का कारण बनेगी।
- राजनैतिक नेता तथा आस्तीन में छुपे हुए सांप विश्वास घात की सोचने लगेंगे। सरकारी तन्त्र की हालत बिगड़ती जायेगी। गाली गलोच भी सम्भव है।
- जनता में नाना प्रकार की आदि व्याधि बीमारियाँ फैलती जायेंगी। इलाज भी नये तरीके से खोजे जायेंगे। देश के दो प्रभावशाली व्यक्तियों के लिए समय सानुकूल नहीं है।
- सरकार को स्वास्थ्य लाभ के कार्यक्रमों पर काफी धन खर्च करना पड़ेगा। व्यर्थ, व्यय अन्त्यज ,अछूतोद्धार के नाम पर होगा। वास्तव में जिसको लाभ मिलना चाहिए उनको नहीं मिलेगा।
- जनता में छल, दम्भ, कपट, पाखण्ड, परस्पर ईर्ष्या, द्वेशपूर्ण असुरक्षा की भावना पनपने लगेगी। असमाजिक तत्त्वों की मनमर्जी चलेगी। खूब चांदी कटेगी।
- विकृति नामक सम्वत् में विश्वव्यापी अन्तर्राष्ट्रीय जगत् के प्राणियों की भावना विकृति भाव को प्राप्त होती जायेगी। सम्यावस्था बिगड़ने लगेगी।
- कोई देश किसी देश वासियों को युद्धोत्पात के लिए मजबूर करेगा। शान्ति प्रस्ताव अन्यायपूर्ण अमान्य होगा।
- उत्तरी गोलार्ध के दशाधिक्य देशों पर अशुभ ग्रहों का वध कहर बायेगा। कहीं विखण्डन की स्थिति से भारी नुकसान होगा। प्रजा पलायन, भारी चीख पुकारें सुनाई पड़ने लगेंगी।

वर्ष प्रवेश कुण्डली



विक्रम सम्वत् २०५३ अन्तिम दिन चैत्र कृष्ण अमा. चन्द्रवार तदनुसार तारीख ७ अप्रैल सन् १९९७ ई. सांय ४ बजकर ३६ मिनट इष्ट घट्यादि २६।१० पर सिंह लग्नोदय ४।२७।२८।५ से सम्वत् २०५४ शाके १९१९ का शुभारम्भ हो रहा है। तत्काल आकाशीय गोचर ग्रह स्थिति जानने के लिए इस लेख के साथ संलग्न है। सिंह लग्न की कुण्डली जोकि ध्यान देने योग्य है।

परम पिता परमात्मा की योगमाया के आदेशानुसार (संम्वत् २०५४ ता. ८ अप्रैल ९७ से २८ मार्च सन् १९९८ ई. तक की अवधि के लिए इस वर्ष आकाशीय कौंसल ग्रह परिषद के चुनाव में संसार चक्र का संचालन करने के हेतु मंगल ग्रह को राजा बनाया गया है तो मन्त्री क्रूर ग्रह विश्व की आत्मा, अध्यात्म और भौतिक जगत् (समस्त ब्रह्माण्ड के नेत्र) सूर्य भगवान् को मन्त्री नियुक्त किया गया है। शेष आठ पदों में से धन राजस्व विभाग वित्त मन्त्रालय भी मंगल के पास है। सस्येश और नीरसेश बुध है। धान्येश चन्द्रमा है। रसेश शुक्र है। तीन पद मेष, फल और दुर्ग शनि ग्रह ने हथिया लिये हैं।

वर्ष प्रवेश कुण्डली में सिंह लग्न का स्वामी सूर्य परस्पर विरोधी चार (चन्द्र, शुक्र, शनि और केतु) ग्रहों के साथ त्रक स्थान में अति निर्बल स्थिति में बैठा है। जिस वर्ष लग्नेश वर्ष प्रवेश कुण्डली के ६।८।१२ भाव में अशुभ ग्रह संयोग में निर्बल बन कर बैठ जाता है। तो वह लग्न बलहीन समझी जाती है। लग्न ही देश के यथार्थ हालात जानने का आधार बिन्दु है। जब आधार ही बलहीन है तो इस वर्ष भौतिक समृद्धि पर्याप्त मात्रा में होना नामुमकिन बात है। प्रजातन्त्र में मन्त्री ही सत्ता संचालन का सर्वेसर्वा होता है। जब मन्त्री ही विकल हो, केतु ग्रहण लगा रहा हो, मलेच्छ तामसीवृत्ति के अशुभ ग्रह शुक्र तथा शनि के सानिध्य में हो, निम्न कोटि के दुःखों के सृजन करने वाले अपने पुत्र मोह में फंसा धृतराष्ट्र की तरह अन्धानुकरण कर रहा हो, असत्यासत्य का विवेक खो बैठा हो तो राजतन्त्र कैसे चलेगा। इस बात का बुद्धिमान मनुष्य सहज अनुमान लगा सकता है।

इस वर्ष की प्रारम्भिक कुण्डली में पाप ग्रह मंगल तथा अशुभ ग्रह शनि, राहु, यम और हर्शल का वर्चस्व कायम है। राष्ट्रीय सम्पदा चल-अचल सम्पत्ति को राहु ने ग्रस लिया है। भारत के सुखोपभोग भौतिक संसाधन विकास स्थान चतुर्थभाव को प्लूटो यम ने दग्ध कर रखा है। देशवासियों की बौद्धिक सम्पदा कुण्डली का पांचवाँ स्थान शनि की दृष्टि में है और इस स्थान का नायक ग्रह नीच का होकर छटे स्थान (शत्रु क्षेत्र में) गुरु को हर्शल, नेपच्यून ने निर्बल बना रखा है। सत्ता संचालन करने वालों की बुद्धि विवेकशून्य होकर केवल अपना ही पेट भरने की सोचने के लिए विवस हो जायेगी। राष्ट्रीय सम्पदा का खूब दुरुपयोग होगा। अल्पसंख्यक, निम्नस्तरीय समाज, अन्त्यज, अनुसूचित जाति, जनजाति अछूतोद्धार के नाम अनेकों योजनायें चलाई जायेंगी, फिर जिनको लाभ मिलना चाहिए उन्हें न के बराबर फायदा होगा। गरीबों की हमदर्दी का ढोल पीटने वाले लोलुपचारी केवल अपना पेट भरने में लगे रहेंगे।

राजा मंगल के राज्यकाल इस वर्ष 'सम्वत् २०५४ में खूब दंगल होगा, अर्थात् चारों और झगड़े-झमेले, दंगे फसाद, धार्मिक उन्माद, कहीं जातीवाद के तहत साम्प्रदायिक तनाव बढ़ेगा। खुले आम चोरी, डांका, लूटपाट, आगजनी, राहजनी, बलात्कार की दुःखद घटनायें घटित होती रहेंगी। असमाजिक तत्व, चोर उचक्के, लफंगे, नशेबाज, जुआरी, लाटरीबाज, तस्कर मनमर्जी करेंगे। सरकारी तन्त्र न्याय विभाग, पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता बढ़ती जायेगी। गोचर में अशुभ ग्रहों की बलवानता के दुष्प्रभावावसात् वर्ष १९९७से मार्च सन् १९९८ तक अपूज्यों की खूब पूजा होगी। पद के अयोग्य होते हुए भी उच्च पदों पर आंख मीचकर नियुक्त कर दिये जायेंगे। अच्छे पढ़े लिखे विद्वान, द्विज, वैज्ञानिक, शोधकर्त्ता, समाज सुधारक एवं विदुषी महिलाओं का तिरस्कार होगा। निरपराध व्यक्ति, मासूम बच्चों की हत्या, कुमारियों से बलात्कार, जन्म पापाचार बढ़ता जायेगा। प्रकृति प्रकुपित होकर अपना सफाई अभियान चलायेगी। किसी भी प्रकार का जान लेवा उपद्रव हो सकता है। तत्त्वदर्शी महर्षियों ने फल इस प्रकार लिखा है, यथा-

भौमे नृपे वन्हिभयं जनक्षयं चौराकुल पार्थिव विग्रहं च। दुःखं प्रजाव्याधि वियोग पीड़ा स्वल्पं पयोमुञ्चति वारिवाहाः॥

धर्मसन प्रकाशन, 2596, नई सड़क, दिल्ली-110006 ☎ 3285234, 3264986

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

राजा मंगल के राज्य काल सम्वत् २०५४ अंग्रेजी तारीख ८ अप्रैल ९७ से २८ मार्च सन् १९९८ ई. तक की अवधि में कई छोटे, बड़े शहर, नगर, ग्रामादि में भयंकर अग्निकाण्ड, विस्फोट आदि के कारण प्राणियों की क्षति होगी। चोरों के उपद्रव, राजाओं के कलह असाह्य लड़ाई झगड़े होते रहने से जनता में त्राहि-त्राहि मचेगी। प्रजा को नाना प्रकार के कष्टों का सामना करना पड़ेगा। इस वर्ष प्रकृति की मार (नाना प्रकार के रोग व्याधियों द्वारा) खानी पड़ेगी। परस्पर सगे सम्बन्धियों के साथ-साथ अपने वंशजों का वियोग भी सहना पड़ेगा। मेघ पृथ्वी पर उत्तम जल की कम ही वर्षा करेंगे। संयोगवस इस सम्वत् का नाम भी तो विकृत है। जिसमें सभी पदार्थ विकृत भाव को प्राप्त होने लगते हैं।

प्रकृतिर्विकृति याति विकृतिः प्रकृतिस्तथा। तथा पिसुखिनोलोका भृशं विकृति वत्सरे॥

कुदरत की स्वाभाविक अवस्था विकृति नामक सम्वत्सर में बिगड़ने लगी है या यों कहना चाहिए कि जब पापाचार बढ़ता जाता है। तब प्रकृति उसे सुधारने के लिए साधारण रूप से अपना सफाई अभियाम चलाती है। दुर्जनों को दुःखद परिणाम दण्ड भोगना पड़ता है। अच्छे स्वभाव वालों का किंचित सुख भी होता है।

मन्त्री रवि है वह भी पाप ग्रह संयोग में होने के कारण सुखों में बाधक है जिसका फल भी राजाओं में युद्ध भयातंक कारक लिखा है, यथा-

नृपभयंगदतोपिहि तस्करा प्रचुर धान्यधनादि महीतले। रसचयं हि समर्घतम सदा रविरमात्यपदं हि समागते॥

विश्व के किसी ना किसी भाग में राजमद में मदोन्मत्त नेताओं, राजा महाराजाओं में लड़ाई झगड़े होते रहने से जनता में भय बना रहता है। जीवनोपयोगी पदार्थों की तस्करी करने वाले जीना दुःखदपूर्ण कर देते हैं। पर्याप्त मात्रा में उत्पादन होने पर भी उत्तरोत्तर महंगाई बढ़ती जाती है। विशेषतः खाद्यान्न की कमी अखरने लगती है। शनि फल-फूल, सब्जियों का मालिक है। कमी करवाता है। याद रहे यह दुर्ग का मालिक भी है। राजाओं, राष्ट्रनायकों में कहीं भी युद्ध करवा सकता है। अन्तर्राष्ट्रीय जगत् के किसी भी राष्ट्र की सम्प्रभुता विनष्ट करवा सकता है।

रविसुते गढ़पालिनि विग्रहैः सकल देश गताश्चलिताजनाः। विविधवैरि विशेषितनागराः कृषिधनंशलभैर्मुषितंभुवि॥

राज्य (राष्ट्र) रक्षा का अधिकार "दुःखं दिनेशात्मजः" दुःखों के सृजन करने वाले शनि को तो क्यों नहीं वह अपने स्वभाव का विस्तार करेगा। अर्थात् गढ़पालक राज्य संचालक मन्त्री स्तर के बड़े-बड़े नेताओं में परस्पर जमकर लड़ाई-झगड़े करवायेगा। जनता भयविषाद, आतंकवाद, दुराचार से दुःखित अशान्तमय इधर से उधर भागती फिरेगी। नागरिकों में विविध प्रकार के विरोध ,वैरभाव बढ़ते जायेंगे। कृषि में पैदावार तो होगी, लेकिन टिड्डी, चूहा, कातरा अन्यान्य विषाक्त कीट पतंगों का डर बना रहेगा। यत्र-तत्र नुकसान भी होगा।

मकर में नीच का गुरु, वर्ष प्रवेश लग्न कुण्डली में पापग्रह भौम और साक्षात यम (प्लूटो) ग्रह का वर्चस्व है तथा शनि-केतु ने रवि को ग्रस रखा है। इस वर्ष की ग्रहचाल अशुभ फल दायक है। मानसिक हीनता बढ़ती जायेगी। लोलुपचारी नेताओं को तो केवल अपने वोट कायम करने की फिक्र सतायेगी। देश में विदेशी कम्पनियाँ अपना शिकंजा कसती चली जायेंगी। सरकार के अधिकांश विभाग अपनी कार्य कुशलता कम करते जायेंगे। घाटे की शक्ल में लड़खड़ाते चलेंगे। सरकारी खजाने की कमी पड़ेगी। विदेशी कर्जा बढ़ेगा। इस वर्ष दल बदल करने वाले पटेबाजों के लिए समय सानुकूल रहेगा। पुराने घुटालों का पर्दाफास होगा तो नये घोटालों का दौर शुरू होगा।

सौर जगत् लग्न कुण्डली



शुभ सम्वत् २०५४ शाके १९१९ चैत्र शुक्ल पंचमी रविवार तदनुसार ता. १३ अप्रैल सन् १९९७ ईस्वी रात्रि २२ बजकर ५४ मिनट के आसन्न सूर्य भगवान् का सप्ताश्वजुतरथ अश्विनी नक्षत्र तथा मेष राशि में प्रवेश करेगा। आकाशीय ग्रह स्थिति की कुण्डली वृश्चिक लग्न वाली साथ में ध्यान देने योग्य है।

वृश्चिक लग्न का स्वामी (राजा) केन्द्र में बली बनकर बैठा है। अपने स्थान लग्न में यम को स्थान दे दिया है। केन्द्र गत अन्य कोई भी शुभ ग्रह नहीं है। शुभ तीसरे स्थान में हर्शल। नेपच्यून के साथ है। शुक्र-बुध कर्मेश सूर्य के साथ छठे भाव में बलहीन है। यह ग्रह संयोग अन्तर्राष्ट्रीय जगत के शुभ सूचक नहीं है। इस वर्ष सम्वत् २०५४ में विधर्मी ग्रह संयोग सबल बनने से देश तथा विदेशों में अशुभ-अक्षोभनीय कुकृत्य अधिक होंगे। यम तथा मंगल दोनों ही अपने प्रभाव का विस्तार करेंगे। समस्त विश्व को ये दोनों ग्रह बारूद के ढेर पर ले जाकर खड़ा कर देंगे। समस्त देश मात्र लोक दिखावा के लिए शान्ती का ढोल पीटते रहेंगे। साथ-साथ अपनी विस्तारवादी नीति का खुलकर प्रचार-प्रसार करेंगे। किसी भी समय किसी भी विशेष प्रकार की घटना घट सकती है। अन्तर्राष्ट्रीय जगत् में किसी दादा देश की धौंस जमती चली जायेगी। अचानक कहीं किसी देश में युद्ध या अन्यान्य किसी किस्म का उत्पात भी हो सकता है। सभी देशों को सचेत रहना चाहिए। कहीं किसी देश में इस वर्ष अधिक वर्षा, आंधी, तूफान, बडम्बर, बर्फवारी, ओला वृष्टि वसात् नुकसान होगा। तो कहीं शीतलहर कहर ढायेगी। कहीं सूखा पड़ जाने के कारण कृषि में पैदावार कम होगी। अन्यान्य देशों में कल कारखाना, उद्योग धन्धों में श्रमिक और मालिकों में वैमनस्य बढ़ने, तोड़फोड़ होने से भारी क्षति होगी। उत्पादन की कमी से उत्तरोत्तर महंगाई बढ़ती जायेगी। अप्रैल-मई में सूर्य-मंगल-गुरु और शनि का परस्पर बनने वाला षडाष्टक, नवपंचम योग नेष्ट फलदायक है। चल रहे राजनैतिक, सामाजिक कार्यों में गतिरोध होगा। साम्प्रदायिक मतभेद उभरकर सामने आयेंगे। वसुन्धरा पर नाना प्रकार के अत्याचार बढ़ते जायेंगे। राजनैतिक घटकों में उठापटक जारी रहेगी। किसी प्रदेश तथा देश की सरकार को समय सानुकूल नहीं कहा जा सकता है।

चैत्र-वैशाख और ज्येष्ठ के पूर्वार्ध तक मरुप्रदेशों में धूलभरी आंधियाँ चलेंगी। उत्तर भारत में वायु अति तीव्र गति से बहेगी। वैशाख के कृष्ण पक्ष में पश्चिमोदय शुक्र के प्रभाव से मौसम प्रतिकूल बनेगा। कहीं भारी वडम्बर का डर बना रहेगा। दिन में गर्मी बढ़ेगी तो रात्रि में हल्की ठंड रोग का कारण बनेगी।

उदयास्त गतः शुक्रो बुधश्च वृष्टिकारकः। चलत्यङ्गारके वृष्टिस्त्रिधा वृष्टिः शनैश्चरे॥

देश के कई बड़े नगरों में अग्निभय विषाद व्याप्त रहेगा तो कहीं अमन चैन की वंशी बजेगी। किसी प्रदेश में मन्त्रिस्तर के नेता राजनैतिक षड्यन्त्र रचने में लगे रहेंगे। चीन, रूस, अमेरिका, जापान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान तथा बांग्लादेश में भारी भगदड़ मचने का संकेत ग्रहचाल के हिसाब से मिलता है। भारत सरकार को कश्मीर के मामले में सतर्कता बर्तनी चाहिए। जून मास में सूर्य के आगे शुक्र ग्रह सांयकाल पश्चिम दिखाई देगा यह वर्षा की कमी करेगा। राहु-सूर्य और गुरु-सूर्य का बनने वाला नवपंचयोग प्रचण्ड गर्मी, धूल वर्षण अर्थात् आंधियाँ आने और पशु पक्षी, जीव जन्तु, मनुष्यादि प्राणियों में रोगोपद्रवादि का कारण माना जाता है। इस योग के चलते पशुओं में रोग फैलता है। चारे का भाव भी बढ़ने लगता है। सरकारी तौर पर कोई नया कार्यक्रम चलाया जाता है। बड़ी मात्रा में प्रजा पलायन होता है।

आर्द्रा प्रवेश लग्नम्



सम्वत् २०५४ शाके १९१९ आषाढ़ कृष्ण प्रतिपदा शनिवार ता. २१ जून १९९७ ई. रात्रि २ बजे के आसन्न सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। तत्काल मेष लग्न की कुण्डली इस लेख के साथ दी गई है। ग्रहचाल के हिसाब से जून के उत्तरार्ध में कहीं वर्षा खूब होगी। तो कहीं धूल उड़ेगी। कहीं अग्निभय व्याप्त रहेगा। अग्नि मण्डल के नक्षत्रों में ग्रहों का वेध लगने से कहीं विस्फोट की सम्भावना जाननी चाहिए। आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष में कर्क में पहुंचने पर शुक्र ग्रह कहीं तो दैनिक जीवनोपयोगी पदार्थों में भारी महंगाई करवायेगा तो विश्व के किसी भाग में जल की अच्छी वर्षा होगी-

दैत्यगुरुर्यदा कर्के रसानां वै महर्घता सार्वधान्य समर्घत्वं मेघाश्च प्रबला भुवि॥

आषाढ़ शुक्ल पक्ष में सभी ग्रह योग वर्षा अवर्षण कारक बन रहे हैं। लेकिन शुक्र-बुध का संयोग वृहस्पति से दृष्ट होने पर अच्छी वर्षा करता है। अतः योगायोग से कहीं वर्षा कम तो कहीं ज्यादा होगी। सामाजिक मतभेद उभरने लगेंगे। जुलाई और अगस्त में कहीं दंगा फसाद हो जाय तो आश्चर्य नहीं करना चाहिए। कहीं तो खूब खुशहाली बढ़ती है तो कहीं कल कारखानों में तोड़फोड़, हड़ताल, तालाबन्दी के कारण नुकसान होता है। कहीं समयोचित वर्षा होने से कृषि में पैदावार की अच्छी उम्मीद बंधती है। कर्क के बुध का फल ऐसा लिखा है-

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

निशापतेश्च तनयः कर्कराशौ यदा भवेत्। ततोऽतिदुःखं भवति सुभिक्षं स्वल्पकारकम्॥

२० जुलाई तक शुक्र+बुध के एक राशि में चलने पर वर्षा की उत्तर भारत में कम ही आशा जाननी चाहिए। पर्वतीय प्रदेशों में तीव्रवायु वेग, अन्य उपद्रव से यातायात में व्यवधान पड़ेगा। मासान्त में कहीं भारी मौसम खराब होगा। राजनैतिक उत्पात भी सम्भव है।

अगस्त और सितम्बर में सम्पूर्ण देश में अच्छी वर्षा होने के योग बन रहे है। पूर्वी और दक्षिण-पश्चिमी भूभाग पर बाढ़ की आशंका जाननी चाहिए। भारत सरकार को पहले ही राहत कार्यों पर ध्यान देना चाहिए। शनि-भौम का समसप्तक योग कहीं भी उपद्रव करवा सकता है। झन्झावात, चक्रवात, वडम्बर, भूमि कम्पन, दिग्दाह किंवा भूस्खलन की सम्भावना जाननी चाहिए। अगस्त से मीन राशि में शनि वक्री चलेगा। १७ दिसम्बर तक परस्पर विरोधी राष्ट्र समुदाय राजनैतिक दलों में कहीं ना कहीं झगड़े फसाद करवाता ही रहेगा। जैसा कि ज्योतिष के आविष्कार करने वाले पूर्वाचार्यों ने लिखा है-

कन्यायां मीन सिंहे वृषधनुषि यदा वक्रगौ, भौममन्दौ। पृथ्वीशाः क्रूररूपा बहुरिपुदलिता विग्रहश्चैव पीड़ा॥

सितम्बर में वाणिज्य कर्त्ताओं को नुकसान भी हो सकता है। भाद्रपद मास के द्वितीय पक्ष में वर्षा की कम ही आशा करनी चाहिए। इस मास के अन्तिम सप्ताह से उत्तरोत्तर महंगाई बढ़ती जायेगी। कश्मीर की समस्या सिर उठायेगी। विदेशी सह पर दंगा भड़क सकता है। भारत सरकार को प्रत्येक कदम पर बड़ी ही सर्तकता बरतनी चाहिए। आस्तीन के छुपे सांपों से प्रतिदिन सावधान रहना ही अच्छा रहेगा।

अक्टूबर में चालू बाजार का रूख गर्म रहेगा। लोक में अपवाद का मामला गर्मायेगा। राजा लोग आपस में कलह करने में लगे रहेंगे। कार्तिक मास प्रारम्भ से ही व्यापार राशि का बुध शनै-शनै सभी वस्तुओं में तेजी का रुख बनाता जायेगा। वसुन्धरा के भाग में भारी वर्षा का संयोग बनेगा, यथा-

वणिजस्थे सोमपुत्रे जलं वर्षति वारिदः। सर्वसस्य महर्घत्वं राजानः कलहप्रियाः॥

नवम्बर-दिसम्बर—इस वर्ष कार्तिक शुक्ल पंचमी के दिन मूल नक्षत्र का संयोग अर्धाधिक्य होने से श्रेष्ठ नहीं है। जिस वर्ष ऐसा योग बनता है उस साल राजा तथा प्रजाजनों में परस्पर इतना अधिक वैमनस्य बढ़ जाता है। परस्पर एक दूसरें को कुछ देने मदद करने से भी इन्कार कर देते हैं-

दीवा बीती पंचमी जो मूल नक्षत्र होय। खप्पर हाथों जग भ्रमे भीख न घाले कोय॥

नवम्बर उत्तरार्ध आश्विन मासारम्भ से ही इस वर्ष धीर-धीरे सर्दी बढ़ने लगेगी। १० दिसम्बर के पश्चात् मौसम की प्रतिकूलता होने पर शीतलहर चलेगी। आगे शनि राहु के मध्य सभी एक राशिपथ पर चलेंगे। जिसके योग के दुष्प्रभाव से बसुन्धरा के किसी भाग में कहीं किसी विशेष प्रकार का उपद्रव होने की आशंका जाननी चाहिए। बढ़ते पापाचार से पृथ्वी अकुलायेगी। जब पूरी तरह से देश में अयोग्य अपूज्य अधिकार जमाने लगते हैं। तब प्राकृतिक प्रकोप बढ़ा करते हैं। या यों कहिए कि प्रकृति अपने आप बिगड़ी अवस्था का सुधार करती है। अच्छे ग्रहभी खराब फल देना शुरू कर देते हैं। महर्षियों ने गुरु-शुक्र-हर्षल तथा नेपच्यून का फल इस प्रकार लिखा है-

अंग्रेजी वर्षारम्भ कुं.



एक राशौ यदा यान्ति चत्वारः पञ्चखेचराः।
प्लावयन्ति महींसर्वां रुधिरेण जलेन वा॥

अंग्रेजी वर्ष १९९८ ईस्वी की शुरूआत बुधवार के दिन पौष शुक्ल द्वितीया श्रवण नक्षत्र तथा तुला लग्न से हो रही है। लग्नेश शुक्र सुख स्थान में बैठा अति विकल है। केन्द्र बिन्दु मकर में पांच ग्रह संयोग खाड़ी के देशों में गर्मागर्म वातावरण बनवायेगा। रूस, चीन, जापान, तुर्की, लेबनान, श्रीलंका, सऊदी अरब, इजरायल, अमेरिका, पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान आदि देशों के आन्तरिक कलह बढ़ेगा। कहीं विभाजन, सत्ता परिवर्तन का संयोग बनेगा।

भारतीय गणतन्त्र लग्नम्



माघ कृष्णा त्रयोदशी सम्वत् २०५४ शाके १९१९, २६ जनवरी १९९८ ई. भारतीय गणतन्त्र परेड लग्न कुण्डली में पाप ग्रह केतु+मंगल के साथ शुभग्रह गुरु शनिश्चर की राशि में अति विकल है। प्लूटो (यम) ने इस कुण्डली में दशम भाव केन्द्र में अपना वर्चस्व कायम कर रखा है। पाप ग्रहों के सम्पुट में तथा पापकर्तरी योग में लग्न शुभ नहीं है। यह ग्रह संयोग शुभ कृत्यों में किंचित व्यवधान कारक माना जाता है। मंगल+केतु का अंगारक योग मन में उत्तेजना पैदा करता है। देश में सुरक्षा प्रबन्धों की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए।

आगे-पीछे बहुत ग्रह, रवि के भौम अगार।
राजनीति सह द्विन्द से, नैतिक पतन विचार॥

इस योग के चलते राजा की ओर से प्रजा में असुरक्षा की भावना पनपने लगती है। राजतन्त्र की अकर्मण्यता बढ़ती जाती है। जनता में महंगाई से त्राहि-त्राहि मचती है। राजनैतिक घटकों में फेर बदल की प्रतिक्रिया होती है। भारत के किसी प्रदेश में राष्ट्रपति शासन की सम्भावना बन सकती है। विदेशी मेहमान का आगमन काफी महंगा पड़ेगा। अन्तर्राष्ट्रीय जगत में तनाव बढ़ सकता है। पड़ौसी राज्यों से लगने वाली भारतीय सीमाओं पर सैन्यबल बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। गणतन्त्र के अवसर पर अन्तरिक्ष में बनने वाले ग्रह योगों के अनुसार यत्र-तत्र बादल चाल किंवा हल्की वर्षा भी होगी तो कहीं भारी मेघ गर्जना के साथ ओला वृष्टि सम्भव है। खड़ी फसलों में नुकसान होगा। पवन अति तीव्र गति से वहेगी। पर्वतीय प्रदेशों में हिमपात, शीतलहर, झन्झावात से यातायात में व्यवधान पड़ सकता है। उत्तर प्रदेश तथा उत्तरकाशी में यान-खान कुघटना चक्र अथवा किसी बड़े नेता के देहावसान से व्यवधान होगा।

फरवरी-मार्च की ग्रह चाल देखने से पता चलता है स्वदेश में महंगाई बढ़ेगी। कुम्भ राशि में पंचग्रही योग के प्रभाव से कहीं सत्ता हस्तान्तरण की लड़ाई चर्म सीमा पार कर जायेगी। विश्व के किसी देश में आन्तरिक कलह बढ़ती जायेगी। विघटनकारी ताकतें सिर उठाने लगेंगी। कहीं मौसम की प्रतिकूलता चलेगी किंवा दुर्दिन वसात् हानि होगी। कहीं क्रांति संभ्भव है।

एक राशौ यदा यान्ति चत्वारः पञ्चखेचराः। प्लावयन्ति महीं सर्वां रुधिरेण जलेन वा॥

इस योग के चलते वसुन्धरा पर नाना प्रकार के कष्टों का प्रादुर्भाव होगा। सात्विक प्रवृत्ति का ह्रास होता जायेगा। रजोगुण तमोगुण बढ़ता जायेगा। इस वर्ष सम्वत् २०५४ में सबसे अधिक फायदे में हेराफेरी करने वाले तस्कर, चोर, उच्चके, लफंगे, असामाजिक तत्व, घोटालेबाज, समय-समय पर दल बदल करने वाले फायदे में रहेंगे राजनैतिक दशा भी अनिश्चित रहेगी। वर्ष असामयिक अनियमित होने से कृषि कार्यों में कमी पड़ेगी।

सम्वत्सर २०५४ के अन्तिम काल में मीन राशि में बनने बाला शनि+मंगल+बुध का योग भी कम भयावह नहीं है। जब कभी अन्तरिक्ष में ऐसे योग बनते हैं तब पृथ्वी पर सभी प्रकार के उपद्रव होते हैं। जनता में भयानक त्रासदी होने से त्राहि-त्राहि मचती है।

कर्क मीन कन्या मकर जब शनि मंगल बास।
युद्ध विकलता भूमि पर अरु धन धान्य विनाश॥

इति शुभम् भूयात्

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कैलेण्डर १८०१-१९९९

(अ) वर्ष १८०१-१९००				(अ) वर्ष १९०१-१९९९				(ब) महीने जन	फर	मार्च	अप्रै.	मई	जून	जुला.	अग.	सितं.	अक्टू.	नवं.	दिसं.
०१	२९	५७	८५		२५	५३	८१	४	०	०	३	५	१	३	६	२	४	०	२
०२	३०	५८	८६		२६	५४	८२	५	१	१	४	६	२	४	०	३	५	१	३
०३	३१	५९	८७		२७	५५	८३	६	२	२	५	०	३	५	१	४	६	२	४
०४	३२	६०	८८		२८	५६	८४	०	३	४	०	२	५	०	३	६	१	४	६
०५	३३	६१	८९	०१	२९	५७	८५	२	५	५	१	३	६	१	४	०	२	५	०
०६	३४	६२	९०	०२	३०	५८	८६	३	६	६	२	४	०	२	५	१	३	६	१
०७	३५	६३	९१	०३	३१	५९	८७	४	०	०	३	५	१	३	६	२	४	०	२
०८	३६	६४	९२	०४	३२	६०	८८	५	१	२	५	०	३	५	१	४	६	२	४
०९	३७	६५	९३	०५	३३	६१	८९	०	३	३	६	१	४	६	२	५	०	३	५
१०	३८	६६	९४	०६	३४	६२	९०	१	४	४	०	२	५	०	३	६	१	४	६
११	३९	६७	९५	०७	३५	६३	९१	२	५	५	१	३	६	१	४	०	२	५	०
१२	४०	६८	९६	०८	३६	६४	९२	३	६	०	३	५	१	३	६	२	४	०	२
१३	४१	६९	९७	०९	३७	६५	९३	५	१	१	४	६	२	४	०	३	५	१	३
१४	४२	७०	९८	१०	३८	६६	९४	६	२	२	५	०	३	५	१	४	६	२	४
१५	४३	७१	९९	११	३९	६७	९५	०	३	३	६	१	४	६	२	५	०	३	५
१६	४४	७२		१२	४०	६८	९६	१	४	५	१	३	६	१	४	०	२	५	०
१७	४५	७३		१३	४१	६९	९७	३	६	६	२	४	०	२	५	१	३	६	१
१८	४६	७४		१४	४२	७०	९८	४	०	०	३	५	१	३	६	२	४	०	२
१९	४७	७५		१५	४३	७१	९९	५	१	१	४	६	२	४	०	३	५	१	३
२०	४८	७६		१६	४४	७२		६	२	३	६	१	४	६	२	५	०	३	५
२१	४९	७७	००	१७	४५	७३		१	४	४	०	२	५	०	३	६	१	४	६
२२	५०	७८		१८	४६	७४		२	५	५	१	३	६	१	४	०	२	५	०
२३	५१	७९		१९	४७	७५		३	६	६	२	४	०	२	५	१	३	६	१
२४	५२	८०		२०	४८	७६		४	०	१	४	६	२	४	०	३	५	१	३
२५	५३	८१		२१	४९	७७		६	२	२	५	०	३	५	१	४	६	२	४
२६	५४	८२		२२	५०	७८		०	३	३	६	१	४	६	२	५	०	३	५
२७	५५	८३		२३	५१	७९		१	४	४	०	२	५	०	३	६	१	४	६
२८	५६	८४		२४	५२	८०		२	५	६	२	४	०	२	५	१	३	६	१

(स) साप्ताहिक दिन

रवि	१	८	१५	२२	२९	३६
सोम	२	९	१६	२३	३०	३७
मंगल	३	१०	१७	२४	३१	
बुध	४	११	१८	२५	३२	
गुरु	५	१२	१९	२६	३३	
शुक्र	६	१३	२०	२७	३४	
शनि	७	१४	२१	२८	३५	

कलैण्डर को प्रयोग में लाने की विधि-

अगर हमें मालूम करना है कि किस तारीख को कौन सा दिन पड़ता है। जैसे १ मई १८८६ को कौन सा दिन था? पहले वर्ष वाले कॉलम (अ) में (१८०१ से १९०० तक) सन् १८८६ पर अंगुली रखें उसकी सीध में अंगुली महीने वाले कॉलम (ब) में मई मास पर ले जाएं। जो अंक प्राप्त हो (६) उसे उस तारीख में जोड़ दें (१) जिस तारीख का हमें वार मालूम करना है। (६+१=७) अब आप कॉलम (स) में ७ के सामने शनिवार पाएंगे तो पहली मई १८८६ को शनिवार था।

॥ दुर्लभ प्राचीन भृगु संहिता ॥

प्राचीन भारतीय ज्योतिष विज्ञान का ग्रंथरत्न—

जिसकी प्रति किसी-किसी विद्वान् के पास ही उपलब्ध होती थी, उसे लगभग २५० वर्ष पहले—जब भारत में मुद्रण कला का प्रारंभ हुआ तब कुछ खोजी विद्वानों ने संग्रह करके प्रकाशित किया। परन्तु पिछले प्रायः १५० वर्षों से वह भी अनुपलब्ध हो चुकी है। हमने बहुत परिश्रम और व्यय करके, अनेक विद्वानों के सहयोग से उसकी एक प्रति लगभग पूर्ण रूप में प्राप्त की है, जोकि गुणग्राहक सज्जनों को यथावत् फोटो-प्रिंट के रूप में उपलब्ध हो सकती है।

फुल स्केप आकार के लगभग १२०० पृष्ठों की इलेक्ट्रोस्टेट प्रति का लागत मूल्य मात्र १७५०/- रुपये देकर आप इसे प्राप्त कर सकते हैं। डाक व्यय+रजिस्ट्री आदि अलग देय होगा। अपना आदेश भेजें।

पता:— **धर्मसन प्रकाशन**

२५९६-९७, नई सड़क, दिल्ली-११०००६

फोन : ३२६४९८६, ३२८५२३४

विद्वान् ज्योतिषी जो पंचांग गणित में अच्छी योग्यता रखते हों। वह पत्र व्यवहार करें या स्वयं मिलें। हमारे कार्यालय में कुछ अनुसंधान कार्य करने योग्य हैं।

आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र

2/45ए, वेस्ट एवन्यू मार्ग, पंजाबी बाग वेस्ट,

दिल्ली-110026

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अभिजित मुहूर्त

सूर्य जब ठीक सिर पर हो, तो वह काल अर्थात् मध्याह्न में पौने बारह बजे से साढ़े बारह बजे तक का मध्यान्तर अभिजित मुहूर्त कहलाता है।

अभिजित काल में किए गए शुभ कार्य के लिए किसी प्रकार के समयशुद्धि विचार करने की आवश्यकता नहीं रहती। अभिजित मुहूर्त भगवान् विष्णु के सुदर्शन चक्र की भांति अन्य सर्व प्रकार के दोषों का नाश कर देता है—

'दिन मध्य गते सूर्य मुहूर्त हि अभिजित्प्रभुः।''
चक्रमादाय गोविन्दः सर्वान्दोषान्निकृन्तति॥''—ज्योतिष सार

रामायणादि कथा प्रारम्भ करने का मुहूर्त

गोचरस्थ वृहस्पति के नक्षत्र से अभीष्ट दिन के नक्षत्र सहित प्रथम चार नक्षत्र अर्थदायक, फिर चार नक्षत्र लाभप्रद इत्यादि निम्नलिखित क्रमानुसार जानें। उदाहरण के लिए, जैसे—

५ से ८वां, ९ से १२वां, १३ से १६वां, १७ से २०, २१ से २४, २४ से २७वां

	प्रथ.	द्विती.	तृती.	चतु.	पंच.	षष्ठी	सप्त.
नक्षत्र क्रम	४	४	४	४	४	४	३
फल	अर्थदा	लाभ	सिद्धि	लाभ	कष्ट	राजभय	मोक्ष

मन्त्र सिद्ध करने का मुहूर्त

उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, अश्विनी, श्रवण, विशाखा, मृगशिर इन नक्षत्रों में रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र इन वारों में और २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ पूर्णिमा—इन तिथियों में यन्त्र-मन्त्र सिद्ध करना शुभ होता है।

रोग सम्बन्धी प्रश्न

यदि कोई व्यक्ति पूछे कि मेरा रोग कब ठीक होगा तो प्रश्नकालीन जो नक्षत्र हो उसको रोगी के नक्षत्र की संख्या तक गिनें। उस संख्या में प्रश्नकालिक तिथि की संख्या जोड़ें, फिर रविवार से गिनकर उस दिन के वार तक की संख्या जमा कर दें। उसको ४ से भाग कर दें, यदि शेष १ बचे तो मृत्यु तुल्य कष्ट, २ बचें तो अधिक पीड़ा, ३ बचें तो रोगी शीघ्र अच्छा हो जाएगा—ऐसा कहना चाहिए। तिथि की गणना शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से करें।

विदेश की यात्रा के योग—जब अष्टम भाव में तथा उसके स्वामी ग्रह पर पापी ग्रहों का प्रभाव अधिक होता है, तो विदेश गमन का योग बनता है।

अष्टंगस्तस्य भानोवर्शा क्षयं नयति सर्वं गात्रं च।
भ्रमयति देशात-देशां प्रमापयत्यपि च विक्लिष्टम्॥ सारा-वली

इसके अतिरिक्त लग्नेश सहित ग्रह यदि चर राशियों में ३रे, ९वें, ११वें अथवा १२वें भाव में हों तो विदेश यात्रा लाभदायक रहती है। इस सम्बन्ध में दशा अन्तर्दशा एवं गोचर ग्रहों का भी विचार कर लेना संगत होगा।

मूसल योग—यदि समस्त ग्रह स्थिर राशियों (२, ५, ८, ११) में स्थित हों, तो मूसल योग होता है। इस योग में उत्पन्न व्यक्ति समाज में उच्च स्थान पर प्रतिष्ठित, धनी, ज्ञानी, राजमान्य, प्रसिद्ध, पुत्र संतानयुक्त एवं शासनाधिकारी होता है।

रज्जु योग—यदि सभी ग्रह चर (१, ४, ७, १०) राशियों में स्थित हों, तो रज्जु योग होता है। इस योग में उत्पन्न जातक सुन्दर, भ्रमणशील, देश-विदेश में घूमने से लाभ प्राप्त करने वाला, क्रोधी स्वभाव, उन्नतिशील तथा बड़ी चालाकी से अपना कार्य सिद्ध करने वाला होता है।

नल योग—यदि समस्त ग्रह द्विस्वभाव (३, ६, ९, १२) राशियों में स्थित हों, तो नल योग होता है। ऐसा जातक हीनांग अथवा अधिक अंग वाला, अति चतुर, धनवान, राजनीतिक दाव पेंचों में कुशल, प्रतियोगिताओं एवं चुनावों आदि में सफलताएं प्राप्त करता है।

वज्र योग—यदि समस्त पाप ग्रह चतुर्थ और दशम भाव में स्थित हों एवं शुभ ग्रह लग्न और सप्तम स्थान में स्थित हों तो वज्र योग होता है। इस योग वाला बाल्य और वृद्धावस्था में परेशानियों से घिरा रहेगा। कुछ हठी एवं खल प्रकृति वाला, पुलिस या सेना की नौकरी में सफल रहता है।

ग्रह पीड़ा निवारक यन्त्र—जिस व्यक्ति का कोई ग्रह अनिष्ट कारक हो और वह विशेष पीड़ा प्रदान कर रहा हो तो उस व्यक्ति को चाहिए कि वह इस यन्त्र को विधि पूर्वक तैयार करके धारण करे, जिससे ग्रह पीड़ा शान्त हो और उस व्यक्ति का जीवन सुख शान्ति से व्यतीत हो।

८	१	६
३	५ ह्रींखये	७
४	९	२

विधि—भोजपत्र पर पीपल की जड़ की कलम से गोरोचन द्वारा ऊपर लिखे हुये यन्त्र के चित्रानुसार १ से ९ तक के अंक लिख कर, मध्य के कोष्ठक में 'ह्रींखये' लिखे। बाद में इस यन्त्र का पुष्पादि से पूजन करे। इस प्रकार २८ दिन तक क्रम से यन्त्र लिखे और उसका पूजन करे। फिर इस यन्त्र को भोजपत्र पर अष्टगन्ध से लिखकर पूजन करके 'त्रिधातु' के तावीज में भरकर भुजा अथवा गले में धारण करें।

जड़ी बूटियों से अनिष्ट ग्रहों की शान्ति—हमारे परम दयालु महर्षियों, ने (जो लोग बहुमूल्य रत्नों को धारण करने से असमर्थ हैं—उनके) ग्रह दोषों की शान्ति के लिये जड़ी बूटी का धारण करना भी बतलाया है। वह इस प्रकार समझें—

सूर्य पीड़ाकारक हो तो बेलपत्र की जड़ गुलाबडोरे में रविवार को धारण करें। चन्द्र पीड़ाकारक हो तो खिरनी की जड़ सफेद डोरे में सोमवार को, मंगल पीड़ाकारक हो तो अनन्तमूल की जड़ लाल डोरे में मंगलवार को, बुध पीड़ाकारक हो तो विधारा की जड़ हरे डोरे में बुधवार को। गुरु पीड़ाकारक हो तो नारंगी या केले की जड़ पीले डोरे में गुरुवार को, शुक्र पीड़ाकारक हो तो सरपोंखा की जड़ सफेद डोरे में शुक्रवार को धारण करें। शनि पीड़ाकारक हो तो बिच्छू की जड़ काले डोरे में शनिवार को धारण करें। राहु पीड़ाकारक हो तो सफेद चन्दन नीले डोरे में बुधवार को धारण करें। केतु पीड़ाकारक हो तो असगन्ध की जड़ आसमानी डोरे में गुरुवार को धारण करें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आवश्यक मुहूर्त: विचार

नाम मुहूर्त	ग्राह्य तिथि	श्रेष्ठ बार मास	शुभ नक्षत्र
बच्चों को स्कूल बिठलाना	२-३-५-६-६-१० ११-१२	उत्तरायण से ५-७ वर्ष में रवि बृ. शु.	अा.पु.श्र.स्वा. रे.पुन.चि.अा.
दुकान खोलना	२-३-५-६-७-८ १०-११-१३	सू.चं.बु.बृ.शु.	चि.अनु.मृ.रे.उ.३,रो.ह.अ.पुष्य
नया जेवर बनाना	२-३-५-७-१३	बृ. शु. रवि	ह.अ.श.पु.स्वा.श्र.ध.उ.३रो.मृ.
दरवाजा लगाना	२-३-५-७-१० ११-१३	चं. बु. बृ. शु.	ऊ.३ अ.रो.मृ.पु.ह.स्वा.श्र.
सीना पिरोना सीखना	१-२-३-५-६-७ ११-१२-१३	सू. चं. बु. बृ. शु.	श्र.पुन.चि.अनु.ध.
घर बनाना	२-३-५-६-७-१० ११-१२-१३-१५ बदी १	वै.श्रा. मार्ग. मा. फा. चं. बृ. शु. श.	रो.मृ.चि.ह.स्वा.उ. ३, अनु.ध. श.रे.
नये घर में प्रवेश	शुभ तिथियां	वै.ज्ये.श्रा.श्रा.आश्वि. मा.फा. उत्तरायण में चं. बु. बृ. शु.	उ. ३,अनु.रे.रो.मृ.चि.
कूप बावली बनाना	शुभ तिथियां	चं. बु. बृ. शु.	अनु.ह.उ ३.रो.ध.श.म.पूषा.रे. पु. मृ.

नाम मुहूर्त	ग्राह्य तिथि	श्रेष्ठ बार मास	शुभ नक्षत्र
वस्तु पाने का मुहूर्त	शुभ तिथियां	चं. बु. शु. मा. फा. वै. ज्ये.	व.ध.श.मृ.मू.अनु.ह.चि.रे.स्वा. रो. अश्वि.
हल चलाना बीज बोना	शुभ तिथियां	चं. बु. बृ. शु.	अ.पू.३,चि.वि.ध.श. सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिने पहले ३ हानि ५ वृद्धि ३ हानि ५ वृद्धि ३ हा ५ वृ. ३ हा. २ वृद्धि
अनाज भरना	२-३-५-७-१३	रवि. गुरु. शुक्र.	अ.रो.पुन.पु.मू. चि.स्वा.अनु.श्र. ध. श. उ ३. रे.
बीमारी से उठने का स्नान	४-६-१४	रवि. मंगल.	अ. ह. चि. अनु. ध. श.
पशु खरीदना	शुभ तिथियां	चं. बु. बृ. शु. श.	उ३, पूषा. पुन. पु. रो. वि. स.
अर्जी दावा करना	४-६-१४	मंगल. शनि.	आ.भ.कृ.अ.श्ले.म.ज्ये.वि.मू.पू.३
नौकरी करना	२-३-५-६-७-१० ११-१२	र.बु.बृ.शु. स्वामी से राशि मैत्री देखकर	अ. मृ. चि. ह. पुष्य अनु. रे
नई बहू का घर में आना	शुभ तिथियां	चं. बृ. शु.	ह. चि. स्वा. रो. मृ. पू. पुष्य. ध. मू. श्र. अनु. उ. ३, अ रे

आपको किस दिन क्या कार्य करना शुभ है

दिन	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	बृहस्पतिवार	शुक्रवार	शनिवार
यात्रा शुभ	पूर्व, उत्तर	पश्चिम, दक्षिण	दक्षिण, पूर्व	दक्षिण, पूर्व	उत्तर, पश्चिम	पूर्व, उत्तर	पश्चिम, दक्षिण
यात्रा	पश्चिम, दक्षिण	पूर्व, उत्तर	उत्तर, पश्चिम	उत्तर, पश्चिम	दक्षिण, पूर्व	पश्चिम, दक्षिण	पूर्व, उत्तर
ज्ञान और विद्या सम्बन्धी	पढ़ना पढ़ाना लिखना मध्यम रहे	औषधि संबंधी पढ़ाई डाक्टरी विशेष शुभ रहेगी	शस्त्र विद्या, वायुयान चलाना शुभ रहेगा	योगक्रिया या कृषि गणित सम्बन्धी ज्ञान शुभ है	वेदारंभ संस्कृत पढ़ना हिन्दी साहित्यारम्भ शुभ है	कविता कला कौशल एवं अरबी भाषा पढ़ना शुभ	अंग्रेजी, फारसी, उर्दू, यावनी भाषा का ज्ञान शुभ है
व्यापार सम्बन्धी कार्य	अन्न, सोना, तांबा, पाट, बारदाना,कथा का कार्य शुभ है	औषधि, चांदी, दूध, दही, हलवाई, तेल, घृत का व्यापार शुभ है	कोई भी कार्य व्यापार संबन्धी नहीं आरम्भ करना चाहिये	शेयर मार्केट, जमीन जायदाद संबंधी कार्य शुभ और अशुभ	प्रत्येक कार्यारम्भ में बृहस्पतिवार श्रेष्ठ	कपड़ा, रुई, काष्ठ, इमारतों का ठेका शुभ है	मशीनरी, टइद, लोहे का व्यापार शुभ है, चाड़े का कार्य करना अच्छा
नवीन वस्त्र पहनना	शुभ ही है	मध्यम है	अशुभ है	शुभ रहेगा	शुभ रहेगा	बहुत शुभ रहेगा	अशुभ है
हजामत बनवाना	मध्यम है	शुभ है	अशुभ है	बहुत शुभ	अशुभ है	शुभ है	मध्यम
तेल लगाना	अशुभ है	शुभ है	अशुभ है	बहुत शुभ है	अशुभ है	शुभ है	बहुत शुभ है
जूता पहनना	मध्यम है	शुभ है	अशुभ है	मध्यम है	शुभ है	शुभ है	मध्यम
मुकद्दमा दायर करना	अशुभ है	अशुभ है	शुभ है	शुभ है	अशुभ है	मध्यम है	शुभ है

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

विक्रम सम्वत् २०५४ मध्ये उत्तम-मध्यमादि विवाह मुहूर्त्ता:

शुक्रोदय—वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि रविवार तदनुसार ता. २७ अप्रैल सन् १९९७ ई. को शुक्र ग्रह पश्चिम दिशा में उदय होगा।

शुक्रोदयास्त—माघ मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि ता. १३ जनवरी सन् १९९८ ई. मंगलवार में पश्चिमास्त होकर शुक्र पुन: आठवें दिन माघ कृष्ण सप्तमी मंगलवार २० जनवरी को पूर्व दिशा में उदय होगा।

गुरु उदयास्त—फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि शुक्रवार तदनुसार ता. १३ फरवरी सन् १९९८ ई. को गुरु ग्रह पश्चिम दिशा में अस्त होकर मास पर्यन्त चैत्र कृष्ण द्वितीया ता. १५ मार्च रविवार को पूर्व दिशा में उदय होगा।

वैशाख कृष्ण पक्ष

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	नक्षत्र रेखा लग्न शुद्धि, विवाह लग्न तथा अन्य विवरण
१८	वैशाख	८	बुध.	३०	अप्रै.	श्रव. धनि. रे. ८ ॥ऽ गु. ॥॥ऽ॥ ल. कर्क घं. १० मि. ४३ से, रात्रि वृश्चिकादि ३, घं. २० मि. ५ से, रात्रौ धनिष्ठायां गुरौ युति सुखा.
१९	''	९	गुरु.	१	मई	धनिष्ठा रे ७ ॥ऽ ॥ऽ रो. ।ऽ॥ दिवा लग्न कर्क १० घं. ३९ मि. से शुभ: अन्य चिन्त्येत्बुध:

वैशाख शुक्ल पक्ष

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	नक्षत्र रेखा लग्न शुद्धि, विवाह लग्न तथा अन्य विवरण
२६	''	२	गुरु.	८	''	रोहिणी रे. ८ ॥॥ऽ चोर ऽ॥। दिवा ल. ४ रात्रि ९।१०, घं. २१ मि. ५४ से
२७	''	३	शुक्र.	९	''	मृगशिर रे. १० ॥॥॥॥॥ अनपुच्छा स्वयंसिद्धि मुहूर्त्त, इच्छित लग्न दैवज्ञ चिन्त्येत्बुध:
२	ज्येष्ठ	८	गुरु.	१५	''	मघा रे. ८ ॥॥ऽ गु. ॥ऽ॥ दिवा लग्न ९।४४ से अत्यावश्यके रविनिरंश:
५	''	११	रवि.	१८	''	हस्त रे. ८ऽ ॥॥ऽ॥। वि. ल. १६।३३ बजे से ७ बु. दान: रात्रि धनु-मकर २१ घं. १४ मि. से श्रेष्ठ
७	''	१३	भौम.	२०	''	स्वाती रे. ७।ऽ॥ऽ बुध ।ऽ श. ॥। गोधूलिवैलायां बु. दा. सोग्रांग: ९।१०, २१ घं. ७ मि. से कुम्भ सप्तम भौम पूज्य
९	''	१५	गुरु.	२२	''	अनु. रे ७॥॥ऽ सू. ।ऽऽ॥ तुला से बुध पूज्य, ९।१० श्रे. २० घं. ५९ मि. से

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	नक्षत्र रेखा लग्न शुद्धि, विवाह लग्न तथा अन्य विवरण
११	''	२	शनि.	२४	''	मूल रे. ८॥॥ऽ शु. ।ऽ॥। विवाह लग्न तुला एवं मकर-कुम्भ श्रे.
१३	''	४	चन्द्र.	२६	''	उषा. रे. ६॥।ऽ शु. ।ऽ अ. ।ऽऽ।१६ घं. १ मि. वि. लग्न श्रे. शुक्रवेधाऽभाव: उषायां चतुर्थ चर्णे वेधदोष:
१४	''	५	मंग.	२७	''	श्रव. रे. ८॥॥॥।ऽऽ। तुला-धनु-मकर लग्न श्रेष्ठ, ग. क्रांतिसाम्याऽभाव:
१५	''	७	बुध.	२८	''	धनिष्ठा रे. ६ऽ।ऽ गु. ॥ऽ राज. ऽ॥। गोधूलि वैलायां बु. सू. शु. दानादि श्रे. अन्य २०।३५ बजे से धनु-मकर ग्राह्य, गु. युति ग्राह्य
१७	''	९	शुक्र.	३०	''	उभा. रे. ७॥॥ऽऽ चोर ।ऽ॥ वि. ल. रात्रौ धनु-मकर और मेष चिन्त.
१८	''	१०	शनि.	३१	''	उभा. रे. ८॥॥ऽ॥ऽ॥ विवाह लग्न १५ घं. ४२ मि. बु. सू. दानादि श्रेष्ठ
१९	''	११	रवि.	१	जून	अश्वि. रे. ८ऽ गु. ॥॥ऽ रोग ॥॥२० घं. १९ मि. से धनु-मकर अन्य २।५१ से मेष चिन्त.
२०	''	१२	चन्द्र.	२	''	अश्विनी रे. ९ऽ गु. ॥॥॥॥। १५ घं. २४ मि. से तुला-वृश्चि. श्रे. सू. बुध दान

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	नक्षत्र रेखा लग्न शुद्धि, विवाह लग्न तथा अन्य विवरण
२८	''	५	मंग.	१०	''	मघा रे. ८।ऽ॥ऽ गु. ॥॥। मघायां रात्रौ लग्न मेष २ घं. १६ मि. उप.
२९	''	६	बुध.	११	''	मघा रे. ७।ऽ॥ऽ गु ऽ रो. ॥ गोधूलि सू बु शु दान, अन्य १९ घं. ४० मि. से धनु-मकर तथा मेष चिन्तनीयम्
२	आषाढ़	१०	रवि.	१५	''	हस्त रे. ८।ऽ॥॥ऽ॥। केवल दिवा लग्न ४।५ रविनिरंश: पर्वदिन श्रेष्ठ
४	''	१२	मंग.	१७	''	स्वाती रे. ८॥॥।ऽ अ. ऽ॥। दिवा ल. कर्क-सिंह एवं तुला रात्रौ नक्षत्राऽभाव:
५	''	१३	बुध.	१८	''	अनु. रे. ९॥॥॥ऽ॥। वि. ल. १४।३१ से रात्रि २१।१७ से मकर-कुम्भ १
६	''	१४	गुरु.	१९	''	अनु. रे. ८॥॥।ऽ राज. ऽ॥। केवल दिवा लग्न सिंह-तुला विचारणीय

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	नक्षत्र रेखा लग्न शुद्धि, विवाह लग्न तथा अन्य विवरण
७	आषाढ़	१५	शुक्र.	२०	जून	मूल रे. ६॥।ऽ शु. ऽ बु. ।ऽ।ऽ। वि. ल. रात्रि १०।११ श्रे. २१ घं. ९ मि. से शु. मं. दान, गणितेन क्रांतिसाम्य एवं शुक्रवेधदोषाऽभाव:

आषाढ़ कृष्ण पक्ष

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	नक्षत्र रेखा लग्न शुद्धि, विवाह लग्न तथा अन्य विवरण
९	''	२	रवि.	२२	''	उषा. रे. ९॥॥ऽ शु. ॥॥। वृश्चिक-मकर-कुम्भ-मेष और वृष लग्न श्रे.
१०	''	३	चन्द्र.	२३	''	श्रवण रे. ८।ऽ॥।ऽ रोग ॥॥२०।५७ से ०।३ तक अन्य १।२५ से १।२ श्रेष्ठ वास पाताले, उत्तरदलेदिवाविष्टि, वैधृतिमध्यान्हात्परत शुभम्।
११	''	४	मंग.	२४	''	धनिष्ठा रे. ७॥ऽ गु. ॥।ऽऽ॥१४।७ से तुला-वृश्चिक २०।५४ से मकर १।२१ से मेषादि
१३	''	६	गुरु.	२६	''	उभा. रे. ८॥॥ऽऽ॥॥ वृष लग्न रात्रौ पूभायां उपरान्त श्रेष्ठ
१४	''	७	शुक्र.	२७	''	उभा. रे. ८॥॥ऽ॥॥ऽ वि. ल. तुला-वृश्चिक-धनु तथा मकर श्रे. सू. बु. शु. दान तिथि क्षय दग्धादोषमध्यदेशे वर्जित:
१५	''	९	शनि.	२८	''	अश्विनी रे. ७ऽ॥॥ऽ नृ. ।ऽ॥ विवाह लग्न रात्रौ १ घं. ५ मि. से अश्विनी में
१६	''	१०	रवि.	२९	''	अश्वि. रे. ७ऽ॥॥ऽ रा. ।ऽ॥१३।४८ से २०।३४ से मकर पूजनादि से श्रेष्ठ, विष्टिवासस्वर्गे शुभम्।
१८	''	१२	मंग.	१	जुला.	रोहिणी रे. ७ऽऽ॥॥ऽ॥। वि. ल. रात्रौ घं. ० मि. ५३ से. मेष चिन्त.
१९	''	१३	बुध.	२	''	रोहिणी रे. ८ऽऽ॥॥॥॥ वि. ल. तुला-वृश्चिक-मकर शु. पू. क्षीणेन्दु

आषाढ़ शुक्ल पक्ष

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	नक्षत्र रेखा लग्न शुद्धि, विवाह लग्न तथा अन्य विवरण
२५	''	४	मंग.	८	''	मघा रे. ८॥॥ऽऽ रा. ॥॥ दिवा लग्न तुला-वृश्चिक रात्रि मेष-वृष श्रेष्ठ अतिआवश्यकता में भद्रा मुख कालत्याज्य
२८	''	६	शुक्र.	११	''	हस्त रे. ८॥ऽ॥।ऽ॥। वि. ल. ० घं. १४ मि. उप. कन्यागत मित्रक्षेत्रेन्दु भौमयुतिदोषाऽभाव: केन्द्रे गुरुशुभ:
३२	''	१०	मंग.	१५	''	अनु. रे. ८॥॥।ऽ अग्नि ऽ॥। रात्रौ २५ घं. १८ मि. मेष-वृष श्रेष्ठ अत्यावश्यके मासान्त दोष
३	श्रावण	१३	शुक्र.	१८	''	मूल रे. ८॥।ऽ॥ऽ॥। ल. ८।९, घं. १५ मि. ५४ से ग. रविवेधाऽभाव:
४	''	१४	शनि.	१९	''	उषा. रे. ९॥॥॥।ऽ॥ रात्रौ २३ घं. ४३ मि. बजे से मेष-वृष व मिथुन
५	''	१५	रवि.	२०	''	उषा. रे. ९॥॥॥।ऽ॥ दिवा लग्न ७।८।९, घं. १६ मि. २५ बजे से

श्रावण कृष्ण पक्ष

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	नक्षत्र रेखा लग्न शुद्धि, विवाह लग्न तथा अन्य विवरण
६	''	२	चन्द्र.	२१	''	धनिष्ठा रे. ८ऽ।ऽ गु. ॥॥॥। लग्न १७।३ से ९ रात्रि २३।३५ से मेषादि
९	''	५	गुरु.	२४	''	उभा. रे. ८॥॥ऽ॥ऽ॥ वृश्चिक-धनु-मकर दग्धादोष मध्यदेश
११	''	७	शनि.	२६	''	अश्विनी रे. ९॥॥ऽ मं. ॥॥१४।२३ से ल. ८।९।१० रात्रि मेष चिन्तनीय
१४	''	१०	मंग.	२९	''	रोहिणी रे. ७ऽ॥॥।ऽऽ॥ वृश्चिक-धनु-मकर रात्रि मेष-वृष २३।३ से
१५	''	११	बुध.	३०	''	मृगशीर्ष रे. ९॥॥।ऽ नृप. ॥॥ दि. ल. १४।३ से रात्रि २२।५९ बजे से शुभ

श्रावण शुक्ल पक्ष

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	नक्षत्र रेखा लग्न शुद्धि, विवाह लग्न तथा अन्य विवरण
२४	''	५	शुक्र.	८	अग.	हस्त रे. ७॥॥।ऽ नृ. ऽऽ॥ घं. १३ मि. ३२ से १९।३८ तक रात्रि २३।५७ से ४।५ तक
२६	''	७	रवि.	१०	''	स्वाती रे. ८॥॥ऽ चोर ऽ॥१३।२८ से १९।३२ तक रात्रि २३।४९ से ल. ८।९।१०।१।२
२८	''	८	मंग.	१२	''	अनु. रे. ७॥॥।ऽ रोग ऽ।ऽ। वृश्चिक-धनु-मकर सू. पू. रात्रौ मेषादि श्रे.

भाद्रपद कृष्ण पक्ष

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	नक्षत्र रेखा लग्न शुद्धि, विवाह लग्न तथा अन्य विवरण
७	भाद्रपद	५	शुक्र.	२२	''	अश्वि. रे. ६।ऽ।ऽ॥।ऽऽ। लग्न धनु, वृष, मिथुन, कर्क बुधवेधाऽभाव: गणितेन क्रान्तिसाम्यदोषाऽभाव: रेखावृद्धि: २

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	नक्षत्र रेखा लग्न शुद्धि, विवाह लग्न तथा अन्य विवरण
१०	भाद्रपद	८	चन्द्र.	२५	अग.	रोहि. रे.७ ॥॥ऽरोग ऽऽ ॥ मकर १६।५० से, वृषादि २२।५० से श्रेष्ठ, श्रीकृष्णावतारतिथि शुभ:
११	"	९	मंग.	२६	"	मृगशिर रे. ७ऽऽ ॥॥ऽ ॥ दिवा लग्न मकर रात्रि वृष-मिथुन दग्धा दोष:

भाद्रपद शुक्ल पक्ष

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	विवरण
२०	"	२	गुरु.	४	सितं.	हस्त रे. ९ ॥॥॥ऽ ॥। दिवा लग्न ११।४६ से १७।५१ तक रात्रि २२।११ से वृषादि
२२	"	४	शनि.	६	"	स्वाती रे. ७ ॥॥ऽ मृ. ऽऽ ॥ वि. ल. मकर रात्रि वृष-मिथुन-कर्क श्रेष्ठ
२३	"	५	रवि.	७	"	स्वाती रे. ७ ॥॥ऽ अ. ऽऽ ॥ केवल दिवा लग्न वृश्चिक-धनु १५।१ तक चिन्त.
२४	"	६	चन्द्र.	८	"	अनु. रे. ७ऽ ॥॥ऽ रा. ऽ ॥। लग्न वैधृतिपातोपरान्त मिथुन-कर्क चिन्तनीय
२५	"	७	मंग.	९	"	अनु. रे. ८ऽ ॥॥ऽ ॥। लग्न १३।४६ से १७।१२ तक भद्रात्पूर्वे श्रेष्ठ
२६	"	८	बुध.	१०	"	मूल रे. ७ऽ ॥॥ऽ चोर ऽ ॥। रात्रि लग्न २१।४७ से वृषादि चिन्त्येत्बुध:
२७	"	९	गुरु.	११	"	मूल रे. ८ऽ ॥॥ऽ ॥। लग्न १३ घं. ३८ मि. से रात्रौ नक्षत्राऽभाव:
२८	"	१०	शुक्र.	१२	"	उषा. रे. ७ ॥॥ऽ रो. ऽ ॥ऽ लग्न वृष-मिथुन दग्धादोषमध्यदेशे
२९	"	११	शनि.	१३	"	उषा. रे. ९ ॥॥॥ऽ ॥। वृश्चिकादि लग्न ११।१० बजे से भद्रा त्यागकर देशकालपरिस्थितिवसात यत्नेन लग्न चिन्त्येत्बुध:

आश्विन शुक्ल पक्ष

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	विवरण
१८	आश्विन	२	शुक्र.	३	अक्तू.	स्वाती रे. ८।ऽ ॥॥ऽ ॥। रात्रि लग्न मिथुन-कर्क २२।११ बजे से
१९	"	३	शनि.	४	"	स्वाती रे. ७।ऽ ॥।ऽ रोग ऽ ॥। विवाह लग्न मकर तथा मेष चिन्त.
२३	"	६	बुध.	८	"	मूल रे. ८ऽ ॥॥ऽ ॥। घं. १३ मि. ५७ से, १० घं. १८ मि. २४ से. १ घं. २१ मि. ५१ से.
२५	"	९	शुक्र.	१०	"	उषा. रे. ८ऽ मं. ॥॥॥ऽ ॥ विवाह लग्न १०।१।३।४ चिन्त्येत्बुध:
२६	"	१०	शनि.	११	"	श्रवण रे. ८ ॥ऽ गु. ॥ऽ चोर ॥॥ मकर १३।४५ से मेष १८।१२ से मिथुन २१।४० से
२७	"	११	रवि.	१२	"	धनिष्ठा रे. ८।ऽ ॥॥ऽ ॥। विवाह लग्न १३।४१ से १८।४ से उत्तरार्ध की विष्टि शुभ:
२९	"	१३	मंग.	१४	"	उभा. रे. ९ ॥॥॥॥ऽ। उभायां लग्न मेष-मिथुन-कर्क गुरु दानादि

कार्तिक कृष्ण पक्ष

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	विवरण
३	कार्तिक	४	रवि.	१९	"	रोहिणी रे. ६।ऽ ॥।ऽ अग्नि ऽऽ ॥ व्यतिपातोपरान्त लग्न चिन्त्येत्बुध:
४	"	५	चन्द्र.	२०	"	मृगशीर्ष रे. ८ ॥।ऽ ॥ऽ ॥ वि. ल. २१।४ बजे के उप. मिथुनादि श्रेष्ठ
९	"	१०	शनि.	२५	"	मघा रे. ६ऽबु. ॥ऽगु. ।ऽ रोग ।ऽ ॥१२।५० से पादभेदेन गुरुवेध दोषाऽभाव: भद्रोत्तर लग्न चिन्त्येत्बुध:
१०	"	११	रवि.	२६	"	मघा रे. ७ऽबु. ॥ऽगु. ॥।ऽ ॥ मध्यान्हात्पूर्वे घं. १० मि. ४१ से धनुष्यादि

कार्तिक शुक्ल पक्ष

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	विवरण
१७	"	२	रवि.	२	नवं.	अनु. रे. ९ ॥॥॥ऽ ॥। लग्न १२।१८ से रात्रि वृष बुध पू. कर्क से गुरु पूज्य
२१	"	६	गुरु.	६	"	उषा. रे. ७ऽऽ ॥।ऽ अग्नि ॥॥ वि. ल. दिवा मकर रात्रि कर्क श्रेष्ठ
२२	"	७	शुक्र.	७	"	श्रवण रे. ८।ऽऽ गुरु ॥॥॥। उपरोक्त साहा लग्न श्रेष्ठ गुरु युति श्रेष्ठ
२३	"	८	शनि.	८	"	धनिष्ठा रे. ६ ॥॥ऽ राज. ऽऽऽ। गणितेन क्रांतिसाम्यदोषाऽभाव: लग्न १० एवं गोधूलि र. बु. दा. अन्य कर्क
२६	"	११	मंग.	११	"	उभा. रे. ८।ऽ ॥॥॥ऽ अणपृछा मुहूर्त लग्न वृष बुध-शुक्र दान अन्य ४
२८	"	१४	गुरु.	१३	"	अश्विनी रे. ९ ॥।ऽ ॥॥।केवल दिवा लग्न मकर श्रेष्ठ, रात्रौनक्षत्राऽभाव: पादभेदेनवेध दोषाऽभाव:

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष

प्र.	मास	ति.	वार	ता.	मास	विवरण
६	मार्गशीर्ष	७	शुक्र.	२१	"	मघा रे.९ ॥।ऽ गु. ॥॥॥२४।१७ वेधोपरान्त कन्या-तुला घं. १ मि. ५६ चरणभेदेनगुरुवेधदोषाऽ. रेखावृद्धि
जब कोई राशि क्रूर ग्रहों से पीड़ित हो दूषित हो या उसको क्रूर ग्रह देखते हों अथवा वहां पड़े हों या वह राशि क्रूर ग्रहों की कर्तरी में हो तो उस राशि जन्य पदार्थों की तेजी होती है। और राशि शुभ ग्रहों से युक्त, दृष्ट हो उसके पदार्थों का मन्दा होता है। इसी प्रकार जो ग्रह अशुभ ग्रहों से पीड़ित अथवा दृष्ट या युक्त हो तो उन ग्रहों के पदार्थों की तेजी होती है और जो ग्रह शुभ ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हों उनके पदार्थों का मन्दा होता है। जिस वस्तु की राशि से गुरु ४, १०, २, ११, ७, ६, ५ इतनी राशि पर हो तो उस वस्तु की मन्दी करता है और १, ३, ४, ६, ७, ६, १२ इन स्थानों पर बुध हो तो उस वस्तु की तेजी करता है। ऐसे ही २, ११, १०, ५, ८ स्थानों पर शुक्र सर्वदा मन्दा करता है। मंगल, शनि, राहु, केतु, सूर्य और क्षीण चन्द्र यह ग्रह ३, ६, १०, ११ स्थानों पर मन्दा और १, २, ४, ५, ७, ८, ६ स्थानों पर होने से तेजी हो।

तेजी-मन्दी जानने के सिद्धान्त

(१) यदि रविवार को तेजी या मन्दी हो तो सोमवार को मन्दी अथवा तेजी आ जाती है। (२) सोमवार को एकदम मन्दी के आने पर मंगलवार को विचार से सौदा करना चाहिए। (३) सोमवार की मन्दी के बाद मंगलवार को तेजी अवश्य होती है, अथवा सोमवार को तेजी हो तो मंगलवार को मन्दी अवश्य होगी। (४) मंगलवार को आई मन्दी बुधवार को १२ बजे तक चलती है इसी प्रकार मंगलवार की तेजी बुधवार १२ बजे हो।

यन्त्र-मन्त्रों द्वारा इष्टसिद्धि

६०	६७	२	७
६	३	६४	६३
६६	६१	८	१
४	५	६२	६५

सट्टा, लाटरी जीतने का विजय यन्त्रम्—अनार की कलम से रक्त चंदन द्वारा भोजपत्र पर लिखना चाहिए। अष्ट धातु के यन्त्र में रखकर गुगुल की धूनी देकर दक्षिण भुजा पर धारण करना चाहिए। लिखने का क्रम क्रमिक ढंग पर है। चक्र लिखते समय उठने न पाये।

गर्भ रक्षा यन्त्रम्—अनार की लेखनी से अष्टगन्ध द्वारा भोजपत्र पर लिखे तांबे के यन्त्र में रविवार को धूप बत्ती की धूनी देकर कमर में बांधें उसी दिन रविवार को पुष्य नक्षत्र में लाई हुई काले धतूरे की जड़ को कुंआरी छोटी कन्या के हाथ से काले सूत से कमर में बांधें गर्भ न गिरेगा।

२४२	२४१	२४०	२३६
२३८	२३७	२३६	२३५
२३४	२३३	२३२	२३१
श्रीं	ह्रीं	लं	छि

बीसा यन्त्र विघ्न नाश के लिए—जब नया चन्द्र शुरू हो तो उसके बाद पहला रविवार हो तो उस दिन १२ बजे दिन के केसर के साथ लिखें, सफलता, तरक्की गुरु चन्द्र में ५।६ दृष्टि हो लिख लें इसको पास रखने से लाभ हो।

८	२	१०
६	७	४
३	११	६

२४६	२५४	२५७	२४२
२५६	२४३	२४८	२५३
२४४	२५६	२५०	२४७
२५१	२४६	२४५	२५५

परदेश गये लौटने के लिए—जब किसी का लड़का या नौकर या संबन्धी घर से चला जाये और उसका पता न लगे तो नकशा चर्खे से बांध कर चर्खे को उलटा चलाए चर्खे का सूत कन्या के हाथ का हो।

८०५	८१८	८१५	८१२
८१६	८११	८०६	८१७
८१०	८१३	८२०	८०७
८१६	८०८	८०६	८१४

सन्तान के लिए—यदि किसी के सन्तान न होती हो या लड़कियां अधिक होती हों या संतान होकर मर जाती हो तो वे यन्त्र को पूर्णमासी के दिन अष्ट गन्ध से लिखकर पास रखें।

६	१	८
७	५	३
२	६	४

रोग नाश के लिए—यदि किसी का रोग दूर न होता हो तो उसको चाहिए कि इस यन्त्र को शुक्ल पक्ष में रविवार के दिन अष्ट गन्ध से लिखकर चांदी में रखकर गले में डाल लेवें रोग दूर होगा।

७	१२	१	१४
२	१३	८	११
१६	३	१०	५
६	६	१५	४

सर्व सिद्धि के लिए—इस यन्त्र को ग्रहण या गुरुवार पूर्णमासी के दिन अष्ट गन्ध से लिख कर पास रखें या गले में डाल लेवें सब कार्यों में सफलता होगी और विघ्न नाश होंगे।

१२	५	१०
७	६	११
८	१३	६

विद्या प्राप्ति के लिए—यदि किसी की स्मरण शक्ति निर्बल हो या विद्या प्राप्ति में दिल न लगता हो तो उसको चाहिए कि यन्त्र को लिखकर बालक के गले में डाल देवें गुरुवार अष्ट गन्ध से लिखें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बारह लग्नों व राशियों का फल

मेष लग्न फलम्—जिसका जन्मलग्न मेष हो उस पुरुष के भीतरी और बाहरी भाव सदा एक जैसे रहते हैं, शूरवीर, हर एक बात में फैसले के तौर पर अपनी राय देने में झट तैयार हो जाता है, इसके भाग्य में कई प्रकार की तबदीली होती है, जायदाद, जमीन के कामों की उन्नति के लिए अपने विचार बढ़ाता रहता है, जायदाद सम्बन्धी कई प्रकार के झगड़े पेश आते रहते है और इन्हीं कामों के सम्बन्ध द्वारा लाभ भी होता रहता है, भाई-बहिन ज्यादा नही होते, हों भी तो मर जाते हैं, पिता का सुख विशेष नहीं होता, रिश्तेदारों का भी सुख कम होता है, बहुत देर तक एक जगह पर रहना मुश्किल होता है, सन्तान की तरफ से पूर्ण सुख नहीं होता वह पुरुष चुस्त, चालाक तथा चंचल स्वभाव का होता है, स्वतन्त्र रहना पसन्द करता है, जब कभी कष्ट हो तो गुरदा दर्द, सोजश, हाथ, पांव, आंख पर चोट, रक्त विकार हो। ३-११-१५-२१-२७-४५ वर्ष में कष्ट।

वृष लग्नम्—यदि लग्न वृष राशि का हो तो वह पुरुष अपने हठ पर दृढ़ रहता है, दूसरे की बात को नहीं मानता जो काम करे देरी से करता है, दिल बहुत मजबूत होता है, आराम पसंद रहना इसका स्वाभाविक धर्म है, छोटे-छोटे कामों पर भी लम्बे-२ विचार करता रहता है, हर एक काम में झगड़े का कारण आप ही हो जाता है, बीमार हो तो बहुत कठिनाई और देरी से अच्छा होता है, झगड़ा और मुकद्दमा के कामों में बड़ी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं, माता-पिता का सुख अच्छा, यदि पहली सन्तान में लड़की हो तो मर जाती है, जिन्दगी का पिछला हिस्सा आराम से बीतता है, शत्रु इसके अधिक बने रहते हैं, कई तरह के मामलों का सामना करना पड़ता है, इसकी मृत्यु विदेश में अथवा पानी के कारण होती है। ५-२६-३७-४७ वर्ष में कष्ट हो।

मिथुन लग्नम्—जिसका जन्मलग्न मिथुन राशि का हो उसका स्वभाव नरम होता है, जिस काम को करने के लिए तत्पर हो जाए उसको सच्चाई से करता है, हरेक बात में अदरूनी भाव सदा गुप्त रखता है, नये-२ विचार पैदा करता रहता है, कानूनी काम, व्यापार व लेखा संबंधी कामों को बड़ी गम्भीरता से करता दिल का बहुत मजबूत होता है परन्तु नरम स्वभाव होने के कारण कमजोर समझा जाता है, विद्या द्वारा मान प्राप्त करता है, प्रायः इसको यात्रा बहुत करनी पड़ती है, दुःख और सुख में सदा एक भाव में रहता है, घरेलू झगड़ों में सदा चिंतातुर रहता है, इसका एक भाई मानी और प्रतिष्ठित होता है, पिता से इसका मन सदा उदासीन, संतान उत्पन्न तो बहुत होती है परन्तु मर कर थोड़ी रह जाती है, सन्तान की तरफ से चिंता ही रहती है, मित्रों से प्रीति तो बहुत करें परन्तु मित्रों से कुछ लाभ नहीं होता, स्त्री प्रेम से भी क्लेश रहता है, इसका सम्बन्ध दो जगह होता है अथवा दो स्त्रियों से संयोग होता है, औरतों के झगड़ों से तंग रहता है, गुप्त इसके शत्रु बने रहते हैं, कई मामलों का समना करना पड़ता है, पर परिणाम अच्छा ही होता है, लिखने पढ़ने के कार्यों में प्रवृत्ति अधिक होती है, पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होती है। ३-५-८-११-१८-२०-२८-४५ वर्ष में कष्ट हो।

कर्क लग्नम्—जिसका जन्मलग्न कर्क राशि का हो तो वह दिल से जिस काम को चाहे कर ही लेना है, इसकी जिंदगी अक्सर उथल-पुथल होती है, चंचल प्रकृति और शान्त स्वभाव होता है, विचार शक्ति इसकी बहुत प्रबल होती है, टालमटोल करना बहुत जानता है, कभी-२ क्रोधित भी हो जाता है और हर एक से मेल मिलाप रखने वाला होता है, यह पुरुष हर एक बात के भाव को पहले से ही झट समझ लेता है, दूसरे के विचारों को अपने विचार में प्रकट करने वाला होता है, क्षणभर क्रोध में आकर झट शांत हो जाता है, धन इकट्ठा करने में कष्टता रहे, पैतृक सम्पत्ति थोड़ी प्राप्त हो, आयु के पहले हिस्से में अमन और सुख रहे, इसक कोई भाई-बहिन पूर्णायु न भोग कर मृत्यु को प्राप्त हो जाता है, स्त्री से क्लेश, शत्रु इसके गुप्त रूप से बने रहते हैं, इसकी जीत रहती है, जिंदगी इस[illegible] ३५ वर्ष तक डांवांडोल रहे, यह पुरुष नाजुक मिजाज होता है। ५-१६-१८-२०-२४ वर्ष में कष्ट हो।

सिंह लग्नम्—जन्म लग्न यदि सिंह राशि का हो तो वह पुरुष अपने गुणों से पुरुषार्थ द्वारा हर काम में उन्नति प्राप्त कर लेता है, मज[illegible] दिल वाला होता है। धर्मात्मा, दानी और भरोसे पर काम करने वाला होता है, पुरुषार्थी और अहंकार से युक्त होता है, मामूली बातों को नफरत की निगाह से देखने वाला होता है, बड़े-२ कामों के करने में तत्पर हो जाता है और उनको पूरे तौर पर कर लेता है, हर तरह के काम में अपनी सम्पत्ति झट कायम कर लेता है, नौकर और खानदानी कामों, झगड़ों में परेशानी रहा करेगी, पहनने और खाने वाली चीजों के व्यापार से लाभ होगा, संतान बहुत हो परन्तु सुख कम होगा, पहली सन्तान जीवित न रहे, दो सम्बन्ध अथवा दो स्त्रियों से संयोग हो। ५-१०-२७-३० वर्षों में कष्ट हो।

कन्या लग्नम्—यदि कन्या जन्म लग्न हो तो वह पुरुष ज्ञानी और पवित्रात्मा होता है, बुरी-भली बात को पहचानने वाला होता है, परिश्रमी शांत स्वभाव और अपने गुणों द्वारा संसार में मान प्रतिष्ठा को प्राप्त कर लेता है, शुद्ध चित्त, धैर्यवान और दूसरों में निर्मोह का बर्ताव करने वाला होता है, जिस से प्रेम करे तो दिलोजान से करता है, अपने छोटों के साथ सख्ती से बर्ताव करता है, यह पुरुष जिस काम को करना चाहे कर लेता है और जिस बात पर बिगड़ जावे उस बात को कभी नहीं छोड़ता, इतिहास, नाटक, चित्रकारी और बाग बगीचा संबंधी काम करने वाला होता है, सभा में चतुर और अच्छा बोलने वाला अति परिश्रम करने पर भी बहुत धन इकट्ठा नहीं होता, निर्वाह मात्र प्राप्त होता है, अचूक सम्पत्ति भी कुछ प्राप्त होती है, बाल्यावस्था में बीमारी से कष्ट रहे, पिछली अवस्था सुखी रहे, व्यापार व बैंकादि के कामों से धन प्राप्ति हो, परदेश में भाग्योदय रहे, संबन्धियों व पड़ोसियों में द्वेष रहे, पहली संतान युवावस्था में ही नष्ट हो जाए, दो संबंध या स्त्रियों से ताल्लुक हो। ३-५-१०-१८-३२-४० वर्ष में कष्ट हो।

तुला लग्नम्—इस लग्न वाला नरम स्वभाव मीठा बोलने वाला नीति करने में निपुण, हर बात में हर तरह से सहायक और नीति के अनुकूल काम करने वाला होता है, संगति का असर इसको बहुत जल्दी होता है, क्षण में क्रोधयुक्त और क्षण में शांत हो किसी नई बात को जानने और बनाने में तथा जहाज सम्बन्धी कामों में निपुण होता है, मानसिक शक्ति प्रबल रहती है परन्तु बहुत देर तक नहीं रहती, जब तक किसी कामको करने में लगा रहता है तब तक दिलोजान और मजबूत दिल होकर करता है परन्तु अपने विचार बदलने में भी झट तैयार हो जाता है, इसके भाई-बहिन और संबन्धी बहुत होते हैं, सुख किसी का नहीं होता, इसका पिता ऊंचे दरजे से नीचे के दरजे को प्राप्त हो जाता है और

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बारह लग्नों वा राशियों का फल

इसका पिता ही इसकी मुसीबत का कारण बने, जितनी संतान रहे खुशहाल रहे। ८-१५-१८-२३ वर्ष में कष्ट पाये यदि बच जाए तो ६८ वर्ष ७ महीने तक आयु भोगे।

वृश्चिक लग्नम्—इस लग्न वाला अत्यन्त ज्ञानी या अत्यन्त मूर्ख होता है, ईर्षा, द्वेष और अहंकार युक्त अथवा बड़े-२ कामों के करने में देवता के समान होता है, शूरवीर, दिलावर, लड़ाई में तत्पर और हर एक काम अत्यंतता करने से इसकी बीमारी का कारण हो जाता है, आत्मिक शक्ति बलवान् और स्थाई होती है, यह पुरुष हर एक काम के रहस्य को जानकर उसकी कमजोरियों को दूर कर लेता है, अग्नि के समान प्रचंड प्रकृति वाला गंवारों जैसे व्यवहार वाला, सत्यवक्ता और भय रहित होता है, इस लग्न वाला धन संबन्धी कामों में घबराहट से युक्त प्रथम अवस्था में भाग्योदय न हो मध्य अवस्था में भाग्योदय होता है, दूसरे देशों की यात्रा करता है, ससुराल के रिश्तेदारोंऔर कानूनी कामों से फायदा होता है, अचानक धन मिलने की सम्भावना होती है, भाई-बहिन इसके कम होते हैं, बल्कि पिता की एक ही संतान रह जाती है, संतान बहुत होने पर भी सुख नहीं होता, सबन्धियो को चाहने वाला होता है, एक से अधिक विवाह होंगे गुप्त रोगों से कष्ट उठाये। २-५-१०-१२-१८-२० और ३० वर्ष की आयु में कष्ट उठाये यदि बच जाये तो फिर ८५ वर्ष तक आयु भोगे।

धन लग्नम्—इस लग्न वालों की दो प्रकार की प्रकृति होती है। नियमों को पालन करने में तत्पर अथवा नियमों का उल्लंघन करने में तत्पर होते हैं, भविष्यवाणी करने में और दूसरों मन के गुप्त रहस्यों के जानने वाले होते हैं, विश्वास पात्र, दानी-सत्यवक्ता और निष्काम काम करने वाले, कई प्रकार की विद्या को जानने वाले, स्वतन्त्र रुचि वाले, किसी के ऊपर विश्वास न करने वाले और शांत स्वभाव, बिना कहे किसी बात में न बोलने वाले ईश्वर संबन्धी विषयों में तत्पर और दिमागी काम करने वाले होते हैं, पहली अवस्था में पिता को सुख कम, पिता की विपत्ति के कारण इसका भाग्योदय नहीं होता, अपने परिश्रम द्वारा धन कमाता है, इसके भाई कम हों, संबंधियों से प्रेम रहे, संतान कम होती है, दुश्मन बने रहते हैं, देवताओं और ब्राह्मणों का सेवक हो, यात्रा आदि बहुत करे। ८-१२-१५-२९-३८-४० वर्ष में कष्ट भोगे और यदि बच जाए तो ७५ वर्ष की आयु भोगे।

मकर लग्नम्—इस लग्न वालों का प्रायः सेवा करना धर्म है, जिस काम को करने की रुचि हो उसको दृढ़ता और शांति से करते हैं, परिश्रमी अधिक होते हैं, कभी मलीनचित्त और ईर्ष्या द्वेष से युक्त भी हो जाते हैं, किसी समय शूरवीरता और दृढ़ता से बड़े भारी काम को भी कर लेते हैं। चलना-फिरना कुछ अजीब व चतुर हो, परन्तु बोलते-२ वाणी में कुछ रुकावट सी हो जाती है, संशयात्मक बुद्धि और उदासीनता में रहते हैं, इनका जीवन दुःख से व्यतीत नहीं होता, मित्रों में स्वतन्त्रता और दूसरे पुरुषों से लज्जा युक्त रहना, शत्रु को क्षमा करना, शत्रुता न भूलना, मित्रों से युक्त व्यवहार करते हैं, हरेक बात को सोच-समझकर करते हैं, काम में लगे रहना, व्यापार द्वारा धन अधिक प्राप्त करते हैं, भाई-बहिन बहुत होते हैं, सम्बन्धियों व भाई-बहिनों से सुख नहीं, पिता का सुख भी विशेष नहीं होता, कई विवाह होते हैं परन्तु विवाह होने के समय बहुत अड़चनें होती हैं। स्त्री प्रसन्न रहे, संतान थोड़ी होती है, खांसी और वायु रोग से दुःखी हो। ३-१८-२०-२४-३०-४२ वर्ष में कष्ट भोगे, बचे तो ५६ वर्ष की आयु भोगे।

कुम्भ लग्नम्—इस लग्न वाले को साहित्यकला, कौशल और दर्शनों के गुप्त रहस्यों का शौक होता है, लेखक और वक्ता भी अच्छा होता है, प्रेम करने की चाहना भी होती है, खासकर वृद्धावस्था तक अपनी पत्नी से प्रेम रखता है, एकांत सेवी होता है, अन्य लोगों से मेल-जोल बहुत कम रखता है, अच्छे-२ मित्र होते हैं, इच्छा शक्ति प्रबल होती है, बड़ी-२ मुश्किलों का सामना करके अपने काम को कर लेता है, प्रसन्नात्मा होता है, दौलत और मरतब हासिल करने में बहुत परिश्रम करने पर भी कामयाब नहीं होता, क्योंकि इसके कई गुप्त दुश्मन और गुप्त साजिशें बनी रहती हैं। कुटुम्ब के मनुष्यों से जायदाद व धन संबंधी सहायता और मित्रों द्वारा अपने मरतबे की सहायता इसके दुःख का कारण होती है। मकान के रुपये की खातिर लम्बी-२ यात्रा होती है, कभी-२ इसके संबंधी खासतौर पर इसका भाई कारोबार में कष्ट का कारण होता है, इसकी आमदनी कई कारणों से गुप्त रूप में होती है। सरकारी फौज की तरफ से गुप्तचर होता है, भाई-बहिन इसके कम होते हैं, अगर हों तो सलूक अच्छा नहीं होता, अक्सर कई बार भाई के साथ झगड़ा हो जाता है, पिता का देहान्त जल्दी हो जाता है। इसके संतान कम होती है, किसी समय जोड़े पैदा होते हैं, संतान से सुख कम, खासकर पहली संतान का दुःख होता है, इसकी शादी खानदानी रिश्ता या गवैया स्त्री से होती है, सम्बन्ध का लाभ हो, स्त्री विद्या को जानने वाली कन्या हो और वृश्चिक राशि वालों से दुःखी हो। ६-११.१९-२५-३९-४० वर्ष में दुःखी और कष्ट पाये, यदि बच जाए तो ४५ वर्ष उम्र होने की आयु भोगे।

मीन लग्नम्—इस लग्न वाले प्रायः देवता के समान प्रकृति वाले होते हैं और यह लग्न मनुष्य का बहुत कम होता है, अपने जीवन में मान और प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं, प्रायः विद्वता और कला कौशल इनके जीवन का आधार होता है। प्रसिद्ध लेखक नए विचारों से कई प्रकार की बातों को प्रकट करते हैं और उसका पूरा फल प्राप्त करते हैं, इसके विचारों का प्रभाव दूसरे के चित्त पर बहुत जल्दी पड़ जाता है, कई बार इसके विचार अपने ही दुःख का कारण बन जाते हैं, इस लग्न वाला ज्ञानहीन नहीं होता, साहित्य और संगीत विद्या में बहुत निपुण होते हैं, भोग में इनकी प्रवृत्ति अधिक होती है, संतान बहुत अधिक होती है और भाग्यवान होती है। दानी और पुण्यात्मा लोगों के साथ सहानुभूति रखते हैं। अपने स्वार्थ के लिए दूसरों पर अन्याय करना पसन्द नहीं करते, अधिकार को प्राप्त करने पर भी सदा न्याय करते हैं, क्रोध जल्दी नहीं करते और शांत भी जल्दी नहीं होते, धन प्राप्ति के लिए कई प्रकार का कारोबार करते हैं और उसमें कामयाब भी हो जाते हैं, इसके भाई-बहिन अधिक होते हैं और इसके सम्बन्धित सहायक होते हैं। भाई व बहिन किसी की अकाल मृत्यु हो जाती है, माता-पिता का सुख कम होता है, पिता अकाल मृत्यु से मरता है, अधिक प्रतापशाली, व्यापार में लाभ, कर्णपीड़ा, विदेश में दुःखी हो। ४-२५-२०-३२-३८ और ४० वर्ष में कष्ट से बचे तो ८० वर्ष की आयु भोगे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बाल-कष्टवली पूतना-विधान

जन्म से			पूतना नाम	ग्रसित लक्षण	मूर्ति द्रव्य	बलि द्रव्य तथा समय	धूप	मन्त्र
दि ०१	मा ०१	वर्ष ०१	१ योगिनी २ मातृका ३ नंदिनी	ज्वर गात्रशोष अनाहार वमन मूर्छा कांपना हीन ज्वर	नदी की मिट्टी का पुतला ३ दिन विधान	उबले चावल सफेद चन्दन का लेप सफेद फूल ध्वजा ५ (चिलडियां) पूड़े ५ दीपक ५ प्रातः समय पूर्व दिशा में तीन दिन बलि देवे।	सरसों बालछड़ आक बिल्व पत्र बिल्ली और मनुष्य के केश नीम के पत्तों का धूप	ॐ नमो भक्तवत्सले मोचिनि स्वाहा।
दि ०२	मा ०२	वर्ष ०२	१ सुनंदिनी २ योगिनी ३ स्तनदा	ज्वर हाथ पांव संकोच दांतों का पसीना आंखें मींचना ज्वरादिरोदन आखें दुखना	सेर चावल की पीठी का पुतला २ दिन विधान	उबले चावल सेर भर आटे के पूड़े मछली और बकरे का मांस ध्वजा १३ दीपक १३ पश्चिम दिशा में सन्ध्या समय ३ दिन बलि देवे।	पूर्ववत् सब वस्तुओं का धूप देना	ॐ नमो भगवति स्वाहा।
दि ०३	मा ०३	वर्ष ०३	१ पूतना	ज्वर कम्प प्रलाप अरुचि आंख मींचना वमन रोमांच	पूर्ववत् मूर्ति	भात चावल लाल ध्वजा लाल चन्दन लाल फूल सायं काल उत्तर दिशा में ३ दिन बलि देवे।	गोरोचन और सांप की कांचली का धूप देना।	ॐ नमो भगवति स्वाहा।
दि ०४	मा ०४	वर्ष ०४	१ मुखमंडिका रक्षा-कारायोगिनी	ज्वर गात्रभंग आंख मींचना शिर दुखना श्वास श्यामता अरुचि नींद न आना	चावल के चूर्ण का पुतला बिल्व के कांटे से रेखा	सफेद चन्दन का लेप सफेद फूल सफेद ध्वजा सेर भर आटे के पूड़े तीनों सन्ध्या समय पश्चिम दिशा में बलि ३ दिन देवे।	लहसन नीम के पत्ते मनुष्य के और बिल्ली के बाल गोघृत का धूप देना।	ॐ नमो पूतनेनाविबर्हि भवसुशोभने बालकं मुंच।
दि ०५	मा ०५	वर्ष ०५	बिडालिका	ज्वर हिचकी श्वास शूल गात्र संकोच अरुचि	सेर भर चावलों की पीठी का पुतला	उबले चावल ध्वजा ५ दीपक ५ सफेद चन्दन सफेद फूल अपराह्न के समय वृक्ष के मूल में पश्चिम दिशा में ३ दिन बलि देवे।	पूर्ववत् धूप देना।	ॐ सुभगे सुमुखे देवि सर्वशत्रु-निवारिणि। कुरु शांतिं शिशोः स्वास्थ्यं जीवदानेन रक्षसि।
दि ०६	मा ०६	वर्ष ०६	शकुनी	ज्वर गात्र संकोच अरुचि श्वास	सेर चावलों की पीठी का पुतला बनाना	कृष्णोदन ध्वजा ५ दीपक ५ काले फूल मछली का मांस बकरे का मांस पायस दूध भात सेर आटे के पूड़े अपराह्न पश्चिम दिशा में तीन दिन बलि देवे।	कूठ गुग्गुल सफेद चन्दन सरसों हाथी का दांत गोघृत का धूप देना।	ॐ रक्षसि त्वं महाभागे बालं मुंच शुभात्र नः, वरं कुरु।
दि ०७	मा ०७	वर्ष ०७	शुष्करेवती	ज्वर देह संकोच अरुचि कांपना रोदन करना	पूर्ववत् मूर्ति	सफेद ध्वजा ७ दीपक ७ सफेद फूल सफेद चन्दन सायं काल पश्चिम दिशा में ३ दिन बलि देवे।	गोरोचन और लहसन से पूर्ववत् धूप देना।	ॐ नमोपद्मपत्राक्षि विशालाक्षि वने शिवे। संगृह्य बलिमात्मना बालं मुञ्च सुशोभने।
दि ०८	मा ०८	वर्ष ०८	बिडालिका	ज्वर गात्र संकोच आंखें मींचना रोना जिह्वा-शोष शिर पीड़ा अरुचि	पूर्ववत् मूर्ति	पायस (खीर) दूध घी लाजा मध्याह्न व पूर्व संध्या समय दक्षिण दिशा में ३ दिन बलि देवे।	गुग्गुल में घृत मिला कर उपरोक्त धूप देना।	ॐ नमो सर्वभूतेषि शोभने त्वं पिशाचिनि। बलिं चैवोररीकृत्य त्वरितं मुंच बालकम्॥
दि ०९	मा ०९	वर्ष ०९	मदोन्मत्ता	ज्वर वमन तृष्णा श्वास अफारा देह संकोच शूल	पूर्ववत् मूर्ति	उबले चावल मछली का मांस पापड़ गन्ना संध्या समय उत्तर दिशा में ३ दिन बलि देवे।	गोरोचन को घृत में घिस कर पूर्ववत् धूप देना।	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय हुं फट् स्वाहा।
दि १०	मा १०	वर्ष १०	रेवती	ज्वर वमन तृष्णा श्वास पीड़ा	पूर्ववत् मूर्ति	गुड़ उबले चावल घी ध्वजा २५ पूड़े २५ लाल फूल २५ सफेद फूल ४४ संध्या समय दक्षिण में २ दिन बलि देवे	गोरोचन लहसन को घृत में मिला कर धूप देना।	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय हुं फट् स्वाहा।
दि ११	मा ११	वर्ष ११	दुन्दुभा	ज्वर अरुचि मुखशोष गात्र पीड़ा रोदन	माष उड़द की पीठी की मूर्ति	उबले चावल सफेद चन्दन लेपन सफेद फूल ध्वजा २५ दीपक २५ पूड़े २५ संध्या समय दक्षिण दिशा में बलि देवे।	पूर्ववत् धूप देना।	ॐ नमो भगवते रावणाय चन्द्रहास खड्गहरताय ॐ हुं फट् स्वाहा।
दि १२	मा १२	वर्ष १२	अदृमुखा	ज्वर रोदन पसीना आंखें दुखना उन्माद रोमांच	सेर चावल की पीठी का पुतला	ध्वजा १३ पूड़े मछली का मांस बकरे का मांस पायस सन्ध्या समय दक्षिण में ३ दिन बलि देवे।	गोरोचन को घृत में घिस कर पूर्ववत् धूप देना।	ॐ नमो नारायण प्रज्वल २ ताव हर २ शोषय २ मर्दय २ हनुमान् हुं फट् स्वाहा

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नक्षत्र-कष्टावली

नक्षत्र संख्या	च १	च २	च ३	च ४	कष्टलक्षणानि	देवता	दानद्रव्याणि	जप-संख्या	जपार्थ नक्षत्रमन्त्राणि	बलिदान
अश्विनी १	दि ०६	दि ११	दि १०	दि २०	अर्धं गात्रपीडा वात ज्वर निद्राभंग	अश्विनी देवता	घृत कुम्भ सुवर्ण ब्राह्मण भोजन	५००० हजार	ॐ अश्विना तेजसा चक्षुः प्राणेन सरस्वती वीर्यम् वाचेन्द्रो बलेनेन्द्राय दधुरिन्द्रियम् ॥ ॐ अश्विनीकुमाराभ्यां नमः ॥ १ ॥	कुंकुम चन्दन चम्पक पुष्प तंदुल मोदक नैवेद्य गुडोदन धूप तिल ।
भरणी २	दि ००	दि ८०	दि ४०	दि ११	छर्दिरोग शीतज्वर तंद्रा अनेक रोग	यम देवता	शर्करा घृत अजा गौ महिषी छायापात्र दान	१०००० हजार	ॐ यमाय त्वा मखाय त्वा सूर्यस्य त्वा तपसे देवस्त्वा सविता मध्वा नक्तु पृथिव्याः संस्पृशस्पाहि अर्चिरसि शोचिरसि तपोसि ॥२॥	अगर गन्ध करवीर पुष्प गुग्गुल धूप गुडोदन नैवेद्य धूप दीप क्षेत्रपाल पूजा ।
कृत्तिका ३	दि ०६	दि ११	दि १६	दि २८	रक्तनेत्र उदरशूल नेत्र पीडा अतिदाह	अग्नि देवता	सुवर्ण गोदान ग्रह-शांति	१०००० हजार	ॐ अयमग्निः सहस्रिणो वाजस्य शांतिं वनस्पतिः मूर्द्धा कवीरयीणाम् ॥३॥ अग्नये नमः ॥	चन्दन गंध पुष्प नैवेद्य गुग्गुल धूपघृत दीप तिलमाष गुडोदन पायस नैवेद्य ।
रोहिणी ४	दि ०७	दि ०१	दि १८	दि ३०	शिरदर्द ज्वर पीडा कुक्षिशूल प्रलाप	प्रजापति देवता	सप्तधान्य सुवर्ण कृष्णा गौ दुग्ध खंड	१००० हजार	ॐ ब्रह्मयज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद्विसीमतः सुरुचोवेन आवः सबुध्न्या उपमा अस्यविष्ठाः सतश्च योनिमसतश्च विवः ॥४॥	चन्दन गन्ध पुष्प असगन्ध धूप मोदक घृत खीर नैवेद्य ।
मृगशिर ५	दि ०६	दि ०५	दि ०७	दि १०	अर्धं शरीर पीडा महाघोर कष्ट	सोम देवता	दधि तंदुल गोवत्स दान ब्राह्मण भोजन	१०००० हजार	ॐ सोमो धेनुं सोमो अर्वन्तमाशुं सोमो वीरं कर्मण्यन्ददाति सादन्यं विदथ्यं सभेयम्पितृ श्रवणं यो ददाशदस्मै नमः ॥५॥	चन्दन गन्ध सौरभ पुष्प गुग्गुल धूप पायस नैवेद्य मधु घृत दुग्ध दध्योदन ।
आर्द्रा ६	दि ००	दि १८	दि ००	दि ००	ज्वर सर्वांङ्ग पीडा निद्रानाश त्रिदोष	रुद्र देवता	कृष्ण वस्त्र दान कृष्ण वस्त्रादि	१०००० हजार	ॐ नमस्ते रुद्रमन्यव उतोत इषवे नमः बाहुभ्यामुत ते नमः ॥६॥ ॐ रुद्राय नमः ।	हरिद्रा कुंकुम गन्ध सवल्लिकापुष्प अष्टगन्ध तिलपिष्ट धूप नैवेद्य घृत मोदक नैवेद्य ।
पुनर्वसु ७	दि ०७	दि १४	दि ०२	दि २१	अर्धं शरीर पीडा शिरपीडा ज्वर	अदिति देवता	सुवर्ण कमलदान ५ कन्या भोजन वस्त्र	१०००० हजार	ॐ अदितिर्द्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः । विश्वेदेवा अदितिः पंचजना अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम् ॥७॥	कुंकुम गन्ध वारिज पुष्प गुग्गुल धूप घृत पायस नैवेद्य मोदक गुड घृत ।
पुष्य ८	दि ०७	दि ०७	दि १०	दि २१	ज्वर पीडा शूल अति कठिनरोग	बृहस्पति देवता	पीत वस्त्र सुवर्ण गोदान पक्वान्न दान	१०००० हजार	ॐ बृहस्पते अतियदर्यो अर्हाद्द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम् ॥ ॐ गुरवे नमः ॥८॥	कुंकुम अगर गंध अगस्त पुष्प घृत गुग्गुल धूपसार नैवेद्य दध्योदन ।
आश्लेषा ९	दि ००	दि ००	दि ४१	दि ००	सर्वं गात्र पीडा पाद पीडा	सर्प देवता	कुलमातृ योगिनी पूजा गौ शय्यादान	१०००० हजार	ॐ नमोऽस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु । ये अन्तरिक्षे ये दिवि तेभ्यः सर्पेभ्यो नमः ॥९॥ ॐ सर्पेभ्यो नमः ॥	चन्दन गंध चम्पक पुष्प गुग्गुल धूप पुष्प मिष्टान्न हवि नैवेद्य तिल घृत दुग्ध ।
मघा १०	दि १५	दि ०७	दि १७	दि २०	अर्धं गात्र पीडा शीतज्वर रोगभय	पितर देवता	तिल तंदुल माष वस्त्र दान	१०००० हजार	ॐ पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः पितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः प्रपितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः । अक्षन्पितरोऽमीमदन्त पितरोऽतीतृपन्त पितरः शुन्धध्वम् ॥१०॥	चन्दन गंध चम्पक पुष्प गुग्गुल धूप पुष्प मिष्टान्न हवि नैवेद्य तिल घृत दुग्ध ।
पूर्वा फाल्गुनी ११	दि ००	दि १५	दि ००	दि २०	सर्वगात्र पीडा ज्वर अर्धशिर रोग	भग देवता	पित्तल पात्र यव माष गौ स्वर्ण दान	१०००० हजार	ॐ भगप्रणेतर्भगसत्यराधो भगेमां धियमुदवा ददन्नः भगप्रजनाय गोभिरश्वैर्भगप्रनृभिर्नृवन्तः स्याम ॥११॥ भगाय नमः ॥	चन्दन गन्ध चम्पक पुष्प गुग्गुल धूप धूप शर्करा मोदक पूपादान घृत-पायस नैवेद्य ।
उत्तरा फा० १२	दि ०७	दि १४	दि ०७	दि ५०	शिर रोग महाज्वर कुक्षि शूल रोग	अर्यमा देवता	सुवर्ण रजत अन्न गौ वस्त्र दान	२००० हजार	ॐ दैव्यावध्वर्यू आगतं रथेन सूर्यत्वचा । मध्वा यज्ञं समञ्जाथे प्रत्नया यं वेनश्चित्रं देवानाम् ॥१२॥ अर्यम्णे नमः ॥	कपूर कुंकुम गन्ध अर्कपुष्प धूप गुग्गुल धूप घृत पायस नैवेद्य घृताक्त होम ।
हस्त १३	दि १५	दि १७	दि १५	दि ००	सर्वांङ्ग पीडा उदर शूल प्रस्वेद अकरा	सविता देवता	गोदान छाया पात्र रक्तवस्त्र सुवर्ण	१००० हजार	ॐ विभ्राड् बृहत्पिबतु सोम्यं मध्वायुर्दधद्यज्ञपतावविह्रुतम् वातजूतो यो अभिरक्षति त्मना प्रजाः पुपोष पुरुधा विराजति ॥१३॥	कुंकुम रक्तचन्दन गन्ध कमल पुष्प सुगंध गुग्गुल धूप घृत पायस नैवेद्य ।
चित्रा १४	दि ११	दि ०९	दि ०९	दि १६	विविध रोग भय महादारिद्र्य कष्ट	त्वष्टा देवता	विचित्र वृषभ गुड तिल छाया पात्र	५००० हजार	ॐ त्वष्टा तुरीपो अद्भुत इन्द्राग्नी पुष्टिवर्द्धना । द्विपदा छन्द इन्द्रियमुक्षा गौर्न वयो दधुः ॥१४॥ त्वष्ट्रे नमः ॥	कुंकुम अगरगन्ध विचित्र पुष्प गुग्गुल धूप मोदक घृत विचित्रान्न हवि नैवेद्य ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नक्षत्र	च १	च २	च ३	च ४	कष्टलक्षणानि	देवता	दानद्रव्याणि	जप-संख्या	जपार्थं नक्षत्र मन्त्राणि	बलिदानद्रव्याणि
स्वाति १५	दि ६०	दि १७	दि ३०	दि ००	अनेक तरह के रोग पैदा होवें	वायु देवता	रक्तगो स्वर्णपक्वान्न दान	५००० हजार	ॐवायोऽन्नरयि वृद्धः सुमेधः श्वेतः सिषक्तिनि युताभिश्री ॐतेवायवेसमनसा विस्थुरविश्वनरः स्वपन्या निचकः ।।१५।।	चन्दनगन्ध कमल पुष्प अगर गुग्गल धूप पायस शर्करा घृत नैवेद्य ।
विशाखा १६	दि १५	दि ००	दि ०४	दि १३	कुक्षिशूल रोग सर्व गात्र पीड़ा	इन्द्राग्नि देवता	रक्तपित्त वस्त्र कृष्ण वृषभ दान	२००० हजार	ॐइन्द्राग्नि आगतं सुतङ्गीर्भिर्नभोवरेण्यं । अस्य पादन्धियविता ।।१६।।	श्रीखण्ड चंदन गंध कमलपुष्प देव- दारु धूप घृत पायस नैवेद्य ।
अनुराधा १७	दि ६०	दि १२	दि ३६	दि ३८	तीव्र ज्वर महारोग शिर पीड़ा	मित्र देवता	अन्न सुवर्ण गोदान छायापात्र	१००० हजार	ओं नमो मित्रस्य वरुणस्य चक्षसे महोदेवाय तदृतं सपर्यत दूरेदृशे तादेवजाताय केतवे दिवस्पुत्राय सूर्याय शंसत ।।१७।।	कुंकुम गन्ध कमल पुष्प चंदनधूप पायस घृत पुष्प मोदक नैवेद्य ।
ज्येष्ठा १८	दि ५६	दि ०९	दि ०६	दि ०४	पित्तरोग शरीर कांपना व्याकुलता	इन्द्र देवता	सुवर्ण नीलवस्त्र छायापात्र दान	५००० हजार	ॐ त्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्रं हवेहवे सुहवं शूरमिन्द्रम् । ह्वयामि शक्रम्पुरुहूतमिन्द्रं स्वस्तिनो मघवा धात्विन्द्रः ।।१८।।	चदन गन्ध सुगन्ध पुष्प कपूर धूप विचित्रान्न नैवेद्य ।
मूला १९	दि ००	दि ०६	दि १५	दि ०६	ज्वर शूल सन्निपात महा कठिन रोग	निर्ऋति देवता	सप्तधान्य सुवर्णकृष्ण गोछायापात्र दान	५००० हजार	ॐ मातेव पुत्रं पृथिवी पुरीष्यमग्निं स्वेयोनावभारुखा । विश्वैर्देवैर्ऋतुभिः संविदानः प्रजापतिर्विश्वकर्मा विमुञ्चतु १९	कृष्ण अगर गंध नीलपद्म पुष्पकृष्ण अगरधूप मिष्टान्नहवि माष नैवेद्य
पूर्वाषाढ़ा २०	दि ००	दि १५	दि २१	दि १०	शरीरपीड़ कंपरोग शिररोग महाकष्ट	आप देवता	श्वेतवस्त्र तंडुलस्वर्ण जलकुम्भ १०००	२००० हजार	ॐ अपाघमप किल्बिषमपकृत्यामपोरपः, अपामार्गत्वमस्म- दपटुः दुश्वप्न्यं सुव; ।।२०।।	चन्दन गन्ध पद्म गुग्गल धूप दुग्ध पायस नैवेद्य ।
उ० षाढ़ा २१	दि ३०	दि २४	दि २६	दि १६	कटि पीड़ा प्रलापउर शूल रोग युक्त	विश्वेदेवा देवता	ब्राह्मण भोजन अन्न सुवर्ण दान	१००० हजार	ॐ विश्वे अद्यमरुतो विश्व ऊती विश्वे भवन्त्वग्नयः समिद्धाः विश्वे नोदेवा अवसागमन्तु विश्वमस्तु द्रविणवाजो अस्मे २१	चन्दन गंध मालती पुष्प गुग्गल पायस नैवेद्य ।
श्रवण २२	दि ६०	दि २४	दि ०६	दि ०६	वात पित्त कफ रोग अतिसारसर्वगात्रपीड़ा	गोविन्द देवता	सुवर्णगोदान ब्राह्मण भोजन छायापात्र	१०००० हजार	ॐ विष्णोरराटमसि विष्णोश्नप्त्रेस्थो विष्णोस्यूरसि विष्णो ध्रुवोसि वैष्णवमसि विष्णवेत्वा ।।२२।। ॐ विष्णवे नमः ।	चन्दन गंध मालतीपुष्पकपूर गुग्गल धूप ओदन पायस [illegible] नैवेद्य ।
धनिष्ठा २३	दि १५	दि ०२	दि २०	दि २१	मत्रकृच्छ्र कफ ज्वर रक्त अतिसार	वसू देवता	छत्री जूतों स्वर्ण गौ छायापात्र दान	१००० हजार	ॐ वसोः पवित्रमसि शतधारंवसोःपवित्रमसि सहस्रधारम् देवस्त्वासविता पुनातुवसोः पवित्रेण शतधारेण सुप्वा कामधुक्ष	अगर गंध कमलपु[illegible] अगर धूप घृत पायस नैवेद्य ।
शतभिषा २४	दि ००	दि ४५	दि ०३	दि २२	वायु रोग से भय [illegible] ज्वर पीड़ा	वरुण देवता	तिल सुवर्ण घृत तेल अजा गोदान	१०००० हजार	ॐ वरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्य स्कम्भसर्जनीस्थो वरुणस्य ऋतसदन्यसि वरुणस्य ऋतसदनमसि वरुणस्य ऋतसदनमासीद	कुंकुम अगर गंध कमलपुष्प अगर धूप घृत नैवेद्य ।
पूर्वाभाद्र पदा २५	दि ००	दि १२	दि २१	दि १६	सर्वगात्र पीड़ासर्दी चिन्ता व्याकुलता	अजकपाद देवता	सुवर्ण रजतश्वेतवस्त्र घृत दूध	५००० हजार	ॐउतनाऽहिर्बुध्न्यः शृणोत्वजएकपात्पृथिवी समुद्रः । विश्वे देवा ऋतावृधो हुवानां स्तुतामंत्रा कविशस्ता अवन्तु ।।२५।।	कुंकुम चंदन गंध श्वेतार्कपुष्प सर्वो- षधमिश्र धूप दधि पायस नैवेद्य ।
उ० भाद्र पदा २६	दि १०	दि २०	दि ०६	दि १५	कामलारोग अतिसार ज्वर वायु शूल भ्रम	अहिर्बुध्न्य देवता	रजत कृष्णवस्त्र तिल सुवर्ण दान	१००० हजार	ॐ शिवोनामासिस्वधितिस्ते पितानमस्तेऽस्तु मामा हीसिंव तयाम्य।वपेऽन्नाद्याय प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय [सुवीर्याय ।।२६।।	कपूर चन्दन गन्ध पद्मपुष्प बिल्व गुग्गल धूप दधि पायस नैवेद्य ।
रेवती २७	दि १८	दि १०	दि ६	दि २०	वातपित्त ज्वर भ्रम ऊरुशूल पीड़ा	पूषा देवता	पित्तलपात्र रक्तवृषभ वस्त्र छायापात्र दान	१०००० हजार	ॐ पूषं तवव्रते वयन्नरिष्येम कदाचन । स्तोतारस्त इहस्मसि ।।२७।।	रक्त चन्दन गन्ध सम्पर्क पुष्प घृत गुग्गल पायस नैवेद्य ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सूर्यादि ग्रहों के लिए दान

													संख्या	मन्त्र	अवस्था
सूर्य	कनक	मानि	धन	गुड़	सुवर्ण	ताम्र	कमल	रक्तवस्त्र	रक्तचन्दन	चामर	दक्षिणा	जप	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	वर्ष २२
चन्द्र	मोती	चांदी	सिता	शंख	वंशपात्र	चावल	कपूर	श्वेतवस्त्र	श्वेत चन्दन	श्वेतवस्त्र	दक्षिणा	जप	११०००	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः	वर्ष २४
भौम:	मूंगा	कनक	गुड़	सुवर्ण	ताम्र	रक्तवस्त्र	रक्तचन्दन	रक्तवृषभ	मसूर	रक्तपुष्प	दक्षिणा	जप	१००००	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	वर्ष २८
बुध:	हरितवस्त्र	मूंगी	कांस्य	घृत	मिश्री	गजदन्त	सवर्ण	पन्ना	पुष्प	कपूर	दक्षिणा	जप	८०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	वर्ष २२
गुरुः	हरिद्रा	घोड़ा	खाण्ड	सुवर्ण	सिता	पुष्पराग	पीतवस्त्र	लवण	पीतपुष्प	मोदक	दक्षिणा	जप	१९०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	वर्ष १६
शुक्र	श्वेतवस्त्र	श्वेतवस्त्र	घृत	श्वेतचन्दन	हीरा	चांदी	चावल	खाण्ड	दुग्ध	श्वेतपुष्प	दक्षिणा	जप	११०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	वर्ष २५
शनि:	तिल	तैल.	माष	नीलम	कृष्णपुष्प	कृष्णवस्त्र	कृष्ण गौ	महिषी	लोहा	सुरंग	दक्षिणा	जप	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	वर्ष ३६
राहु	गुलमेद	घोड़ा	खड्ग	नीलम	कम्बल	सुवर्ण	तिल	तेल	नरेल	सप्तधान्य	दक्षिणा	जप	१८०००	ॐ छ्रां छ्रीं छ्रौं सः राहवे नमः	वर्ष ४२
केतु	कस्तूरी	कम्बल	खण्ड	बकरा	तिल	सवर्ण	खण्ड	सप्तधान्य	खोवा	कृष्णवस्त्र	दक्षिणा	जप	७०००	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	वर्ष ४२

सूर्यादि ग्रह पीडासु स्नानार्थमौषधानि —(यया सिद्धौषधैः रोगान्नदत युमंन्त्रतो भयम् । तथा स्नान विधानेनग्रह दोषं प्रणश्यति ॥)

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मन शिला	पञ्चगव्य	बिल्व छाल	गोबर	मालती	इलायची	कालेतिल	लोबान	लोबान
इलायची	गजमद	रक्तचन्दन	अक्षत	पुष्प	मनशिला	सुरमा	तिलपत्र	तिलपत्र
देवदारु	शंख	धमनी	फल	श्वेतसरसों	सुवृक्षमुल	लोबान	मुत्थरा	मुत्थरा
केशर	सिपी	रक्त पुष्प	गोरोचन	मुलट्ठी	केशर	धमनी	गजदन्त	गजदन्त
खस	श्वेतचन्दन	सिगरफ	मधु	मधु		सौंफ	कुस्तूरी	छागमूत्र
मुलट्ठी	स्फटिक	मालकंगनी	मोती	मालती		मुत्थरा		
रक्त पुष्प		मौलसरी	सुवर्ण			खिला		
रक्त कनेर								

ग्रहपीड़ा निवृत्ति के लिये यन्त्र

सूर्ययन्त्रम			चन्द्रयन्त्रम			भौमयन्त्रम			बुधयन्त्रम			गुरुयन्त्रम			शुक्रयन्त्रम			शनियन्त्रम			राहुयन्त्रम			केतुयन्त्रम		
६	१	८	७	२	९	८	३	१०	९	४	११	१०	५	१२	११	६	१३	१२	७	१४	१३	८	१५	१४	९	१६
७	५	३	८	६	४	९	७	५	१०	८	६	११	९	७	१२	१०	८	१३	११	९	१४	१२	१०	१५	१३	११
२	९	४	३	१०	५	४	११	६	२	१२	७	६	१३	८	७	१४	९	८	१५	१०	९	१६	११	१०	१७	१२

नवग्रह मुद्रा

बुध-पन्ना	शुक-हीरा	चन्द्र मोती
गुरु-पुखराज	सूर्य-मणि	मं०-मूंगा
केतु-लसन	शनि-नीलम	रा०-गुल्मे

अदरक के लाभ :—अदरक को नमक लगा कर खाने से हाजिमा को तेज करता है । जबान और गले को साफ करता है । कब्ज को दूर करके भूख को बढ़ाता है । अदरक के रस में मधु मिलाकर प्रयोग करने से खांसी दमा और जिगर के रोगों को दूर करता है । अदरक घी में भून कर कुछ नमक मिलाकर खाने से अफारा दूर होता है । अदरक का रस निंबु के रस में नमक डाल कर पीने से बदहजमी दूरहोती है । चाए कीतरह जल में पका कर दूध मिलाकर पीने से सर्दी, खांसी,जुकाम को नाश होताहै ।

रोग त्रिनाड़ी चक्र

आर्द्रा	पू. फा.	उ. फा.	अनु.	ज्ये.	धनि.	शत	भर.	कृ.	प्रथम
पुन	मघा	हस्त	विशा.	मूल	श्रवण	पू. भा	अश्वि	रो	द्वितीय
पुष्य	आश्ले	चित्रा	स्वा	पू. षा	उ. षा	उ. भा	रेव.	मृ.	अन्त

सूर्य नक्षत्र, दिन नक्षत्र, जन्म नक्षत्र अथवा नाम नक्षत्र रोग त्रिनाड़ी चक्र में जब एक ही नाड़ी पर हो तो असाध्य होता है रोगी का मरण होता है । यह रोग त्रिनाड़ी चक्र यात्रा तथा रण के समय भी वर्जित है ।

मंगलवार १।६।११ तिथि कृतिका, नक्षत्र बुधवार २।७।१६ तिथि अश्लेषा नक्षत्र, गुरुवार ३।८ १३ तिथि मघा हस्त नक्षत्र, शुक्रवार ४।६।१४ तिथि आर्द्रा धनिष्टा नक्षत्र, शनिवार ५।१०।१५तिथि भरणी नक्षत्र इन तिथि वार और नक्षत्रों के योग में रोग का आरम्भ हो तो मृत्यु व मृत्यु तुल्य कष्ट जानें :

कालस्य मुखदंष्ट्राज्ञानम्.

रोग के दिन नक्षत्र से नाम का नक्षत्र ५।१३।२३ संख्या पर हो तो काल मुख होता है, और १०।१८ नक्षत्र काल की दंष्ट्र (दाढ़) होती है, मुख या दाढ़ में जिस दिन नक्षत्र प्राप्त हो उस दिन अत्यन्त रोगग्रसित पुरुष की मृत्यु तुल्य कष्टजाने ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

श्री भैरव भविष्यज्ञान प्रश्नावली

श्री भैरव भविष्यज्ञान प्रश्नावली को सिद्ध यंत्र ३२ (बत्तीसा) के आधार पर तैयार किया गया है। निम्नांकित किसी भी इच्छित प्रश्न का उत्तर प्राप्त करने के लिए इसे प्रयोग में लाया जा सकता है। इस प्रश्नावली में मुख्य-मुख्य बत्तीस प्रश्न दिये गये हैं। कोई भी पाठक साधारण (धन अथवा ऋण) गणित द्वारा अपने प्रश्न का उत्तर पा सकता है। व्यर्थ में किंवा सत्यता की परख करने में प्रश्नावली का उत्तर सही नहीं आयेगा। तीन प्रश्न (एक बार में) से अधिक प्रश्नों के उत्तर भी संदेह पूर्ण होंगे, अत: उपर्युक्त बातों का ध्यान रखना आवश्यक ही नहीं परमावश्यक है।

प्रश्नावली में उत्तर जानने की विधि यह है कि दिये बत्तीसा यंत्र के किसी भी कोष्ठक में प्रच्छक (प्रश्न पूछने वाला) अपने दाहिने (दक्षिण) हाथ की मध्यमा अंगुली रखने से पूर्व "ॐ नमो भैरवाय" मन्त्र की तीन बार जप लें। आगे प्रश्न क्रम संख्या दोनों का योग कर ले तथा इस योग में से १ घटा दें, शेष जो संख्या बचे उसे संख्या वाले प्रश्न के सामने देवता का नाम देख लें। जिस देवता का नाम लिखा है उसके नीचे यन्त्र कोष्ठक संख्या के आगे उत्तर देख लें-

मान लो कोई प्रश्न पूछना चाहता है कि मेरा विवाह होगा या नहीं तो यह प्रश्न संख्या हुई १२ (बारह), यन्त्र के कोष्ठक की संख्या है १५ (पन्द्रह), दोनों का योग आया २७ (सत्ताईस)। इस में से १ (एक) घटाया तो शेष रहे २६ (छब्बीस) २६वीं संख्या का देवता है केतु, अत: केतु के नीचे १५वीं संख्या का उत्तर आया अर्थात् विवाह उपाय से होगा।

जब प्रश्न संख्या और यंत्र संख्या कोष्ठक संख्या का योग एक घटाने से भी ३२ से अधिक आये तो इसमें से ३२ घटा कर तब उपर्युक्त विधि से उत्तर देखना चाहिये जैसे प्रच्छक का प्रश्न है मुझे पत्नी कैसे स्वभाव की मिलेगी। प्रश्न संख्या है २९ यन्त्र के कोष्ठक (जिसमें अंगुली रखी है) की संख्या है १५ इन को योग किया तो आया ४४ इसमें १ ऋण किया शेष रहा ४३ वह बत्तीस की संख्या से अधिक है अत: इसमें से ३२ की संख्या घटाई शेष रहे ११ अब पूर्व विधि से ११ की संख्या का देवता देखा तो ज्ञात हुआ "इन्द्र" और देवता इन्द्र के नीचे १० वीं संख्या का उत्तर मिला "पत्नी मधुर स्वभाव की मिलेगी" इसी प्रकार सभी प्रश्नों के उत्तर ज्ञात करलें।

३२ बत्तीसा यंत्र

८	१५	२	७
६	३	१२	११
१४	९	८	१
४	५	१०	१३

प्र. सं.	प्रश्न	अधिपति देवता
१.	मुझे सन्तान सुख मिलेगा या नहीं?	श्री भैरव
२.	मेरी मुकदमें में हार होगी अथवा जीत?	शिव
३.	मेरा भाग्योदय कब होगा?	कृष्ण
४.	मुझे नौकरी मिलेगी या नहीं?	राम
५.	मुझे उन्नति के अवसर मिलेंगे या नहीं?	सीता
६.	खेती से मुझे लाभ मिलेगा या हानि?	राधा
७.	मैं अपना मकान बना सकूंगा या नहीं?	लक्ष्मी
८.	क्या मुझे परीक्षा में सफलता मिलेगी?	विष्णु
९.	मेरे लिए विद्या प्राप्ति के योग हैं अथवा नहीं?	नारायण
१०.	मैं इस जीवन में सफलता पा सकूंगा या नहीं?	दामोदर
११.	क्या मुझे भूमिगत धन की प्राप्ति सम्भव है?	इन्द्र
१२.	मेरा विवाह होगा अथवा नहीं?	गणेश
१३.	अमुक रोगी रोग मुक्त होगा या नहीं?	अग्नि
१४.	मेरे स्वप्न का फल कैसा?	वायु
१५.	क्या मेरा स्थानान्तरण हो जायेगा?	वरुण
१६.	मुझे व्यापार में लाभ मिलेगा अथवा हानि?	यम
१७.	क्या मेरी चिन्ता दूर हो जायेगी?	कुबेर
१८.	मित्र के साथ मित्रता कैसी रहेगी?	सूर्य
१९.	मुझे कर्ज मिलेगा या नहीं?	चन्द्र
२०.	मेरी खोई हुई वस्तु मिलेगी अथवा नहीं?	मंगल
२१.	प्रवासी (परदेश गया हुआ) कब लौटेगा?	बुध
२२.	क्या मुझे यात्रा से लाभ मिलेगा?	बृहस्पति
२३.	मेरे भाईयों से कैसे निभेगी?	शुक्र
२४.	क्या मैं कुंआ बनवा सकूंगा?	शनि
२५.	मेरे लिए यह वर्ष कैसा है?	राहु
२६.	मेरा आज का दिन कैसा बीतेगा?	केतु
२७.	अमुक स्त्री को पुत्रोत्पन्न होगा या पुत्री?	मित्र
२८.	क्या मेरी इच्छा पूर्ण होगी?	पृथ्वी
२९.	मुझे पत्नी कैसे स्वभाव की मिलेगी?	काल
३०.	क्या मेरा सम्बन्धी धोखा देगा?	शेष
३१.	प्रेमिका/प्रेमी का प्रेम शुद्ध है या नहीं?	यक्ष
३२.	मैं तीर्थ यात्रा करूंगा अथवा नहीं?	तक्षक

(१) श्री भैरव

१. सन्तान सुख मिलेगा।
२. तीर्थ यात्रा में विघ्न पड़ेगा।
३. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम शुद्ध है।
४. सम्बन्धी धोखा दे सकता है होशियार!
५. पत्नी उग्र स्वभाव की मिलेगी।
६. इच्छा पूरी होने में अभी देर है।
७. पुत्रोत्पत्ति का हर्ष होगा।
८. यह दिन शुभ नहीं है।
९. वर्तमान वर्ष मध्यम रहेगा।
१०. कुआं बनना अभी सम्भव नहीं है।
११. भाईयों से प्रेम बना रहेगा।
१२. यात्रा में हानि होने की आशंका अधिक है।
१३. प्रवासी शीघ्र लौटेगा।
१४. खोई वस्तु शीघ्र मिल जायेगी।
१५. कर्ज मिलने में कठिनाई झेलनी पड़ेगी।

(२) शिव

१. मुकदमे में जीत होगी।
२. सन्तान सुख गृह देवता की पूजा से मिलेगा।
३. तीर्थ यात्रा की इच्छा पूर्ण हो जायेगी।
४. प्रेमी/प्रेमिका प्रेम नहीं करता/करती।
५. सम्बन्धी धोखा देगा, सावधान!
६. पत्नी सरल स्वभाव की मिलेगी।
७. अभी इच्छा पूरी नहीं होगी।
८. कन्या सन्तान उत्पन्न होगी।
९. आज का दिन शुभ रहेगा।
१०. यह साल उत्तम नहीं है।
११. कुआं बनवाने की इच्छा पूर्ण होगी।
१२. भाईयें में अनबन रहेगी।
१३. यात्रा लाभकारी रहेगी।
१४. प्रवासी निकट भविष्य में लौटने का इच्छुक नहीं है।
१५. नष्ट वस्तु (खोई) नहीं मिलेगी।

(३) कृष्ण

१. आप का भाग्योदय शीघ्र होगा।
२. आप मुकदमे में जीतें इसमें संदेह है।
३. सन्तान सुख मिलेगा किन्तु उपाय से।
४. तीर्थ यात्रा की इच्छा पूरी नहीं होगी।
५. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम गुप्त है।
६. सम्बन्धी धोखा नहीं देगा।
७. पत्नी उत्तम स्वभाव की मिलेगी।
८. निकट भविष्य में इच्छा पूर्ण नहीं होगी।
९. कन्या सन्तान जन्म लेगी।
१०. आज का दिन मानसिक परेशानी वाला रहेगा।
११. वर्ष अत्याधिक लाभप्रद रहेगा।
१२. कुआं नहीं बनवा सकोगे।
१३. भाईयों से तकरार होने का भय है।
१४. यात्रा से लाभ मिलना कठिन है।
१५. चिन्ता न करें, प्रवासी कुछ दिनों में लौट आयेगा।

(४) राम

१. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
२. भाग्योदय होने में अभी देरी है।
३. आप मुकद्दमा हार जायेंगे।
४. सन्तान प्राप्ति की इच्छा पूरी हो जायेगी।
५. तीर्थ यात्रा होने में संदेह है।
६. प्रेमी/प्रेमिका प्रेम करता/करती है।
७. सम्बन्धी धोखा दे सकता है सावधान रहें।
८. पत्नी के स्वभाव से मेल खा जायेगा।
९. इच्छा अवश्य पूरी होगी।
१०. पुत्र सन्तान का जन्म होगा।
११. यह दिन शुभ ही बीतेगा।
१२. यह वर्ष कष्टमय बीतेगा।
१३. कुआं बनवाने की इच्छा पूरी हो जायेगी।
१४. भाईयों से अनबन रहेगी;
१५. यात्रा करना लाभप्रद रहेगा।

(५) सीता

१. उन्नति (प्रमोशन) मिलने का समय आ गया है।
२. नौकरी मिल जायेगी किन्तु अत्याधिक प्रयत्न से।
३. भाग्योदय होने में अभी देरी है।
४. चिन्ता न करें मुकद्दमा जीत जाओगे।
५. सन्तान सुख के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ करायें।
६. तीर्थ यात्रा पर अवश्य जाओगे।
७. प्रेमी/प्रेमिका का दिखावटी प्रेम है।
८. सम्बन्धी गुप्त चाल चलेगा सावधानी से रहें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

९. पत्नी उत्तम स्वभाव वाली मिलेगी।
१०. इच्छा पूरी हो इसमें संदेह है।
११. कन्या सन्तान जन्म लेगी।
१२. आज का दिन विशेष शुभ नहीं है।
१३. यह वर्ष आप के लिए चुनौतियों से भरा होगा।
१४. कुआं बनवाने की इच्छा पूरी होने में देरी है।
१५. भाईयों से मेल मिलाप रहेगा।

(६) राधा

१. खेती से लाभ मिलेगा।
२. उन्नति में अभी देरी है धैर्य रखें।
३. नौकरी नहीं मिलेगी।
४. भाग्योदय शीघ्र होगा।
५. मुकद्दमा जीत लो ऐसी सम्भावना कम ही है।
६. सन्तान सुख अभी देर में मिलेगा।
७. तीर्थ यात्रा पर आना सम्भव नहीं हो सकेगा।
८. प्रेमी/प्रेमिका मात्र प्रेम का दिखावा करता/करती है।
९. सम्बन्धी धोखा नहीं देगा।
१०. पत्नी का स्वभाव अच्छा नहीं होगा।
११. इच्छा पूरी होने में संदेह है।
१२. पुत्र सन्तान जन्म लेगी।
१३. यह दिन उत्तम प्रकार से व्यतीत होगा।
१४ यह वर्ष श्रेष्ठतम रहेगा।
१५. कुआं बन जायेगा।

(७) लक्ष्मी

१. मकान की इच्छा पूरी हो जायेगी।
२. खेती से लाभ कम मिलेगा।
३. प्रमोशन हो जाये ऐसा सम्भव नहीं दिखता।
४. नौकरी अधिक प्रयत्न करने पर मिलेगी।
५. निकट भविष्य में ही भाग्योदय होने वाला है।
६. मुकद्दमे में जीतना कठिन है।
७. सन्तान सुख मिल जायेगा।
८. तीर्थ यात्रा पर जाने में विघ्न बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।
९. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम शुद्ध नहीं है।
१०. सम्बन्धी धोखा देने से नहीं चूकेगा।
११. पत्नी चिड़चिड़े स्वभाव की मिलेगी।
१२. इच्छा पूरी हो जायेगी।
१३. कन्या रत्न उत्पन्न होने की सम्भावना प्रबल है।
१४. आज का दिन अच्छा नहीं है।
१५. यह वर्ष मध्यम फलप्रद रहेगा।

(८) विष्णु

१. परीक्षा में सफलता मिलेगी।
२. मकान निकट भविष्य में नहीं बना पाओगे।
३. खेती मत करो लाभ की आशा कम है।
४. प्रमोशन शीघ्र ही मिलने वाला है।
५. नौकरी मिलने में अभी देरी है।
६. भाग्योदय होगा किन्तु थोड़ा समय धैर्य रखें।
७. मुकद्दमे में जीत जाओगे।
८. सन्तान सुख के लिए सन्तान गोपाल का अनुष्ठान करें।
९. तीर्थ यात्रा सकुशल होगी।
१०. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम छल है।
११. सम्बन्धी धोखा दे ऐसा नहीं दिख रहा।
१२. पत्नी का स्वभाव अच्छा होगा।
१३. इच्छा पूरी होने में संदेह है।
१४. पुत्र सन्तान जन्म ले ऐसे योग हैं।
१५. यह दिन शुभ रहेगा।

(९) नारायण

१. विद्या प्राप्त कर लोगे, विश्वास करो।
२. परीक्षा में पास हो जाओ इसमें सन्देह है।
३. मकान नहीं बन सकेगा।
४. खेती करने से लाभ मिलेगा।
५. प्रमोशन अभी मिलना सम्भव नहीं है।
६. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
७. भाग्योदय शीघ्र ही होने वाला है।
८. मुकद्दमा जीतने में संदेह है।
९. सन्तान सुख अभी देरी से मिलेगा धैर्य रखें।
१०. तीर्थ यात्रा पर आने का अवसर नहीं मिलेगा।
११. प्रेम का चक्कर हानिकारक है। सावधान रहें!
१२. सम्बन्धी धोखा अवश्य देगा सावधान!
१३. पत्नी अच्छे स्वभाव की नहीं मिलेगी।
१४. इच्छा पूरी होने में संदेह है।
१५. कन्या सन्तान का जन्म होगा।

(१०) दामोदर

१. जीवन सुख पूर्वक व्यतीत होगा।
२. अल्प विद्या प्राप्ति के योग हैं।
३. परीक्षा में असफलता हाथ लगेगी।
४ मकान बनाने की इच्छा पूरी नहीं होगी।
५. खेती से अल्प लाभ की आशा रखें।
६. प्रमोशन के योग बन रहे हैं।
७. नौकरी मिलने में अभी देरी है।
८. भाग्योदय निकट भविष्य में हो जायेगा।
९. मुकद्दमे में जीत निश्चित है।
१०. सन्तान सुख थोड़ा देरी से मिलेगा।
११. तीर्थ यात्रा पर जाने की इच्छा पूरी नहीं होगी।
१२. प्रेमी/प्रेमिका मन से प्रेम करता/करती है।
१३. सम्बन्धी धोखा नहीं देगा।
१४. पत्नी मधुर स्वभाव की मिलेगी।
१५. इच्छा पूर्ण हो जायेगी।

(११) इन्द्र

१. भूमिगत धन की प्राप्ति हो जायेगी।
२. जीवन में सफलता प्राप्त कर लो ऐसे योग हैं।
३. विद्या पूर्णतया प्राप्त कर लो इसमें संदेह है।
४. परीक्षा उत्तीर्ण कर लोगे।
५. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
६. खेती से लाभ नहीं होगा।
७. प्रमोशन हो इसमें संदेह है।
८. नौकरी अभी नहीं मिलेगी।
९. भाग्योदय शीघ्र हो जायेगा।
१०. मुकद्दमे में जीत जाने का अवसर क्षीण है।
११. सन्तान सुख मिलेगा। लेकिन उपाय से।
१२. तीर्थ यात्रा पर जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।
१३. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम झूठा है, बच कर रहें।
१४. सम्बन्धी धोखा देने की योजना बना रहा है।
१५. पत्नी अति नम्र और स्नेहशील होगी।

(१२) गणेश

१. विवाह हो जायेगा चिन्ता न करें।
२. भूमिगत धन की प्राप्ति सम्भव नहीं है।
३. जीवन में सफलता मिल जायेगी।
४. विद्या प्राप्त कर लोगे।
५. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के चांस नहीं है।
६. मकान अभी देर से बनेगा।
७. खेती से लाभ मिलेगा।
८. उन्नति (प्रमोशन) अभी नहीं होगी, देर है।
९. नौकरी मिल जायेगी।
१०. भाग्य का सितारा चमकने वाला है।
११. ऐसे आसार हैं कि मुकद्दमा हार जाओगे।
१२. सन्तान सुख मिल जायेगा।
१३. तीर्थ यात्रा को नहीं जा सकोगे।
१४. प्रेमी/प्रेमिका का शुद्ध प्रेम नहीं है।
१५. सम्बन्धी गुप्त रूप से सहायता करेगा।

(१३) अग्नि

१. बीमार अच्छा हो जायेगा।
२. विवाह होने के आसार नहीं हैं।
३. गढ़ा धन मिलेगा, गृह देवता की पूजा करें।
४. जीवन में सफलता मिलेगी।
५. विद्या/प्राप्त कर लोगे।
६. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे।
७. मकान शीघ्र ही बन जायेगा।
८. खेती से लाभ मिलेगा।
९. फिलहाल तरक्की मिलना कठिन है।
१०. नौकरी मिलने के आसार नहीं है।
११. भाग्योदय शीघ्र होगा।
१२. मुकद्दमा जीतना कठिन है।
१३. सन्तान सुख मिल जायेगा।
१४. तीर्थयात्रा करने की इच्छा पूर्ण होगी।
१५. प्रेमी/प्रेमिका का शुद्ध प्रेम है।

(१४) वायु

१. स्वप्न का फल उत्तम फलप्रद है।
२. रोगी के रोगमुक्त होने में अभी देरी है।
३. विवाह सम्बन्ध के लिए उपाय करना।
४. भूमिगत धन मिलने की सम्भावना है।
५. जीवन में सफलता मिलने में संदेह है।
६. विद्या प्राप्त हो जायेगी शिवार्चन करें।
७. परीक्षा में उत्तीर्ण होना कठिन है।
८. मकान बनाने में कठिनाइयां आयेंगी।
९. खेती से लाभ होने की आशा है।
१०. प्रमोशन होने में अभी समय लगेगा।
११. नौकरी निकट भविष्य में नहीं मिलेगी।
१२. भाग्योदय शीघ्र ही होने वाला है।
१३. मुकद्दमे में जीत निश्चित मिलेगी।
१४. सन्तान सुख पाने के लिए सन्तान गोपाल का अनुष्ठान करें।
१५. तीर्थयात्रा नहीं हो सकेगी।

(१५) वरुण

१. तबादला शीघ्र ही हो जायेगा।
२. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।
३. बीमार के ठीक होने के आसार नहीं हैं।
४. विवाह हो जायेगा चिन्ता न करें।
५. गढ़ा धन मिल जायेगा लेकिन उपाय से।
६. जीवन में अधिक सफलता मिले आशा कम है।
७. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए शिवार्चन करें।
९. मकान बन जायेगा।
१०. खेती से विशेष लाभ की आशा रखना निर्मूल है।
११. उन्नति शीघ्र मिल जायेगी।
१२. नौकरी निकट भविष्य में मिल जायेगी।
१३. भाग्योदय अभी नहीं हो रहा देर लगेगी।
१४. मुकद्दमा जीतना कठिन है।
१५. सन्तान सुख भाग्य में नहीं है।

(१६) यम

१. व्यापार में लाभ मिलेगा परन्तु सावधानी आवश्यक है।
२. तबादले के योग बन रहे हैं।
३. स्वप्न का फल अच्छा है।
४. बीमार अच्छा हो जायेगा।
५. विवाह के लिए कुमार मन्त्र का सवा लाख जप करें।
६. गढ़ा धन मिल जायेगा।
७. जीवन में सफलता नहीं मिलेगी।
८. उच्चशिक्षा प्राप्ति के लिए गणपति मन्त्र जपें।
९. परीक्षा में पास हो जाओगे।
१०. मकान बनाने में देर लगेगी।
११. खेती से लाभ हो इसमें संदेह है।
१२. प्रमोशन कठिनाई से मिलेगा।
१३. नौकरी मिलने में संदेह है।
१४. भाग्योदय शीघ्र होने वाला है।
१५. मुकद्दमे में जीत निश्चित है।

(१७) कुबेर

१. चिन्ता अभी देर से मिटेगी।
२. व्यापार में लाभ मिलेगा।
३. स्थानांतरण अभी नहीं होगा।
४. स्वप्न शुभ फलप्रद है।
५. बीमार के अच्छा होने की संभावना कम है।
६. विवाह होने की संभावना नहीं है।
७. गढ़े धन प्राप्ति के लिए आसुरी सिद्धि करें।
८. जीवन में सफलता मिल जायेगी।
९. विद्या से लाभ नहीं मिलेगा।
१०. उत्तीर्ण होने के लिए हनुमत् उपासना करें।
११. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
१२. खेती से लाभ नहीं मिलेगा।
१३. तरक्की मिल जाये ऐसे योग नहीं हैं।
१४. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
१५. भाग्योदय होने के लिए स्वर्णाकर्षण भैरव मन्त्र का जप करें।

(१८) सूर्य

१. मित्र धोखा दे सकता है सावधान रहें।
२. चिन्ता शीघ्र मिट जायेगी।
३. व्यापार से लाभ नहीं रहेगा।
४. तबादला हो जायेगा।
५. स्वप्न का फल उत्तम नहीं है।
६. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
७. विवाह शीघ्र हो जायेगा।
८. गढ़ा धन भाग्य में नहीं है।

CC-0.In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

९. जीवन में सफलता प्राप्त करने की सम्भावना नहीं है।
१०. विद्या प्राप्ति नहीं हो सकेगी।
११. परीक्षा में पास होने में संदेह है, मन लगा कर पढ़ो।
१२. मकान शीघ्र बन जायेगा।
१३. खेती से लाभ मिलेगा।
१४. प्रमोशन के योग प्रयत्न साध्य हैं।
१५. नौकरी देर से मिलेगी।

(१९) चन्द्र

१. कर्जा मिलने में विघ्न-बाधाएं आयेंगी।
२. मित्र कपट करेगा सावधानी अपेक्षित है।
३. चिन्ता मिट जायेगी, ईश्वराधना करें।
४. व्यापार से लाभ रहेगा।
५. तबादला होकर रुक जायेगा।
६. स्वप्न का फल विशेष अच्छा नहीं है।
७. रोगी स्वास्थ्य लाभ कर लेगा।
८. विवाह के लिए विश्वासुमन्त्र का अनुष्ठान करें।
९. गढ़ा धन पितृ पूजन करने से मिलेगा।
१०. जीवन में सफलता नहीं मिलेगी।
११. विद्या प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ेगा।
१२. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे।
१३. मकान बन जाये इसमें सन्देह है।
१४. खेती से अधिक लाभ नहीं मिलेगा।
१५. उन्नति होने के योग क्षीण हैं।

(२०) मंगल

१. खोई वस्तु मिल जायेगी प्रयत्न करें।
२. कर्जा मिल जायेगा।
३. मित्र के साथ निभ जाये ऐसा नहीं लगता।
४. चिन्ता शीघ्र दूर हो जायेगी।
५. व्यापार में हानि होने के योग हैं।
६. ट्रांसफर नहीं हो सकेगा।
७. स्वप्न का फल उत्तम है।
८. बीमार के अच्छे होने की सम्भावना नहीं है।
९. विवाह अभी देर से होगा।
१०. गढ़ा धन मिलने में सन्देह है।
११. जीवन में सफलता कष्ट से मिलेगी।
१२. विद्या प्राप्त कर लोगे।
१३. पास होना कठिन है।
१४. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
१५. खेती से लाभ रहेगा।

(२१) बुध

१. प्रवासी लौट कर आ रहा है।
२. खोई वस्तु मिल जायेगी।
३. कर्जा इस समय नहीं मिलेगा।
४. मित्र के साथ मित्रता बनी रहेगी।
५. चिन्ता अभी दूर नहीं होगी।
६. व्यापार से लाभ रहेगा।
७. तबादला हो जायेगा।
८. स्वप्न का फल मध्यम है।
९. बीमार अच्छा हो जायेगा।
१०. विवाह हो जायेगा।
११. गढ़ा धन मिल जायेगा।
१२. जीवन में सफलता प्राप्त करना असम्भव है।
१३. विद्या प्राप्ति के योग नहीं है।
१४. उत्तीर्ण होने के लिए परिश्रम एवं हनुमतमन्त्र जपें।
१५. मकान नहीं बन सकेगा।

(२२) बृहस्पति

१. यात्रा लाभदायक रहेगी।
२. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा है।
३. खोई वस्तु नहीं मिलेगी।
४. कर्जा विलम्ब से मिलेगा।
५. मित्र के साथ नहीं निभ सकेगी।
६. चिन्ता दूर हो जायेगी।
७. व्यापार में लाभ मिलना कठिन है।
८. तबादला हो जायेगा आश्वस्त रहें।
९. स्वप्न का फल अशुभ है।
१०. बीमार अच्छा नहीं होगा।
११. गढ़ा धन मिलना सम्भव नहीं है।
१२. विवाह होना सम्भव नहीं है।
१३. जीवन में श्रेष्ठ सफलता प्राप्त कर लोगे।
१४. विद्या प्राप्ति के योग नहीं है।
१५. परीक्षा में पास हो जाओगे चिन्ता न करो।

(२३) शुक्र

१. भाईयों से अनबन रहेगी।
२. यात्रा से लाभ कम मिलेगा।
३. परदेशी (बाहर गया हुआ) शीघ्र लौट जायेगा।
४. खोई हुई वस्तु बहुत जल्दी मिल जायेगी।
५. कर्जा नहीं मिलेगा।
६. मित्र के साथ अच्छा मेल-मिलाप रहेगा।
७. चिन्ता अभी नहीं मिटेगी।
८. व्यापार से लाभ मिलेगा।
९. तबादला के योग बन रहे हैं।
१०. स्वप्न का फल शुभ है।
११. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
१२. विवाह के लिए उपाय करें।
१३. भूमिगत धन शीघ्र मिलेगा।
१४. जीवन में सफलता पाना कठिन है।
१५. विद्या प्राप्ति के लिए गायत्री उपासना करें।

(२४) शनि

१. कुआं बनवाने की इच्छा पूरी होगी।
२. भाइयों से बन जाएगी।
३. यात्रा लाभकारी रहेगी।
४. प्रवासी निकट भविष्य में लौटने का विचार नहीं कर रहा।
५. खोई वस्तु प्रयत्न करने पर मिल सकती है।
६. कर्ज मिल जाएगा।
७. मित्र से अनबन होने की सम्भावना है।
८. चिन्ता मिट जाएगी, श्री बटुक भैरवार्चन करें।
९. व्यापार में लाभ मिलने की आशा क्षीण है।
१०. तबादला प्रयत्न करने पर हो सकता है।
११. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।
१२. बीमार का स्वास्थ्य लाभ लेना असम्भव ही है।
१३. विवाह हो जाएगा व्यर्थ चिन्ता न करें।
१४. गढ़ा धन नहीं मिलेगा।
१५. जीवन में अच्छी सफलता मिलेगी।

(२५) राहु

१. यह वर्ष मध्यम रहेगा।
२. कुआं बन जाएगा।
३. भाईयों से नहीं बनेगी।
४. यात्रा से लाभ मिलेगा।
५. परदेशी शीघ्र ही लौट आएगा।
६. नष्ट वस्तु मिल जाएगी।
७. कर्ज मिल जाएगा।
८. मित्र धोखा देगा सावधान।
९. चिन्ता मिट जाएगी।
१०. व्यापार में लाभ होगा।
११. तबादला हो जाएगा।
१२. स्वप्न का फल शुभ है।
१३. बीमार के अच्छा होने में संदेह है।
१४. विवाह हो जाएगा लेकिन उपाय से।
१५. गढ़ा धन इष्ट देव के पूजन से मिलेगा।

(२६) केतु

१. यह दिन शुभ नहीं है।
२. यह वर्ष अच्छा रहेगा।
३. कुंआं नहीं बन सकेगा।
४. भाईयों के साथ प्रेम रहेगा।
५. यात्रा से कोई लाभ नहीं मिलेगा।
६. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा बीमार है।
७. खोई वस्तु मिलने में संदेह है।
८. कर्ज देरी से मिलेगा।
९. मित्र कपटी है अतः उसका त्याग करें।
१०. चिन्ता अभी नहीं मिटेगी।
११. व्यापार से लाभ की सम्भावना नहीं है।
१२. तबादला नहीं होगा।
१३. स्वप्न का फल शुभ नहीं है।
१४. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
१५. विवाह उपाय से होना सम्भव है।

(२७) मित्र

१. पुत्र सन्तान का जन्म होगा।
२. यह दिन शुभ है।
३. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
४. कुंआं बन जाएगा व्यर्थ चिन्ता न करें।
५. भाईयों से बिगाड़ रहेगा।
६. यात्रा से लाभ मध्यम रहेगा।
७. प्रवासी आने के लिए चल चुका है।
८. खोई वस्तु नहीं मिलेगी।
९. कर्ज कठिनाई से मिलेगा।
१०. मित्र के साथ अच्छी पट जायेगी।
११. चिन्ता मिट जाएगी।
१२. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
१३. तबादला हो जाएगा।
१४. स्वप्न का फल उत्तम है।
१५. रोगी के स्वस्थ होने में संदेह है।

(२८) पृथ्वी

१. इच्छा पूरी होने में देरी है।
२. कन्या रत्न की प्राप्ति होगी।
३. यह दिन मध्यम रहेगा।
४. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
५. कुंआं बनने में बाधाएं हैं।
६. भाइयों से मिलाप रहेगा।
७. यात्रा में लाभ मिलेगा।
८. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा है।
९. खोई वस्तु मिलने में संदेह है।
१०. कर्ज नहीं मिलेगा।
११. मित्र के साथ बनने की संभावना नहीं है।
१२. चिन्ता बढ़ सकती है।
१३. व्यापार में लाभ मिलना कठिन है।
१४. तबादले की सम्भावना क्षीण है।
१५. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।

(२९) काल

१. पत्नी सरल स्वभाव की मिलेगी।
२. इच्छा पूरी होगी।
३. पुत्रोत्पत्ति का हर्ष होगा।
४. यह दिन शुभ है।
५. यह वर्ष अधम रहेगा।
६. कुंआं बन जाएगा।
७. भाईयों से अनबन रहेगी।
८. यात्रा में लाभ प्राप्त करना असम्भव है।
९. परदेशी निकट भविष्य में नहीं लौट रहा है।
१०. खोई वस्तु शीघ्र नहीं मिलेगी।
११. कर्ज देर से मिलेगा।
१२. मित्र के साथ नहीं बनेगी।
१३. चिन्ता शीघ्र दूर होगी।
१४. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
१५. तबादला हो जाएगा।

(३०) शेष

१. सम्बन्धी धोखा नहीं देगा।
२. पत्नी उग्र स्वभाव की मिलेगी।
३. इच्छा पूरी होने में देरी है।
४. कन्या सन्तान का जन्म होगा।
५. यह दिन मध्यम रहेगा।
६. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
७. कुंआं बनने में आकस्मिक बाधा आएगी।
८. भाइयों से बनना मुश्किल है।
९. यात्रा से लाभ नहीं मिलेगा।
१०. परदेशी शीघ्र लौट कर आने वाला है।
११. खोई वस्तु मिलना कठिन है।
१२. कर्ज अभी नहीं मिलेगा।
१३. मित्र के साथ मेल-जोल रहेगा।
१४. चिन्ता अभी दूर नहीं होगी।
१५. व्यापार से लाभ मिलेगा।

(३१) यक्ष

१. प्रेमी-प्रेमिका का प्रेम गुप्त है।
२. सम्बन्धी से धोखे की आशा नहीं है।
३. पत्नी का स्वभाव सरल होगा।
४. इच्छा देरी से पूरी होगी।
५. पुत्रोत्पत्ति होगी।
६. दिन शुभ रहेगा।
७. यह वर्ष मध्यम शुभप्रद है।
८. गृह निर्माण की इच्छा पूरी होगी।
९. भाइयों से साधारण मेल रहेगा।
१०. यात्रा से लाभ मिलेगा।
११. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा।
१२. खोई वस्तु मिल जायेगी।
१३. कर्ज मिल जायेगा।
१४. मित्र के साथ नहीं निभेगी।
१५. चिन्ता शीघ्र मिट जायेगी।

(३२) तक्षक

१. तीर्थ-यात्रा अभी नहीं हो सकेगी।
२. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम शुद्ध है।
मूक योग—छठे घर का स्वामी बुध के साथ लग्न में बैठा हो तो जबान तोतली या गूंगा होता है। चन्द्रमा लग्न में हो और छठे घर की राशि मिथुन या कन्या हो अथवा दूसरे घर का स्वामी गुरु के साथ ६।८वें या १२वें घर में हो अथवा शुक्ल पक्ष का चन्द्रमा मंगल के साथ लग्न में हो तो तोतली जबान और गूंगा होता है।

ऋणी मनुष्य का योग—धन स्थान में पापी ग्रह हों, लग्नेश द्वादश स्थान में स्थित हो और नवमेश लाभेश से दृष्ट व युक्त हो तो ऋणी हो। धनेश अस्तगत नीच राशि गत हो, धन व अष्टम भाव पाप युक्त हो तो मनुष्य ऋण से दबा रहे। लाभेश की राशि जिस नवांशक में हो उसका स्वामी दुष्ट भाव में पाप युक्त हो तथा क्रूर षष्ठ्यांश में हो तो मनुष्य ऋण ग्रस्त होता है।

संन्यास योग—लग्नेश पर केवल शनि की दृष्टि हो अन्य की नहीं अथवा शनि को लग्नेश देखे और लग्नेश को शनि देखे, बल रहित हो तो संन्यास योग होता है।

कर्ण दोष—षष्ठेश बुध चौथे हो उसे शनि चतुर्थ दृष्टि (शत्रु दृष्टि से) देखे अथवा छठे भाव में बुध शनि से दृष्ट हो तो बधिर योग होता है कानों से नहीं सुनता। बुध छठे सुक्रूर दशम हो और रात्रि का जन्म हो तो कान से नहीं सुनता।

जिह्वा दोष—बुध ३।८।१२ राशि में किसी में हो, सूर्य चौथे भाव में चन्द्रमा से दृष्ट हो, षष्ठेश पापी ग्रहों से दृष्ट हो तो मनुष्य गूंगे स्वर वाला होता है। शुक्ल पक्ष का चन्द्रमा लग्न में मंगल युक्त हो तो जीभ नष्ट हो। बुध १।११ राशि का गुरु से पूर्ण दृष्ट हो तो सत्यवाणी मनुष्य की हो।

अशौच व्यवस्था

अशौच दो प्रकार का होता है—(१) जनना शौच जिसे सूतक और (२) मरणाशौच जिसे पातक कहते हैं।

गर्भस्रावादि अशौच व्यवस्था

चार मास तक गर्भ के गिरने को 'गर्भस्राव' कहते हैं। पांचवें और छटे मास में 'गर्भपात' और इसके उपरान्त 'प्रसव' कहलाता है। तीन मास के भीतर किसी भी मास में गर्भ के गिरने से गर्भिणी को तीन दिन का और चौथे महीने में चार दिन का अशौच रहता है। पिता आदि सपिण्ड केवल स्नान मात्र से शुद्ध हो जाते हैं। पांचवें और छटे महीने में गर्भपात हो तो क्रम में ५ व ६ दिन का गर्भिणी को अशौच रहता है, पितादि सपिण्डों को ३ दिन का 'सूतक' होता है। गर्भस्राव और गर्भपात में चारों वर्णों को एकसा ही होता है।

जननाशौच व्यवस्था

सात महीने से लेकर किसी भी महीने में जन्म हो तो माता-पितादि सपिण्डों को अपने-२ वर्ण के अनुसार पूरा अशौच (सूतक) होता है। जैसे—ब्राह्मण को १० दिन, क्षत्रिय को १२ दिन, वैश्य को १५ दिन और शूद्र को १ मास का सूतक रहता है, किन्तु माता को सूतक निकालने के बाद भी पुत्र जन्मा हो तो २० दिन, कन्या उत्पन्न होने से १ मास तक धर्म कार्य करने का अधिकार नहीं होता। नाल-छेदन से पीछे सूतक हो जाने से जातकर्म का अधिकार नहीं होता।

जननाशौचे दान भोजन निर्णय

जननाशौच में पहले तथा छटे, दसवें दिन दान प्रतिग्रह का दोष नहीं है, केवल अन्न भोजन का ही निषेध है।

मृतोत्पत्ति में विचार

यदि मरा हुआ बालक उत्पन्न हो तो पितादि सपिण्डों को अपने-अपने वर्ण के अनुसार पूरा अशौच (सूतक) होता है। बालक जन्म लेकर नाल-छेदन से पूर्व ही मर जाय तो माता को १० दिन का सूतक, पितादि सपिण्डों को ३ दिन का जननाशौच (सूतक) होता है। नाल-छेदन के बाद १० दिन के भीतर अर्थात् नाम संस्कार से पूर्व बालक की मृत्यु हो जाय तो पितादि सपिण्डों को पूर्ण जननाशौच (सूतक) रहता है, पातक में देवकर्म और पितृकर्म का अधिकार नहीं रहता।

मृताशौच व्यवस्था

नामकरण १० दिन के बाद ६ महीने के भीतर अर्थात् दांत आने से पहले बालक के मरने पर माता और पिता को ३ दिन का मृताशौच (पातक) होता है किन्तु सपिण्ड स्नानमात्र से शुद्ध हो जाते हैं। कन्या मरने पर पिता को एक दिन का पातक लगता है। स्मरण रखना चाहिए सातवें महीने से अर्थात् दांत निकलने के पीछे ३ वर्ष तक, चूडाकरण संस्कार न होने पर बालक के मरने पर माता-पिता को ३ दिन सपिण्डों को एक दिन तक पातक हो जाता है और ३ वर्ष तक मुण्डन-संस्कार हो गया हो तो बालक को जलाना चाहिए।

कन्या अशौच व्यवस्था

सगाई होने से पहले कन्या मरने पर तीन पुरुषों तक १ दिन का पातक, सगाई हो जाने के बाद और बिवाह से पहले कन्या मरने पर पिताकुल के और पतिकुल को ७ पुरुषों तक ३ दिन का पातक रहता है। यदि विवाह हुई कन्या पिता के घर में मर जाय व प्रसूता हो तो माता-पिता और सहोदर भाइयों को ३ दिन का, चाचा आदिओं को १ दिन का, परन्तु पतिकुल में पूर्ण अशौच होता है। विवाहित कन्या को १० दिन के भीतर माता-पिता की मृत्यु की खबर मिले तो ३ दिन का, १० दिन के बाद सुने तो १ दिन का पातक होता है।

मातामह-मातामही दौहित्र मरण पर विचार

नाना मरे तो दौहित्र को ३ दिन, नानी के मरने पर १॥ दिन का पातक होता है, यज्ञोपवीत संस्कार हुए दौहित्र के मरने पर नाना को ३ दिन, बिना यज्ञोपवीत के १॥ दिन का पातक होता है।

सास-ससुर तथा जामातृ-मरण पर अशौच विचार

सास और ससुर यदि मर जाय तो जामात्रि पास होने से ३ दिन, बिना समीप होने से १॥ दिन का पातक लगता है। जामाई के मरने में १ दिन का पातक होता है।

बन्धुत्रय विचार

भूआ, मासी और मामी के पुत्रों को आत्मबांधव, पिता की भूआ, मासी व मामी के पुत्रों को पितृबांधव और माता की भूआ, मासी व मामी के पुत्रों को मातृबांधव कहते हैं। इन तीन प्रकार के बांधवों में से किसी की मृत्यु हो जाये तो ३ दिन का, इनकी बहिन मरे तो १॥ दिन का और विवाहित कन्या मरने पर १ दिन का पातक होता है।

अशौच-संपात पर निर्णय

१० दिन के अशौच में यदि ५ दिन के भीतर दूसरा १० दिन का अशौच हो जावे तो पहले के साथ शुद्धि हो जाती है, ५ दिन के बाद ६ दिन के भीतर हो तो पिछले के साथ शुद्ध हो जाती है। यदि दसवें दिन की रात्रि में दूसरा अशौच हो जाय तो २ दिन अशौच और बढ़ जाता है। जननाशौच में मृताशौच अथवा मृताशौच में जननाशौच हो जावे तो मृताशौच के साथ शुद्धि होती है।

प्रथमाब्दे निषिद्ध कार्याणि

प्रथमाब्दे निषिद्धानि-महातीर्थस्य गमनमुपवासव्रतानि च अब्दमध्ये न कुर्वीत महागुरुनिपातने। 'प्रभौतौ पितरौयस्य दहस्तस्याशुचिर्भवेत्। नदेयंनापिवैपिच्यं पूर्णो न वत्सरः। प्रथमाब्दे गयाश्रद्ध निषेध उक्तः—तीर्थं श्राद्धं गयाश्राद्ध श्राद्धमन्च्च पैत्रिकम्। अब्दमध्ये न कुर्वीतमहागुरु बिपत्तिषु। गयाश्राद्धं मृतानां तु पूर्णे त्वब्दे प्रशास्यते शुक्रस्यास्तमने चैव देवेज्यस्य तथैव च। प्रेतकार्यं न दुष्येत प्रथम वत्सरं बिना॥ गयायां सर्वकालेषुपिंडंदद्याद्विचक्षणः अधिमासे जन्मदिने, अस्ते च गुरुशुक्रयोः। गोदावर्योंगयायां च श्री शैले ग्रहणाद्वये। सुरासुरगुरूणां च मौढ्यदोषो न विद्यते॥

गंगायामस्थिनिक्षेपने विचार

अस्तगते गुरौ शुक्रे तथैव चाधिमास के। गंगायास्थिनिक्षेप न कुर्यादिति गौतमः॥ दशाहाभ्यन्तरे न दोष।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रह दशा फल

ग्रह दो प्रकार के हैं । एक शुभ, दूसरा अशुभ ।

शुभ ग्रह दशा फल—आरोग्य, धन वृद्धि, शत्रु का पराजय, इष्ट कार्य की सिद्धि, ऐश्वर्य आदि सुख ।

अशुभ ग्रह दशा फल—लोकोपवाद, विश्वासघात, द्रव्य हानि, रोग, आप्तवर्ग के सदस्यों की मृत्यु, वियोग और कार्य में हानि ।

ग्रह दशा का फल निश्चित करने से पूर्व उस ग्रह की स्थिति का विचार नीचे लिखे अनुसार करना चाहिये ।

१. ग्रह किस भाव या राशि में है, उच्च, नीच, शुभ अथवा अशुभ भाव में है । २. ग्रह शुभ या अशुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट है अथवा नहीं । ३. महादशा के ग्रह से अन्तर्दशा का ग्रह किस स्थान में है और दोनों परस्पर शुभ योग करते हैं या अशुभ । ४. महादशा का स्वामी और अन्तर्दशा का स्वामी परस्पर शत्रु है या मित्र और गोचर ग्रह शुभ फलदायी हैं अथवा अशुभ ।

महादशा और अन्तर्दशा के स्वामी परस्पर शत्रु हों तो अधिक अशुभ, मित्र हों तो शुभ, सम हों तो साधारण फल मिलता है । इसी प्रकार जन्म दशा का स्वामी और गोचर ग्रह दोनों अनुकूल हों तो शुभ फल, प्रतिकूल हों तो अशुभ फल और एक अनुकूल दूसरा प्रतिकूल हो तो मध्यम फल मिलता है । इस तरह प्रत्येक विषय अर्थात् भाग्योदय काल, विद्या, उद्योग, व्यापार, नौकरी, धन लाभ आदि का विचार करने से योग्य फल मिल सकता है ।

ग्रहों की दशा- अन्तर्दशा आदि का फल कहते समय यदि गोचर में शुभ ग्रहों की दृष्टि महादशा, अन्तर्दशा और प्रत्यन्तर्दशा के स्वामियों पर हो तो कुछ अशुभ फलों का नष्ट होना भी सम्भव है । इसके विपरीत यदि अशुभ ग्रह से इन दशाओं के स्वामी युक्त वा दृष्ट हों तो अशुभ फल अधिक बढ़ेगा । इस तरह किसी भी ग्रह का शुभ या अशुभ फल कुण्डली के ग्रहों पर से ध्यान में आ सकता है ।

१, ४, ७, १० यह केन्द्र स्थान हैं, ५, ९ यह त्रिकोण, ३, ६, ११, यह त्रिषडाय स्थान कहलाते हैं और २, ८, १२ आपोक्लिम स्थान कहलाते हैं । कई आचार्यों के मत से-४, ७, १० केन्द्र, १, ५, ९ त्रिकोण और शेष स्थान ऊपर के कहे हैं । दशाफल कहने से पहले ग्रहों के शुभाशुभत्व में विशेषता देखनी चाहिए । ग्रहों में शुभाशुभत्व दो प्रकार से देखना चाहिये । एक तो स्वाभाविक, दूसरा तात्कालिक ।

स्वाभाविक शुभाशुभ—सू. मं. शनि नैसर्गिक क्रूर तथा गुरु शुभ नैसर्गिक पूर्ण बली चन्द्रमा शुभ, क्षीण बली पापी होता है तथा राहु-केतु सहचर्य से फलप्रद है । और तात्कालिक शुभाशुभ इस प्रकार कहा है । त्रिकोण का स्वामी हो तो शुभ फलदायक होता है और यदि त्रिषडाय का स्वामी हो तो पाप फलदायक होता है । इससे सिद्ध होता है कि स्वभाविक पाप ग्रह भी त्रिकोणपति हो तो शुभ होता है तथा स्वभाविक शुभ यदि त्रिकोणपति हो तो अत्यन्त शुभ दायक होता है । इसी प्रकार स्वभाविक शुभ भी यदि त्रिषडायपति हो तो पाप फलदायक होता है तथा स्वभाविक पाप ग्रह त्रिषड़ायपति हो तो अत्यन्त पाप फलदायक होता है ।

इसी प्रकार यदि शुभ ग्रह (गुरु, शुक्र, बुध पूर्ण चन्द्र) केन्द्र के अधिपति हों तो प्राणियों को शुभाशुभ फल नहीं देते तथा पाप ग्रह (क्षीणचन्द्र, पापयुत बुध, रवि, शनि, मंगल) यदि केन्द्र के स्वामी हों तो अपने स्वभाव अनुसार पाप फल नहीं देते । अतः केन्द्र के स्वामी होने से शुभ ग्रह में पापत्व और पाप ग्रह में शुभत्व आ जाता है । इससे यह स्पष्ट है कि केन्द्राधिप शुभ और अशुभ फल नहीं देता है ।

लग्न से द्वादशेष तथा द्वितीयेश दूसरे ग्रहों के साहचर्य से तथा अपने स्थानान्तर (अन्य स्थानों) के अनुसार ही शुभ अथवा अशुभ दशा फल को देते हैं । सिद्ध है कि व्ययेश और धनेश स्वभावानुसार शुभाशुभ फल नहीं देते । जिस प्रकार शुभ या अशुभ स्थान में रहते हैं, तथा जिस प्रकार के शुभ या अशुभ भावेश के साथ रहते हैं, अथवा जिस दूसरे स्थान के स्वामी हों वह राशि जैसी शुभ या अशुभ भाव में हो तदनुसार ही शुभ या अशुभ फल देते हैं । भावार्थ है कि द्वितीयेश आदि के साथ जो ग्रह रहता है वह तदनुसार ही फल देता है । यदि बहुत ग्रह साथ में हों तो उनमें जो बली हो तदनुरूप ही फल देता है तथा दीप्तादि अवस्था के भेद से भी फल में विशेषता होती है, यथा-दीप्त, स्वस्थ हर्षित और शान्त अवस्था वाले ग्रहों की दशा शुभ और अन्य अवस्था वालों की दशा अशुभ है ।

शुभ ग्रहों का केन्द्राधिपत्य दोष जो कहा गया है वह गुरु और शुक्र का बलवान् होता है । शुभ ग्रहों के मारकत्व (सप्तमेशत्व) होने पर भी गुरु शुक्र में ही विशेषकर मारकत्व दोष होता है । इन दोनों में न्यून दोष, बुध में और बुध से न्यून चन्द्रमा में होता है । अष्टमेश यदि त्रिकोण पति हो तो शुभ फलदायक और त्रिषडायपति हो तो अत्यन्त अशुभ फलदायक होगा । इसी प्रकार यदि पाप ग्रह केन्द्र पति हो तो उसका स्वभाविक-पापत्व मात्र नष्ट होता है अतः केन्द्र पति होकर यदि त्रिकोण पति भी हो जावे तो उसमें शुभत्व आ जाता है । इससे यह भी सिद्ध हुआ कि स्वभाविक पाप ग्रह यदि केन्द्रपति होकर त्रिषडायपति हो तो पापकारक हो जाता है । प्रबल होने पर भी राहु-केतु जिस भाव में जिस-२ भावेश के साथ रहते हैं उसी के अनुसार शुभ या अशुभ फल देते हैं । जैसे कहा है—

यद्यद्भावगतौ वाऽपि यद्यद्भावेश संयुतौ ।
तत्फलानि प्रबलौ प्रदर्शिततमौ ग्रहौ ॥

योग—केन्द्रेश और त्रिकोणेश में परस्पर सम्बन्ध हो, अन्य भाव के स्वामी से सहवास न हो तो विशेष कर शुभ लाभदायक होते हैं ।

ग्रहों की दीप्तादि अवस्था

ग्रह अपनी उच्च राशि में हो तो दीप्त अपनी राशि में स्वस्थ, मित्र राशि में हर्षित, शुभ राशि में शांत, नीच राशि में दीन, शत्रु राशि में पीड़ित, उदय राशि में शक्त, अस्तंगत राशि में लुप्त अवस्था होती है ।

ग्रहावस्था फल—दीप्त अवस्था सुस्वरूप, कीर्तिमान, बुद्धिमान्, तीर्थों में जाने वाला और शत्रु का नाश करने वाला । स्वस्थ अवस्था—विजयी, राजपूजित, कीर्तिमान, सदा प्रसन्न, मलकीयत कराने वाला व ज्योतिषी । हर्षित अवस्था—धर्मात्मा, सदाचारी । शांत अवस्था—तेजस्वी, शांत बांधवयुक्त । दीन अवस्था—बुद्धिहीन, परस्त्री आशक्त । पीड़ित अवस्था—चिन्तायुक्त, मानसिक दुःख रोगी । शक्त अवस्था—निरोगी, सुन्दर, मधुर भाषी, प्रशंसनीय । लुप्त अवस्था—अधर्मी, रोगी, शत्रु पीड़ित ।

नोट—जन्म समय के ग्रहों की अवस्था के अनुसार प्रत्येक मनुष्य को आजन्म सुख या दुःख मिलता है ।

अष्टक वर्ग सिद्ध जन्म पत्रिका

[लेखक—विष्णु दत्त शर्मा]

[सिद्ध ज्योतिष कार्यालय, श्रीहरि भवन, जौहरी नगर, बहादुरगढ़]

श्री शर्मा ने अष्टक वर्ग पर शोध कार्य किया है, सर्वत्र उसकी प्रशंसा हो रही है । हमारे दैवज्ञ अष्टक वर्ग का महत्त्व जानते हुए भी उसे प्रयोग करने में संकोच करते आये हैं कि वर्ग साधन-शोधन कुछ जटिल है और समय अधिक लगता है । परन्तु श्री शर्मा ने ऐसी तालिका का विकास किया है जिससे केवल पांच मिनटों में एक वर्ग का साधन-शोधन, ग्रह चाल, राशि मान, योग पिण्ड तथा वर्ग आयु तैयार हो जाते हैं । ४ दिन का काम ४ घण्टे में सम्भव हो गया ।

श्री शर्मा ने एक ऐसी सारणी का विकास किया है जिससे प्रत्येक ग्रह का जन्म-कुण्डली में वास्तविक योगदान स्पष्ट हो जाता है । इस सारणी में अष्टक वर्ग रेखा प्रत्येक ग्रह की अपनी है । आठ वर्गों का साधन किए बिना आपका ग्रह सर्वाष्टक केवल दो मिनटों में तैयार हो जाता है । इससे जीवन का एक विशेष चित्र उभर कर सामने आ जाता है । श्री शर्मा ने नक्षत्र विज्ञान को जिस कुशलता से प्रयोग किया है कि आप ग्रह के स्पष्ट अंशों से उसका नक्षत्र व स्पष्ट अंश कम्प्यूटर के समान सामने आ जाता है । कृष्णा मूर्ति पद्धति का ऐसा सरल प्रयोग किया है जिससे हर विद्वान् लाभ उठा सकता है । ज्योतिष का सामान्य ज्ञान रखने वाला पाठक ५००) रु० की जन्म पत्रिका स्वयं तैयार कर सकता है, अपने भाग्य का स्वयं निर्णय कर सकता है ।

इतनी बड़ी जन्म पत्रिका आज तक नहीं बनी है । यह पहला अवसर है कि हम जन्म पत्रिका के साथ सिद्धान्त खण्ड भी छाप रहे हैं । इन सारणियों से लगभग ५० पृष्ठ की जन्म पत्रिका सरलता से तैयार हो जाती है । विशेष जन्म पत्रिकाओं में इसे प्रयोग करके धन और यश दोनों ही अर्जित कर सकते हैं । जन्म पत्रिका साधन में हम नये युग का शुभारम्भ कर रहे हैं, अपनी प्रतियां पहले से सुरक्षित कर लें । पत्रिका शीघ्र छप रही है ।

मंगाने का पता—

धर्मसन प्रकाशन

२५६६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अंक-विद्या [Numerology] और आपका भाग्य

आजकल पाश्चात्य में तथा भारत में भी अंक विद्या की लोक-प्रियता बहुत बढ़ रही है। यद्यपि भारत मे इस का प्रचलन अति प्राचीन काल से रहा है किन्तु भारतीय पद्धति वर्णमाला पर आधारित होनेके कारण शीघ्र-बोधगम्य नहीं। अंकों के आधार पर हम मनुष्य-स्वभाव की चारित्रिक विशेषताओं का आश्चर्य जनक रूप से विवेचन कर सकते हैं। हमारे मतानुसार भविष्यवाणी करना कठिन है। यहाँ पर पाश्चात्य मतानुसार अंग्रेजी मास की जन्म तारीख को आधार मान कर ९ तक की तारीख मे मूल अंकों की कल्पना की गई है तथा सूर्यादि नव ग्रहों को इन मूल अंकों का प्रतिनिधि माना गया है। ९ के बाद की तारीखों को मूल अंक बनाने की विधि इस प्रकार है—

१०=१+०=१	॥	१३=१+३=४
११=१+१=२	॥	१४=१+४=५
१२=१+२=३	॥	१५=१+५=६

क्रमशः इसी प्रकार तारीख के दोनों अंकों की इकाइयों को जोड़ कर मूल अंक बनाएं अथवा किसी भी अभीष्ट संख्या को ९ से भाग देकर जो शेष बचे, वही मूल अंक होगा।

मूल अंक १ वालेव्यक्ति—ऐसे व्यक्ति स्थिर प्रकृति वाले क्रियात्मक स्वतन्त्र विचार धारा वाले तथा स्वाभिमानी होते हे। अधिकार प्रदर्शन की भावना भी रहती है। किसी अन्य व्यक्ति का प्रभाव व अनुशासन सहन नहीं करते। अंक १ वालों को रविवार तथा सोमवार शुभ होते हैं। पीला व सुनहरी रंग विशेष अनुकूल होता है। जीवन के १३, १९, २२, २८, ३९, ४९, ५८, वर्ष विशेष महत्त्वपूर्ण होते हैं। इस अंक का प्रतीक सूर्यग्रह है। ऐसे व्यक्तियों को नेत्र, कण्ठ, रक्त, पित्त विकारादि का भय रहता है। माणिक्य धारण करना शुभ है।

मूल अंक २ वाले व्यक्ति—इस अंक का प्रतीक चन्द्रग्रह है। ये १ अंक वाले व्यक्तियों की अपेक्षा शान्त स्वभाव के होते हैं। कल्पना, साहित्य प्रेमी, चंचल प्रवृत्ति, कला व सौंदर्य प्रेमी, लेखन कार्य करने में रुचि इनके स्वाभाविक गुणहै। सोमवार, शुक्रवार तथा रविवार शुभ है। ये निश्चयी कम होते है। जीवन के १५, ३१, ३४, ३७, ४३ वें वर्ष विशेष-महत्त्वपूर्ण। श्वेत रंग अनुकूल हैं।

अंक ३ वाले व्यक्ति—अनुशासन प्रिय, महत्त्वाकांक्षी, विद्या-अध्ययनी तथा परिश्रमी होते हैं। नेतृत्व करने में कुशल हैं। बृहस्पति प्रतिनिधि ग्रह हैं। इनके लिए मंगलवार, शुक्रवार तथा वीरवार और पीला रंग शुभ है। जीवनके ९ १२, ३०, ३८, ३५, वर्ष भाग्योन्नति कारक होते है। त्वचा रोगों से बचना चाहिए।

अंक ४ वाले व्यक्ति प्रतिनिधि ग्रह मंगल है। ये व्यक्ति नवीन खोज करने में दक्ष, प्रगतिशील कठिन परिश्रमी, उग्रस्वभाव वाले तथा संघर्षप्रिय होते हैं तीव्र-स्वभाव वाले तथा गम्भीर होते हैं। धन-संग्रह अधिक नहीं कर पाते। ४ १३, २२, ४०, ५९, ५८ वां वर्ष भाग्योन्नोति कारक रहेगा। शनिवार, रविवार तथा सोमवार शुभ दिन तथा नीलमणि विशेष अनुकूल है। मूंगा धारण करना शुभ।

अंक ५ वाले व्यक्ति—का अधिष्ठाता बुध ग्रह है। ये फुर्ती से काम करने वाले, जल्दबाज शीघ्र निर्णय लेने वाले व्यापारादि व्यवसाय में उन्नति करने तथा चंचल वृत्ति. के होते हैं। प्रत्येक प्रकार की स्थिति में ढल जाते हैं। महत्त्वपूर्ण वर्ष १५, २५, ३२, ४१, ५१, ५७वां वर्ष होते हैं। बुधवार, शुक्रवार तथा श्वेत व हरित रंग विशेष शुभ है। पन्ना धारण करना शुभ है।

मूल अंक ६ वाले व्यक्ति—संगीत फ़ोटोग्राफी, चित्रकला व सौंदर्य प्रेमी आदर्शवादी तथा कल्पनाशील होते हैं। किसी अन्य की अधीनता इन्हें कभी स्वीकार नहीं होती। मंगल, वीर और शुक्रवार दिन तथा नीला व गुलाबी रंग शुभ हैं। अपनी योग्यता से धनोपार्जन करना पसन्द करते हैं। जीवन के १५, २४, ३३, ४२, ५१वें वर्ष भाग्योन्नति कारक होंगे।

मूल अंक ७ वाले व्यक्ति के प्रतिनिधि—ग्रह चन्द्रमा तथा नैपचून हैं। ऐसे व्यक्ति भावुक, परिवर्तनशील तथा नए-नए स्थानों पर भ्रमण करने में रुचि रखते हैं। तन्त्र विद्या, स्वतन्त्र विचार, स्वाभिमानी व सौंदर्य प्रिय होते हैं। प्रायः आर्थिक संकट बना रहता है। सोमवार, रविवार तथा हरा रंग शुभ है। १६ २६, ५४, ५२, ५१, ६१वें वर्ष भाग्योन्नति कारक है। श्वेत गोमेध धारण करें।

मूल अंक ८ वाले व्यक्ति—का प्रतिनिधि ग्रह शनि है। ऐसे व्यक्ति अन्तर्मुखी, कठिन परिश्रमी तथा दृढ़ निश्चयी होते है। अपने उददेश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक सम्भव साधन (उचित व अनुचित का ध्यान किए बिना अपनाते)है। संघर्षमय दूरदर्शी तथा गूढ़ विद्याओं में रुचि रखने वाले होते हैं। वायु रोग से पीडित रहते हैं। चन्द्रवार शनिवार रविवार तथा गहरा नीला व स्लेटी रंग विशेष अनुकूल होता है। जीवन के २६, ३३, ३५, ४४, ५३ वर्ष भाग्योन्नति कारक होते है। नीलम धारण करना शुभ रहेगा।

मूल अंक ९ वाले व्यक्ति—का प्रतिनिधि ग्रह मंगल है। ये लोग स्पष्टवादी स्वाभिमानी, कठिन परिश्रमी उग्र प्रकृति किन्तु दयालु स्वभाव के होते हैं। समस्त जीवन संघर्षों में व्यतीत होता हैं। रक्त विकार का भय रहता है। शुक्रवार मंगलवार व वीरवार तथा लाल एवं गुलाबी रंग विशेष अनुकूल तांत्रिक विद्या मे भी रुचि रखते हैं। जीवन के १८, २७, ३१ ३६, ४५; ५४, ३३ वें वर्ष विशेष महत्वपर्ण होते हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

एषां परिहारवाक्यानि

न वर्णो न गणो न योनिर्द्विर्द्वादशके नैव षडाष्टके वा।
तारा विरुद्धे नवपंचमे वा राशीश मैत्री शुभदा विवाहे॥

नाडीदोषस्च विप्राणां वर्णदोषस्तु भूभुजाम्।
गणदोषस्च वैश्येषु योनिदोषस्च पादजाम्॥

एकनक्षत्र जातानां नाडी दोषो न विद्यते।
अन्यर्क्षपत्तिवर्गेषु विवाहो वर्जितः सदा॥

रोहिण्यार्द्रा मृगेन्द्राग्नि पुष्ये श्रवण पौष्णभम्।
अहिर्बुध्न्यर्क्षमेतेषां नाडीदोषो न विद्यते॥

प्रथमे-त्रिंशु मातुश्च संग्राह्यो नैव पंचमे।
अन्यद पक्षे कन्या कन्यायां नवमो वरः।

वर और कन्या की राशियों के स्वामी एक हों व दोनों के स्वामियों की परस्पर मित्रता हो तो वर्णादि ७ कूटों का दोष नहीं रहता। इसी तरह नाड़ी दोष में यदि वर और कन्या का नक्षत्र भिन्न-२ हो किन्तु राशि एक हो अथवा दोनों का नक्षत्र एक हो और राशि भिन्न-२ हो तो नाड़ी दोष नहीं होता। यदि दोनों की एक राशि और एक ही नक्षत्र हो तो विवाह शुभ नहीं होता, किन्तु एक नक्षत्र में भिन्न-२ चरण होने से अत्यावश्यक में शुभ हो जाता है।

ग्रह मेलापक विचार

वर और कन्या की कुण्डली में मिलान उत्तम होना आवश्यक है, क्योंकि उत्तम मिलान से द्रव्य, पुत्र, पति, पत्नी का सुख प्राप्त होगा। वर की कुण्डली में जन्म लग्न, चन्द्रमा तथा शुक्र से यदि १।४।७।८।१२ इन स्थानों में मंगल पड़ा हो तो कन्या का नाशक होता है। यदि कन्या के जन्म लग्न अथवा चन्द्रमा से १।४।७।८।१२ स्थानों में मंगल हो तो वर नाशक है। जैसे—लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे। वरः पत्नी विनाशाय कन्या पति विनाशिनी॥

परिहार—यदि वर की कुण्डली में पूर्वोक्त स्थानों पर मंगल हो और कन्या की जन्म कुण्डली में भी उन्हीं स्थानों में मंगल पड़ा हो तो उसका दोष नहीं होता। इसी प्रकार एक की कुण्डली में मंगल हो और दूसरे की कुण्डली में उन स्थानों में से किसी स्थान में शनि पड़ा हो तो भी मंगल का दोष दूर हो जाता है।

अतः फिर भी वर-कन्या के लग्न, लग्नेश, सप्तम, सप्तमेश, अष्टम, अष्टमेश, पंचम भाव तथा स्त्री कारक शुक्र इनके योगों को देखकर सूक्ष्म रीति से परिहार दोनों का विचार कर ज्योतिषी-कुण्डली का मिलान करें।

वर वरण में मुहूर्त्त विचार

(चंडेश्वर) कृ. पूर्वा ३. और विवाह नक्षत्र, शुभ तिथि, शुभ वार भद्रादि दोष रहित शुभ समय में वर का वरण कन्या के भ्राता से अथवा ब्राह्मण द्वारा करना चाहिए।

कन्या वरण में मुहूर्त्त विचार

(चिंतामणी) कन्या का वरण अश्वि., कृत्ति., पूर्वा ३ अनु., उषा., श्रवण, धनि. और विवाह के नक्षत्रों में तथा शुभ तिथि, शुभ वार और शुभ समय में वस्त्र, आभूषण, फल और मिष्ठान्नादि से कन्या का वरण करना शुभ होता है।

विवाह मुहूर्त्त विचार

विवाह संस्कार में पूर्वाचार्यों ने यद्यपि वैशा., ज्ये., आषा., मार्ग., माघ, फाल्गुन के महीनों को ग्रहण किया है, किन्तु कई एक आचार्यों ने चैत्र और पौष इन दोनों महीनों को त्याग कर शेष १० महीनों को ग्रहण किया है। इसलिए (मद्रदेश) पंजाब में अति प्राचीन काल से श्रावण, भाद्र, आश्विन महीनों में विवाह करने की प्रथा चली आई है। पर्वतीय प्रदेशों में कार्तिक महीने में भी विवाह होते हैं। कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तक की तिथियों को छोड़कर शेष तिथियों में सूर्य, चं., बु., गु., शु. वारों में म., शनिवार मध्यम कहे हैं। रो., मृ., मघा, उत्तरा ३, हस्त, स्वा., अनु., मूल, रेव. इन नक्षत्रों में वर को सूर्य और चन्द्रमा का बल देखकर विषम वर्षों में और कन्या को गुरु और चन्द्रमा का बल देखकर सम वर्षों में विवाह संस्कार करना शुभ कहा है। कन्या की अवस्था यदि १० वर्ष से अधिक हो तो गुरु का बल देखना जरूरी नहीं। (वशिष्ठ)

पहले गर्भ के लिए जन्म मासादिकों का निषेध

(नारदः) न जन्ममासे जन्मर्क्षे न जन्मदिवसेऽपि वा आद्यगर्भे सुतस्यार्थं दुहितुर्वा करग्रहः। जन्मदिन से लेकर ३० दिन तक जन्म-मास कहलाता है। जन्ममास, तिथि और जन्म नक्षत्र में पहले गर्भ के पुत्र या कन्या का विवाह न करें। अत्यावश्यक में विवाह करना हो तो वशिष्ठ जी के मत से जन्म दिन छोड़ दें, अत्रि जी के मत से जन्म दिन से ३ दिन छोड़कर जन्ममास में विवाह कर लेवें। गर्ग जी के मत से ५ दिन छोड़ें और भागुरि जी के मत से जन्म मास में पक्ष भर छोड़कर विवाह कर लेवें।

ज्येष्ठ महीने में विवाह का विचार

जहां पर लड़का जेठा हो, कन्या जेठी हो और ज्येष्ठ का महीना हो, इसको तीन जेठ कहते हैं। यह तीन जेठ विवाह में सर्वथा वर्जित कहे हैं और जहां पर जेठा लड़का और ज्येष्ठ का महीना अथवा जेठी लड़की और ज्येष्ठ का महीना हो, इसको दो ज्येष्ठ कहते हैं, यह दो ज्येष्ठ विवाह में मध्यम कहे हैं, जहां लड़का और लड़की जेठे न हों केवल जेठ का महीना हो तो यह एक विवाह जेठ में उत्तम कहा है। इसी तरह लड़का और लड़की जेठे हों और ज्येष्ठ का महीना हो तो दोनों का विवाह न करें। (वराह) द्वौ ज्येष्ठौ मध्यमौ प्रोक्तावेको ज्येष्ठ शुभावह। ज्येष्ठत्रय न कुर्वीत विवाहे सर्वसम्मतम्।

(गर्गः) ज्येष्ठायाः कन्यकायाश्च ज्येष्ठ पुत्रस्य वै मिथः विवाहो नैवकर्त्तव्यो यदि स्यान्तिधनं तयोः। जब तक कृतिका नक्षत्र में सूर्य है, तब तक ज्येष्ठ महीने का निषेध होता है। ज्येष्ठ के महीने की तरह मार्गशीर्ष महीने में भी आद्य गर्भ का विवाह न करें। (भारद्वाजः)

विवाह में विशेष विषयों पर विचार

पुत्र के विवाह के उपरान्त अपनी कन्या या अपने त्रिपुरुष कुल की कन्या का विवाह ६ महीने तक न करें अर्थात् लड़की के विवाह के बाद लड़के का विवाह हो सकता है। इसी तरह विवाह के पीछे मुण्डन या यज्ञोपवीत ६ महीने तक न करें। (नारदः) दो सगे भाइयों का विवाह दो सगी बहिनों से न करें तथा एक वर के साथ दो सगी बहिनों का विवाह न करें (वशिष्ठ)। पुत्रिका द्वयमेकस्मै न दद्यात् कदाचन। जिस वर को अपनी कन्या देवें, उसको बहिन के साथ अपने लड़के का विवाह न करें (नारदः)। उद्वाहोनैव कार्यो वैकस्मै दुहितृद्वयम्। दो सगे भाइयों का विवाह ६ महीने के भीतर न करें (वशिष्ठ)। विवाहस्त्वेकजन्यानां षण्मासाभ्यन्तरे यदि। असंशयंत्रिभिर्वर्षैस्तत्रैका विधवा भवेत्॥ दो सगे भाइयों का और दो सगी बहिनों का एक संस्कार ६ महीने में न करें, (वृद्धमनुः)। भिन्न माता के उदर से उत्पन्न हुए दो अथवा यमल भाई या बहिनों का एक कर्म द्वारभेद और मंडपभेद आचार्यभेद से हो सकता है। इसी तरह भेद के हो जाने से ६ महीने के भीतर हो सकता है। मंगल संस्कार से ६ महीने तक पितृ कर्म न करें, अथवा वर्ष जैसे माघ, फाल्गुन में विवाह किया हो तो वैशाख में मुण्डन व यज्ञोपवीत करने से दोष नहीं होता, बड़े मंगल कर्म के उपरान्त लघु मंगल कर्म न करें। यह ६ महीने का निषेध तीन पीढ़ी के पुरुषों के लिए ही कहा है, चौथी पीढ़ी के पुरुषों को दोष नहीं होता।

विवाह में त्रिविक्रममत् से लग्न का विचार

(त्रिविक्रमसंहितायां) त्याज्या लग्नेऽब्दयो मंदःषष्टे शुक्रेन्दु-लग्नपाः। रन्ध्रे चंद्रोदयः पंच सर्वेऽस्तोऽब्जगुरु समौ॥ विवाह लग्न का निश्चय करना हो तो लग्न में श., सू., मं., चं. न हो तथा लग्न से छठे स्थान में शु., चं. और लग्न का स्वामी न हो, लग्न से आठवें च., मं., बु., गु., शु. नहीं होने चाहिए और लग्न से सातवें स्थान में कोई ग्रह न हो तो विवाह लग्न शुद्ध होता है. किन्तु चन्द्र और गुरु सातवें होने से समान फल करते हैं।

छठे शुक्र तथा अष्टम मंगल का विचार

विवाह लग्न से छठे स्थान में शुक्र तथा आठवें स्थान में मंगल यदि शत्रु राशिगत या नीच राशिगत हो तथा मंगल अस्तंगत हो तो

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

भौम दोष नहीं होता। (कश्यपः) नीचराशिगते शुक्रं शत्रुक्षेत्रगतेऽपि वा भृगुषट् कोस्थितो दोषो नास्त्यत्र न संशयः ॥ अस्तगे नीचगेभौमे शत्रुक्षेत्रगतेऽपि वा। कुजाष्टमोद्भवो दोषो न किंचिदपि विद्यते ॥ इसी तरह ६, ८ और १२वें स्थानगत चन्द्रमा का नीच और नीचांशक में होने से दोष नहीं होता।

नीचानीचांशगश्चन्द्रोनाशुभोष्टारि रिष्फगः ॥

लग्न में कर्तरी दोष का विचार

लग्न से १२वें स्थान में मार्गी क्रूर ग्रह हो और लग्न से दूसरे स्थान में वक्री ग्रह हो तो कर्तरी दोष होता है। कर्तरी दोष युक्त लग्न को सर्वथा त्याग देवें, किन्तु कर्तरी ग्रह यदि शत्रु राशि या नीच राशि गत तथा अस्तंगत हो तो कर्तरी दोष नहीं होता, (उक्तंच) पयोः कर्तरीकर्त्रोः शत्रु नीचगृहस्थयोः यदा चास्तंगयोर्वापि कर्तरी नैव दोषद ॥ क्रूरः कर्तरी संयुक्त लग्न चन्द्र च न त्यजेत् केन्द्र त्रिकोण सस्थेषु गुरु भार्यवनचिन्तयेत् ॥ शुभैः धनस्थैरयवांत्यगे गुरौ न कर्तरी स्यादिति भार्गवो विदुः।

गोधूलि लग्न में ग्रहों का विचार

जिस दिन गोधूलि लग्न का विचार करना हो उस दिन गोधूलि लग्न से २, ३ और ११वें स्थान में चन्द्रमा होना चाहिए तथा गोधूलि लग्न से आठवें स्थान में श., बु., गु. और शु. नहीं होने चाहिए, इसी तरह छठे स्थान में चन्द्रमा भी न हो गोधूलि लग्न शुद्ध होता है।

गोधूलि लग्न विचार

मार्ग., पौष, माघ और फाल्गुन महीनों में संध्या के समय सूर्य गोलक के समान दृष्टिगोचर होने पर जो लग्न होता है वह गोधूलि लग्न होता है। इसी प्रकार चैत्र, बैशाख, ज्येष्ठ और आषाढ़ महीनों में सूर्य आधा अस्त हो जाने पर जो लग्न हो उसको गोधूलि लग्न कहते हैं। वैसे ही श्रावण, भाद्रपद, आश्विन और कार्तिक महीनों में सूर्य सम्पूर्ण अस्त हो जाने पर जो लग्न होगा वह गोधूलि लग्न कहलाता है।

कुल देवता स्थापन मुहूर्त—अश्वि., रो., पुष्य, उफा., ह., चि., स्वा., अनु., उषा., उभा., रे. इन नक्षत्रों में च., बु., गु., शुक्र वारों में और शुभ तिथियों में और स्थिर लग्न में भद्रादि दोष रहित समय में शुभ होता है।

विवाह तैल संख्या चक्रम्

वर और कन्या की राशि द्वारा नीचे लिखे चक्र से तैल संख्या जानें।

राशि	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
तैल संख्या	७	१०	५	१०	५	७	७	५	५	५	५	७

वधु प्रवेश मुहूर्त्त विचार

विवाह दिन से २।४।५।६।७।८।९।१०।११।१२।१४।१६ इन दिनों में और स्थिर लग्न में वधु प्रवेश शुभ होता है। उपरोक्त दिनों में तिथि और नक्षत्रादियों का नियम नहीं होता, यदि ऊपर कहे हुए दिनों में वधु प्रवेश न कर सके तो विषम दिनों में, विषम महीनों में, विषम वर्ष में, अश्वि., रो., मृ., पुष्य, ह., चि., स्वा., अनु., मू., उत्तरा ३, श्र., ध., रे. इन नक्षत्रों में चं., बु., गु., शु., श. वारों में, २।३।५।६।७।८।१०।११।१२।१३ इन तिथियों में, ५।८।११ लग्नों में लग्न से ४।८ स्थान शुद्ध होने पर भद्रा, व्यतिपातादि दोष रहित समय में और रात्रि के समय वधु प्रवेश शुभ कहा है।

द्विरागमनम्

विवाह से विषम महीनों-वर्षों में, वै., मार्ग., फा. महीनों में, अश्वि., रो., मृ., पुन., पुष्य, ह., चि., स्वा., उत्तरा ३, अनु., मू., श्र., ध., श. रे. नक्षत्रों में, चं., गु., शु. वारों में शुभ होता है, बु. श. मध्यम हैं, रिक्ता रहित तिथियों में और २।३।५।११ लग्नों में भद्रादि दोष रहित समय में शुभ कहा है, सन्मुख और दाहिने शुक्र का इसमें दोष होता है, रेवती नक्षत्र से मृगशिर नक्षत्र तक चन्द्रमा रहने से सन्मुख और दाहिने शुक्र का दोष नहीं होता, विवाहादि उत्सव में, तीर्थ यात्रा में अथवा दुर्भिक्षादि उपद्रव में प्रति शुक्र का दोष नहीं होता।

शुक्रास्ते वर्ज्यं कर्माणि

बावली, बगाचा, तालाब, कूप, मकान इनका आरम्भ और इनकी प्रतिष्ठा व्रतारम्भ, व्रतोद्यापन, महादान सौमयोग, अष्टकाश्राद्ध, गोदान, नवान्नेष्टि, प्याऊ, प्रथम श्रावणीकर्म, नीलवृषभत्याग जातकर्म, नामकर्म, मुण्डन संस्कार, देवता स्थापन, दीक्षा-यज्ञोपवीत, विवाह, अपूर्व देवदर्शन, सन्यास, अग्निहोत्र, अभिषेक, समावर्तन, चातुर्मास्यप्रयोग, कर्णवेध, विद्यारंभ, नृपदर्शन, इन कर्मों को शुक्र के अस्त में, गुरु के अस्त में और मलमास में नहीं करना चाहिए।

नगर निवासे शुभ विचार

७ नक्षत्र मस्तक पर, ७ नक्षत्र पृष्ठ पर, फिर ७ नक्षत्र हृदय पर और ७ नक्षत्र पादों पर धरें। यदि अपना नक्षत्र मस्तक पर पड़े तो धनी मानो, पीठ पर पड़ने से हीनता और धन हानि, हृदय पर सुख-सम्पत्ति तथा पादों पर पड़े तो भ्रमणशील रहता है।

भूमि शुभाशुभ विचार—नींव खोदते समय यदि काली ईंट देखने में आवे तो शुभ जानें, हड्डी अथवा केशादि तथा कोयलादि देखने में आवे तो शुभ नहीं होता है।

॥ काल गणना ॥

भारतीय काल गणना-पद्धति बहुत प्राचीन है। भारतीय शास्त्रों में काल ज्ञान का सूक्ष्मातिसूक्ष्म विवेचन है। किसी भी धार्मिक कार्य करने के पूर्व संकल्प करने का विधान है। संकल्प में कल्प, मन्वन्तर, युगादि से लेकर संवत्, अयन, ऋतु, मास, पक्ष, तिथि, वार, ग्रह और नक्षत्रादि सबका उच्चारण आवश्यक माना गया है। यथा-प्रथा सूचित करती है कि अनादि काल से भारत वर्ष में समय का सूक्ष्म ज्ञान था। भारतीय काल एवं ग्रह और नक्षत्रादि की गति से पूर्ण परिचित रहते थे। अहोरात्र को चौबीस भागों में विभाजित करने पर प्रत्येक भाग को होरा (घण्टा) कहते हैं।

मुहूर्त—मुहूर्त्त तीन प्रकार के होते हैं। (१) पौराणिक, (२) वैदिक, (३) नक्षत्र दो घटी (४८ मिनट) के समय का एक मुहूर्त्त के १।१५ भाग या ८ पल का एक सूक्ष्म मुहूर्त्त होता है। मुहूर्त्त का आरम्भ प्रातः वार प्रवृत्ति के समय में और रात्रि के मुहूर्त्त का आरम्भ सायंकाल से होता है।

अहोरात्र या दिन

अहोरात्र सूर्य और चन्द्रमा की गति के अनुसार चार प्रकार का होता है—(१, मध्यम सावन दिन=२४ होरा ३ विहोरा ५७ प्रति विहोरा का। (२) नक्षत्र दिन=२३ होरा ५६ विहोरा ४ प्रति विहोरा का। (३) चन्द्र दिन जिसको तिथि कहते हैं, यह २३ होरा १२ विहोरा का होता है।

मास गणना—मास गणना के भी चार भेद हैं। (१) सौर, (२) चान्द्र, (३) नक्षत्र, (४) सावन। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार भिन्न-२ प्रकार के मासों का व्यवहार होता है। सौर मास कम से कम २९ दिन का तथा अधिक से अधिक ३२ दिन का होता है। चान्द्र मास २९ दिन ३१ घड़ी ५० पल ७ विपल १० प्रति विपल। सावन मास ३० दिन का और नाक्षत्र मास २७ दिन १९ घड़ी १७ पल ५८ विपल ४५ प्रति विपल का होता है।

सौर मास का सम्बन्ध खगोल तथा भूगोल दोनों से है। चान्द्र मास सूर्य और चन्द्रमा का अन्तर चान्द्रमास है। नक्षत्र मास चन्द्रमा द्वारा २७ नक्षत्रों को पार करने के काल को नक्षत्र मास कहते हैं। नक्षत्र मास से चन्द्र मास २ दिन १३ घटी से कुछ अधिक बड़ा है। परन्तु चान्द्र मास १२ मासों में १२ और नक्षत्र मास १२ मासों में १३ चक्कर करके फिर एक स्थान में हो जाते है।

ऋतु—भारतीय काल गणना में ऋतुकाल भी बहुत प्राचीन है, वेदों में एक संवत्सर में पहले पांच ही ऋतुएं मानी जाती थीं अर्थात् वसन्त, ग्रीष्म, वर्षा, शरद ये चार और हेमन्त तथा शिशिर इन दोनों को एक ही मानकर कुल पांच ही ऋतु मानी जाती थीं। तत्पश्चात् छः ऋतु सौर (सावन) मासों के द्वारा इस प्रकार मानी गई है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मन्त्रों-यन्त्रों द्वारा इष्ट-सिद्धि

प्राचीन काल में जो कार्य भौतिक साधनों द्वारा न सम्पन्न होता था उसको हमारे ऋषि-मुनि मन्त्रों द्वारा सिद्ध कर लिया करते थे। स्वयं में निहित शक्ति-युक्त वर्णों के समूह का नाम मन्त्र है। व्यष्टि और समष्टि मन की विराट एवं अव्यक्त शक्तियों को क्रियात्मक रूप प्रदान करने का महत्त्वपूर्ण कार्य आर्ष-प्रदत्त मन्त्र करते हैं। मन्त्रज्ञों एवं विद्वानों ने मन्त्रों के अनुष्ठान तथा उनकी सिद्धि के लिए विभिन्न प्रकार के नियमों का पालन करने का निर्देश दिया, जिनमें मुख्य ये हैं—(१) मन्त्रों की सिद्धि के लिए शुभ सकल्प, दृढ़ निश्चय, अटूट श्रद्धा एवं अगाध विश्वास की परमावश्यकता है। (२) दूसरे साफ, पवित्र तथा एकान्त स्थान होना चाहिए। (३) मन्त्र किसी प्रकार भी हो उसे गुप्त रखना चाहिए। (४) एकाग्रचित्तता नितान्त आवश्यक है। सिवाय अपने उद्देश्य के अन्य कोई भी विचार मन में न लाने चाहिए। (५) अनुष्ठान के दिनों सात्विक भोजन करें, आलस्य प्रमाद, भोग, मैथुनादि को त्याग कर ब्रह्मचर्य का पूर्ण पालन करना चाहिए। (६) मन में किसी प्रकार का संशय न लायें और संभव हो तो किसी योग्य तांत्रिक अथवा विद्वान से अवश्य परामर्श कर लेवें।

अधिक जानकारी के लिए हमारी पुस्तक मन्त्र शक्ति रहस्य मंगवाकर पढ़ें, मूल्य ५) रु० पेशगी भेजें।

भागे हुए व्यक्ति को वापस बुलाना :—

एक कोरा घड़ा और कसोरा ले आयें। उस पर कोई चिन्ह न हो। घड़े के बाहर और कसोरे के बीच में नीचे लिखा मन्त्र लिखें। एक कागज पर लिखकर उसे घड़े के भीतर डाल दें और साथ में पूरे चार तांबे के पैसे भी डाल दें। घड़े को कसोरे से ढककर बांई ओर घड़े को सात बार घुमाते हुए ये मन्त्र पढ़ें—'ओं ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे—

ॐ

ऐं	ह्रीं	क्लीं
डा	मुं	च
यै	च	च्चे
यहां भागे हुए का नाम लिखें		

ऐसा पृथक-२ स्थानों पर सात दिन पर्यन्त करने से भागा हुआ व्यक्ति (चाहे स्त्री हो या पुरुष) अपने स्थान से अवश्य चल पड़ेगा या अपना पता भेज देगा।

गर्भ रक्षा मन्त्र

रविवार और मंगलवार की संध्या को गाय के गोबर की कण्डी जलाकर माँ कामाक्षी के सम्मुख धूप जलावें और उस जली हुई कण्डी से भस्म भारकर उसे तीन बार नीचे लिखा मन्त्र पढ़कर अभिमंत्रित करें, तत्पश्चात् उस भस्म को गर्भवती के शरीर पर छिड़क दें तो गर्भ स्थिर रहेगा।

ओं प्रकृति रूपिणी शक्ति स्वरूपिणी।
माँ कामक्षा देव्यै नमः। ह्रीं क्रीं श्रीं फट् स्वाहा॥

मन्त्र धारण करने की विधि :—

रविवार को प्रातः उषाकालीन बासी मुख चिरचिरि की जड़ उखाड़ लावें और उसे "ओं नमः कामाक्षाय गर्भस्य सन्तान रक्षा कुरू कुरू फट् स्वाहा"—इस मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करें। इसके पश्चात् तांबे के जन्त्र में उसको डालकर रेशम की काली डोरी में पिरोकर गर्भवती स्त्री के गले में धारण करवा दें। जब तक सन्तान प्राप्ति न हो तब तक धारण किए रहें। ईश्वर की अनुकम्पा से अवश्य इष्ट सिद्धि होगी।

सब तरह के भय से मुक्ति के लिए—'ओं हि पवननन्दनाय स्वाहा।' यह महावीर जी का मूल मन्त्र है। इसको सिद्ध करने की विधि यह है कि सूर्योदय से पूर्व उठकर नदी पर जाकर स्नान करके खड़े होकर इस मन्त्र का आह्वान करें, फिर आठ बार मूल मन्त्र का जप कर बारह बार जल से शिर पर मार्जन करें, फिर दूसरे कपड़े पहनकर गंगा या नदी के किनारे बैठकर अगन्यास करें, इसका छः हजार जप दैनिक करें, सातवें दिन सूर्योदय से सूर्यास्त तक जप करें, रात्रि को महावीर जी का रुद्र रूप प्रत्यक्ष होकर निर्भयवर प्रदान करेगा।

व्यापार एवं कारोबार में लाभ के लिए—ओं नमः भायाय, ओं नमः कामाक्षाय, ओं अं कं चं टं तं पं यं शं ह्रीं ह्रीं क्रीं क्रीं ३ श्री फट् स्वाहा।

दीपावली की रात को एकान्त कमरे में आसन लगाकर सामने दीपमालिका सजाकर उपर्युक्त मन्त्र का १०८ बार जाप करें, तो मन्त्र सिद्ध हो जाएगा। व्यापार या कारोबार शुरू करने से पूर्व सात बार इस मन्त्र का जप कर लें, व्यापार में सदा वृद्धि होगी।

१. भूत-प्रेत से ग्रस्त रोगी के लिए मन्त्र-तन्त्र—ओं पवन-पुत्राय नमः, ओं नमः कामाक्षाय ह्रीं ह्रीं क्रीं क्रीं श्रीं श्रीं फट् स्वाहा।

इस मन्त्र को सरसों लेकर हाथ उलटा करके पढ़ें और भूत-प्रेत ग्रस्त रोगी (स्त्री अथवा पुरुष) के शरीर पर सरसों फैंकें। तीन बार मन्त्र पढ़कर सरसों फैंकें तो भूतादि का साया तुरन्त भाग जाएगा।

२. भूत-प्रेत भगाने का एक तन्त्र—यदि किसी स्त्री को भूत सताता हो तो पूरी सतर्कता से उसके पास जाकर उससे कुछ हटकर आसन लगावें। इसके पश्चात् गुग्गल, घोड़े का नख और सूखी लाल मिरचें जलती हुई आग में डालकर भूत खेलने वाली स्त्री की नाक के सामने रख दें। यदि फिर भी भूत न जाए तो बैंत की पतली छड़ी को "ओं नमः रुद्राय हुं हुं फट्" मन्त्र से तीन बार आमन्त्रित करके भूत-ग्रस्त स्त्री की पीठ पर तीन बैंत मारें, भूत अवश्य भाग जाएगा।

नौकरी प्राप्ति के लिये मन्त्र—"ओं नमः भगवती पद्मावती ऋद्धि-सिद्धि दायिनी दुःख दरिद्रय हारिणी श्रीं श्रीं ओं नमः कामाक्षाय ह्रीं ह्रीं फट् स्वाहा।"

शनिवार को शनिदेव की विधिवद् पूजा करें, इसके उपरान्त उपर्युक्त मन्त्र का एक हजार जप पूरा करें, तो यह मन्त्र सिद्ध हो जाएगा। रोजी ढूंढने के लिए जाने से पहले सात बार इस मन्त्र का जाप करें और चलते समय कपिला गाय को आटा और गुड़ चटाकर आगे जायें तो निश्चय ही रोजी प्राप्त होगी।

३. नौकरी प्राप्ति के लिए एक तन्त्र—कुत्ते का नख तांबे के यन्त्र में रखकर रेशमी लाल धागे से पुरुष दाईं भुजा तथा युवती बाईं भुजा में बांधकर जहां नौकरी के लिए खाली जगह हो, वहां पहुंचकर अधिकारी अथवा मालिक के पास जाएं तो तुरन्त काम बने।

धन प्राप्ति के लिए मन्त्र—"ओं श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं ओं महालक्ष्म्यै नमः।"

इस मन्त्र को बैशाख मास में स्वाती नक्षत्र कालीन आरम्भ करके एक लाख बीस हजार की संख्या में जप करें तो मन्त्र सिद्धि अवश्य होगी तथा धन का अभाव जाता रहेगा।

सन्तान प्राप्ति के लिए मन्त्र—"देवकी सुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणंगता।" इस मन्त्र का एक लाख जाप करें, फिर तिल, शहद आदि से हवन करें। कम से कम एक माला प्रतिदिन अवश्य करनी चाहिए। पति-पत्नी दोनों ब्रह्मचर्यादि व्रत का पालन करें। सात्विक भोजन करें, झूठ, निन्दा, चुगली आदि से बचें। पृथ्वी पर सोयें, पुरुष अपने केश (बाल) न कटवाएं। एक लाख संख्या का मन्त्र जप हो जाने के उपरान्त दसवां भाग जप का हवन करें तथा चार ब्राह्मणों को मिष्ठान्नादि से युक्त भोजन करवा दें, मनोकामना अवश्य पूर्ण होगी।

आयु विचार

१. जन्म-कुण्डली में लग्न चतुर्थ सप्तम और दशम भाव के अंकों में प्रत्येक को ३ से गुणा करके जोड़िये, उसमें से (यदि उक्त स्थानों में राहु और भौम पड़े हों) राहु और भौम की राशि-संख्या को निकाल देना चाहिए। जो शेष बचे उतने वर्ष आयु समझिये।

२. लग्न चतुर्थ सप्तम और दशम की राशि संख्या एकत्र करना यदि इन स्थानों में राहु, केतु, मंगल और शनि हों तो उक्त संख्याओं को जोड़कर पूर्वोक्त संख्या में घटाकर, शेष को तिगुना करना; वही आयु की वर्ष संख्या होगी।

३. अष्टमेश (१) यदि बलहीन होकर लग्न से षष्ठ या बारहवें हों। (२) अष्टमेश लग्नेश के साथ होकर उक्त स्थानों में दुर्बल रहे। (३) लग्नेश, चन्द्रमा और सूर्य या पाप ग्रह के साथ दुर्बल रहे। (४) लग्न या लग्नेश पर कर्त्तरी हो तो बालक हीनायु होता है।

४. लग्नेश अष्टमेश और कर्मेश ये तीनों बली हों, शुभ स्थान में बैठे हों तो दीर्घायु, दो बली हों और शुभ स्थान में बैठे हों तो मध्यायु, एक बली हो और शुभ स्थान में बैठा हो तो हीनायु होती है। अष्टमेश शनि अष्टम में; लग्नेश लग्न में हों तो दीर्घायु होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अंक-विद्या [Numerology] और आपका भाग्य

आजकल पाश्चात्य में तथा भारत में भी अंक विद्या की लोक-प्रियता बहुत बढ़ रही है। यद्यपि भारत में इस का प्रचलन अति प्राचीन काल से रहा है किन्तु भारतीय पद्धति वर्णमाला पर आधारित होनेके कारण शीघ्र-बोधगम्य नहीं। अंकों के आधार पर हम मनुष्य-स्वभाव की चारित्रिक विशेषताओं का आश्चर्य जनक रूप से विवेचन कर सकते हैं। हमारे मतानुसार भविष्यवाणी करना कठिन है। यहाँ पर पाश्चात्य मतानुसार अंग्रेजी मास की जन्म तारीख को आधार मान कर ९ तक की तारीख मे मूल अंकों की कल्पना की गई है तथा सूर्यादि नव ग्रहों को इन मूल अंकों का प्रतिनिधि माना गया है। ९ के बाद की तारीखों को मूल अंक बनाने की विधि इस प्रकार है—

१०=१+०=१	॥	१३=१+३=४
११=१+१=२	॥	१४=१+४=५
१२=१+२=३	॥	१५=१+५=६

क्रमश: इसी प्रकार तारीख के दोनों अंकों की इकाइयों को जोड़ कर मूल अंक बनाएं अथवा किसी भी अभीष्ट संख्या को ९ से भाग देकर जो शेष बचे, वही मूल अंक होगा।

मूल अंक १ वालेव्यक्ति—-ऐसे व्यक्ति स्थिर प्रकृति वाले क्रियात्मक स्वतन्त्र विचार धारा वाले तथा स्वाभिमानी होते हे। अधिकार प्रदर्शन की भावना भी रहती है। किसी अन्य व्यक्ति का प्रभाव व अनुशासन सहन नहीं करते। अंक १ वालों को रविवार तथा सोमवार शुभ होते हैं। पीला व सुनहरी रंग विशेष अनुकूल होता है। जीवन के १३, १९, २२, २८, ३९, ४९, ५८, वर्ष विशेष महत्त्वपूर्ण होते हैं। इस अंक का प्रतीक सूर्यग्रह है। ऐसे व्यक्तियों को नेत्र, कण्ठ, रक्त, पित्त विकारादि का भय रहता है। माणिक्य धारण करना शुभ है।

मूल अंक २ वाले व्यक्ति—इस अंक का प्रतीक चन्द्रग्रह है। ये १ अंक वाले व्यक्तियों की अपेक्षा शान्त स्वभाव के होते हैं। कल्पना, साहित्य प्रेमी, चंचल प्रवृत्ति, कला व सौंदर्य प्रेमी,लेखन कार्य करने में रुचि इनके स्वाभाविक गुणहै। सोमवार, शुक्रवार तथा रविवार शुभ है। ये निश्चयी कम होते है। जीवन के १५, २१, २४, ३७, ४३ वें वर्ष विशेष-महत्त्वपूर्ण। श्वेत रंग अनुकूल हैं।

अंक ३ वाले व्यक्ति – अनुशासन प्रिय, महत्त्वाकांक्षी, विद्या-अध्ययनी तथा परिश्रमी होते हैं। नेतृत्व करन में कुशल हैं। बृहस्पति प्रतिनिधि ग्रह हैं। इनके लिए मंगलवार, शुक्रवार तथा वीरवार और पीला रंग शुभ है। जीवनके ९ १२, ३०, ३८, ३५, वर्ष भाग्योन्नति कारक होते है। त्वचा रोगों से बचना चाहिए।

अंक ४ वाले व्यक्ति प्रतिनिधि ग्रह मंगल है। ये व्यक्ति नवीन खोज करने में दक्ष, प्रगतिशील कठिन परिश्रमी, उग्रस्वभाव वाले तथा संघर्षप्रिय होते हैं तीव्र-स्वभाव वाले तथा गम्भीर होते हैं। धन-संग्रह अधिक नहीं कर पाते। ४ १३, २२, ४०, ५९, ५८ वाँ वर्ष भाग्योन्नोति कारक रहेगा। शनिवार, रविवार तथा सोमवार शुभ दिन तथा नीलमणि विशेष अनुकूल है। मूंगा धारण करना शुभ।

अंक ५ वाले व्यक्ति—का अधिष्ठाता बुध ग्रह है। ये फुर्ती से काम करने वाले, जल्दबाज शीघ्र निर्णय लेने वाले व्यापारादि व्यवसाय में उन्नति करने तथा चंचल वृत्ति. के होते हैं। प्रत्येक प्रकार की स्थिति में ढल जाते हैं। महत्त्वपूर्ण वर्ष १५, २५, ३२, ४१, ५१, ५७वाँ वर्ष होते हैं। बुधवार, शुक्रवार तथा श्वेत व हरित रंग विशेष शुभ है। पन्ना धारण करना शुभ है।

मूल अंक ६ वाले व्यक्ति—संगीत फ़ोटोग्राफी, चित्रकला व सौंदर्य प्रेमी आदर्शवादी तथा कल्पनाशील होते हैं। किसी अन्य की अधीनता इन्हें कभी स्वीकार नहीं होती। मंगल, वीर और शुक्रवार दिन तथा नीला व गुलाबी रंग शुभ हैं। अपनी योग्यता से धनोपार्जन करना पसन्द करते हैं। जीवन के १५, २४, ३३, ४२, ५१वें वर्ष भाग्योन्नति कारक होंगे।

मूल अंक ७ वाले व्यक्ति के प्रतिनिधि—ग्रह चन्द्रमा तथा नैपचून हैं। ऐसे व्यक्ति भावुक, परिवर्तनशील तथा नए-नए स्थानों पर भ्रमण करने में रुचि रखते हैं। तन्त्र विद्या, स्वतन्त्र विचार, स्वाभिमानी व सौंदर्य प्रिय होते हैं। प्राय: आर्थिक संकट बना रहता है। सोमवार, रविवार तथा हरा रंग शुभ है। १६ २६, ५४, ५२, ५१, ६१वें वर्ष भाग्योन्नति कारक है। श्वेत गोमेध धारण करें।

मूल अंक ८ वाले व्यक्ति—का प्रतिनिधि ग्रह शनि है। ऐसे व्यक्ति अन्तर्मुखी, कठिन परिश्रमी तथा दृढ़ निश्चयी होते हैं। अपने उददेश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक सम्भव साधन (उचित व अनुचित का ध्यान किए बिना अपनाते)है। संघर्षमय दूरदर्शी तथा गूढ विद्याओं में रुचि रखने वाले होते हैं। वायु रोग से पीडित रहते हैं। चन्द्रवार शनिवार रविवार तथा गहरा नीला व स्लेटी रंग विशेष अनुकूल होता है। जीवन के २६, ३३, ३५, ४४, ५३ वर्ष भाग्योन्नति कारक होते है। नीलम धारण करना शुभ रहेगा।

मूल अंक ९ वाले व्यक्ति—का प्रतिनिधि ग्रह मंगल है। ये लोग स्पष्टवादी स्वाभिमानी, कठिन परिश्रमी उग्र प्रकृति किन्तु दयालु स्वभाव के होते हैं। समस्त जीवन संघर्षों में व्यतीत होता हैं। रक्त विकार का भय रहता है। शुक्रवार मंगलवार व बीरवार तथा लाल एवं गुलाबी रंग विशेष अनुकूल तांत्रिक विद्या मे भी रुचि रखते हैं। जीवन के १८, २७, ३१ ३६, ४५; ५४, ३३ वें वर्ष विशेष महत्वपर्ण होते हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

एषां परिहारवाक्यानि

न वर्णो न गणो न योनिर्द्विर्द्वादशके नैव षडाष्टके वा ।
तारा विरुद्धे नवपंचमे वा राशीश मैत्री शुभदा विवाहे ॥

नाडीदोषश्च विप्राणां वर्णदोषस्तु भूभुजाम् ।
गणदोषश्च वैश्येषु योनिदोषश्च पादजाम् ॥

एकनक्षत्र जातानां नाडी दोषो न विद्यते ।
अन्यर्क्षपतिवेधेषु विवाहो वर्जितः सदा ॥

रोहिण्यार्द्रा मृगेन्द्राग्नि पुष्ये श्रवण पौष्णभम् ।
अहिर्बुध्न्यर्क्षमेतेषां नाडीदोषो न विद्यते ॥

मध्ये-नितु मातुश्च संयाप्तो नैव पंचमे ।
वरस्य पंचमे कन्या कन्याया नवमो वरः ।

वर और कन्या की राशियों के स्वामी एक हों व दोनों के स्वामियों की परस्पर मित्रता हो तो वर्णादि ७ कूटों का दोष नहीं रहता। इसी तरह नाड़ी दोष में यदि वर और कन्या का नक्षत्र भिन्न-२ हो किन्तु राशि एक हो अथवा दोनों का नक्षत्र एक हो और राशि भिन्न-२ हो तो नाड़ी दोष नहीं होता। यदि दोनों की एक राशि और एक ही नक्षत्र हो तो विवाह शुभ नहीं होता, किन्तु एक नक्षत्र में भिन्न-२ चरण होने से अत्यावश्यक में शुभ हो जाता है।

ग्रह मेलापक विचार

वर और कन्या की कुण्डली में मिलान उत्तम होना आवश्यक है, क्योंकि उत्तम मिलान से द्रव्य, पुत्र, पति, पत्नी का सुख प्राप्त होता। वर की कुण्डली में जन्म लग्न, चन्द्रमा तथा शुक्र से यदि १।४।७।८। १२ इन स्थानों में मंगल पड़ा हो तो कन्या का नाशक होता है। यदि कन्या के जन्म लग्न अथवा चन्द्रमा से १।४।७।८।१२ स्थानों में मंगल हो तो वर नाशक है। जैसे—लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे। वरः पत्नी विनाशाय कन्या पति विनाशिनी॥

परिहार—यदि वर की कुण्डली में पूर्वोक्त स्थानों पर मंगल हो और कन्या की जन्म कुण्डली में भी उन्ही स्थानों में मंगल पड़ा हो तो उसका दोष नहीं होता। इसी प्रकार एक की कुण्डली में मंगल हो और दूसरे की कुण्डली में उन स्थानों में से किसी स्थान में शनि पड़ा हो तो भी मंगल का दोष दूर हो जाता है।

अतः फिर भी वर-कन्या के लग्न, लग्नेश, सप्तम, सप्तमेश, अष्टम, अष्टमेश, पंचम भाव तथा स्त्री कारक शुक्र इनके योगों को देखकर सूक्ष्म रीति से परिहार दोनों का विचार कर ज्योतिषी-कुण्डली का मिलान करें।

वर वरण में मुहूर्त विचार

(चंडेश्वर) कृ. पूर्वा ३. और विवाह नक्षत्र, शुभ तिथि, शुभ वार भद्रादि दोष रहित शुभ समय में वर का वरण कन्या के भ्राता से अथवा ब्राह्मण द्वारा करना चाहिए।

कन्या वरण में मुहूर्त विचार

(चिंतामणी) कन्या का वरण अश्वि., कृत्ति., पूर्वा ३ अनु., उषा., श्रवण, धनि. और विवाह के नक्षत्रों में तथा शुभ तिथि, शुभ वार और शुभ समय में वस्त्र, आभूषण, फल और मिष्ठान्नादि से कन्या का वरण करना शुभ होता है।

विवाह मुहूर्त विचार

विवाह संस्कार में पूर्वाचार्यों ने यद्यपि वैशा., ज्ये., आषा., मार्ग., माघ, फाल्गुन के महीनों को ग्रहण किया है, किन्तु कई एक आचार्यों ने चैत्र और पौष इन दोनों महीनों को त्याग कर शेष १० महीनों को ग्रहण किया है। इसलिए (मद्रदेश) पंजाब में अति प्राचीन काल से श्रावण, भाद्र, आश्विन महीनों में विवाह करने की प्रथा चली आई है। पर्वतीय प्रदेशों में कार्तिक महीने में भी विवाह होते हैं। कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तक की तिथियों को छोड़कर शेष तिथियों में सूर्य, चं., बु., गु., शु. वारों में मं., शनिवार मध्यम कहे हैं। रो., मृ., मघा, उत्तरा ३, हस्त, स्वा., अनु., मूल, रेव. इन नक्षत्रों में वर को सूर्य और चन्द्रमा का बल देखकर विषम वर्षों में और कन्या को गुरु और चन्द्रमा का बल देखकर सम वर्षों में विवाह संस्कार करना शुभ कहा है। कन्या की अवस्था यदि १० वर्ष से अधिक हो तो गुरु का बल देखना जरूरी नहीं। (वशिष्ठ)

पहले गर्भ के लिए जन्म मासादिकों का निषेध

(नारदः) न जन्ममासे जन्मर्क्षे न जन्मदिवसेऽपि वा आद्यगर्भ सुतस्यार्थ दुहितुर्वा करग्रहः। जन्मदिन से लेकर ३० दिन तक जन्म-मास कहलाता है। जन्ममास, तिथि और जन्म नक्षत्र में पहले गर्भ के पुत्र वा कन्या का विवाह न करें। अत्यावश्यक में विवाह करना हो तो वशिष्ठ जी के मत से जन्म दिन छोड़ दें, अत्रि जी के मत से जन्म दिन से ३ दिन छोड़कर जन्ममास में विवाह कर लेवें। गर्ग जी के मत से ५ दिन छोड़ें और भागुरि जी के मत से जन्म मास में पक्ष भर छोड़कर विवाह कर लेवें।

ज्येष्ठ महीने में विवाह का विचार

जहां पर लड़का जेठा हो, कन्या जेठी हो और ज्येष्ठ का महीना हो, इसको तीन जेठ कहते हैं। यह तीन जेठ विवाह में सर्वथा वर्जित कहे हैं और जहां पर जेठा लड़का और ज्येष्ठ का महीना अथवा जेठी लड़की और ज्येष्ठ का महीना हो, इसको दो ज्येष्ठ कहते हैं, यह दो ज्येष्ठ विवाह में मध्यम कहे हैं, जहां लड़का और लड़की जेठे न हों केवल जेठ का महीना हो तो यह एक विवाह जेठ में उत्तम कहा है। इसी तरह लड़का और लड़की जेठे हों और ज्येष्ठ का महीना हो तो दोनों का विवाह न करें। (वराह) द्वौ ज्येष्ठौ मध्यमौ प्रोक्तावेको ज्येष्ठ शुभा .ह। ज्येष्ठत्रय न कुर्वीत विवाहे सर्वसम्मतम्।

(गर्गः) ज्येष्ठायाः कन्यकायाश्च ज्येष्ठ पुत्रस्य वै मिथः विवाहो नैवकर्त्तव्यो यदि स्यान्निधनं तयोः। जब तक कृतिका नक्षत्र में सूर्य है, तब तक ज्येष्ठ महीने का निषेध होता है। ज्येष्ठ के महीने की तरह मार्गशीर्ष महीने में भी आद्य गर्भ का विवाह न करें। (भारद्वाजः)

विवाह में विशेष विषयों पर विचार

पुत्र के विवाह के उपरान्त अपनी कन्या या अपने त्रिपुरुष कुल की कन्या का विवाह ६ महीने तक न करें अर्थात् लड़की के विवाह के बाद लड़के का विवाह हो सकता है। इसी तरह विवाह के पीछे मुण्डन या यज्ञोपवीत ६ महीने तक न करें। (नारदः) दो सगे भाइयों का विवाह दो सगी बहिनों से न करें तथा एक वर के साथ दो सगी बहिनों का विवाह न करें (वशिष्ठ)। पुत्रिका द्वयमेकस्मै न दद्यात् कदाचन। जिस वर को अपनी कन्या देवें, उसको बहिन के साथ अपने लड़के का विवाह न करें (नारदः)। उद्वाहोनैव कार्यों नैकस्मै दुहितृद्वयम्। दो सगे भाइयों का विवाह ६ महीने के भीतर न करें (वशिष्ठ)। विवाहस्त्वेकजन्यानां षण्मासाभ्यन्तरे यदि। असंशयंत्रिभि-र्वर्षैस्तत्रैका विधवा भवेत्॥ दो सगे भाइयों का और दो सगी बहिनों का एक संस्कार ६ महीने में न करें, (वृद्धमनुः)। भिन्न माता के उदर से उत्पन्न हुए दो अथवा यमल भाई या बहिनों का एक कर्म द्वारभेद और मंडपभेद आचार्यभेद से हो सकता है। इसी तरह भेद के हो जाने से ६ महीने के भीतर हो सकता है। मंगल संस्कार से ६ महीने तक पितृ कर्म न करें, अथवा वर्ष जैसे माघ, फाल्गुन में विवाह किया हो तो वैशाख में मुण्डन व यज्ञोपवीत करने से दोष नहीं होता, बड़े मंगल कर्म के उपरान्त लघु मंगल कर्म न करें। यह ६ महीने का निषेध तीन पीढ़ी के पुरुषों के लिए ही कहा है, चौथी पीढ़ी के पुरुषों को दोष नहीं होता।

विवाह में त्रिविक्रममत् से लग्न का विचार

(त्रिविक्रमसंहितायां) त्याज्या लग्नेऽब्धयो मंदःषष्ठे शुक्रेन्दु-लग्नपा। रन्ध्रे चंद्रोदयः पंच सर्वेऽस्तोऽब्जगुरु समौ॥ विवाह लग्न का निश्चय करना हो तो लग्न में श., सू., मं., चं. न हो तथा लग्न से छठे स्थान में शु., चं. और लग्न का स्वामी न हो, लग्न से आठवें च., मं., बु., गु., शु. नहीं होने चाहिए और लग्न से सातवें स्थान में कोई ग्रह न हो तो विवाह लग्न शुद्ध होता है. किन्तु चन्द्र और गुरु सातवें होने से समान फल करते हैं।

छठे शुक्र तथा अष्टम मंगल का विचार

विवाह लग्न से छठे स्थान में शुक्र तथा आठवें स्थान में मंगल यदि शत्रु राशिगत या नीच राशिगत हो तथा मंगल अस्तंगत हो तो

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

भौम दोष नहीं होता। (कश्यपः) नीचराशिगते शुक्रं शत्रुक्षेत्रगतेऽपि वा भृगुषट् कोस्थितो दोषो नास्त्यत्र न संशयः ॥ अस्तगे नीचगेभौमे शत्रुक्षेत्रगतेऽपि वा। कुजाष्टमोद्भवो दोषो न किंचिदपि विद्यते ॥ इसी तरह ६, ८ और १२वें स्थानगत चन्द्रमा का नीच और नीचांशक में होने से दोष नहीं होता।

नीचानीचांशगश्चन्द्रोनाशुभोष्टारि रिष्फगः ॥

लग्न में कर्तरी दोष का विचार

लग्न से १२वें स्थान में मार्गी क्रूर ग्रह हो और लग्न से दूसरे स्थान में वक्री ग्रह हो तो कर्तरी दोष होता है। कर्तरी दोष युक्त लग्न को सर्वथा त्याग देवें, किन्तु कर्तरी ग्रह यदि शत्रु राशि या नीच राशि गत तथा अस्तंगत हो तो कर्तरी दोष नहीं होता, (उक्तंच) पयोः कर्तरीकर्त्रोः शत्रु नीचगृहस्थयोः यदा चास्तंगयोर्वापि कर्तरी नैव दोषद ॥ क्रूरः कर्तरी संयुक्त लग्न चन्द्र च न त्यजेत् केन्द्र त्रिकोण सस्थेषु गुरु भार्गवनचिन्तयेत् ॥ शुभैः धनस्थैरयवांत्यगे गुरौ न कर्तरी स्यादिति भार्गवो विदुः।

गोधूलि लग्न में ग्रहों का विचार

जिस दिन गोधूलि लग्न का विचार करना हो उस दिन गोधूलि लग्न से २, ३ और ११वें स्थान में चन्द्रमा होना चाहिए तथा गोधूलि लग्न से आठवें स्थान में श., बु., गु. और शु. नहीं होने चाहिए, इसी तरह छठे स्थान में चन्द्रमा भी न हो गोधूलि लग्न शुद्ध होता है।

गोधूलि लग्न विचार

मार्ग., पौष, माघ और फाल्गुन महीनों में संध्या के समय सूर्य गोलक के समान दृष्टिगोचर होने पर जो लग्न होता है वह गोधूलि लग्न होता है। इसी प्रकार चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ और आषाढ़ महीनों में सूर्य आधा अस्त हो जाने पर जो लग्न हो उसको गोधूलि लग्न कहते हैं। वैसे ही श्रावण, भाद्रपद, आश्विन और कार्तिक महीनों में सूर्य सम्पूर्ण अस्त हो जाने पर जो लग्न होगा वह गोधूलि लग्न कहलाता है।

कुल देवता स्थापन मुहूर्त—अश्वि., रो., पुष्य, उफा., ह., चि., स्वा., अनु., उषा., उभा., रे. इन नक्षत्रों में चं., बु., गु., शुक्र वारों में और शुभ तिथियों में और स्थिर लग्न में भद्रादि दोष रहित समय में शुभ होता है।

विवाह तैल संख्या चक्रम्

वर और कन्या की राशि द्वारा नीचे लिखे चक्र से तैल संख्या जानें।

राशि	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
तैल संख्या	७	१०	५	१०	५	७	७	५	५	५	५	७

वधु प्रवेश मुहूर्त विचार

विवाह दिन से २।४।५।६।७।८।९।१०।११।१२।१४।१६ इन दिनों में और स्थिर लग्न में वधु प्रवेश शुभ होता है। उपरोक्त दिनों में तिथि और नक्षत्रादियों का नियम नहीं होता, यदि ऊपर कहे हुए दिनों में वधु प्रवेश न कर सके तो विषम दिनों में, विषम महीनों में, विषम वर्ष में, अश्वि., रो., मृ., पुष्य, ह., चि., स्वा., अनु., मू., उत्तरा ३, श्र., ध., रे. इन नक्षत्रों में चं., बु., गु., शु., श. वारों में, २।३।५।६।७।८।१०।११।१२।१३ इन तिथियों में, ५।८।११ लग्नों में लग्न से ४।८ स्थान शुद्ध होने पर भद्रा, व्यतिपातादि दोष रहित समय में और रात्रि के समय वधु प्रवेश शुभ कहा है।

द्विरागमनम्

विवाह से विषम महीनों-वर्षों में, वै., मार्ग., फा. महीनों में, अश्वि., रो., मृ., पुन., पुष्य, ह., चि., स्वा., उत्तरा ३, अनु., मू., श्र., ध., श. रे. नक्षत्रों में, चं., गु., शु. वारों में शुभ होता है, बु. श. मध्यम हैं, रिक्ता रहित तिथियों में और २।३।५।११ लग्नों में भद्रादि दोष रहित समय में शुभ कहा है, सन्मुख और दाहिने शुक्र का इसमें दोष होता है, रेवती नक्षत्र से मृगशिर नक्षत्र तक चन्द्रमा रहने से सन्मुख और दाहिने शुक्र का दोष नहीं होता, विवाहादि उत्सव में, तीर्थ यात्रा में अथवा दुर्भिक्षादि उपद्रव में प्रति शुक्र का दोष नहीं होता।

शुक्रास्ते वर्ज्यं कर्माणि

ललाट क्षेत्र का विकास व्यक्ति की मानसिक, बौद्धिक एवं सात्विक शक्ति का सूचक है। नासिका क्षेत्र मनुष्य की भौतिक, व्यावहारिक एवं राजसी प्रवृत्तियों का सूचक है। मुख क्षेत्र जातक की जैविक, वासनात्मक एवं मानसिक इच्छाओं का सूचक है। जिस जातक का ललाट एवं नासिका क्षेत्र उन्नत, विकसित तथा विस्तृत होता है वह बुद्धिमान, ज्ञानवान, विचारशील, व्यावहारिक, चतुर तथा साहसी होता है तथा जीवन में सफल होता है। यश, धन, सुख तीनों को प्राप्त करके जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। जिस जातक के ललाट एवं मुख क्षेत्र विकसित, उन्नत एवं विस्तृत हों वह गम्भीर, धीमा, चतुर, चालाक, धूर्त, कामी, दम्भी, विचारवान, समय और स्थिति को पहचानने वाला होता है। यह व्यक्ति अधिक स्वार्थी होता है और जरूरत पड़ने पर असत्य एवं अन्याय का भी सहारा लेता है। जिस जातक के नासिका क्षेत्र एवं मुख क्षेत्र विस्तृत, उन्नत, विकसित हों, विशेषकर मुख क्षेत्र नासिका क्षेत्र से अधिक विकसित एवं उन्नत हो ऐसा व्यक्ति कामी वासनायुक्त, असभ्य, मंदबुद्धि, हिंसक होगा। यदि नासिका क्षेत्र, मुख क्षेत्र से अधिक विकसित हो तो जातक उत्तेजित, आक्रामक, द्रुतगामी, स्पष्टवक्ता, मनमौजी, संरक्षक एवं न्यायप्रिय होगा।

प्रश्न विचार

जिस भाव सम्बन्धी विषय का विचार करना हो उस भाव का स्वामी कार्येश कहलाता है और लग्न का स्वामी लग्नेश कहलाता है। अगर प्रश्न लग्न में निम्न लिखित योग हों तो कार्यसिद्धि होती है- (१) लग्न का स्वामी कार्यभाव में हो और कार्येश लग्न में हो। (२) लग्न का स्वामी लग्न में हो और कार्यभाव का स्वामी कार्यभाव में हो। (३) यदि लग्न का स्वामी और कार्यभाव का स्वामी दोनों ही लग्न में हों। (४) लग्नेश और कार्येश दोनों कार्यभाव में हों।

इन चारों योगों के लग्नेश और कार्येश इन दोनों पर चन्द्रमा की दृष्टि हो और चन्द्रमा को भी लग्नेश कार्येश देखें तो कार्य की सिद्धि जाननी चाहिए। यदि चन्द्रमा मित्रक्षेत्री हो तो और भी अधिक शुभ जानना चाहिए। यदि लग्नेश कार्येश के ऊपर चन्द्रमा की दृष्टि न हो तथा अन्य शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो प्रश्न सम्बन्धी कार्य से भिन्न कोई नवीन शुभ प्रयोजन उत्पन्न हो। लग्नेश लग्न को और कार्येश कार्य भाव को देखता है तो कार्यसिद्धि होगी। यह कार्यसिद्धि तब होगी जब चन्द्रमा कार्यभाव पर आएगा।

धन लाभ कब होगा?- (१) लग्न का स्वामी लेने वाला होता है और ग्यारहवें स्थान का स्वामी देने वाला होता है। जब लग्नेश और एकादशेश का योग होता है और चन्द्रमा लाभ भाव को देखता है तो लाभ होता है। (२) यदि लग्नेश छठे, आठवें, बारहवें घर में हो तो धन का नाश होता है।

गर्भ सम्बन्धी प्रश्न:- (१) यदि पंचम भाव का स्वामी पंचम भाव को न देखता हो और पाप ग्रह पंचम भाव में स्थित हो या पंचम भाव को देखता हो तो गर्भपात हो जाएगा। (२) यदि पंचम भाव का स्वामी पंचम भाव को देखता हो तो प्रसव होता है। (३) यदि प्रश्नकाल में जिस किसी चार स्थानों में दो-दो ग्रह हों, तो एक साथ दो सन्तानों का प्रसव होता है। (४) प्रश्न लग्न से शुक्र जितने संख्यक स्थान में स्थित हो उतने महीने पर्यन्त गर्भ की स्थिति कहना और शुक्र यदि दसवें, ग्यारहवें, बारहवें भाव में हो तो पंचम भाव से लेकर शुक्र के स्थान तक गिनकर मास संख्या जानी जाती है।

गर्भ सम्बन्धी प्रश्न:-यदि गर्भिणी स्त्री पिता के घर में हो तो पिता से धारित नाम और पति के घर में हो, ससुराल का नाम ग्रहण करके जो अक्षर संख्या हो उसमें पति की नामाक्षर संख्या मिलाने फिर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से लेकर पूछने के दिन तक जो तिथि हो यहां तक गिनकर जोड़ दें, योगांक में तीन का भाग दें, एक शेष बचे तो पुत्र, दो बचें तो कन्या, शून्य बचे तो गर्भ नहीं है या गर्भ गिर जाएगा अथवा उत्पन्न होने पर भी उस गर्भ की सन्तति का नाश होगा ऐसा कहना चाहिए।

सन्तान सम्बन्धी प्रश्न:--पंचम भाव में बुध या शुक्र हो तो जातक को कन्या रत्न की प्राप्ति सम्भव है। ग्यारहवें भाव में चन्द्रमा हो तो जातक को कन्या रत्न की प्राप्ति होगी। लग्नेश की पंचम भाव में स्थिति और पंचमेश

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

तथा बृहस्पति का बलवान होना भी सन्तति कारक योग बनता है। शुभ ग्रह दृष्ट लग्नेश और पंचमेश का केन्द्रस्थ होना सन्तान योग बनाता है। यदि पांचवें भाव में सूर्य, मंगल और राहु तीनों ही हों तो सन्तान देर से होगी। यदि पांचवें भाव में केतु हो तो सन्तान की प्राप्ति में देर होगी। यदि प्रश्न कुण्डली में चौथे भाव में पाप ग्रह और पांचवें भाव में बृहस्पति हो तो सन्तानाभाव का योग है। यदि तीसरे और आठवें भाव में शनि हो तो सन्तान नहीं होगी। यदि दूसरे, पांचवें या दशम भाव में मंगल हो तो पुत्रहीन योग बनता है। यदि पांचवें भाव में शनि और राहु के साथ सूर्य हो तो सन्तान उत्पन्न होते ही नष्ट हो जाती है।

भूमि, मकान सम्बन्धी प्रश्न:-(१) यदि चतुर्थ भाव में शनि द्वारा दृष्ट राहु स्थित हो तो बंटवारे में भूमि मकान आदि की प्राप्ति होती है। (२) यदि चतुर्थेश द्वितीय अथवा ग्यारहवें भाव में हो तो भूमि आदि का प्रचुर लाभ होता है। (३) यदि चतुर्थ भाव शुभ ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो जातक को घर भूमि की प्राप्ति होती है। (४) यदि बृहस्पति और शुक्र से दृष्ट चतुर्थेश त्रिकोण अथवा केन्द्र में हो तो जातक अपने परिश्रम से भूमि मकान खेत आदि प्राप्त करता है। (५) यदि चतुर्थेश और दशमेश में राशि परिवर्तन योग हो तो जातक को घर, भूमि, खेती बगीचा आदि की प्राप्ति शीघ्र होती है;

मुकद्दमें में जीत हार:- (१) यदि प्रश्न में पाप ग्रह लग्न में बैठा है तो वादी जीते और यदि वही पाप ग्रह नीच राशि में, सूर्य के सानिध्य से अस्त या शत्रुग्रह के राशि में हो तो वादी नहीं जीतेगा अर्थात उसकी हार होगी। (२) यदि सप्तम भाव में बाल पापग्रह हो तो शत्रु की विजय हो। (३) यदि लग्न और सप्तम भाव में बराबर पापग्रह हों और वह बराबर बली हों तो मुकद्दमा अथवा लड़ाई देर तक चले और अन्त में दोनों घरों में जो ग्रह अधिक बली होगा उस भाव वाला जीतेगा-प्रश्न लग्न वाला पापग्रह अधिक बली होगा तो वादी की जीत होगी। अगर सप्तम भाव स्थित पाप ग्रह अधिक बली होगा तो प्रतिवादी की जीत होगी।

विवाह में, शत्रु को मारने में, युद्ध में, संकट (आवश्यक विवाद यात्रादि) में भी पापग्रह लग्न में हों तो विजय होती है और प्रश्न लग्न पर पापग्रह की दृष्टि हो तो पराजय होती है।

प्रवासी सम्बन्धी प्रश्न:-अगर कोई प्रश्न करे कि अमुक पुरुष विदेश गया है, घर नहीं पहुंचा, बंधा हुआ है या मर गया है? (१) यदि प्रश्न लग्न में पापग्रह हो तो वह मारा नहीं गया है और बन्धन में भी नहीं है अर्थात् कुशल से है, ऐसा कहना। (२) प्रश्न लग्न से सप्तम या अष्टम भाव में यदि पापग्रह, अथवा लग्न और सप्तम इन दोनों में पापग्रह हों तो मरण व बन्धन कहना। यदि प्रश्न काल में चर राशि अर्थात् मेष, कर्क, तुला और मकर इनमें से कोई राशि लग्न में हो तथा चर राशि का नवांश भी लग्न में हो और लग्न से चौथे भाव में चन्द्रमा हो तो विदेशी अपने घर पहुंच गया ऐसा कहना।

प्रवासी का आगमन:-(१) प्रश्नकाल में केन्द्र से द्वितीय स्थानों (दूसरे, पांचवें, आठवें, ग्यारहवें) में ग्रह प्राप्त हो तो विदेश गए व्यक्ति का आगमन कहना। अगर दूसरे, पांचवें, आठवें और ग्यारहवें भाव में ग्रह न हों तो गोचर में जब इन भावों में ग्रह आने की सम्भावना हो तो प्रवासी तब लौट कर आएगा ऐसा कहना। (२) सातवें केन्द्र को छोड़कर अन्य केन्द्र भाव (१, ४, १०) से द्वितीय भाव (२, ५, ११) में चन्द्रमा हो तो विशेष रूप से आगमन कहना।

रोगी के जीवन मरण का विचार:-(१) यदि प्रश्न लग्न से सप्तम, द्वादश और दूसरे भाव में पापग्रह हों और लग्न छठे, आठवें भाव में चन्द्रमा हो तो शीघ्र मृत्यु करने वाला योग होता है अथवा चन्द्रमा के दोनों तरफ यदि पाप ग्रह हों तो भी शीघ्र मृत्यु कारक योग होता है। (२) लग्न में सूर्य और सातवें भाव में चन्द्रमा हो तो भी मृत्यु योग होता है। अगर जीवन-मरण प्रश्न का न होकर अन्य विषय सम्बन्धी हो तो मृत्यु योग नहीं कहना, खाली कठिनाईयां आएंगी ऐसा कहना।

बन्धन एवं दण्ड विषयक प्रश्न विचार:-(१) दूसरे बारहवें अथवा पांचवें-नवें भाव में पाप ग्रह हो तो जातक को कारावास दण्ड भोगना पड़ेगा। (२) चौथे भाव में मंगल और दसवें भाव में शनि हो तो लम्बे कारावास या मृत्यु दण्ड का सूचक है। (३) यदि नवम भाव में शुक्र, शनि और सूर्य तीनों एक साथ बैठे हों तो किसी घृणित अपराध में दण्ड भुगतना होगा। (४) यदि लग्नेश और षष्ठेश राहु, केतु से युक्त या दृष्ट होकर केन्द्र अथवा त्रिकोण में बैठे हों तो कठोर कारावास का दण्ड मिलेगा।

अमुक वस्तु खरीदने में लाभ रहेगा?-(१) प्रश्न लग्न का स्वामी खरीदने वाला और ग्यारहवें भाव का स्वामी बेचने वाला होता है। यदि लग्न का स्वामी लग्न को पूर्ण दृष्टि से देखता हो तो उस वस्तु को खरीदने से प्रश्नकर्ता को लाभ होता है। लग्न का स्वामी उदित, स्वक्षेत्री, मित्रक्षेत्री, वर्गोत्तम आदि में स्थित होकर लग्न को जितनी दृष्टि से देखता हो, उतना ही लाभ होता। अर्थात् एक चरण दृष्टि से देखता हो तो सवाया लाभ, दो चरण दृष्टि से देखता हो तो ड्योढ़ा लाभ, ऐसा जानना।

अमुक वस्तु बेचने में लाभ रहेगी?-प्रश्न काल में प्रश्न लग्न से एकादश भाव बलवान् हो तो खरीदी हुई वस्तु बेचने से लाभ होगा, अर्थात् एकादश भाव का स्वामी एकादश भाव में हो या एकादश भाव को पूर्ण दृष्टि से देखता हो तो लाभ होगा, ऐसा कहना।

अमुक वस्तु सस्ती रहेगी या महंगी:-(१) ऐसे प्रश्न में जिस ग्रह से लग्न बलयुक्त होता है वह ग्रह जितने मास तक उस प्रश्न लग्न से अशुभदायक नहीं होता तब तक वह वस्तु सस्ती रहती है। (२) यदि लग्न में पापग्रह हो अथवा लग्न पर एवं लग्नेश पापग्रहों से युक्त एवं दृष्ट हो तो वस्तु महंगी होती है। परन्तु कब तक महंगी रहेगी? जितने दिन में वह प्रश्न लग्न गोचर में शुभत्व को प्राप्त हो तब तक महंगी उसके बाद सस्ती होगी जब लग्न शुभयुक्त और शुभदृष्ट होगा। (३) क्रय-विक्रय के प्रश्न लग्न बलवान् हो तो वस्तु सस्ती और लग्न निर्बल हो तो वस्तु महंगी होती है। लग्न शुभ ग्रह और स्वामी से देखा जाता हो तथा केन्द्र (१, ४, ७, १०) में शुभ ग्रह स्थित हो तो लग्न बलवान् होती है। इसके विपरीत अर्थात् पाप ग्रह से दृष्ट, केन्द्र में पाप ग्रह हों तो निर्बल कहलाता है।

अमुक स्थान में गड़ा धन है या नहीं?-(१) प्रश्न कुण्डली में चतुर्थ भाव का स्वामी चौथे स्थान को देखता हो तो धन है ऐसा कहना। यदि चतुर्थ स्थान पर पापग्रह की भी दृष्टि हो तो धन है परन्तु प्राप्ति नहीं होगी। (२) चौथे भाव में कोई भी ग्रह हो तो धन उत्तम पात्र में है ऐसा जानना। यदि चौथा यानि चतुर्थ भाव पर चतुर्थेश की दृष्टि न हो तो भी यदि चन्द्रमा चतुर्थ स्थान में हो तो धन है, ऐसा कहना।

नष्ट वस्तु प्रश्न-प्रश्न, तिथि, वार, नक्षत्र, लग्न तीनों एकत्र कर उनको पांच से भाग देने से शेष १ रहे तो वस्तु पृथ्वी में है। २ बचे तो जल में है मिलेगी नहीं। ३ बचे तो आकाश में है मिलेगी नहीं। ४ बचे तो राजा ले गया। ५ बचे तो वायु गत हुई शोक जानो।

नष्ट वस्तु परिज्ञान

नक्षत्री की संज्ञा	नक्षत्र	दिशा	अवधि प्राप्ति या नहीं
अन्धलोचन	रो., पु., उ. फा., वि.,पू. षा., ध., रे.	पूर्व	शीघ्र मिले प्रयत्न से
मंदलोचन	मृ., अश्वि., ह., अनु., उषा., श., अ.	दक्षिण	३ दिन में मिले प्रयत्न से
मध्यलोचन	आ., म., चि., ज्ये., अभि., पुष्य., भ.	पश्चिम	६४ दिन में मिले प्रयत्न से
सुलोचन	पुन., पूफा., स्वा., मू., श्र., उभा., कृ.	उत्तर	नहीं मिले

चोर ज्ञानम्-प्रश्न लग्न की कुण्डली बनाकर देखिए, सप्तम स्थान में स्त्री राशि है या पुरुष राशि। स्त्री राशि हो तो स्त्री चोर, पुरुष राशि हो तो पुरुष चोर है, ऐसा जानो।

सर्पदंश सम्बन्धी प्रश्न-मूल, कृतिका, मघा, विशाखा, आश्लेषा, रेवती आर्द्रा नक्षत्रों में सर्प ने काटा है तो यदि गरुड़ भी रक्षा करें तो भी प्राण नहीं बच सकते।

ऋणी-धनी प्रश्न-अपने वर्ग को दूनाकर दूसरे का वर्ग जोड़ना फिर आठ का भाग देना। फिर दूसरे का वर्ग दूना करके अपना वर्ग जोड़ना उपरान्त आठ का भाग देना। जिसका अधिक शेषांक बचे तो ऋणी तथा कम बचने वाले को धनी जाना।

पशु विषयक प्रश्न-सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र नवम तक हो तो पशु वन में है आगे से छः नक्षत्र में हो तो पशु घर को शीघ्र आएगा। आगे के दो नक्षत्र में मिलेगा नहीं, आगे की तीन नक्षत्र में मृत्यु को प्राप्त हुआ ऐसा जाने।

आयु निर्णय चक्र:

दीर्घायु	मध्यायु	अल्पायु
चर में लग्नेश/चर में अष्टमेश	चर में लग्नेश/स्थिर में अष्टमेश	चर में लग्नेश/द्विस्व. अष्टमेश
स्थिर में लग्नेश/द्विस्व. अष्टमेश	स्थिर में लग्नेश/चर में अष्टमेश	स्थिर में लग्नेश/स्थिर में अष्टमेश
द्विस्व. लग्नेश/स्थिर में अष्टमेश	द्विस्व. लग्नेश/द्विस्व. अष्टमेश	द्विस्व. लग्नेश/चर में अष्टमेश

आयु निर्णय-(१) जन्म कुण्डली में देखें लग्नेश एवं अष्टमेश-चर, स्थिर, द्विस्वभाव किस राशि में पड़ा है। पश्चात् ऊपर दिये गये चक्र से जातक की दीर्घायु मध्यायु एवं अल्पायु निश्चित करें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

लग्न विचार

मेष लग्न:- मेष लग्न में पैदा हुए व्यक्ति का गेहुंआ रंग, लम्बा कद, दुबला किन्तु बलिष्ट शरीर, रक्त गोल नेत्र, मुख पर चिन्ह, कठोर किन्तु घुंघराले केश, क्रोधी एवं उपद्रवी स्वभाव, अत्यन्त साहसी उधमी, उग्र-प्रकृति वाला होता है। यह जातक स्वतन्त्र विचार वाला प्रगतिशील, महत्वाकांक्षी, सदैव नेतृत्व की चाह करने वाला, प्रभावशाली स्वच्छन्द विचरण करने की लालसा करने वाला होता है। मेष लग्न वाले व्यक्ति नई योजनाओं की सृष्टि करते हैं। तथा अद्‌भुत विचारों के अन्वेषक होते हैं। बड़े होकर योग्य प्रशासक, इंजीनियर (मकेनिकल), सर्जन, सेनापति, सफल व्यापारी बन सकते हैं। इनके लिए गुरु शुभ होता है। शनि बुध शुक्र अशुभ होते हैं। इनके लिए प्राय: शनि अथवा बुध ही मारकेश बनते हैं। जातक को मस्तिष्क सम्बन्धी रोगों की सम्भावना होती है तथा ज्वर, अग्नि अथवा शस्त्र भय रहता है। इनका भाग्योदय १६, २२ २८, ३२, ३६ वें वर्ष में होता है।

वृष लग्न:- जातक का ठिगना कद, पुष्ट एवं स्थूल शरीर होता है। यह लोग कामी, चतुर, ईर्षाल, शान्त स्वभाव वाले, इच्छानुसार काम करने वाले तथा सभी कार्यों को गुप्त रखने वाले, सांसारिक द्रव्य एवं धन सम्पत्ति एकत्रित करने वाले तथा अधिकार सुख की कामना करने वाले होते हैं। इनकी स्मरणशक्ति प्रबल होती है। यह लोग बैंकिंग, कास्टमैटिक्स, भवन निर्माण, जवाहरात विज्ञापन एवं प्रचार इत्यादि व्यवसायों में सफल होते हैं। इनको कन्ठ सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना होती है। इनके लिए सूर्य, बुध शुभ तथा शुक्र, बृहस्पति एवं चन्द्र अशुभ होते है। इनका भाग्योदय २५, २८ ३६ एवं ४२ वें वर्ष में होता है।

मिथुन लग्न:- जातक का कद लम्बा किन्तु दुबला, सुन्दर नेत्र, छोटी नाक होती है। यह व्यक्ति प्रसन्नचित, चपल, तीक्षण बुद्धि, मधुर एवं स्पष्टवक्ता, शीघ्र गतिवान, दूरदर्शी, मेधावी, यात्रा एवं परिवर्तन प्रेमी, खेलों का शौकीन, साहित्य-कला सौन्दर्य में रूचि रखने वाला होता है। मिथुन लग्न वाले व्यक्तियों में बुद्धि तथा भाव तत्व दोनों ही प्रबल रूप में होते हैं। बड़े होकर पत्र-व्यवहार, सम्पादन, लेखन, प्रचार-प्रसार, अध्यापन, एकाउन्टस, संगीत, यात्रा, क्रय-विक्रय सम्बन्धी व्यवसाय में सफल होते हैं। इनको फेफड़े तथा स्नायु-सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना रहती है। इनकी भाग्योन्नति २२, ३२, ३४, ३६, ४२ वें वर्ष में होती है। इनके शुक्र शुभ चन्द्रमा अशुभ मंगल, सूर्य अरिष्टकारक होते हैं।

कर्क लग्न:- जातक का मध्यम कद, गौर वर्ण, सुन्दर मुख, सगठित शरीर होता है। इस लग्न के व्यक्ति बुद्धिमान, गतिशील, अस्थिर स्वभाव वाले, उदार, विशाल ह्रदय कल्पनाशील, परिश्रमी भावुक मन वाले, विलासी, सम्पत्तिवान, समयानुसार काम करने वाले होते हैं। बड़े होकर यह राज्याधिकारी, डाक्टर, नेता, मन्त्री, प्राध्यापक, नाविक तथा जलोत्पन्न वस्तुओं के व्यवसायी बनते हैं। इनको उदर ह्रदय, मूत्राशय-सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना रहती है। इनके लिए मंगल शुभ, शुक्र एवं बुध अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २४, २५, २८ एवं ३२ वें वर्ष में होता है।

सिंह लग्न:- जातक की चौड़ी छाती, बली भुजाएं एवं दृढ़ हड्डी तथा पुष्ट शरीर प्रभावशाली एवं आकर्षक व्यक्तित्व होता है। यह लोग नेतृत्व की चाह करने वाले प्रसासनिक अधिकारों का पूर्ण सदुपयोग करने में सफल होते हैं। इनका रहन-सहन आडम्बरपूर्ण तथा रईस मिजाज होता है। बड़े होकर यह व्यक्ति अभिनेता, प्रशासक, सैनिक, वकील, व्यापारी, वन-सम्बन्धी व्यवसाय करते हैं। इनको ज्वर एवं मस्तिष्क पीड़ा आदि रोग हो सकते हैं। इनके लिए सूर्य एवं मंगल शुभ, बुध एवं शुक्र अशुभ राहु-केतु मारक स्थान में स्थित होने से मृत्युकारक होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २४, २६, २८, ३२ वें वर्ष में होता है।

कन्या लग्न:- जातक का छोटा कद, कोमल शरीर तथा छोटे बाजू होते हैं। इनका स्त्री स्वभाव होता है तथा यह लज्जाशील, मधुरभाषी विचारशील, धैर्यवान, बुद्धिवादि, गणितज्ञ, तार्किक एवं साहित्य प्रेमी होते हैं। कन्या लग्न वाले व्यक्तियों की स्मरणशक्ति तीव्र होती है तथा यह सभी कार्य गुप्त रखते हैं। इनमें आत्म विश्वास की कमी रहती है। बड़े होकर यह व्यक्ति गणितज्ञ, पुस्तक विक्रेता, सचिव, दलाल, साहित्यक, अध्यापक, ज्योतिषी अथवा मनोवैज्ञानिक बन सकते हैं। व्यापार की अपेक्षा इनको नौकरी में अधिक लाभ हो सकता है। इनको पेट की बीमारियां लग सकती हैं। इनके लिए बुध, शुक्र शुभ, चन्द्रमा, मंगल बृहस्पति अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २५, ३२, ३३, ३५, ३६वें वर्ष में होता है।

तुला लग्न:- जातक दुबला किन्तु लम्बा, सुन्दर प्रशन्नचित तथा तीक्षण बुद्धि वाला होता है। यह न्याय एवं शान्तिप्रिय, मध्यस्थता का कार्य करने में निपुण, सत्यवक्ता, धार्मिक, सुधारवादी, दार्शनिक, साधु स्वभाव, लोकप्रिय, बच्चों का विशेष स्नेही, स्त्री-कला-नृत्य संगीत प्रेमी, प्रतिष्ठित होता है। इस लग्न के व्यक्ति न्यायाधीश, वकील, परामर्शदाता, साहित्य प्रेमी, कवि, नीतिज्ञ तथा व्यापारी बनते हैं। इनको गुर्दा, मूत्रस्थली एवं कमर सम्बन्धी रोगों की सम्भावना रहती है। इनके लिए शनि योगकारक, बुध, शुक्र, शुभ, सूर्य मंगल बृहस्पति अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २४, २५, ३२, ३३, ३५ वर्ष में होता है।

वृश्चिक लग्न:- जातक सुन्दर, परिश्रमी, आत्मविश्वासी, साहसी, शंकालु, स्वेच्छाचारी, आतंककारी, नीतिज्ञ गूढ़ विद्याओं का ज्ञाता होता है। ऐसे व्यक्ति मितव्ययी एवं संग्रह करने में चतुर होते हैं। यदि लग्न पाप युक्त हो तो जातक झगड़ालु, असंयमी, कुतिचारी, निर्दयी अपराधी तथा गुप्त रूप से दुष्कर्म करने वाला होता है। बड़े होकर यह व्यक्ति पुलिस अधिकारी, राजनीतिज्ञ, ठग, इंजीनियर, खनिज विशेषज्ञ, दन्त विशेषज्ञ बनते हैं। इनको छाती, कण्ठ अथवा गर्मी या वायु सम्बन्धी एवं बवासीर आदि गुप्त रोग होने की सम्भावना रहती है। इनके लिए सूर्य चन्द्रमा मंगल बृहस्पति शुभ, बुध, शुक्र अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २८, २४, २८, ३२ वें वर्ष में होता है।

धनु लग्न:- बड़े कान, लम्बी गर्दन,बली तथा स्थूल शरीर धनु लग्न की विशेषता है। यह व्यक्ति स्वाभिमानी, निस्वार्थी, साधु स्वभाव न्यायप्रिय, मेधावी, धनवान, उदार गम्भीर, विवेकशील, तार्किक, कूलभूषण, संवेदनशील, विश्वासपात्र, उत्तेजित अवस्था में अत्यन्त क्रुद्ध एवं स्पष्टवक्ता, निष्कपट, त्यागी, आदर्शवादी, अवसर का लाभ उठाने वाले होते हैं। इन्हें केवल प्रेम और शान्ति से वशीभूत किया जा सकता है। यदि लग्न पाप पीड़ित हो तो जातक दंभी, आडम्बरपूर्ण एवं कठोर स्वभाव का होता है। इस लग्न के व्यक्ति बड़े होकर प्रोफेसर, अध्यापक, राजनीतिज्ञ, दार्शनिक, परामर्शदाता, उपदेशक, वकील, बैंकर तथा सफल व्यवसायी बनते हैं। इनको फेफड़े तथा वायु सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना रहती है। इनके लिए सूर्य बुध, बृहस्पति शुभ तथा चन्द्रमा शनि अशुभ फलदायक होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, ३२ वें वर्ष में होता है।

मकर लग्न:- जातक का लम्बा कद, सुन्दर नेत्र, सेवाभावी, धैर्यवान, गम्भीर, मननशील, महत्वाकांक्षी, उद्योगी, संयमी, परिश्रमी एवं कार्यशील उदासीन, दार्शनिक, आस्तिक, गृहस्थ जीवन से असंतुष्ट, आत्मप्रशंसा में विश्वास न करने वाला होता है। यह व्यक्ति बड़े होकर अधिकारी, कृषि अथवा भूमि से उत्पन्न वस्तुओं सम्बन्धी व्यवसाय अथवा कार्यालयों में सफलता प्राप्त करते हैं। इनको जोड़ों का दर्द तथा अन्य वायु जनित रोग होने की संभावना रहती है। इनका भाग्योदय २५, ३३, ३५, ३६, ४२ वें वर्ष में होता है।

कुम्भ लग्न:- जातक का मध्यम कद, मांसल होंठ, आकर्षक व्यक्तित्व होता है। यह लोग तीव्र बुद्धि, दयालु, मिलनसार, प्रभावशाली, अनेक मित्रों से युक्त, स्वच्छह्रदय तथा विशाल दृष्टिकोण वाले, क्रान्तिकारी विचारक, रोचकवक्ता एवलं साहित्य में रुचि रखने वाले होते हैं। अगर शनि शत्रु राशिस्थ अथवा नीच हो तो जातक दम्भी, कामी, लांछन प्राप्त करने वाला, उद्दण्ड एवं निर्लज्ज होता है। बड़े होकर यह लोग प्राध्यापक, सुधारक, इंजीनियर, मुद्रण, रेडियो, बिजली, यात्रा, वायुयान एवं तकनीकी कार्यों में सफलता प्राप्त करते हैं। इनको सिर अथवा पेट दर्द, वायुरोग, उदर पीड़ा एवं कोष्ठ बद्धता इत्यादि रोग हो सकते हैं। इनके लिए शुक्र शुभ तथा गुरु एवं चन्द्र अशुभ फलदायक हैं। इनका भाग्योदय २५, २८, ३६, ४२वें वर्ष में होता है।

मीन लग्न:- जातक का छोटा कद, स्थूल शरीर, शान्त एवं विनम्र स्वभाव होता है। यह लोग धर्मपरायण, रूढ़िवादी, आस्तिक, परोपकारी, लज्जाशील, महत्वाकांक्षी, सुनिश्चित एवं सुमसंस्कृत, बहुकुटुम्बी, सदगृहस्थी होते हैं। बड़े होकर यह लोग समाज सुधारक, आध्यात्मवादी, चलचित्र व्यवसाय, पुरातत्व वस्तुओं के व्यापारी, काव्य एवं हास्य व्यंग्य लेखक, कलाकार, औषधी विषयक, जल परिवहन सम्बन्धी कार्यों में सफल होते हैं। इन्हें छूतछात की बीमारियां होने का डर रहता है। इनके लिए मंगल शुभ, सूर्य शुक्र शनि बुध अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १६, १२, २८, ३३ वें वर्ष में होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

हथेली से भविष्य ज्ञान

आई.ए.एस. अधिकारी:-यदि बुध की उंगली अर्थात् कनिष्ठिका लम्बी हो और उसका सिरा अनामिका के प्रथम पौर के आधे हिस्से को भी पार कर चुका हो और सूर्य रेखा उच्चकोटि की हो तो जातक आई.ए.एस. अधिकारी अथवा उच्च पदाधिकारी बनता है।

न्यायाधीश होने का योग:-यदि गुरु पर्वत अधिक विकसित हो और उस पर क्रास का चिन्ह हो, तर्जनी अंगुली अनामिका से बड़ी हो, कनिष्ठिका का सिरा अनामिका के प्रथम पौर के मध्य भाग तक पहुंच गया हो तो जातक न्यायाधीश होता है।

व्यवसायी होने का योग:-यदि बुद्ध पर्वत उभरा हुआ हो और निर्दोष हो, मस्तिष्क रेखा सीधी हो और बुद्ध पर्वत तक जाती हो तो जातक सफल व्यापारी होता है।

पुलिस अधिकारी:-मंगल पर्वत उभरा हुआ हो तथा उस पर उजवल तारे का चिन्ह हो और शरीर हृष्ट-पुष्ट हो तथा भाग्य रेखा निर्दोष हो तो जातक सफल पुलिस अधिकारी बनता है।

इंजीनियर होने का योग:-यदि शनि पर्वत विकसित हो और निर्दोष भाग्य रेखा शनि पर्वत पर आती हो, बुध पर्वत पर तीन चार खड़ी रेखा हों और सभी उंगलियां लम्बाई लिए हुए हों तो जातक इंजीनियर होता है।

डाक्टर होने का योग:-यदि बुध पर्वत और मंगल पर्वत पूर्ण रूप से विकसित हों, कनिष्ठिका का सिरा अनामिका के ऊपरी पौर के मध्य तक जाता हो, बुध पर्वत पर तीन खड़ी रेखाएं हों तो जातक डाक्टर होता है। अगर मंगल की बजाय बृहस्पति पर्वत विकसित हो तो जातक सफल वैद्य होता है।

शिक्षक होने का योग:-बृहस्पति पर्वत उभरा हुआ हो और उस पर क्रास का चिन्ह हो तथा इसके साथ ही सूर्य रेखा, भाग्य रेखा, निर्दोष हो तथा तर्जनी उंगली अनामिका से बड़ी हो।

अभिनेता-अभिनेत्री योग:-अनामिका उंगली विशेष लम्बी हो और ऊपर से नोकदार हो, सूर्य रेखा पर नक्षत्र का चिन्ह हो, सभी उंगलियां कोमल और ढलवी हों, भाग्य रेखा पूरी लम्बाई लिए हुए हो तो जातक सफल अभिनेता या अभिनेत्री होती है।

साहित्यकार:-हथेली में चन्द्र पर्वत और गुरु पर्वत उभरे हुए हों, अनामिका तर्जनी से लम्बी हो, सूर्य रेखा तथा बुध पर्वत निर्दोष हों तो जातक सफल साहित्यकार बनता है। अगर चन्द्र पर्वत से धनुषाकार रेखा बुध पर्वत की ओर आती हो तो जातक श्रेष्ठ कवि बनता है।

विवाह में अड़चन:-(१) यदि विवाह रेखा कई स्थानों पर कटती हों, (२) चन्द्र पर्वत पर आड़ी तिरछी रेखाएं बनी हों।

अनमेल विवाह का योग:-(१) यदि विवाह रेखा सूर्य रेखा को काटती हो तो अनमेल विवाह होता है। (२) यदि शुक्र पर्वत अधिक विकसित हो।

सुखहीन विवाह का योग:-(१) यदि भाग्य रेखा पर क्रास हो, (२) विवाह रेखा पर द्वीप का चिन्ह हो, (३) शुक्र पर्वत का कम उभरा हुआ होना।

तलाक होने के योग:-(१) विवाह रेखा के अन्त में रेखाओं का गुच्छा हो, (२) यदि मंगल क्षेत्र से रेखा चल कर विवाह रेखा को काटे तो पति-पत्नी पृथक रहते हैं, (३) यदि विवाह रेखा से निकल कर एक शाखा मस्तिष्क रेखा से मिलती हो, (४) शुक्र पर्वत से प्रभाव रेखा जीवन रेखा को काटती हुई विवाह रेखा से मिलती है अथवा विवाह रेखा को काटती है तो तलाक होता है, (५) अविवाहित रहने का योग-विवाह रेखा ऊपर अर्थात् कनिष्ठा उंगली की ओर झुकी हो तो विवाह नहीं होता।

हस्त रेखा और रोग

(१) यदि चन्द्र पर्वत अत्याधिक उठा हुआ हो तो जातक को नजला जुकाम रहता है। (२) यदि चन्द्र पर्वत जरूरत से ज्यादा उभरा हुआ हो और उस पर एक से अधिक क्रास अथवा बिन्दु हो तो जलोदर रोग होता है। (३) यदि मस्तिष्क रेखा कई जगह से टूटी हुई हो तो जातक की स्मरण शक्ति कम होती है। (४) यदि मस्तिष्क रेखा जरूरत से ज्यादा चौड़ी हो तथा उस पर काला धब्बा हो तो जातक को मस्तिष्क रोग होता है। (५) यदि जीवन रेखा अंत में कई शाखाओं मे बंट जाती हो तो वायु रोग होता है। (६) यदि दोनों हाथों में मंगल रेखा पर शाखाएं निकली हों अथवा जीवन रेखा के प्रारम्भ में तारे का चिन्ह हो तो जातक को कैंसर रोग होने का भय होता है। (७) यदि मंगल पर्वत पर तीन या तीन से अधिक बारीक-बारीक रेखाएं दिखाई दें तो जातक को गुप्तांगों के रोग रहते हैं। (८) अगर स्वास्थ्य रेखा दूषित हो और हृदय रेखा जंजीरदार हो तो जातक को हृदय रोग होने का भय है।

अन्य योग:-

बाल्यावस्था में माता-पिता की मृत्यु:-भाग्य रेखा के शुरू में त्रिकोण या द्वीप हो तो माता या पिता में से किसी एक की मृत्यु होती है।

हत्यारा होने का योग:-मंगल का पर्वत उठा हो, उस पर तारे का चिन्ह हो। शनि के नीचे मस्तक रेखा पर नीले रंग की रेखा हो।

विदेश में मृत्यु:-जीवन रेखा अंत में दो शाखाओं में बंट जाए और उसमें से एक शाखा चन्द्र स्थान पर जाए तो विदेश में मृत्यु होती है।

मुकद्दमे बाजी में जायदाद और धन नाश होना:-दोनों हाथों में मंगल पर्वत का काला धब्बा, तिल या अन्य चिन्ह हो तो मुकद्दमेबाजी में जायदाद बर्बाद होती है।

शराबी होने का योग:-(१) चन्द्र पर्वत अधिक उठा हो तो प्राणी मद्य सेवी होता है।

अकाल मृत्यु का योग:-जीवन रेखा कटी हुई हो, हृदय रेखा शनि पर्वत को स्पर्श करती हो तो जातक की अकाल मृत्यु होने का भय होता है, (२) जीवन रेखा दोनों हाथों में छोटी हो अथवा टूटी हुई हो, मस्तिष्क रेखा तथा हृदय रेखा बुध पर्वत के नीचे आपस में मिली हो तो अकाल मृत्यु होती है।

हथेली पर तिल:-(१) यदि लाल रंग का तिल मस्तिष्क रेखा के ऊपर हो तो जातक के लिए सिर पर चोट लगने का खतरा रहता है। (२) शनि पर्वत पर काला तिल जातक के प्रणय सम्बन्धों में निराशा लाता है। पति-पत्नी में आपसी झगड़े के कारण उनमें से एक को आत्महत्या करनी पड़ती है। (३) चन्द्र पर्वत पर काला तिल पानी में डूबने से मृत्यु का होना। जातक को प्रेमी अथवा प्रेमिका धोखा देती है। (४) हृदय रेखा पर गहरे काले रंग का तिल हो तो जातक को हृदय रोग होने की सम्भावना रहती है। (५) जिस व्यक्ति के बुध पर्वत पर काला तिल हो, वह व्यक्ति ठग, कपटी तथा धूर्त होता है। ऐसे व्यक्ति से व्यापार में भागीदारी नहीं करनी चाहिए। (६) बृहस्पति के पर्वत पर काला तिल हो तो विवाह में बाधा आती है। (७) शुक्र पर्वत पर काला तिल जातक को अत्याधिक भोगी बनाता है जिससे वीर्य दूषित हो जाता है। (८) जीवन रेखा पर काला तिल हो तो दिमाग पर चोट लगने का डर रहता है तथा शत्रु द्वारा आघात लगने का भी खतरा रहता है। (९) भाग्य रेखा पर काला तिल भाग्योदय में विलम्ब तथा संघर्ष का सूचक है। (१०) यदि सूर्य रेखा पर काला तिल हो तो जातक को असफलता का सामना करना पड़ता है तथा धनहानि होती है। (११) यदि अंगूठे के मूल में काला तिल हो तो जातक के प्रथम सन्तान की मृत्यु हो अथवा गर्भ-क्षय हो।

नव-रत्नों का चमत्कार

प्राचीन ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार नौ ग्रहों सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु, केतु का विभिन्न रत्नों से सम्बन्ध है। इन रत्नों के क्रमश: नाम इस प्रकार है:- माणिक्य, मोती, पन्ना, पुखराज, हीरा, नीलम, गोमेद, वैडूर्य अथवा लहसुनिया। इन रत्नों को जब मनुष्य अपने शरीर पर धारण करता है तब वे अपने माध्यम से ग्रहों की रश्मियों को मानव शरीर में प्रविष्ट कर देते हैं जिसके फलस्वरूप रत्न धारण करने वाला मनुष्य उससे सम्बन्धित ग्रह के शुभ प्रभाव का पर्याप्त लाभ उठाने लगता है।

माणिक्य-यह सूर्य का रत्न माना जाता है तथा लाल रंग का होता है। इसके पहनने से शत्रुओं का नाश होता है तथा जीवन में भाग्योदय होता है, नौकरी वालों को पदोन्नति में सहायक होता है तथा मन्त्रियों अथवा सरकारी विभागों में सहयोग मिलता है। मन्त्रियों को यह पहनना लाभदायक है। इसके धारण करने से

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

धारणकर्ता साहसवान आत्मबली, धैर्यवान तथा निर्भीक बनता है। समाज में उच्च और प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त करता है। अगर जातक की जन्म-कुण्डली में सूर्य नीच का हो अथवा छठे आठवें और बारहवें घर में बैठा हो तो माणिक्य नहीं धारण करना चाहिए। श्रेष्ठ माणिक्य खरीद कर, उस पर सूर्य का बीजमन्त्र "ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं स: सूर्याय नम:" का विधिवत ७००० जप करके कृतिका, उत्तरा फाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में सोने अथवा तांबे की अंगूठी में जड़वाकर धारण करें।

मोती:-यह चन्द्रमा का रत्न माना जाता है तथा इसके पहनने से मन की बेचैनी दूर हो जाती है, जिन व्यक्तियों को बहुत क्रोध आता है अथवा जिनका ब्लड प्रैशर अधिक होता है उनके लिए यह रत्न लाभकारी है। स्त्रियों के लिए मोती पहनना आवश्यक है क्योंकि उनको यह रत्न सौभाग्यशाली बनाता है। स्वच्छ और दोषरहित मोती पहनने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है तथा यश मिलता है। उच्चकोटि का मोती खरीद कर सोमवार के दिन अथवा रोहिणी, हस्त, श्रवण नक्षत्रों अथवा पूर्णिमा को चांदी की अंगूठी में जड़वाकर, चन्द्र के बीच मन्त्र "ॐ श्रां श्रीं श्रौं स: चन्द्रम से नम:" का विधिवत जप करके अनामिका में धारण करें।

मूंगा:-लाल रंग का यह रत्न मंगल का रत्न माना जाता है। मूंगा धारण करने वाले का साहस बढ़ता है और उसके शत्रुओं का नाश होता है। पुलिस तथा सैनिक सेवाओं में काम करने वालों को विशेष लाभदायक है। यदि भयानक स्वप्न आते हों तो इसके पहनने से ऐसे स्वप्न आने बन्द हो जाते हैं। भूत-प्रेत बाधा से मुक्ति प्राप्त होती है। स्त्रियों को मूंगा सौभाग्य प्रदान करता है। जिसका ब्लड प्रैशर कम हो उनके लिए लाभकारी है। उच्चकोटि का दोष रहित मूंगा खरीद कर मंगलवार के दिन मृगशिरा, चित्रा, धनिष्ठा नक्षत्रों में सोने अथवा तांबे की अंगूठी में जड़वा कर "ॐ क्रां क्रीं क्रौं स: भमाय नम:" मन्त्र का विधिवत १०,००० जप करके धारण करें। याद रहे मूंगे के साथ कभी नीलम , गोमेद और लहसूनिया नहीं धारण करना चाहिए। अगर जन्म कुण्डली में मंगल छठे, आठवें तथा बारहवें घर में पड़ा हो तो भी मूंगा धारण नहीं करना चाहिए।

पन्ना:-हरे रंग का यह रत्न बुध का रत्न माना जाता है। यह रत्न बुद्धि बल देता है तथा इसके पहनने से शरीर पुष्ट होता है। धन, धान्य तथा सम्पत्ति की वृद्धि होती है। इसके धारण करने से जादू, टोने नजर आदि से रक्षा होती है। मिर्गी और पागलपन से बचाता है। नेत्रों में तरावट लाता है। स्वप्नदोष दूर करता है। स्त्री के प्रसव के समय पर बांधने से शीघ्र प्रसव हो जाता है। यह रत्न लेखकों, अध्यापकों, राजनीतिज्ञों, व्यापारियों को अधिक लाभकारी है। उच्चकोटि का दोष रहित पन्ना खरीद कर बुधवार के दिन अश्लेषा, ज्येष्ठा, रेवती नक्षत्रों में सोने अथवा चांदी की अंगूठी में जड़वा कर "ॐ ब्रां ब्री ब्रौं स: बुधाय नम:" मन्त्र का विधिवत् ८००० जप करके कनिष्ठिका उंगली में धारण करें।

पुखराज:-चिकना, चमकदार, पानीदार पीले रंग का पुखराज बृहस्पति का रत्न माना जाता है। यह धन, धान्य, विद्या, बुद्धि, बल, ज्ञान, सम्पत्ति, आयु और यश प्रदान करता है। इसके धारण करने से वंश की वृद्धि होती है। यह भूत-प्रेत की बाधा से रक्षा भी करता है। जिस कन्या के विवाह में बाधा पड़ रही हो तो पुखराज पहनने से शीघ्र उपयुक्त वर प्राप्त हो जाता है। जिसके घर में क्लेश रहता है वहां पति अथवा पत्नी को पुखराज धारण करना अत्यन्त लाभकारी है। यह रत्न मन में धार्मिक विचारों का संचार करता है तथा इससे शराब जैसे बुरे व्यसन छूट जाते हैं। उच्चकोटि का पुखराज खरीद कर बृहस्पतिवार के दिन पुनर्वसु, विशाखा, पूर्वा भादप्रद नक्षत्रों में सोने की अंगूठी में जड़वाकर "ॐ बृं बृहस्पतये नम:" मन्त्र का विधिवत १९००० जप करके पहनना चाहिए। मगर लग्न वालों के लिए पुखराज इतना लाभकारी नहीं है।

हीरा:-हीरा शुक्र का रत्न माना जाता है। इसके पहने से धन प्राप्ति, दाम्पत्य सुख, विवाह सुख तथा वाहन सुख प्राप्त होता है। इसको शुक्रवार के दिन भरणी, पूर्वा फाल्गुनी या पूर्वाषाढ़ नक्षत्र में प्लेटीनम अथवा चांदी की अंगूठी में जड़वाकर "ॐ शुं शुक्राय नम:" मन्त्र का विधिवत् १६००० जप करके धारण करें। मेष, वृश्चिक तथा मीन लग्न वालों के लिए यह रत्न लाभकारी नहीं है।

नीलम:-यह शनि का रत्न माना जाता है। इसको पहनने से पहले इसकी परीक्षा करना आवश्यक है क्योंकि जहां यह अत्यन्त अशुभ फलदायक भी है, और अपना फल दो/तीन दिन में ही दे देता है। इसे शनिवार के दिन खरीद कर पुष्य, अनुराधा, उत्तराभाद्र पद नक्षत्रों में चांदी की अंगूठी में जड़वाकर "ॐ प्रां प्रीं प्रौ स: शनये नम: " मन्त्र का विधिवत् २३००० हजार जप करके धारण करें। यदि यह लाभदायक सिद्ध हो तो कारोबार में आकस्मिक धन लाभ तरक्की देता है तथा गैस रोग व अन्य बीमारियों में लाभदायक होता है। यदि थोड़ा सा भी हानिप्रद साबित हो तो फौरन उतार देना चाहिए। यदि जन्म कुण्डली में शनि छठे, आठवें, द्वादश स्थान में बैठा हो तो नीलम कदापि धारण नहीं करना चाहिए।

उपरत्नों का प्रभाव

मुख्य रत्नों का जातक पर क्या प्रभाव पड़ता है। वह ग्रहों के अनुसार ऊपर दिया गया है। परन्तु रत्न मंहगे होने के कारण साधारण व्यक्ति इन्हें कम खरीदते हैं। अत: ज्योतिषी कई बार उन्हें उपरत्न पहनने की सहाल देते हैं। इन उपरत्नों को पहनने से क्या प्रभाव पड़ता है नीचे दिया गया है:-

अकीक:-यह पत्थर प्राय: कई रंगों में मिलता है। कुण्डली में जो ग्रह कमजोर हो उस ग्रह से सम्बन्धित रंग का पत्थर पहना जाता है। अच्छी सेहत, धन सम्पत्ति और हर कार्य में सफलता हासिल करने के लिए यह पहना जाता है। इसे आप चांदी में जड़वा कर किसी भी शुभ दिन को पहन सकते हैं।

फिरोजा:-फिरोजी रंग का यह पत्थर जातक को विषम परिस्थितियों का सामना करने में सहायता करता है। तथा दुर्घटना एवं चोट से बनाता है। विष मे जातक की रक्षा करता है। स्त्रियों की प्रजनन शक्ति को बढ़ाता है। फिरोजा बुध और शनि का मिश्रित प्रभाव देता है। इसे चांदी और तांबे की मिश्रित धातु से बनी अंगूठी में जड़वा कर पहनें।

कटैला:-जामुनी रंग का यह पत्थर नेत्र रोग, अधरंग से पीड़ित व्यक्तियों को लाभकारी है। इसके पहले शराबियों की शराब छूट सकती है। और किसी प्रकार के नशे से भी छुटकारा मिल सकता है। माहवारी रोग से पीड़ित स्त्रियों को स्वास्थ्य लाभ हो सकता है। मुकद्दमेबाजी में सफलता प्राप्त होती है।

ब्लड स्टोन:-हरे रंग के इस पत्थर पर लाल रंग के धब्बे होते हैं। जिन स्त्रियों को मासिक धर्म में अत्याधिक खून आता है उनके लिए यह रत्न बहुत उपयोगी है। बावासीर से पीड़ित व्यक्ति इसे पहन कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

अक्वामैरिन:-इस पत्थर को प्रेमी अपनी प्रेमिका को अथवा प्रेमिका अपने प्रेमी को पहनाए तो दोनों में प्रेम बना रहता है, ऐसी धारणा है। पति और पत्नि के बीच सम्बन्धों को मधुर बनाता है।

केन्द्र, त्रिकोण तथा तीसरे, छठे और एकादश स्थान में बैठा हो तो राहू की महादशा में गोमेद धारण करना लाभकारी है। अगर राहु द्वितीय, सप्तम, अष्टम, द्वादश भाव में स्थित हो तो गोमेद नहीं धारण करना चाहिए। बुधवार के दिन स्वाती, शतभिषा और आर्द्रा नक्षत्रों में चांदी की अंगूठी में जड़वाकर "ॐ रां राहवे नम:" मन्त्र का विधिवत् १८००० जप करके धारण करें। तो रोग व शत्रुओं के नाश के लिए यह लाभकारी है। आकस्मिक धन लाभ भी कराता है।

वैडूर्य अथवा लहसूनिया:-यह केतु का रत्न माना जाता है। जब केतु लग्न, केन्द्र त्रिकोण अथवा तृतीय, षष्ट तथा एकादश भाव में स्थित हो तो केतु की महादशा में लहसूनिया धारण करना लाभकारी होता है। यदि केतु द्वितीय, सप्तम, अष्टम और द्वादश भाव में हो तो यह रत्न नहीं धारण करना चाहिए। बृहस्पतिवार के दिन अथवा अश्विनी, मघा, मूल नक्षत्रों में चांदी की अंगूठी में जड़वाकर इस रत्न पर "ॐ के केतवे नम:" मन्त्र का १७००० जप करके धारण करना चाहिए।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

दैनिक शुभाशुभ देखने का चन्द्रकालानल चक्र



दिये हुए चित्र के समान एक चंद्र कालानल चक्र बनावें। फिर जिस दिन का शुभाशुभ विचार करना हो उस दिन का नक्षत्र देखें कि पंचांग में चन्द्रमा किस नक्षत्र पर है। प्रात:काल जिस नक्षत्र पर चंद्रमा हो उसको चित्र में १ अंक पर रखकर फिर आगे के २८ नक्षत्रों को अंकों के क्रमानुसार लिखें। इसमें अभिजित का समावेश भी है। फिर देखें कि आपके नाम का नक्षत्र कहां पड़ रहा है। उसी के अनुसार फल समझें। यदि त्रिशूल में नाम नक्षत्र पड़े तो अशुभ, वादविवाद, रोग, धनहानि आदि। वृत्त के अन्दर पड़े तो आयुवृद्धि, धनलाभ, हर्ष, मित्रों का मिलन आदि शुभ फल हो। यदि वृत्त के बाहर (३,६,१०,१३,१७,२०,२४,२७ अंको पर) पड़े तो कुछ प्रसन्नता और कुछ दु:ख। आधा दिन अच्छा और आधा क्लेश, चिन्ता, धन हानि से बीतेगा। इस प्रकार आप रोज देख सकते हैं कि "आज का दिन कैसा बीतेगा।"

शनि पीड़ा नाशक यंत्र

यंत्र

१०	३	८
५	७	९
६	११	४

यदि किसी व्यक्ति को शनि की ढैया या साढ़ेसाती के कारण बहुत परेशानी आ रही है हो तो चित्र में दिये हुए यंत्र को एक पत्थर की स्लेट के टुकड़े पर लकड़ी के कोयले से शनिवार को व्रत रख कर लिखें। तथा उस शनि से परेशान व्यक्ति के ऊपर सिर से पैरों की ओर सात बार उतार कर उस व्यक्ति के द्वारा ही किसी ऐसे कुएं (या पानी के तालाब) में फिकवादें जिसका पानी वह स्वयं कभी न पियें। उसके बाद वह पीछे मुड़कर न देखें। यह कार्य सांय काल को अधिक प्रभावशाली रहता है। ऐसा करने से उसको शनि की पीड़ा से मुक्ति मिल जाएगी यह अनुभूत है।

सर्वरोग नाशक यंत्र

यंत्र

ह्रीं	श्रीं	श्रीं	श्रीं
ह्रीं	देवदत्त		ह्रीं
श्रीं			श्रीं
ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं

मंगलवार के दिन भोजपत्र पर अनार की कलम और केशर की स्याही से लिखें। देवदत्त के स्थान पर रोगी का नाम लिखें। फिर उस भोजपत्र को लपेट कर तावीज के रूप में लाल कपड़े में लपेटकर सिल लें। और धूपदेकर तथा घी के दीपक के ऊपर ७ बार फिराकर अपने दाहिने बाजू में बांध लें। यह क्रिया करते समय कोई देखे या टोके नहीं इसलिए एकान्त में करना चाहिये। इसके बांधने से प्राय: सभी रोग नष्ट हो जाते हैं और सुख मिलता है।

व्यापार में वृद्धिकारक लक्ष्मी यंत्र

यंत्र

१०	१८	१	१४	२२
११	२४	७	२०	३
१७	५	१३	२१	९
२३	६	१९	२	१५
४	१२	२५	८	१६

दीपावली की रात्रि में भोजपत्र पर अनार की कलम और अष्टगंध की स्याही से लिखकर गुग्गुल की धूप तथा दीप से यंत्र की पूजा करें। और उसी समय "ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नम:" मंत्र की २१ माला (१०८ दानेवाली) जपकर प्रत्येक माला के बाद यंत्र पर फूंक मारें। फिर इस यंत्र को दुकान की गद्दी के नीचे लाल कपड़े में लपेट कर रख दें तथा नित्य प्रात: स्नान करके गद्दी पर बैठने से पहले धूप दीप से पूजा करके तब गद्दी पर बैठें। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में व्यापार में आश्चर्य जनक तरक्की होगी।

शत्रु दमन कारक यंत्र

यंत्र

६	७	२
१	५	९
८	३	४

इस यंत्र को चिता की भस्म की पानी में स्याही बनाकर आक (मदार) की लकड़ी की कलम से भोजपत्र पर लिखकर मंगल वार के दिन श्मशान की अग्नि में शत्रु का नाम लेकर डालने से शत्रु पूरी तरह से परास्त होकर वशीभूत हो जाता है और हमेशा के लिए दास बन जाता है।

मुंकदमा जीतने का यंत्र

यंत्र



मंगलवार के दिन भोजपत्र पर अष्टगंध की स्याही और अनार की कलम से लिखकर किसी तांबे के तावीज में भरकर, गुग्गुल की धूप देकर तथा घी के दीपक से पूजा करके अपने गले या दाईं भुजा में बांधें जब तक अंतिम फैसला न हो जाय बांधे रखें। मुकदमें में विजय होगी।

सूर्यादि ग्रहों के अरिष्ट निवारक मंत्र, यंत्र

सूर्य यंत्र

६	१	८
७	५	३
२	९	४

सूर्य:- यदि सूर्य गोचर में ४, ८, १२वें हो तो कष्ट, रोग, धनहानि, असफलता प्रदान करता है। यही फल विंशोत्तरी दशा आने पर भी करता है। इसके निवारण के लिए सूर्य के बीज मंत्र "ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं स: सूर्याय नम:" का ७००० जप उपयुक्त रहता है। किसी भी माह के शुक्ल पक्ष के प्रथम रविवार से आरंभ करें। लाल कपड़ा, गुड़, ताम्र पात्र, गेहूं का दान करें। रक्त पुष्पों से सूर्य की पूजा करें। सूर्य यंत्र को अष्टगंध की स्याही व अनार की कलम से भोजपत्र पर लिखकर धूप दीप देकर ताबीज की भांति दाहिनी भुजा में रविवार प्रात: को ही धारण करें तो अरिष्ट निवारण होता है, सुखशान्ति मिलती है। ये सभी यंत्र सर्वार्थसिद्धि मुहूर्त में धारण किये जायें तो उत्तम है।

चन्द्र यंत्र

७	२	९
८	६	४
३	१०	५

चंद्रमा :- यदि चंद्रमा के कारण अरिष्ट हो रहा है तो इसके निवारण के लिए किसी भी माह के शुक्ल पक्ष के प्रथम सोमवार से "ॐ श्रां श्रीं श्रौं स: चन्द्रमसेनम:" मंत्र का चन्द्रोदय समय में ११००० जप करें। जप एक सी संख्या में करें। कभी ज्यादा कभी कम, ऐसा करें। श्वेत फूलों से चंद्रमा की पूजा करें। चांदी, चा[illegible]ा, चीनी, दही, श्वेत वस्त्र, श्वेत चंदन का दा[illegible] चन्द्र यंत्र को चांदी के तावीज या श्वेत वस्त्र के [illegible]ज में (भोजपत्र पर अष्टगंध से अनार की कलम से लिखकर) दायां भुजापर धारण करें। सुख-शान्ति होगी।

मंगल यंत्र

८	३	१०
९	१०	५
४	११	६

मंगल: मंगल एक पापी ग्रह है। गोचर में ४, ८, १२वें स्थान में आने पर या विंशोत्तरी दशा आने पर या जन्म कुण्डली में अशुभ होने पर बहुत हानिकरता है। इसकी शान्ति के लिए बीज मंत्र "ॐ क्रां क्रीं क्रौं स: भौमायनम:" का शुक्लपक्ष के प्रथम मंगलवार से जप आरम्भ करें। लाल फूलों से मंगल की पूजा करें। सोना, ताम्रपात्र, गुड़, घी, लाल वस्त्र, मसूर, केसर, लालचंदन का दान करें। अष्टगंध, अनार की कलम से भोजपत्र पर भौमयंत्र लिखकर, धूप, दीप देकर दायीं भुजा में धारण करें। शांतिहोगी, दुख दूर होंगे।

बुध यंत्र

९	४	११
१०	८	६
५	१२	७

बुध:- पापी या क्रूर ग्रहों के साथ जन्म कुण्डली में बुध के बैठ जाने से बुध भी अनिष्ट कारक फल देता है। इसके निवारण के लिए बुध के बीजमंत्र "ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं ब्रों स: बुधायनम:" का शुक्ल पक्ष के ज्येष्ठ बुधवार से जप प्रारम्भ करें। सुवर्ण, कांसा, मूंग, खांड, घी, हरावस्त्र, फल का दान करें, जप ९००० हजार करें। केशर या अष्टगंध की स्याही तथा अनार की कलम से भोजपत्र पर बुधयंत्र लिखकर हरे वस्त्र के ताबीज में रखकर, धूपदीप देकर दांयी भुजा में बांधे तो अवश्य कष्ट निवारण होगा।

गुरु यंत्र

१०	५	१२
११	९	७
६	१३	८

बृहस्पति:- यद्यपि गुरु शुभ ग्रह है किन्तु यदि गोचर में ४, ८, १२ हो तो विवाहादि शुभ कार्यों में अड़चन डालता है। अन्य प्रकार से भी अनिष्टकारक हो सकता है। इसकी शांति के लिए बीजमंत्र "ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं स: गुरवे नम:" का १९००० जप करें। जप शुक्ल पक्ष के प्रथम गुरुवार से शुरू करें। सोना, चने की दाल, घी, पीला वस्त्र, केले के फल, हल्दी का

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

दान करें। भोजपत्र पर केशर की स्याही व अनार की कलम से गुरु यंत्र लिखकर तथा सोने के या पीले वस्त्र के तावीज में रखकर दाये हाथ में धारण करें। जप के लिए पीली माला लें।

शुक्र :- शुक्र के अनिष्ट कारक प्रभाव को दूर करने के लिए शुक्र के बीज मंत्र "ॐ द्रां द्रीं द्रौं स: शुक्राय नम:।" का १६००० जप करें। श्वेत चंदन की माला प्रयोग करें। चांदी, चावल, चीनी, दूध, श्वेत वस्त्र, दही का दान करें। जप प्रात: सूर्योदय काल में करें। अष्टगंध तथा अनार की कलम से भोजपत्र पर शुक्र यंत्र लिखकर धूपदीप देकर श्वेत वस्त्र या चांदी के तावीज में रखकर दांयी भुजा में धारण करें। अवश्य सुख व शान्ति मिलेगी।

शुक्र यंत्र

११	६	१३
१२	१०	८
७	१४	९

शनि :- शनि एक क्रूर ग्रह है। बड़ा विनाशक ग्रह है। इसकी शांति के लिए बीजमंत्र "ॐ प्रां प्रीं प्रौं. स: शनये नम:" का कृष्णा पक्ष के प्रथम शनिवार से जप प्रारम्भ करें। जप संध्याकाल में करें। नीलम, लोहा, उड़द, तेल सरसों, कुलथी, काला, कम्बल व वस्त्र दान करें। जप संख्या २३००० है। भोज पत्र पर अनार की कलम व अष्टगंध की स्याही से शनि यंत्र लिखकर काले कपड़े या सोने के तावीज में मंढवा कर धारण करें। शनि का प्रभाव दूर होगा।

शनि यंत्र

१२	७	१४
१३	११	९
८	१५	१०

राहु: शनि की भांति राहु भी एक क्रूर छाया ग्रह है। इसकी शांति के लिए कृष्ण पक्ष के प्रथम शनिवार से बीजमंत्र "ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं स: राहवेनम:" का जप रात्री के प्रथम प्रहर में कम्बल के आसन पर बैठ कर करें। जप संख्या १८००० है। तिल, सरसों, तेल, नीले वस्त्र, कम्बल (काले) का दान करें। भोजपत्र पर अनार की कलम तथा अष्टगंध की स्याही से राहुयंत्र को लिखकर, धूप दीप देकर, सोने के तावीज में रख कर धारण करें।

राहु यंत्र

१३	८	१५
१४	१२	१०
९	१६	११

केतु :- मंगल की भांति केतु भी अनिष्ट कारक छाया ग्रह है। इसकी शांति के लिए शुक्लपक्ष के प्रथम मंगलवार से बीजमंत्र "ॐ स्रां स्रीं स्रौं स: केतवे नम:" से १७००० जप करें। लहसुनियां, सुवर्ण, लोहा, तिल, सप्तधान्य, तेल, धूम्रवस्त्र, नारियल का दान करें। केतु के यंत्र को राहु की भांति धारण करें।

केतु यंत्र

१४	९	१६
१५	१३	११
१०	१७	१२

कतिपय चमत्कारी मंत्र

(१) व्यापार वृद्धि के लिए :- "भंवर वीर तू चेला मेरा, खोल दुकान कहा कर मेरा, उठे तो डंडी बिकैजो माल, भंवरवीर सोखे नहिं जाय।" रविवार के दिन प्रात:काल स्नान करके १ माला जप करें। फिर ११ दाने उड़द के इसी मंत्र से ११ बार पढ़कर अपनी व्यापार की गद्दी पर फैंक दें। तीन रविवार लगातार ऐसा करने से व्यापार में अवश्य वृद्धि होती है।

(२) सर्व मनोकामना पूर्ति के लिए :- श्री दुर्गामाता की मूर्ति सामने रखकर उसका विधिवत पूजन करके, हाथ में जल लेकर अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए संकल्प करें : फिर निम्नमंत्र का सवालाख जप करें। तो निश्चित मनोकामना पूर्ति होती है। मंत्र "ॐ सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमस्तुते॥"

(३) विवाह सम्पन्न करने के लिए:- "ॐ गौरी आवे शिवजी व्याहवे, अमुक को विवाह तुरंत सिद्ध करै, देर न करै, देर होय तो शिवजी का त्रिशूल पड़े, गुरू गोरखनाथ की दुहाई फिरै" इस मंत्र का ८१ दिन तक लगातार एक माला रोज, जप करै, दीपक व धूप बालै। ग्यारहवें दिन रात को एक कोरे कुल्हड़ में सात डली नमक की, सात काली मिर्च लाल कपड़े में बांधकर रखदें। कुल्हड़ का मुंह भी लाल कपड़े से बांध दें। कुल्हड़ पर बाहर की ओर सात बिन्दी कुमकुम की लगाकर और ऊपर लिखे मन्त्र की पांच माला जप करके, चुपचाप कुल्हड़ को आधी रात को किसी चौराहे पर रख आवें, पीछे मुड़कर न देखें। सारी रुकावटें दूर होकर बहुत जल्द शादी हो जाती है।

(४) आधाशीशी दूर करने का मंत्र:- ॐ नमो बन में ब्याई बानरी, उछल वृक्ष पै जाय। कूद कूद शाखान पै कच्चे बन फल खाय। आधा तोड़े आधा फोड़े आधादेय गिराय, हंकारत हनुमान जी आधा शीशी जाय" इस मंत्र से नीम की डाल या राख से रोगी को दक्षिण को मुख करा कर झाड़ा दें तो तीन दिन में आधा शीशी बिल्कुल ठीक हो जाती है।

(५) पुत्रदायक मंत्र:- "ॐ देवकी सुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते, देहिमे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गत:।" शुद्ध आसन पर पूर्व मुख होकर तुलसी या रुद्राक्ष की १०८ दाने की माला से सवा लाख जप करें। जप के बाद शहद, घी,. शक्कर, तिल मिश्रित सामग्री से १०००० आहुतियों का हवन करें। १००० तर्पण, १०० मार्जन करें। भगवान कृष्ण का ध्यान करें, अभक्ष्य चीजों से दूर रहें। भगवान अवश्य कामना पूर्ति करेंगे।

(६) रोग नाश के लिए मंत्र :- "ॐ रोगान शेषानपहं सितुष्टा, रुष्टा तु कामान सकलान भीष्टान्। त्वामाश्रितानां न विपन्नराणां त्वामाश्रिताह्याश्रयतां प्रयांति।" इस मंत्र का दुर्गा सप्तशती में दी हुई विधि से सवा लाख मंत्र जप करें तो माँ भगवती की कृपा से कठिन से कठिन रोग से भी मुक्ति मिलती है।

(७) धन प्राप्ति के हेतु महालक्ष्मी मंत्र:- श्री लक्ष्मी नारायण जी की मूर्ति के समक्ष, धूप, दीप, फल, मिष्ठान्न रखकर मंत्रजप करें। मूर्ति का मुख पूर्व दिशा में तथा जपकर्ता का मुख उत्तर को रहे जलकलश पर नारियल अवश्य रखें। मंत्र "ॐ श्री ह्रीं श्रीं ह्रीं कमले कमला लये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं ॐ महालक्ष्म्यै नम:।" सवा लाख मंत्र जप, हवन करें।

(८) शत्रु विनाशक मंत्र:- शत्रु विनाश के लिए श्री बगलामुखी मंत्र से बढ़कर अन्य कोई मंत्र नहीं है। पीली धोती व दुपट्टा आदि कपड़े धारण करें। बगलामुखी का चित्र सामने रख कर उसकी विधिवत पूजा करें, पीले फूल चढ़ावें, पीले मिष्ठान्न से भोग लगावें, पीली माला (हल्दी की) प्रयोग करें। ५१००० जप करें। जप के बाद नीम के पत्ते, कौए के पंख तथा सरसों के तेल से हवन करें। तो शत्रु का विनाश होता है। मंत्र-"ॐ ह्रीं बगलामुखि सर्व दुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय कीलय बुद्धिं नाशय नाशय ह्रीं ॐ स्वाहा॥"

(९) रोग निवारण तथा दीर्घायु प्राप्ति के लिए:- इसके लिए महामृत्युञ्जय मंत्र का शिव की मूर्ति के समक्ष बैठकर विधि पूर्वक जप करें। जप सवा लाख हो, बाद में हवन, तर्पण, मार्जन दशांश करें। मंत्र -"ॐ ह्रौं जूं स:। ॐ भूर्भुव: स्व:। ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टि वर्धनम् उर्व्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्। ॐ स्व: भुव: भू:। ॐ स: जूं ह्रौं ॐ।

(१०) मृत संजीवनी मंत्र :- ॐ तत्सवितुर वरेण्यं त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनं भर्गो देवस्य धीमहि, उर्वारुक मिव बन्धनात् धियो योन: प्रचोदयात् मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात् ॐ।। इस मंत्र के सविधि जप से अकालमृत्यु भी टल सकती है।

(११) बिच्छू का विष उतारने का मंत्र:- "ॐ नमो आदेश गुरू को। कालो बिच्छू कांकरवालो, उतर बिच्छू न [illegible] टालो, उतरै तो उतारूं चढ़े तो मारूं, गरुड़ मोर पंख हंकालूं। शब्द सांचा पिं [illegible] सांचा फुरोमंत्र ईश्वरो वाचा।" इस मंत्र को सूर्य ग्रहण में जितना जप संभव हो सके, जप करके सिद्ध करलें। फिर चिमटा, चाकू या झाड़ू से ७ बार मंत्र पढ़कर झाड़ा दे दें। विष उतर जायेगा।

(१२) पीलिया दूर करने का मंत्र:- "ॐ नम: आदेश गुरू को श्रीराम सर साधा लक्ष्मण साधा वाण, काला पीला रीता नीला थोथा पीली पीला पीला चारों गिरि जहि तो श्री रामचन्द्र जी रहे नाम। हमारी भक्ति गुरू की शक्ति, फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा।" पहले इस मंत्र को सूर्यग्रहण या दिवाली की रात को अधिक से अधिक (१००००) जप करके सिद्ध कर लें। बाद में रोगी को पीतल के पात्र में शुद्ध जल देकर मंत्र का उच्चारण करते हुए सुई से सात बार शनिवार के दिन झाड़े। सात शनिवार तक क्रिया करें। अवश्य लाभ होगा।

द्वादश राशियों के देवता औरजपनीय मंत्र:- स्तोत्र ग्रंथों के अनुसार यदि व्यक्ति अपनी जन्म या नाम राशि के देवता का नियमित रूप से एक माला का जप करता रहे तो उसकी आपदा, कष्ट, रोगादि का स्वत: ही निवारण होता रहता है। राशियों के मंत्र निम्न प्रकार हैं (१) मेष- "ॐ विष्णवे नम:" (२) वृष-"ॐ वासु देवाय नम: (३) मिथुन :- ॐ केशवाय नम:(४) कर्क :- "ॐ राधा कृष्णायनम:" या "ॐ हरिहराय नम:"। (५) सिंह- "ॐ बालमुकुन्दाय नम: (६) कन्या:- "ॐ ह्रीं पीतम्बराय परमात्मने नम:(७) तुला :-ॐ श्रीराम दाशरथये नम:। (८) वृश्चिक:- "ॐ नमो नारायणाय नम:" (९) धनु- ॐ ह्रीं श्रीं क्रीं धरणी धराय नम:(१०) मकर :- ॐ श्री वत्साय उपेन्द्राय नम:(११) कुम्भ राशि- के देवता गोविन्द गोपाल हैं। "ॐ गोपाल गोविन्दाय नम:।" (१२) मीन- ॐ ह्रीं श्रीं क्रीं रथाङ्गचक्राय नम:।"

।। चमत्कारी यंत्रों द्वारा सिद्धि ।।

(१) शत्रु को वश में करने का यंत्र :- इस यंत्र को कागज पर हाथी दांत से लिखकर मरघट में गाड़ दें तो शत्रु वश में हो जाय।

५८	३७	५	८
७८	९	२	५२
५४	५	८४	११
७	८७	६८	५८

यंत्र-१

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

(२) परदेशी को वापिस बुलाने का यंत्र:- इस यंत्र को तथा आने वाले का नाम तालाब की मिट्टी से बड़ के पत्ते पर लिखकर आगन्तुक की दिशा में गाड़ दे यह शीघ्र आ आवेगा।

यंत्र-२

३८	६५	१	२१
१०	६३	६५	१६
४	५	८७	९१
३९	२८	२८	२८

(३) भूत प्रेत नाशक यंत्र:- यंत्र (३) को असगंध से भोजपत्र पर लिखकर घर में रखें तो भय नहीं रहता। या इस यंत्र को चांदी के वर्क पर या भोजपत्र पर श्मशान की मिट्टी से लिखकर भूत के सताये रोगी के सिर पर दो मिनट रखकर तालाब में फेंक आवें तो भूत भाग जाता है।

यंत्र-३

८५	५६	९	१२
१	६१	६२	१४
४६	४	१८	९१
८	६७	२८	५८

(४) बवासीरनाशक यंत्र:- रविवार के दिन पुष्य नक्षत्र में इस यंत्र को भोजपत्र पर नीबू के रस से लिखकर गले में बांध लें तो बवासीर से मुक्ति मिलती है।

यंत्र-४

९	३	८	१३
६५	४	१०	७७
७	६	१५	८०
१२	८२	११	१४

(५) पुरुष वशीकरणयंत्र:- इस यंत्र (५) को भोजपत्र पर पान के रस या केशर से लिखें। अनार की कलम बनावें। फिर स्त्री उसे अपनी साड़ी में या भुजा में बांध ले तो उसका पुरुष उसके वश में रहता है।

यंत्र-५

१	६५	२	९२
७५	९	२	५२
९७	२८	८३	९१
६	७	३९	४५

(६) सर्व कार्य सिद्धि यंत्र :- इस यंत्र (६) को भोजपत्र पर अष्टगंध से अनार की कलम से लिखें। गुग्गुल, असगंध की धूप दे कर तांबे के तावीज में भुजा में बांध लें तो मनचाहा कार्य सिद्ध हो।

यंत्र-६

५७	५८	९	११
३३	५७	४८	३७
८६	६	४४	६८
२५	५५	६५	९

(७) नजर (दीठि) दूर करने का यंत्र :- यंत्र (७) को भोजपत्र पर अनार की कलम तथा केसर की स्याही से लिखकर तांबे के तावीज में मढ़कर इतवार या मंगलवार के दिन बच्चे के गले में बांध दें तो बच्चे को कभी नजर न लगे।

यंत्र-७

४६	६	८५	८५
९	८	४२	२५
७८	७२	८	५
७	५	३५	८

(८) सर्व बाधानाशक यंत्र:- पैंसठिया यंत्र यह यंत्र सब प्रकार की बाधाओं को नाश करता है। इस यंत्र को भोजपत्र पर, अनार की कलम तथा अष्टगंध की स्याही से लिखें। इस यंत्र के चारों ओर 'ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः' लिखें। दीपावली की रात को यह यंत्र बनावें। गुग्गुल की धूप दें। महालक्ष्मी मंत्र का १००८ बार जप कर चांदी के तावीज में मंढवाकर दाहिनी भुजा में बांध लें। तो धन सम्बंधी सारी परेशानियां दूर हो जाती हैं। महालक्ष्मी मंत्र "ॐ श्रीं ह्रीं श्री कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्री ह्रीं श्रीं ॐ महालक्ष्म्ये नमः॥"

यंत्र-८

२२	३	९	१५	१६
१४	२०	२१	२	८
१	७	१३	१९	२५
१८	२४	५	६	१२
१०	११	१७	२३	४

(९) मुकदमा जीतने का यंत्र :- दीपावली की रात को या चंद्र ग्रहण या सूर्य ग्रहण में इस यंत्र को भोज पत्र पर अष्टगंध की स्याही और अनार की कलम से लिखकर गुगुल, असगंध की धूप देकर चांदी के तावीज में मंढवाकर गले या दांये बाजू में जब तक मुकदमा चले तब तक बांधे रहें। मुकदमे में अवश्य विजय होगी। शराब, मांस का परहेज रखें।

यंत्र-९

५९२	५९९	२	७
६	३	५९६	५९५
५९८	५९३	८	१
४	५	५९४	५९७

(१०) गर्भधारण यंत्र:- जिस स्त्री के गर्भ धारण में असुविधा हो रही हो उस की बांयी भुजा में इस यंत्र को जिस दिन रविवार को मूल नक्षत्र हो उस दिन भोजपत्र पर अष्टगंध की स्याही और अनार की कलम से लिखकर धूपदीप देकर चांदी के तावीज में रखकर बांध दें। अवश्य सिद्धि होगी।

यंत्र-१०

ॐ	ॐ	ॐ	ॐ
ॐ	ॐ	ॐ	ॐ
ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं
ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं

॥ अंग्रेजी जन्म दिनांक के अनुसार महत्वपूर्ण वर्ष ॥

जनवरी १, १०, १९, २८ को जन्मे व्यक्तियों के लिए १०, १९, २८, ३७, ४६, ५५, ६४, ७३वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। ४, १३, २२, ३१, ४०, ४९, ५८, ६७, ७६वें वर्ष भी महत्वपूर्ण होते हैं। इनका १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से लगाव होता है। जन. २, ११, २०, २९ को जन्मे व्यक्तियों के लिए ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७०वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इनका २, ११, १६, २०, २५, २९ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से स्नेह होता है। जन. ३, १२, २१, ३० को जन्मे लोगों के ३, ८, १२, १७, २१, २६, ३०, ३५, ३९, ४४, ४८, ५३, ५७, ६२, ६६वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इनका ३, १२, २१, ३० तारीख को जन्मे लोगों से लगाव होता है। जन. ४, १३, २२, ३१ को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३७, ४०, ४६, ४९, ५५, ५८, ६४, ६७ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख में जन्मे व्यक्तियों से लगाव होगा। जन. ५, १४, २३ को जन्मे व्यक्तियों [illegible] जीवन के ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ६८, ७७ तथा १७, २६, ३५, ४४, ५३, ६२, [illegible] महत्वपूर्ण होते हैं। ५, १४, २३, तिथि को जन्मे व्यक्तियों से आकर्षण होता है। जन. [illegible] , २४ को जन्मे व्यक्तियों के लिए ६, १५, २४, ३३, ४२, ५१, ६०, ६९ विशिष्ट होते [illegible] ६, १५, २४ तारीख में जन्मे व्यक्तियों से लगाव होता है। जन. ७, १६, २५ में जन्म व्यक्तियों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्व के होते हैं। २, ७, १६, २०, २५, २९ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से इनका लगाव होता है। जन. ८, १७, २६ को जन्मे व्यक्तियों के लिए ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इनका ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ तारीखें जन्मे व्यक्तियों से लगाव होता है। जन. ९, १८, २७ में जन्मे लोगों के लिए ९, ८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१, ९० वें वर्ष उत्कर्ष के होते हैं। तथा ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २७, ३० तारीख में जन्मे लोगों सें आकर्षण होता है।

अक्टूबर १९९७— १ से ११ अक्टूबर तक शेयर्स मार्केट में तेजी, साथ में गेहूँ, चावल, चीनी में तेजी आकर बाद में चीनी, गुड़ में मन्दी आवेगी। १ से २३ अक्टूबर तक मोम, पैराफीन, पोस्तादाना ७०, पिपरमेंट ७०, पारा २५०, किशमिस ५०६, सोना ६५ की तेजी आ सकती हैं। १३.१०.९७ को सूर्य-बुध की Superior Conjunction युक्ति से आगे एक-डेढ़ महीने में तिल ३६०, सरसों ९९, बिनोला तेल २९९ की भड़कती तेजी आ सकती है। ३० अक्टूबर गुरुवारी दीपावली एक-दो महीने में अच्छी तेजी होकर जनवरी-फरवरी १९९८ में भीषण मंदी तेलों में चल सकती है।

CC-0.In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नवम्बर १९९७—१ से १६ नवम्बर तक तिल १५०-३६० की भड़कती तेजी, साथ में सरसों, सोयाबीन, फली तेल, अरण्डी तेल Castor Oil में भड़कती तेजी आवेगीं। मगर इसके अलावा चाँदी, सोना १५० की तेजी, Acc शेयर ६०५ की तेजी व पिपरमेन्ट, नारियल, देशी घी में जोरदार तेजी आ सकती है। **व्यापार में लाभ-हानि की जिम्मेदारी कभी नहीं होगी।** बाजार रुख Trend देखकर ही व्यापार करें। २१ से ३० नवम्बर तक तेलों में मन्दी, मगर गेहूँ, राजमा १५०, मसूर ९९, चना १६०, मूँग, मटर में अच्छी तेजी आ सकती है। वर्षा की कमी हो सकती है। चाँदी, सोने में तेजी हो सकती है।

दिसम्बर १९९७—१ से १५ दिसम्बर तक सरसों, तिल-फली, बिनौला, कलौंजी, पिस्ता में रिकार्ड तेजी, इसके साथ-साथ गेहूँ, मैदा, चना, ज्वार, बाजरा में अच्छी तेजी तो १६ या ३० दिसम्बर से २७ जनवरी, १९९८ के मध्य सरसों, फली तेल, बिनौला, सोयाबीन, अलसी इत्यादि में जोरदार मन्दी का धमाका, साथ में पानी वर्षा इत्यादि अच्छी होने से फसल पैदावार अच्छी की उम्मीद बढ़ने से तिलहन Oil & Oil Seeds में धमाके की मंदी चल सकती है। **बाजार रुख देखकर ही व्यापार करें।** १७ दिसम्बर की सूर्य-बुध की Interior युति होने से पानी वर्षा हो जाने से फसलों की अच्छी पैदावार समाचारों से आगे २-३ महीने में सरसों-विनौला में भयंकर मंदी चल सकती है।

जनवरी १९९८—१ से १५ जनवरी, १९९८ तक चावल ७०, मोठ २०५, फली तेल, विनौला तेल, तिल तेल २५० की भड़कती तेजी, साथ ग्वार में १०५ की जोरदार तेजी आ सकती है। मगर देसी घी में भारी मन्दी ५ फरवरी, १९९८ मन्दी घी में चल सकती है। २१ दिसम्बर, १९९७ से ७ फरवरी, १९९८ तक रुई Cotton १५०-४०५ की भड़कती तेजी साथ में पिपरमेंट, पारा, मोम, जस्ता, ताँबा, मूँग में अच्छी तेजी चल सकती है। १५ दिसम्बर, १९९७ से २१ जनवरी, १९९८ तक जौ १५०, चावल, तिलतैल, चना, मसूर, गुड़ में १५-१८ दिन की एक तेजी चल सकती है। चाँदी, सोना, सरसों में जनवरी १९९८ में एक बार जोरदार मन्दी चल सकती है। **व्यापार में लाभ हानि की जिम्मेदारी कभी नहीं होगी।** पानी, बादल, वर्षा हो सकती है। १६ जनवरी, १९९८ को वक्री शुक्र से सूर्य से इनफेरियर युति होने से बादल वर्षा फलों, तिलहन के उत्तम पैदावार मगर ज्वार-चाँदी में तेजी चल सकती है।

फरवरी १९९८—२७ जनवरी से १८ फरवरी तक चावल, पारा २५०, महुवा तेल २०५, गुड़, चना, उड़द, मूँग, ज्वार में भड़कती तेजी चल सकती है। सोना, चाँदी, तेलों में मन्दी चलने की आशा है। २१ फरवरी से २१ मार्च १९९८ तक काबली चना, चाँदी, गुड़, चीनी, कालीमिर्च में अच्छी तेजी चल सकती है। २२ फरवरी को सूर्य-बुध की Superior Conjunction युति से, रुई, अरण्ड, शेयर्स मार्केट में अच्छी तेजी चल सकती है। आज ही सूर्य-बुध युति होने से चाँदी, क्लोरिक, गुड़, खांड के बाजार १५-४१ दिन में विशेष प्रभावित होंगे। २६ फरवरी गुरुवार को पूर्ण सूर्य ग्रहण जब बुध+गुरु अस्त काल में ग्रहण का होना, कोई विशेष घटना चक्र होने से बाजारों में भारी उथल-पुथल हो सकती है। सही तो ईश्वर जानें। शायद तेलों में नीचे भाव और चाँदी, सोना में जनवरी या फरवरी के मन्दी में अच्छी तेजी हो सकती है।

मार्च १९९८—१ से २१ मार्च तक गुड़, मूँग, उड़द, ज्वार १००, पारा ४०५, लाल मिर्च में अच्छी तेजी आ सकती है। १९ मार्च से ७ अप्रैल तक गुड़, सरसों, फली तेल में तेजी आने पर बेचें। **व्यापार में जिम्मेदारी नहीं होगी।** सरैसों मार्च १९९६ में १००० करीब भाव बने, सन् १९९७ तक कभी भी १६०२-१९९९ के भाव होकर फिर सन् २७.३.९९ तक वापिस भयंकर मन्दी में ९९९ के भाव रह सकते हैं। १२ फरवरी १९९४ को चना १८०० टोप भाव बने फिर वापिस घटकर दिसम्बर ९५ तक ६००-६५० रह गए। मार्च, अप्रैल १९९६ में फिर ९५०-१००० के भाव हुए अब ९०० के करीब भाव चल रहे हैं। १५.८.९७ से १५ सितम्बर १९९८ के मध्य चना में भयंकर तेजी हो सकती है। चना ९०० वाला १५००-१६०० या १८९९ का भाव काटे तो १९९९-२०९९ के भाव हो सकते हैं। सही भगवान् जानें। १९९६+९७ में किराणा मार्केट कुछ जिन्सों में तूफानी तेजी आ सकती है। सन् १९९७+९८ में रुई Cotton, चीनी में अच्छी तेजी चल सकती है। लाल मिर्ची ६०००-७००० वाली १५.३.९८ तक घटकर ११००-१६९९ के भाव रह सकते हैं। ११ अक्टूबर से ११ दिसम्बर, १९९६ तक शेयर में तेजी के टोप भाव बने तब तो आगे मंदी समझना, यदि ११ दिसम्बर, १९९६ तक नीचे भाव बनें तो आगे जून १९९७ तक शेयर्स मार्केट में अच्छी तेजी आवेगी। चाँदी, सोना में १४.११.९६ से २५ दिन पहले ७-११ दिन बाद अच्छी तेजी। ५.२.९७ से ११-१५ दिन पहले व बाद चाँदी, सोना में तेजी ५ सितम्बर १९९७ तेजी चल सकती है। बाजार रुख देखकर व्यापार करें। या उस समय पत्र द्वारा जानकारी लें। ३.१०.९७ से चाँदी-सोना में मंदी चल सकती है। जीरा ७० रुपए Kg वाला १९९७-९८ के अन्दर १३० या १६० बिक सकता है। शेयर Acc जो २.४.९२ को १० हजार के भाव थे वो जून १९९३ को १५९० के भाव होकर जून १९९६ में ५ पर ३ बोनस मिलने पर ३८०० से घट कर ३.७.९६ को २४०० के करीब भाव थे जुलाई १९९७ तक मध्यम तेजी तो ३० जनवरी, १९९८ से २० अप्रैल, १९९९ के मध्यम शेयर भयंकर तेजी में २४०० वाला Acc ५४००, ७००० हो सकते हैं। **जिम्मेदारी नहीं होगी।**

ॐ नमः सिद्धोभ्यः

व्यापार दिग्दर्शन वैज्ञानिक अनुसंधान पर जनवरी १९९७ से जून १९९८

(१८ महीने की तेजी-मंदी लाइनें)

पुस्तक मूल्य ८३ रु., डाकखर्च करीब ७ रु., रियायती मूल्य डाक साहित ८७ रु.

यह पुस्तक ग्राफ्फीकल पद्धति से सरसों, फली तेल, सोना-चाँदी+शेर्यस+किराना मार्केट, गुड़, खांड इत्यादि की इकतरफा तेजी-मंदी के चांस लिखे गए हैं। ११ या २७ दिन के उल्लेखनीय घटाबढ़ी के प्रायः चांस पुस्तक में छपे है। **व्यापार में लाभ-हानि की जिम्मेदारी कभी नहीं होगी।** सन् १९९७+९८ में चीनी+किराना+चना+सरसों में बड़ी जबरदस्त घटाबढ़ी चलने की आशा है। कुछ वस्तुओं के कब ऊँचे भाव बनेंगे, कब नीचे भाव बनेंगे, एक अनुमान ही बताया गया है। किन वस्तुओं के व्यापार करने से लाभ मिलेगा का अनुमान पुस्तक में विवरण देने का प्रयास करेंगे। व्यापार करने के तरीके सरल भाषा में बताएगें। V.P.P. नहीं होगी। मनीआर्डर फार्म के संदेश भेजने के स्थान, पूरा नाम, पता अवश्य लिखें।

१ श्रीमती चम्पादेवी जैन W/o श्री पी.सी. जैन पोरसा वाले C/o जादवानी का मकान, काली भाई, संतर मुरार Morar, ग्वालियर (म.प्र.) ४७४००६

(२) अखिलेश कुमार जैन S/o पी.सी. जैन पोरसा वाले C/o अशोक मेडीकल स्टोर, तेलीवाड़े के सामने ग्वालियर रोड, भिंड Bhind. (M.P.) ४७७००१

S.T.D. ०७५३४ दूरभाष : पी.पी. ३४०६७ भिंड

ज्योतिष महासम्मेलन सम्पन्न

ता. २२.९.९६ से २४.९.९६ को अखिल भारतीय सरस्वती ज्योतिष मंच के संस्थापक पंडित "राजीव शर्मा" (जालंधर) एवम् मैत्री-मंत्र, दिल्ली के महासचिव दीपक मेहरा के संयुक्त प्रयास के सुपरिणामस्वरूप महेन्द्रा पार्क, रानी बाग, दिल्ली-११००३४ में ज्योतिष महासम्मेलन सम्पन्न हुआ जिसका संयोजन "पंडित एन.के. शर्मा, प्रधान-अखिल भारतीय सरस्वती ज्योतिष मंच (दिल्ली)" ने किया था। सम्मेलन की अध्यक्षता अहमदाबाद के "मोहन भाई पटेल" ने की। इस विशिष्ट ज्योतिष सम्मेलन में गोटे गाँव (मध्यप्रदेश) के धर्म नारायण तिवारी, भिलाई के "विजय कांत भट्ठ", गंगा नगर के "सत्य प्रकाश गोयल", कलकत्ता के "राम किशन तिवारी", पुणे के पंडित "किसन लाल शर्मा", धुले महाराष्ट्र के "ए.आर. तारखेड़कर" वास्तुशास्त्री, शिमला से "अमर गौतम", विदिशा (मध्यप्रदेश) से "एम.पी. सिंह", हॉलैंड से पंडित "सुरेश तिवारी", "आचार्य प्रभाकर मिश्र, उप-कुलपति-दरभंगा विश्वविद्यालय, भोपाल से "धनीराम शर्मा, बनाओ भविष्य के सम्पादक" और बृजभूषण सिंह के साथ-साथ मंदनलाल राजस्थानी, डॉ. भारतभूषण, डॉ. विनायकपाल, एस.पी. पाहवा, डॉ. एच.के. दयाल तथा दिल्ली के प्रमुख विद्वान ज्योतिषी उपस्थित थे। अरूण बंसल (फ्यूचर प्वाइंट) ने भी, जिन्होंने ज्योतिषय गणना को कम्प्यूटर द्वारा काफी आसान किया है और जो कि ज्योतिष-जगत में किया गया एक सराहनीय काम है, सम्मेलन में अपनी उपस्थिती दर्ज कराई। पंडित कृष्ण अशांत, बृज मोहन सेंखड़ी (दिल्ली), ओमप्रकाश शास्त्री (जालंधर), सुरेन्द्र चोपड़ा (अम्बाला) ने लाल किताब के कुछ अनुसुलझे प्रश्नों के सरल भाषा में जनता को उत्तर दिये। कैलाशचन्द्र शर्मा की पुस्तक "वर-वधू मिलापक" तथा पंडित किसन लाल शर्मा (पुणे) की पुस्तक "काल सर्प योग" को काफी सराहा गया। जिसका विमोचन इंदौर, श्री बर्फानी धाम के महाराज जी ने किया। मंच-संचालन दिल्ली के डॉ. मौदगिल ने नयी तंकनीक के साथ जनता को परोसा और उनमुक्त कंठ से प्रशंसा हुई। २२ से २४ सितम्बर, १९९६ के सम्मेलन में नयी सड़क दिल्ली के "**धर्मसन प्रकाशन**" के संस्थापक लाला धर्मपाल गुप्ता जी ने धर्म की पताका को फहराते हुये ज्योतिर्विदों को अपने प्रकाशन के पंचांग एवं जंत्रीय वितरित कीं।

—*संयोजक एवं प्रधान (दिल्ली)*

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सं. २०५४ वि. सन् १९९७-९८ ई. का चन्द्रदर्शन भविष्य विवेचन

खगोलवेत्ता ज्योतिषाचार्य— पं॰ शंकरलाल गौड़ ॥ शंभु कवि ॥

(सम्पादक — पंचांग, जंत्री, कालदर्शक, दैनन्दिनी आदि)

चैत्र (अप्रैल) १९९७ ई. —संवत् २०५४ वि॰ चैत्र शुक्ल १ मंगलवार दिनांक ८ अप्रैल सन् १९९७ ई॰ को चन्द्रदर्शन दक्षिण शृंग से दिखाई देगा। फलस्वरूप गेहूँ, चना, मटर, प्रियंगु, उड़द, मसूर के भाव गिर जाते हैं। किशमिश, छुहारा, घी, तेल, लाहा पर एकदम तेजी होती है। अरण्डी, बिनौला, सींगदाना, वेजीटेबल के भाव कुछ गिर जाते हैं। प्रान्तीय मंत्रिमंडल में परिवर्तन होता है। जनता तथा शासन में कहीं-कहीं मतभेद दिखाई देता है। ऐसा फलित ग्रन्थों से स्पष्ट है।

वैशाख (मई)—संवत् २०५४ वि॰ वैशाख शुक्ल २ गुरुवार दिनांक ८ मई सन् १९९७ ई॰ को चन्द्रदर्शन सम शृंग से होगा। जिसका फल विशेष उत्तम है। भारत का सम्मान विश्व में बढ़ेगा। केन्द्रीय मंत्रिमंडल में समय-समय पर हंगामे होते रहेंगे। शासन तथा प्रजा में मतभेद भी हो सकता है। सरसों, सोयाबीन, चना, उड़द, मोंठ, मसूर के भाव गिर जाते हैं। जीरा, धनियाँ, हींग, हल्दी, कवल गहा, गूगल पर अच्छी तेजी होती है। अंधड़, तूफानादि के योग मासान्त में हैं।

ज्येष्ठ (जून)—संवत् २०५४ वि॰ ज्येष्ठ शुक्ल १ शुक्रवार दिनांक ६ जून सन् १९९७ ई॰ को चन्द्रमा का उदय उत्तर शृंग से हो रहा है। अतः शासन तथा प्रजा में मतभेद तथा कूटनीतियाँ अपनाई जायेंगी। प्रान्तीय मंत्रिमंडलों में हंगामे, तोड़-फोड़ वारदातें होती हैं। सोना, चाँदी, स्टील, ताम्बा धानुवाने में सस्तापन होता है। किराना वस्तुएँ विशेषतः जीरा, धनियाँ, काली मिर्च, हींग, हल्दी पर अच्छी तेजी होती है। घी, तेल पर भीषण तेजी होती है। राम जन्मभूमि विवाद पुनः उठ सकता है। कहीं-कहीं तोड़-फोड़ वारदातें हो सकती हैं।

आषाढ़ (जुलाई)—संवत् २०५४ वि॰ आषाढ़ शुक्ल २ रविवार दिनांक ६ जुलाई १९९७ ई॰ को चन्द्रोदय उत्तर शृंग से होगा। इस प्रकार का चन्द्रोदय राष्ट्र में भारी विपत्ति का सूचक है। संभवतः सीमा विवाद उत्पन्न हो सकता है। रुई, कपास, ऊन पर सस्तापन हो सकता है। ऐरण्डा, सींगदाना, गेहूँ, चना, उड़द, मोंठ, मसूर पर कुछ तेजी हो सकती है। पूर्व उत्तर में आकस्मिक हलचल हो सकती है। जिससे सरकार कुछ असमंजस में पड़ जावे।

श्रावण (अगस्त)—संवत् २०५४ वि॰ श्रावण शुक्ल २ मंगलवार दिनांक ५ अगस्त सन् १९९७ ई॰ को चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग से होगा। रुई, कपास, ऊन, तिली, जौ, चावल, मूंग, मसूर, मोंठ पर अच्छी तेजी होती है। काश्मीर, पंजाब में आतंकवादियों का प्रायः सफाया ही समझना चाहिये। धातुवाने सोना, चाँदी, ताम्बा, स्टील पर तेजी हो। धान्य पर पुनः तेजी आ सकती है। अतः व्यापारी वर्ग लाभ उठा सकता है।

भाद्रपद (सितम्बर)—संवत् २०५४ वि॰ भाद्रपद शुक्ल २ बुधवार दिनांक ३ सितम्बर सन् १९९७ ई॰ को चन्द्रोदय उत्तर शृंग से हो रहा है। जो मार्केट में उतार-चढ़ाव करता है। जनता में खुशी की लहर दौड़ जाती है। गेहूँ, चना, मटर, मोंठ, मसूर, उड़द पर अच्छी तेजी दिखाई देती है। धातुवाने सोना, चाँदी, ताम्बा, स्टील, पीतल के भाव शीघ्र ही गिर जाते हैं। कागज, स्टेशनरी का सामान तेज हो।

आश्विन (अक्टूबर)—संवत् २०५४ वि॰ आश्विन शुक्ल २ शुक्रवार दिनांक ३ अक्टूबर सन् १९९७ ई॰ को चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग से हो रहा है। जो धान्य-धातुवाने पर सामान्य रूप से अच्छी तेजी करने वाला है। रुई, कपास, ऊन, सूती वस्त्रों पर भी अच्छी तेजी आती है। काष्ठ, कोयला, मिट्टी का तेल, कागज, स्टेशनरी का सामान कुछ मंदी की ओर जाता है। चीनी, गुड़ पर तेजी होती है।

कार्तिक (नवम्बर)—संवत् २०५४ वि॰ कार्तिक शुक्ल २ रविवार दिनांक २ नवम्बर सन् १९९७ ई॰ को अनुराधा नक्षत्र में चन्द्रमा का उदय कुछ घटा-बढ़ी के साथ बाजार चलाता है। सामान्यतः, गेहूँ, चना, मटर, सरसों, तिल, घी, तेल, चावल, सोना, चाँदी, ताम्बा, स्टील, किशमिश, छुहारा, चिरोंजी, मखाने, बादाम पर घोर तेजी आती है। खड़ी फसल में हानि हो सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल में विभागीय परिवर्तन हो।

मार्गशीर्ष (दिसम्बर)—संवत् २०५४ वि॰ मार्गशीर्ष शुक्ल १ सोमवार दिनांक १ दिसम्बर सन् १९९७ ई॰ को चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग से हो रहा है। जो सुभिक्ष का सूचक है। सुभिक्ष के संचार से जनता सुखी हो। रुई, कपास, ऊन, काष्ठ, कोयला, मिट्टी तेल, सरसों का तेल आदि पर भीषण तेजी आती है। गेहूँ, चावल, चना, जौ, मटर, घी, तेल, उड़द, मोंठ, स्टेशनरी के सामान में तेजी हो।

पौष (जनवरी)—संवत् २०५४ वि॰ पौष शुक्ल २ बुधवार दिनांक ३१ दिसम्बर सन् १९९७ ई॰ को चन्द्रोदय उत्तर शृंग से हो रहा है। इस दिन का चन्द्रदर्शन रुई पर एकदम तेजी लाने वाला है। शीताधिक्य, वायु संचार, कहीं-कहीं उपलवृष्टि भी प्रायः हो जाया करती है। गुड़, तेल सरसों में अच्छी तेजी आती है। गेहूँ, चना, मटर, उड़द, मोंठ, उड़द के भाव भी कुछ बढ़ जाते हैं अतः गल्ले के व्यापारी इस समय लाभ उठा सकते हैं।

माघ (फरवरी)—संवत् २०५४ वि॰ माघ शुक्ल १ गुरुवार दिनाक २९ जनवरी सन् १९९८ ई॰ को चन्द्रदर्शन सम शृंग से हो रहा है। ऐसी आकृति वाला चन्द्रमा सोना, चाँदी में घटा-बढ़ी करता है। रुई, सूत, ऊन, सरसों, तिलहन में भीषण तेजी का योग बन रहा है। घी, तेल, काष्ठ, कोयला, मिट्टी के तेल के भाव बढ़ जाते हैं। प्राकृतिक प्रकोप संभव है।

फाल्गुन (मार्च)—संवत् २०५४ वि॰ फाल्गुन शुक्ल २ शनिवार दिनांक २८ फरवरी सन् १९९८ ई॰ को चन्द्रोदय दक्षिण शृंग से हो रहा है जिसका फल व्यापार पर विलक्षण प्रभाव दिखायेगा। तिल, तेल, सरसों, चाँदी, सोना, स्टील, ऊन पर भीषण तेजी होती है। प्रजा को कष्ट, प्राकृतिक प्रकोप से फसल नष्ट होती है। रुई, कपास के भाव भी चढ़ जाते हैं। गुड़, खाण्ड, हींग, हल्दी, सोंठ, कपूर, कचूर, खेर, कत्था के भाव गिर जाते हैं।

व्यापारिक भविष्य जानने के लिए सम्पर्क करें, फीस डाक व्यय सहित मनीआर्डर से भेजें
वार्षिक १००१ रु॰, षट्मासिक ५०१ रु॰, त्रैमासिक २५१ रु॰, मासिक १२५ रु॰, डाक व्यय २५ रु॰
पता—ज्योतिषाचार्य पं॰ शंकरलाल गौड़, दुरा, आगरा (उ॰प्र॰)

ज्योतिष, आयुर्वेद, साहित्य, धर्मशास्त्र, मंत्र विज्ञान की लोकप्रिय पत्रिका **शंकर भारती**
एक प्रति १० रु॰, वार्षिक मूल्य ३० रु॰ पठनीय श्रेष्ठ पत्रिका आज ही मंगाईये।
सीमित संख्या में छपती है। शीघ्रता करें।
पता—व्यवस्थापक, शंकर भारती, ब्रजबाबापथ, दुरा, आगरा (उ॰प्र॰)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

धन प्रदायक कहे जाते हैं वैदिक यंत्र

पं. केवल आनन्द जोशी, ज्योतिष स्तम्भकार-राष्ट्रीय सहारा, नवभारत टाईम्स, सांध्य टाईम्स

भारतीय धर्मशास्त्रों में प्राचीन काल से ही सद्गृहस्थों के लाभार्थ विशिष्ट प्रकार के तंत्र-मंत्र एवं यंत्रों का अनुसंधान और अनुशीलन करने की विशद चर्चाएँ उल्लिखित हैं। वैदिक युग के आर्यावर्त काल में देवासुर संग्राम के दौरान भगवान दत्तात्रेय (ब्रह्माजी) ने अपने वैज्ञानिक मस्तिष्क से सृष्टि के क्रम को चलाए रखने के लिए अनेक शस्त्र-शास्त्र और यंत्र-मंत्रों का सृजन किया वहीं मानव सहित देवता, यक्ष, किन्नर एवं ऋषि-मुनियों तथा साधक गणों को उनकी बुद्धि एवं भक्ति की शक्ति की जाँच परख कर उनके युक्ति युक्त मार्गदर्शक करने हेतु कुछ प्रमुख यंत्रों को उपहार भी दिए। कालान्तर में ये यंत्र प्रकृति की उथल-पुथल में लुप्त हो गये और समयानुसार सभ्यताएँ भी युगों के प्रभाव में पनपती और नष्ट होती रही हैं। यह प्रसन्नता की बात है कि आज के युग में जब शिक्षा और विज्ञान ने यथेष्ट प्रगति कर ली है तो पुरातत्व के महत्व को समझने में भी बेहद सहायता मिली है। अतीत के गर्त में डूबी बहुत सी दुर्लभ चमत्कारी शक्तियाँ आज प्रकाश में आने लगी हैं। इन्हीं दुर्लभ प्राकृत सम्पदाओं में यंत्रों के विशिष्ट प्रभाव पर भी अनेक शताब्दियों से अनुसंधान और अनुशीलन हुआ जिनमें कई प्रमुख यंत्रों का रेखांकन आकार और निहित तंत्र-मंत्रों का भण्डार भी बुद्धिजीवियों के हाथ लगा है। वैसे तो कितने यंत्र भगवान श्री दत्तात्रेय ने बनाये। इसकी निश्चित संख्या ज्ञात नहीं है, पर जो कुछ भी यंत्र-शास्त्र के नाम से उपलब्ध हैं उनमें से कुछ प्रधान-यंत्रों का रेखांकन और विवरण यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है।

यह भी विशेष विचारणीय है यंत्र पूजन के लिए एक नियत स्थान अथवा एकान्त पूजन स्थान अवश्य होना चाहिए। उस स्थान पर सबसे पहले नवग्रह स्थापना विधि के अनुसार दिवार अथवा काष्ठ की वेदी पर करवाकर षोडशमातृकाचक्र में चारों दिशाओं का संधान करना चाहिए। मातृकाचक्र के अनुसार सभी सोलह देवि मातृ शक्तियों का आवाहन करना चाहिए। यह क्रम नित्यावृति में ग्रहण करके फिर निर्दिष्ट यंत्र को ताम्र अथवा चाँदी की अथवा किसी भी अन्य शुद्ध धातु की पट्टिका में उत्कीर्ण कर यानि अच्छे शिल्पी से खुदवा कर निर्धारित रेखांकित ज्योमितीय वृत, कोण, त्रिकोण, चतुष्कोण, षटकोण, मंत्रों आदि का शुद्ध रूपान्तर ही धातु पट्टिका पर करवा कर यथाविधि पूजन प्रक्रिया आरंभ करनी चाहिए। इनमें कुछ यंत्रों का संक्षिप्त वर्णन यहाँ प्रस्तुत है। इनकी सिद्धि और सफलता साधक के श्रम पर निर्भर परन्तु यह कहना व्यर्थ है कि यंत्रों की महिमा अवैज्ञानिक और अकारण है।

श्री यंत्र : (विशेष धन प्रदायक) दीपावली के अवसर पर

यह सर्वाधिक लोकप्रिय एवं प्रसिद्ध यंत्र है। इसकी अधिष्ठात्री देवी स्वयं श्री विद्या अर्थात् त्रिपुर सुन्दरी से भी अधिक इस यंत्र की मान्यता है। यह बेहद शक्तिशाली ललितादेवी का पूजा चक्र है। इसको त्रैलोक्य मोहन अर्थात तीनों लोकों का सम्मोहन करने वाला भी कहते हैं। इसे गंगा जल, दूध से स्वच्छ करके पूजास्थान, व्यापारिक स्थान तथा अन्य शुद्ध स्थान पर रखा जाता है। इसकी पूजा पूर्व की ओर मुँह करके करी जाती है।

श्री यंत्र का सीधा मतलब है लक्ष्मी प्राप्ति का यंत्र, मध्य भाग में बिन्दु व छोटे-बड़े मुख्य नौ त्रिकोण इन नौ त्रिकोण से बने ४३ त्रिकोण, दो कमलदल, भूपुर एक चतुरस ४३ त्रिकोणों से निर्मित उन्नत श्रृंग के सदृश्य मेरु पृष्ठीय श्री यंत्र अलौकिक शक्ति व चमत्कारों से परिपूर्ण गुप्त शक्तियों का प्रजनन केन्द्र बिन्दु कहा गया है।

जिस प्रकार सभी कवचों में चण्डी कवच श्रेष्ठ है, उसी प्रकार से सभी देवी-देवताओं के यंत्रों में श्री देवी का यंत्र सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। इसी कारण इसे यंत्रराज व यंत्र शिरोमणि नाम से भी अभिहित किया गया है। दीपावली, धनतेरस, बसन्तपंचमी अथवा पौषमास की संक्रान्ति के दिन यदि रविवार हो तो इस यंत्र का निर्माण व पूजन विशेष फलदाई माना गया है।

श्रीनवनाथ यंत्र : (धनप्रदायक जैन, वैश्य सम्प्रदाय का दुर्लभ पद्मायंत्र)

नवनाथ यंत्र की महिमा प्राचीन काल से ही गुप्त रूप में प्रचलित है। नवनाथ ग्रंथ में इसका विस्तृत वर्णन है और पूर्ण पाठ भी उसमें उल्लिखित है। परन्तु पाठ करने से अधिक सुलभ इस यंत्र का पूजन है। यह यंत्र ताम्रपत्र पर उभारा हुआ होना चाहिए। पूजन के समय पूर्व की ओर मुख करके बैठना चाहिए। इसमें पूर्ण आसन शुद्धि, शरीर शुद्धि तथा मन की शुद्धि होना आवश्यक है। एकाग्र चित्त से इस यंत्र की ओर जो भी कार्य करना है उसका संकल्प लेकर नवनाथ का आवाहन करना चाहिए। आवाहन मंत्र से पहले "ॐ नमः शिवाय" का ५ बार उच्चारण करना चाहिए और फिर "ॐ द्रां दत्तात्रेयाय नमः" जप करके नवनाथ यंत्र को अर्पण करें। उसके बाद मंत्र के बीच मंत्र, मन ही मन उच्चारण करके मूल मंत्र को ११ दिन तक नित्य प्रति साधना चाहिए। फिर यंत्र विलक्षण फलदायी प्रभाव देना शुरू कर देता है।

कार्यसिद्धि यंत्र : (विघ्न-बाधा निवारक तथा कार्यसाधक यंत्र)

कार्यसिद्धि यंत्र सर्वत्र उपयोगी, सर्वकार्य साधक और बहुत ही गोपनीय यंत्र है। इस यंत्र को पूजा स्थान में अथवा किसी सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए। इसे अपने पास रखने से न केवल कार्य सिद्ध होते हैं बल्कि धन धान्य की भी वृद्धि होती है। मोटे ताँबे की प्लेट में उभरा हुआ यह यंत्र गोलाई में होता है। इस यंत्र की आकृति यहाँ दी गई है। यह यंत्र गोलाकार रूप में सात भागों में बाँटा गया है। प्रत्येक विभाग में सांकेतिक अंक और आकृतियाँ दी गई हैं। जैसे वीणा (९१), साँप (३८), नौका (३३), बाण (५२), [illegible] (६१), हीरा (२६), पेड़ (८७)। इन आकृतियों को घर से बाहर जाते वक्त दक्षिण को देख लेना ही कार्य साधक होता है। प्राचीन समय से ही लोगों का इस पर विश्वास है। यह यंत्र पूजा स्थान में रखना श्रेष्ठ होता है। कोई यंत्र आदि का अनुष्ठान इसमें नहीं होता।

श्री महालक्ष्मी यंत्र : (सुख वैभव प्रदायक)

श्री महालक्ष्मी यंत्र की अधिष्ठात्री देवी कमला है, अर्थात् इस यंत्र की पूजन करते समय श्वेत हाथियों के द्वारा स्वर्ण कलश से स्नान करती हुई कमलासन पर बैठी लक्ष्मी का ध्यान करना चाहिये। "सिद्धांत" के अनुसार इस यंत्र के नित्य दर्शन व पूजन से लक्ष्मी की प्राप्ति लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

इस यंत्र की पूजा वेदोक्त न होकर पुराणोक्त है। इसमें बिन्दु षट्कोण, वृत अष्टदल एवं भूपुर की संरचना की गई है। धनतेरस, दीपावली, बसन्तपंचमी, रविपुष्य एवं इसी प्रकार के शुभ योगों में इसकी उपासना का महत्त्व है। स्वर्ण, रजत व ताम्र से निर्मित इस यंत्र की उपासना से उस घर व स्थान विशेष में लक्ष्मी का स्थाई वास हो जाता है ऐसी मान्यता है।

बगला मुखी यंत्र : (शत्रु विनाशक)

"बगला" दस महाविद्याओं में एक है। इसकी उपासना से शत्रु का नाश होता है। शत्रु की जिह्वा वाणी व वचनों का स्तम्भन करने हेतु इससे बढ़कर कोई यंत्र नहीं है। इस यंत्र के मध्य बिन्दु पर बगलामुखी देवी का आह्वान व ध्यान करना पड़ता है इसे पीताम्बरी विद्या भी कहते हैं क्योंकि इसकी उपासना में पीले वस्त्र पीले पुष्प पीली हल्दी की माला एवं केसर की खीर का भोग लगता है।

इस यंत्र में बिन्दु त्रिकोण, वृत षोडशदल एवं भूपुर की रचना की गई है। नुकसान पहुँचाने वाले दुष्ट शत्रु की जिह्वा हाथ से खींचती हुई एवं दूसरे हाथ में मुदगर लेकर शत्रु के मस्तक पर प्रहार करती हुई बगला देवी का ध्यान करते हुये, शत्रु के सर्वनाश की कल्पना की जाती है। इस यंत्र के विशेष प्रयोग से प्रेत बाधा व यक्षिणी बाधा का भी नाश होता है। इस यंत्र की सुवर्ण व रजतमय छोटे आकार की अंगूठी व पैंडल बनाने से भी कार्य सिद्धि संभव है।

धर्मसन प्रकाशन, 2596, नई सड़क, दिल्ली - 110006 ☎ 3285234, 3264986

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

श्री महामृत्युंजय यंत्र : (कष्ट एवं मारक दशा के निवारण हेतु)

इस यंत्र के माध्यम से मृत्यु को जीतने वाले भगवान शिव की स्तुति की गई है। भगवान शिव की साधना
अमोघ व शीघ्र फलदायी मानी गई है। मारक दशाओं के लगने के पूर्व इसके प्रयोग से व्यक्ति भावी दुर्घटना से
बाल-बाल बच जाता है। शूल की पीड़ा सुई में बदल कर रह जाती है। प्राणघातक दुर्घटना व सीरियस
एक्सीडेन्ट में भी जातक सुरक्षित व बेदाग होकर बच निकलता है।
प्राण घातक मौका टल जाता है। ज्योतिषी लोग अरिष्ट ग्रह के निवारणार्थ, आयुष्यवर्द्धन हेतु, अपघात
किंवा अपमृत्यु व अकाल मौत से बचने के लिये महामृत्युंजय यंत्र की सिद्धि कराते हैं।
"शिवार्चन स्मृति:" के अनुसार पचकोण, षटकोण, अष्टदल एवं भूपुर से युक्त, मूल मंत्र के बीज से
सुशोभित महामृत्युंजय यंत्र होता है। आसन्न रोग की निवृत्ति के लिये एवं दीर्घायु की कामना के लिये इस यंत्र
का प्रयोग सर्वाधिक सफल माना गया है। इस यंत्र का नित्य पूजन कर इसका चरणामृत पीने से व्यक्ति निःरोग
रहता है। इसका अभिषिक्त किया हुआ जल घर में छिटकने से परिवार में सभी स्वस्थ रहते हैं। घर पर रोग
व ऊपरी हवाओं का आक्रमण नहीं होता।

श्री कनकधारा यंत्र : (परिश्रम और साधना की सफलता के लिए)

लक्ष्मी प्राप्ति के लिये एक अत्यन्त दुर्लभ और रामबाण प्रयोग है। इस यंत्र के पूजन से दरिद्रता का नाश
होता है। पूर्व में आदि शंकराचार्य ने इसी यंत्र के प्रभाव से स्वर्ण के आंवलों की वर्षा कराई थी यह यंत्र रंक को
राजा बनाने की सामर्थ्य रखता है। यह यंत्र अष्टसिद्धि व नव निधियों को देने वाला कहा गया है। इसमें बिन्दु,
त्रिकोण एवं दो वृहद त्रिकोण वृत्त, अष्टदल, वृत्त, षोडशदल एवं तीन भूपुर होते हैं यह यंत्र स्वर्ण व रजत पत्रों
पर भी बनाया जाता है। इस यंत्र पर "कनकधारास्तोत्र" का पाठ करना अनिवार्य माना गया है।

सिद्ध श्री बीसा यंत्र : (सर्पबाधा निवारक तथा ऐश्वर्य यश प्रदायक)

कहावत प्रसिद्ध है—"जिसके पास हो बीसा, उसका भला करे जगदीशा।" अर्थात् साधकों ने इस बीसा
यंत्र के माध्यम से दुनिया की हर मुश्किल आसान होते देखी है। इसलिये कई लोग इसे "यंत्रराज बीसा" भी
कहते हैं। निर्वाण मंत्र से सम्पुटित करते हुये इसमें देवी जगदम्बा का ध्यान किया जाता है।
प्रस्तुत यंत्र में चतुष्कोण में आठ कोष्टक एक लम्ब त्रिकोण की सहायता से बनाये गये हैं। त्रिकोण को
मंदिर के शिखर का आकार दिया गया है। अंक विद्या के चमत्कार के कारण इस यंत्र के प्रत्येक चार कोष्टक
की गणना से बीस की सिद्धि होती है। इस यंत्र के सिद्ध हो जाने पर व्यक्ति को इष्ट-बल की प्राप्ति होती है।
वचन सिद्धि भी मिलती है। तथा भूत-प्रेत आदि ऊपरी हवाओं पर काबू पाने व उनको नष्ट करने की शक्ति
भी इसी यंत्र के माध्यम से मिलती है।

कुबेर यंत्र : (श्रेष्ठधन दायक तथा व्यापार/व्यवसाय में प्रेरक)

यह धन के अधिपति धनेश व कुबेर का यंत्र है। इस यंत्र के प्रभाव से यक्षराज कुबेर प्रसन्न होकर अतुल
सम्पत्ति की वर्षा करते हैं। यह यंत्र व रजत पत्रों पर भी निर्मित होता है। जहाँ लक्ष्मी प्राप्ति की दूसरी साधनायें
असफल हो जाती हैं, वहाँ पर इस यंत्र की उपासना से शीघ्र लाभ होता है। कुबेर यंत्र विजयदशमी, धनतेरस,
दीपावली तथा रविपुष्य तथा रविगुरु योग पर बनाया जाता है। कुबेर यंत्र की स्थापना गल्ले, तिजोरियों, सेफ व बन्द
अलमारियों में की जाती है। लक्ष्मी की गई साधनाओं में कुबेर यंत्र का प्रयोग अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

दाम्पत्य सुख कारक मंगल यंत्र : (मंगल दोष निवारक तथा ऋण निवारक)

विवाह योग्य कन्या या पुत्र के विवाह में बाधा आना, विवाहित दम्पत्ति के जीवन में दीर्घकाल तक
सन्तानाभाव रहना, गर्भपात होकर सन्तान हाथ न लगना, मनुष्य का ऋण पर ऋण लेते हुये कर्जग्रस्त होने के
बाद कर्ज चुकाने के आसार से निराश हो जाना, इन तीनों दुःखों को दूर करने के लिये ज्योतिष शास्त्र में मंगल
व्रत का विधान है। मंगल के व्रत में "मंगलयंत्र" के पूजन का विधान है।

ऐसे अनेक उदाहरण है कि लड़कियाँ ३०-४० वर्ष की आयु तक पहुँच जाती है परन्तु मांगलीक दोष के कारण विवाह तो दूर, सगाई तक नहीं हो पाती। दूसरी ओर वर पक्ष से ऐसे-ऐसे उदाहरण आते हैं कि दो-दो तीन-तीन विवाह कर लिये परन्तु "मंगली दोष" के कारण पत्नी का सुख नहीं। मंगली दोष से व्यक्ति कर्जदार होता है। और कर्जदार भी ऐसा कि उसका कर्जा उसकी मृत्यु पर्यान्त उसके साथ रहता है। ऐसे जातकों की भी कमी नहीं जो आमूलचूल कर्ज से डूबे हुये हैं। उन्होंने लक्ष्मी साधना एवं रुपयों की प्राप्ति हेतु कई यज्ञ व अनुष्ठान किये परन्तु पैसा जाता है, रुकने का नाम नहीं लेता। ऐसे व्यक्तियों को पहले "मंगल यंत्र" की साधना से अपने मंगलीक दोष की निवृत्ति करनी चाहिए प्रयोग से पाया कि "मंगल यंत्र" की विधिवत उपासना के पश्चात २१ मंगलवार पूर्ण होते-होते लोगों को अपने-अपने अभीष्ट कार्यों में बराबर सफलता मिली है। कई परिवारों में विवाह के पश्चात् सन्तान बाधा हेतु भी इसके प्रयोग किये। सभी को अनुकूल लाभ हुये। यदि किसी जातक का पंचमेश मंगल हो, या पंचम भाव मंगल हो या मंगल की दृष्टि हो, तो पुत्र संतान की प्राप्ति हेतु "मंगल यंत्र" का सहारा लेना चाहिये।

सम्पर्क सूत्र— सैक्टर-८/८७९, रामाकृष्णापुरम्, नई दिल्ली-११००२२ दूरभाष : ६१००९९३

सन् १९९७ ई. में ग्रह का शेयर बाजार पर प्रभाव

लेखक—ज्यो. पं. बसन्तलाल व्यास (अनेक उपाधियों से विभूषित)
सम्पादक—विविध जंत्री-पंचांग, राया मथुरा, उ.प्र.-२८१२०४, फोन नं. ०५६५८३३३५३

जनवरी, १९९७—ता. ५ जनवरी शेयर बाजार में तेजी, ९ जन. भावों में मन्दी का मान रहे। १० जन. भावों में कुछ सुधार, ११ जन. घटा-बढ़ी के बाद मन्दे में बन्द हो, १४ जन. सूर्यमुखी चाल में सुधार हो, १९ जन. तथा २१ जन. भावों मे सुधार, २३ जन. मांग से तेजी हो। २७ जन. भावों में तेजी को बल, २९ जन. भावों में तेजी का मान हो, ३० जन. चलते भावों के रुख में परिवर्तन, ३१ जन. बाजार रुख देखें, लाभ उठावें।

फरवरी—२ फरवरी भावों में सुस्ती, कारोबार में गिरावट, ५ फर. शेयर बाजार में सुधार, ६ फर. चलती लाइन में सुधार, ८ फर. भावों में अस्थिरता में सुधार, ९ फर. शेयर बाजार में गर्मी का रुख, १२ फर. मांग के साथ बाजार सूर्यमुखी चाल में, १६ फर. सूर्यमुखी चाल में तेजी का मान करे, १९ फर. उठे भाव टूट जावें, बाजार पर मौसम का प्रभाव हो, २० फर. भाव उठे, २२ फर. भावों में गिरावट में रोक हो, २३ फर. भावों में सुधार हो, २४ फर. शेयर बाजार में मन्दी, २८ फर. मांग के साथ भाव भी उठें।

मार्च—४ मार्च शेयर बाजार में मांग के साथ भाव भी तेजी का मान करें, ८ मार्च शेयर बाजार सूर्यमुखी चाल में तेज, १३ मार्च शेयर चलते बाजार बदलकर तेजी में रोक लगायें, १४ मार्च शेयर बाजार गिरकर उठें, १७ मार्च वायदा बाजार में सुधार हो, २१ मार्च शेयर बाजार में तेजी, २४ मार्च चलते भाव गिर जावें, २७ मार्च चलते भाव बदल जावें, तेजी का मान हो, २९ मार्च शेयर बाजार सूर्यमुखी चाल में मांग करे, ३१ मार्च शेयर बाजार में तेजी का मान हो।

अप्रैल—१ अप्रैल सोमवती मन्दी का मान करे, ७ अप्रैल शेयर बाजार में सुधार हो, ११ अप्रैल शेयर बाजार प्रथम मन्दी का मानकर तेजी को बल, १४ अप्रैल शेयर बाजार में तेजी, १७ अप्रैल शेयर बाजार में मन्दी का भाव हो, २२ अप्रैल बाजारों में सुधार हो, २६ अप्रैल शेयर बाजार में शीघ्र मन्दी बनेगी, २७ अप्रैल शेयर बाजार में कुछ सुधार हो, २९ अप्रैल बाजार खुलते ही तेजी का मान हो। ३० अप्रैल चलते बाजार उठान होना चाहते हैं।

मई—३ मई शेयर बाजार में गिरावट बनाकर तेजी को बल, ४ मई शेयर में कुछ सुधार रहे। ७ मई बाजारों में कुछ मौसम के साथ गर्मी हो, १० मई शेयर बाजार में मन्दी का प्रभाव हो। १० मई भावों में सुधार हो, बन्द बाजार में मन्दी, १७ मई शेयर रुके भाव उठ जावें, २१ मई शेयर बाजार में सुधार हो, २३ मई भावों

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

में तेजी को बल, २५ मई भावों में तेजी का मान हो, २७ मई शेयर चलते भाव भी सुधार लें, ३० मई शेयर बाजार में गर्मी भाव भी तेज हों।

जून—३ जून शेयर बाजार में तेजी का मान, ५ जून शेयर बाजार सूर्यमुखी चाल में उठे, ८ जून शेयर बाजार में तेजी का मान, ९ जून भाव पलट लें, १५ जून शेयर बाजार में तेजी को बल, १५ जून सूर्यमुखी चाल में तेजी का मान, १५ जून बाजारों में सुधार हो, १८ जून भावों में तेजी आकर मन्दी का मान, २२ जून भावों में तेजी का मान हो, २३ जून शेयर बाजार गिरकर तेजी का मान करें, २४ जून चलती लाइन पलट चाहती है, ३० जून शेयर बाजार में मन्दी का मान हो।

जुलाई—१ जुलाई शेयर में सुधार, ५ जुलाई भाव गिर जावें, ७ जुलाई शेयर १५ दिन में मन्दी को बल, १३ जुलाई उठे भाव गिर जाना चाहते हैं, १२ जुलाई शेयर सूर्यमुखी चाल में, १६ जुलाई शेयर बाजार में सुधार हो, १६ जुलाई शेयर बाजार में तेजी का मान, १९ जुलाई शेयर की चलती लाइन में सुधार हो, भाव उठे, २० जुलाई शेयर प्रथम तेज होकर गिर जावें। २२ जुलाई शेयर बाजार में तेजी, २३ जुलाई मांग के साथ भाव उठे, २९ जुलाई भावों में सुधार हो, ३१ जुलाई शेयरों में सुधार हो।

अगस्त—१ अगस्त शेयर बाजार में तेजी को बल, ४ अगस्त चलते भावों में सुधार हो, ९ अगस्त चलते भावों में उठान को बल, २० अगस्त को भावों में मन्दी का मान, २१ अगस्त शेयर बाजार में तेजी का मान कर गिर जावें, २५ अगस्त चलती लाइन में शेयर सुधार लें, ३१ अगस्त शेयर बाजार दो सप्ताह में तेजी का मान करेंगे।

सितम्बर—शेयर सूर्यमुखी चाल में स्थिरता लें, ५ सितम्बर शेयर बाजार में तेजी, ६ सित. भाव गिरकर तेजी का मान करे, ८ सित. शेयर बाजार में भावों में गर्मी, ११ सित. शेयर सूर्यमुखी चाल में तेजी का मान करे, १६ सित. शेयर बाजार में गर्मी बने, १९ सित. शेयर भावों में वृद्धि हो, १७ सित. २ सप्ताह में तेजी, १९ सित. भावों में वृद्धि, २३ सित. चलते भाव सूर्यमुखी चाल में टूटे, २९ सित. भावों में मन्दी का मान, २८ सित. शेयर दो सप्ताह में उठे, ३० सित. चलते भाव भी तेजी का मान करें।

अक्टूबर—२ अक्टूबर शेयर गिरकर तेज हों, ४ अक्टू. शेयर मन्दी का मान कर उठ जावें, ९ अक्टू. शेयर तीन दिन तक मन्दी का मान कर तेज हों, ११ अक्टू. शेयर सूर्यमुखी चाल में तेजी का मान करें, १५ अक्टू. शेयर के भावों में तेजी, १७ अक्टू. शेयर बाजार में सुस्ती को बल, २० अक्टू. शेयर बाजार में सुधार और मांग में वृद्धि हो. २४ अक्टू. बाजारों में गर्मी बने, २७ अक्टू. शेयर बाजार मन्दी का मान करे, ३० अक्टू. शेयर तेज होकर गिर जाना चाहते हैं।

नवम्बर—३ नवम्बर शेयर के उठते भाव रुक जावें और पुन: तेजी की भावना को बल प्राप्त हो, ६ नव. भावों में सुधार होगा, १२ नव. चलते भाव उठ जावें, १४ नव. शेयर बाजार में गर्मी, १८ नव. शेयर बाजार गिरकर तेजी का मान करे, २० नव. बाजार सूर्यमुखी चाल में उछल जावे, १६ नव. शेयर बाजार में तेजी, २४ नव. शेयर बाजार तेजी का मान करे, २७ नव. शेयर बाजार में तेजी तथा मांग में वृद्धि, ३० नव. शेयर सूर्यमुखी चाल में तेजी का मान करे।

दिसम्बर—२ दिसम्बर शेयर बाजार गिरकर तेज हों, ५ दिस. शेयर बाजार में तेजी को बल, ११ दिस. शेयर बाजार में मन्दी का प्रभाव हो, १५ दिस. शेयर बाजार में तेजी आकर भाव गिर जावें, १६ दिस. शेयर बाजार में तेजी को बल, १९ दिस. शेयर गिरकर सूर्यमुखी चाल में उठे। २२ दिस. शेयर बाजार में गर्मी, २५ दिस. शेयर तेज होकर भी बाजार गिर जावें, २७ दिस. शेयर बाजार में गिरावट को बल, २९ दिस. शेयर बाजार में सुधार हो।

शेयर बाजार की जानकारी ग्रह के आधार पर है परन्तु शेयर बाजार में ग्रह ज्योतिष गणना से अधिक ग्रह भी होते हैं—(१) देश की राजनैतिक गतिविधि, (२) मौसम, (३) मूलग्रह सटोरिया (दलाल) भी शेयर बाजार को प्रभावित किया करता है। अत: देश की राजनैतिक गतिविधियाँ मौसम परिवर्तन, दलाल भी इस बाजार के ग्रह हैं। अत: व्यापारी इनका भी ध्यान रखें। सन् १९९७ का व्यापार भविष्य फल १०० रु., तेजी-मन्दी दर्पण ५१ रु., शेयर की मासिक रिपोर्ट ५१ रु॰, वर्ष के लिये ५०० रु॰ है। व्यापार विजय यन्त्र ५१ रु., स्पेशल १०० रु., ताम्रपत्रों का महालक्ष्मी कुबेर यन्त्र २५० रु॰, दक्षिणवर्ती शंख २०० रु., सिमार सींगी १५० रु., हथ्था जोड़ी २०० रु. सभी सुख रुद्राक्ष आदि का सूचीपत्र मुफ्त मंगावें।

पता—श्री अम्बा ज्योतिष पीठ, राया मथुरा (उ.प्र.)

सं. वि. २०५४ (सन् १९९७-९८ ई.) का व्यापार भविष्य

ले॰—श्री ओंकाराश्रम व्यापार अनुसंधान केन्द्र

संवत् विक्रम २०५४ का राष्ट्रपति भौम होने से मांगलिक कार्यों की वृद्धि करेगा साथ ही चोर भय, अपहरण, चोरी, डकैतियों की वृद्धि, अग्निकांड, जबरदस्त हवाई दुर्घटना तथा जन क्षय विशेष होंगे। मंत्री संवत् २०५४ के भगवान् भास्कर सूर्य नारायण होंगे, ज्योति शास्त्र में सूर्य-भौम आपस में घनिष्ठ मित्र हैं। इस वास्ते राज्य सम्बन्धी कार्य कड़ाई से पालन करेंगे और कीमतों को नीचे लाने की भरसक प्रयत्न सैन्ट्रल गवर्नमेंन्ट का होगा। स्थिर सरकार बनी रहे। नये-२ कानून बनाकर प्रशासन को दृढ़ रखने में कोई कसर नहीं रहेगी। बार-बार डराने-धमकाने से युद्ध जैसी स्थिति, यत्र-तत्र बनेगी। पर भारत सरकार की चतुराई से विदेशी स्तब्ध रहेंगे। इस सं॰ वि॰ २०५४ में सस्येस बुध सस्यपति होने से सुख समृद्धि, प्रचुर जल, धर्मादि कृत्य अधिक होंगे। धान्येश चन्द्रमा है, ज्योति शास्त्र की दृष्टि से बुध ग्रह जी प्रजा वृद्धि चाहते हैं और गेहूँ, सरसों तथा ईख की वृद्धि भी करेंगे। मेघेश शनि सं॰ २०५४ में बने हैं। शनि महाराज—भगवान् भास्कर के बेटे हैं। सूर्य के साथ जलचर राशि में पड़ने से वर्षा का विरोध नहीं करेंगे और अपने क्रूर स्वभाव के कारण सिर्फ मलेच्छों को कष्ट, रोग भय ही देंगे। रसेश शुक्र महाराज सुखसुभिक्ष, स्त्रियों की प्रतिष्ठा वृद्धि कारक हैं। नीरसेश बुध इस वर्ष में शुभ ग्रह: व्यापारियों को लाभ देंगे। छपे वस्त्रों की तेजी होगी तथा फलेश शनि—तस्करों द्वारा फलों के आयात की वृद्धि होगी। धनेश भौम—जनता के पैसों का दुरुपयोग सरकार द्वारा किया जाये। दुर्गेश शनि—इस वर्ष में कृषि धन की वृद्धि तथा मैटीरियल पदार्थों में तेजी कारक रहेगा। विकृति नाम संवत् २०५४ कहलायेगा और वर्ष नाम श्रावण नाम से पुकारा जायेगा। मेघनाम—संवर्त वर्षा की वृद्धि करेगा। रोहिणी निवास संधी में खंड वृष्टि करेगा, समय निवास वणिक गृहे होने से किसी-किसी वस्तु में दुगने होंगे, ड्यौढ़े भाव भी होंगे पर सवाया तो इस वर्ष में करीब-२ सभी वस्तुओं में होंगे। धान्य, चावलों, रुई का संग्रह विशेष लाभप्रद रहेगा। वैशाख में धातु पदार्थ की तेजी जेठ बदि दशमी तक विशेष, बाद भाव गिरेंगे।

भैरव-भवानी की गोष्ठी झलक

श्री जगदम्बे भवानी से, पूछैं भैरव लाल। विक्रम चौव्वन आ गया, स्पष्ट कह दो पूर्ण हाल॥ १॥
उ॰—भैरव कह दो सभी से, हाल कहूं समझाय। राजा कुज मंत्री रवि, यह सब को डर पाय॥ २॥
समय निवासा वणिक घर, रोहिणी संधी निवास। खंड वृष्टि का योग भी, कहीं-कहीं वर्षा खास॥ ३॥
सौम्य देव सस्येश हैं, स्तम्भ बने हैं तीन। बिगड़े काम सुधार दें, इसमें मेष न मीन॥ ४॥
आषाढ़ी हले जोत हो, श्रावण जय-जयकार। राम कृष्ण के भजन से, होगा बेड़ा पार॥ ५॥

विक्रम सं॰ २०५४ का राजनैतिक भविष्य

इस वर्ष के ग्रह भारी उथल-पुथल कारक हैं। चौंका देने वाली सैन्ट्रल में हवायें चलेंगी तथा विदेश वाले भी भौंचक्के होंगे। क्योंकि राष्ट्रपति भौम तथा मंत्री भगवान् भास्कर दोनों ही क्रूर ग्रह हैं। पर जहाँ भय जनता को व्याप्त होगा वहाँ जनता से भी सरकार दबेगी। आंदोलन की दुनियाँ में नया मोड़ आयेगा। हम केवल १२ माह का व्यापार भविष्य ग्रहों के बनने वाले डायरेक्शनों पर तथा ग्रहों के वक्र-मार्गी, अस्त, दक्षिण शर, उत्तर शर तथा दृष्टि संबंधी डिग्रियों और वर्गोत्तम पर आधारित लेख लिखकर व्यापारियों की सेवार्थ दे रहे हैं।

चैत्र शुक्ल—इस माह में भौमवारी चन्द्र दर्शन मेष राशि में होने से चन्द्रमा अपने अधिकार की वस्तु जैसे चांदी, चावल, मोती तथा श्वेत वस्तु दूध, घी तथा शहद, समुद्र जल से उत्पन्न पदार्थ, जौ और नमक इन सभी वस्तुओं में भारी लाइन चन्द्र मास में चलेगी। कुछ वस्तु तो भारी मंदी होगी क्योंकि ज्योति शास्त्र में मेष राशि गत चन्द्र दर्शन हो तो अलसी, सरसों में तेजी पर अनाज में मंदी आना लिखा है। इस वास्ते अनाजों के ऊँचे भाव अब लास्ट होंगे और डेढ़ माह में ही चना, गेहूँ, ज्वार में ४२ रु॰ से ६२ रु॰ मंदी होगी। हाजिर में इसका

धर्मसन प्रकाशन, 2596, नई सड़क, दिल्ली-110006 ☎ 3285234, 3264986

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

...सर १९ दिन या आगे चन्द्र दर्शन तक चलेगा। इसीलिये तैयारी में तारुणी ही करना। वायदे सट्टे में ऊपर ...ली वस्तुओं में ता॰ ९ अप्रैल बुध को पिछले शनिवार के ऊँचे भाव कटेंगे तो तेजी ता॰ १४ अप्रैल तक चलेगी ...द में रियक्शन एक चौथाई का आयेगा। इस माह का दूसरा चांस ता॰ १३ को मेषी संक्रान्ति रात को लगेगी। ...षे सूर्य वार ३, नक्षत्र ३, प्रगल्भावस्था बैठी मुहूर्ती १५, धान्यादि भावे महर्घता, शुक्रास्त पूर्वस्याम् बाद ...श्चिमोदय होने से संक्रांति तेजी कारक मानी जाती है। क्रूर वार में तेजी कारक ज्योति शास्त्र में मानी गई है ...र तेजी १ माह नहीं बल्कि लगते ३ दिन वर्गोत्तम में रहने से आयेगी बाद गेहूँ, चना, जौ, ज्वार में मंदी भी ...आयेगी। सूर्य नारायण बदलने को ही संक्रान्ति कहते हैं। सूर्य के अधिकार की वस्तु ज्योति शास्त्र में मोती, ...मणि, सोना, ताँबा, रेशम, अस्त्र, चर्म, तुष, धान्य, कड़वी वस्तु, शास्कीय मुद्रा अग्नि से उत्पन्न होने वाली वस्तु ...सरसों, लाल रंग के पदार्थ तथा सुगंधित पदार्थों का स्वामी भी सूर्य है। ता॰ १४ को बुध वक्री होकर ता॰ १६ अप्रैल की रात को अस्त होंगे। इसे वास्तु चक्र में एक स्थान प्राप्त है। अतः आलू को भूल कर भी मत बेचना। एक सप्ताह में ही तेजी का जोर होगा। दीगर वस्तु मंदी आने पर लेना। ता॰ १७ को गत सोमवार की बनी चाल में सरसों, अरंडा, तेल के नीचे भाव कट जायें तो एकदम बेच जाना। काश नीचे भाव न कटें तो लेना पर शेयर स्टैन्डर्ड खरीदना और चांदी, सोना लेकर वायदे सट्टों से लाभ गुड़ में उठाना। पंसारट में लाल वस्तु, ता॰ १६ अप्रैल को १०० मंदी तो १५० तेजी वायदे सट्टों में लगाकर लाभ २४ घंटों में ही उठाना।

बैशाख—इन्फीरियर लाइन तमाम माह चलेगी। ५ बुध, ५ गुरुवार इस माह रहेंगे। बैशाख बदि ४ ता॰ २६ अप्रैल को २२ घड़ी पर भौम मार्गी होने से मंगल के अधिकारी लाल रंग की वस्तु, गुड़, मद्य, आसव, अरिष्ट पारा, मनसिल, मसरी, ताँबा, लाल रंग की धातु और वस्तु, शस्त्र, मूंगा आदि में तेजी का जोर। हाजिर व सट्टा तथा वायदों के आगाऊ सौदों में एक सप्ताह में खड़ी तेजी आयेगी। ता॰ २७ को प्राईवेट कर्बरेट में जिस वस्तु के भाव हाजिर या वायदों के सौदों के साथ शेयर व बर्तनों में भी एक खड़ी तेजी न टिकने वाली आयेगी। ता॰ २९ अप्रैल को मकरे चन्द्र गुरु के साथ होने से ६ दिन की तेजी हल्दी व पीले रंग के पदार्थों में आयेगी। ता॰ ३ मई बैशाख बदि ११ शनिवार को बढ़े भावों में बेचो, ५ ही दिन में वायदे सट्टों के भावों में हाथों-हाथ लाभ लेना। ता॰ ९ मई बैशाख शुदि ३ शुक्रवार मोहोरम सन् १४१८ हिजरी, अक्षय तृतीया, परशुराम जयन्ती से ता॰ १० मई की रात को मार्गी बुध होने से बुधाष्टमी ता॰ १४ मई तक चीनी, गुड़, बैजीटेविल, चावलों तथा बुध की वस्तु मूँग, ज्वार, मटर, अरहर, द्विपल मात्र, अन्न, वनस्पति, हरे रंग की चीजें, तेल निकालने के बीज, तीखी वस्तु, सुगन्ध, हरे रंग के कपड़ों में तेजी आयेगी या भाव स्थिर रहेंगे। इसके बाद ता॰ १४ की रात बुधाष्टमी मंदी कारक है, परंच इसी दिन वृषे सूर्य तेजी कारक हर वस्तु में करने वाला है। एक चाल मंदी, दूसरी चाल तेजी कारक होने से यहाँ हमारा इन्फीरियर लाइन में यह संदेश विशेष है कि अगर ता॰ १५ मई को गुरुवार के दिन पिछले सोमवार के भाव जिस वस्तु में भी एक पैसा नीचे के क्रौस हो जायें तो भारी मंदी तमाम बैशाख में आयेगी। काश नीचे के भाव न कटें तो तेजी एक सप्ताह तक चलेगी।

नोट—हमारा विशेष है कि ना तो ऊँचे के भाव कटें ना ही नीचे के कटें तो आप समझ लेना कि वायदे सट्टों में बेईमानी का बोलबाला होगा और मार्केट स्थिर होंगे परंच ये आवश्यक है कि इस स्थान पर घी, तेल का स्टौक करना लाभप्रद होगा। पर नजराना तेजी-मंदी गुड़, आलू तथा तेलों में नहीं लगाना चाहिए। बुध व्यापार का स्वामी सही कहलाता है, जब बुध वर्गोत्तम में आता है तभी सभी वस्तुओं में भारी तेजी आया करती है। इसी वास्ते बैशाख माह के वृषे सूर्य १३/२० अंश के बाद २० अंश तक जेठ के माह में सूर्य प्रथम वर्गोत्तम में बाद १६/४० अंश के बाद २० अंश तक बुध के नवांश में आने से बहुत-सी बुध के अधिकृत वस्तुओं में भारी तेजी आयेगी ये अभी से निश्चय करें कि बैशाख की वस्तु जिसमें झटके की मंदी आये ऊपर लिखित १४ मई से ४ दिन में खरीदो, तैयारी हाजिर व सट्टे, वायदों में आगे आलू, चीनी, गुड़, ज्वार आदि यहां तक कि भूषा भी जेठ में लाभ देगा।

ज्येष्ठ—इस माह में ५ शुक्रवार कुछ वस्तुओं में भारी मन्दी कारक है। जैसे वस्त्र रेशमी, कम्बल, सूत, रुई, मणि, हीरा, आभूषण, मिश्रित अन्न, स्फटिक, त्रिफला, दालचीनी, चोब चीनी, जादू-टोना में काम आनेवाली जड़ी-बूटी जैसे बिल्ली लोटन, अगर-तगर, बच, सितावर पठानी, लोध, जायफल आदि में जब-जब शुक्र पड़ेगा या शुक्र की राशि में चन्द्रमा का संक्रमण होगा। तब-तब भाव गिरेंगे। यह योग हाजिरी सौदों में तो पड़ेगा, सम्बन्धित सट्टों में भी असर पड़ेगा। ता॰ २३ मई, ता॰ ३० मई, ता॰ ३ से ६ जून व १३ जून तथा ता॰ १५ से १७ जून में इस माह में विशेष असर होगा। जेठ मास में आगाऊ सौदों में तेजी नजदीक के रियक्शन मंदी के आयेंगे खास तौर से भरपूर मंदी का बोलबाला गेहूँ, चना, ज्वार में लास्ट होकर मार्केट में मोटी चाल निकलेगी। पर तेलवाना, सरसों में मंदी लास्ट बदि पक्ष में आकर स्थिर भाव होंगे। पीतल, ताँबा, कांशी में बदि ५ से २० दिन तेज बाद स्थिर भाव होंगे। वायदे, सट्टे में बदि १ से अष्टमी तक आलू, सरसों में मंदी आकर सट्टे में मार्केट बढ़ेगा। यह तेजी १० दिन चलेगी पर गुड़ में भाव-हाजिर में बढ़ेंगे। सट्टा, वायदा व्यापार में ध्यान रखिये ता॰ ६ जून को अगर पिछले भौम के बने नीचे भाव १० पैसा से ज्यादा १ पैसा भी कट जाये तो ४० से १२० पै॰ की मंदी ९ दिन में आकर वाद ३ दिन में चौथाई रियक्शन आकर वाद ४ दिन ज्यों की त्यों लाइन चलेगी। हाजिर पंसारट में जीरे, हींग के भाव विशेष रूप से बढ़ेंगे पर तेलवाना, वनस्पति आदि अरंडा, तोरिया, सरसों में जेठ बदि ७ से ९ तक पूर्व चालू मंदी समाप्त होकर अमावस्या तक तेजी चलेगी।

नोट—है कि अगर बदि दशमी को पिछले बुध के नीचे भाव न कटेंगे तो मंदी जड़ मूल से समाप्त जानकर व्यापार करें जेठ शुदि में १ से नौमी संक्रान्ति तक मार्केट वायदे के पड़े रहेंगे बाद पूर्णिमा तक तेजी आयेगी। वनस्पति टीन मार्केट से गायब हो जायेंगे। चांदी में सोने से ज्यादा स्टेडी चन्द्र वर्गोत्तम में आयेगी। और स्टैन्डर्ड शेयर भी इसी नीचे लिखे समय पर तेजी ता॰ २५ से २७ मई, ता॰ ३१ मई से २ जून, ता॰ ७ से ९ जून, ता॰ १४ से १६ जून इसी उपरोक्त टाइम में रांगा, जस्ता, अल्मोनियम, ताँबा में भी तेजी का चक्र चलेगा। उपरोक्त टाइम में तेजी-मंदी नजराना लगाना लाभप्रद रहेगा। हालाँकि इस महीने में १०० वर्षीय पत्र में जेठ शुदि ३ इतवार के दिन गुरु वक्री हो रहा है। यह वक्री पोजीशन नवरात्र अशौज शुदि ८ तक रहेगी। गुरु वक्री को ज्योतिष शास्त्र से यहाँ गुरु की चालू संक्रमण मकर राशि में है। मकर राशि ईख, सोना, लोहा, गुल्म, लता, पत्र, कोयला, जस्ता, टीन, कांशा, ताँबा, शीशा का स्वामी होने से पड़े मार्केटों में वक्री गुरु होने के एक माह बाद जान डालेंगे। वक्री अवस्था गुरु अरोग्य दायक धान्यों में मंदी कारक होता है। जब मार्गी होगा तब मंदी के स्थान भारी लम्बी तेजी आयेगी। जिसका विवरण समय स्पेशल रुख हमसे मंगा लेना। तब सोना, हल्दी में सवाये, ड्योढ़े, हल्दी में भी भारी तेजी होगी। ऊपर लिखित समय पर चांस का ध्यान रखिये। हमारा ध्येय पैसा कमाना नहीं बल्कि व्यापारी वर्ग की संतुष्टि, जनता जनार्दन की सेवा करना है। ऊपरे समय मासिक तेजी-मंदी लगाना भी लाभप्रद रहेगा।

आषाढ़—में ५ शनिवार ५ ही रविवार भारी तेजी कारक हैं। इसी के अपोजिट बदि की अष्टमी घटना और शुदि में मंगला चौथ बढ़ना भारी मंदी कारक है। कन्या राशि से लौटकर सिंह राशि में राहू और कुंभ में केतु का प्रवेश होगा। सं॰ २०५५ विक्रम के माघ शुदि दोज तक इसी राशि में राहू, केतु परिभ्रमण करेंगे। ये भारी उथल-पुथल जब-जब कन्जक्शन होगा तब-तब अकाल जैसी स्थिति होगी। जब-जब सिंह के चंद्रमा, सिंह के सूर्य जैसे कि भादों में अक्सर आते हैं या जब सिंह राशि पाप ग्रहों से वेध करेगी तब-तब ही नमक व लाल वस्तु मिर्च, धनियाँ, हल्दी आदि मसालों में, सोंठ, नारियल, किराने की वस्तु हाजिरी में हों या वायदों में भारी तेजी आयेगी। परंच गेहूँ, जौ, चना आदि में तेजी में सरकारी अंकुश से रुकावट होगी। लगते ही आषाढ़ बदि एकम से ४ दिन में सरसों, एसिड ऑयल में १० से १४%, सोयाबीन में १४ से १६% की तेजी आयेगी। गुड़, आलू वायदे में मार्केट पड़ा रहेगा। परन्तु सोमवार आषाढ़ बदि तीज ११ ब॰ ४७ मि॰ तक पिछले गुरुवार के ऊँचे भाव कटें तो तेजी ५ दिन में आकर एकदम मंदी। तिथी टूटन के कारण योगिनी एकादशी तक या तो मंदी या मार्केट में कोई सौदा ही नहीं होगा। इसी पीरियड में मैटीरियल तथा जिंक, सोडा, साबुन, तेल, पी... में ३ दिवसीय मंदी आकर पुनः तेजी का आषाढ़ शुदि में बुधोदय होने पर श्रीगणेश होगा। आषाढ़ शुदि ४ भौम के दिन पिछले शुक्र के नीचे बने भाव क्रौस न होंगे तो शुदि सातें शनिवार तक सरसों में ३८ से ७६ या दुगनी तेजी आयेगी गुड़, सट्टे में मंदी पर हाजिर में भाव इसी समय पर पड़े रहेंगे। चांदी शेयर, सोना में मंदी का

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वातावरण बना रहेगा। सोयाबीन नीचे भाव में लेना। शुदि, गुरु धनिष्ठा में होने से उड़द व दालों में तेजी बनेगी, चीनी में भाव स्थिर रहेंगे। लेकिन यहाँ मंदी आने पर लेना। आगे संक्रान्ति कर्क की आषाढ़ शुदि ११ बुध को होने से चांदी शेयर, सोना तथा गुड़, तेल, सरसों में आयेगी। परन्तु पाम तेल नरम होगा। आटा, सूजी में तेजी आयेगी, फिनाइल, राँगा में स्टॉक करना लाभप्रद रहेगा। आषाढ़ शुदि १३ शुक्र को जाँच अवश्य करिये अगर शुदि १४ को शनिवार के दिन जिस वस्तु में मंदी चलेगी। उसी में १५ दिन में धुआँधार बिना रियक्शन के मंदी होगी। पर खास तौर से काली मिर्च में तथा चाय में तेजी धीरे-धीरे उठेगी। आषाढ़ बदि में प्रतिपदा को चन्द्र-शनि की ९ डिग्री तेल, अरंडा, मूंगफली, तोरिया में एक दिवसीय तेजी को प्रदान करेगा। बदि ३ को चन्द्र गुरु एक राशि पर पीली वस्तु जैसे सोना, हल्दी में एक दिवसीय मंदी तथा आषाढ़ बदि ९ से ११ में चन्द्र वर्गोत्तम आलू तथा चांदी वायदों में तेजी का चांस शुदि में प्रतिपदा में चन्द्रवर्गोत्तम तेजी लगाने के लिये चांस प्रदान करेंगे। शुदि में तीज को बुधोदय होने पर एकतर्फा लाइन विद्आउट रियक्शन के लाइनें चलेंगी। सिर्फ शुदि ९ से त्रयोदशी सूर्य का वर्गोत्तम सूर्य की अधिकृत वस्तुओं में तेजी-मंदी की लाइन चलेगी। यहाँ चांदी, तेल आदि में नजराना लगाने भी लाभप्रद रहेंगे।

श्रावण— का महीना ५ हो सोमवार ५ हो श्री सूर्यवारों से संलग्न माना जायेगा। लगते ही श्रावण बदि २ सोमवार से बुध तक हर वायदे वस्तु में जैसे हल्दी, गुड़, तेल सरसों, अरंडा, सींगदाना, चांदी, सोना में मंदी का वातावरण रहेगा। इसी अवधि में भारत से गेहूँ का निर्यात की अफवाह भी फैलेगी तथा कुछ तेजी के समाचार विदेशों से प्राप्त होंगे तथा चाँदी की खपत बढ़ेगी। अगर बदि २ को चांदी में १२ ब० ४२ मि० से तेजी १० मिनट भी चली तो जोरदार तेजी आयेगी। काश लिखे १० मिनट में तेजी न चले तो भारी मंदी ३ ही दिन में १४ से ४७ रु० की लाइन चलेगी। समय पर परीक्षा कर १० मिनट की रूपरेखा से बेधड़क व्यापार कर लाभ सट्टे वायदे से उठाना। शेयरों में एकदम भाव घटेंगे तथा पाम तेल का स्टाक करके १८ दिन में लाभ उठाना तथा इस महीने में दक्षिण गुजरात, महाराष्ट्र से मांग उठेगी। उपरोक्त पीरियड में कैमीकल का स्टाक करना लाभदायक आगे डेढ़ माह में अवश्य ही होगा। इन्फीरियर लाइन में सिंहे बुध श्रावण बदि पंचमी या षष्ठी शुक्र से तमाम बदि में जिधर को भी लाइन चले वही लाइन गुड़, तेल, सरसों, अरंडा में चलेगी पर सींगदाना की लाइन खिलाफ चलेगी। बदि ७ शनिवार से बुध चंद्र से नवम् दृष्टि पर जाने से ७ दिन तक हानि ९ से ११वीं दृष्टि तक दालवाने में तेजी तथा चीनी, खंडसारी भी तेज होगी। मैटिरियल में एकदम मंदी का बिगुल बजेगा। कभी भी खरीद यानि स्टॉक मत करना— केवल १५ दिन ठहरकर स्टॉक करने से लाभ की संभावना होगी। पर तेजी-मंदी नजराना मत लगाना। सुपारी, पोस्ता, बड़ी इलायची, गोला, खोपरा में पिछले ४ दिनों में मोटी तेजी आयेगी। श्रावण में बदि १४ को आश्लेषा रवि पर हरियाली अमावस के बाद अलसी व सरसों तेल में ३ दिन मंदी आकर मार्केट स्थिर होंगे परंच चांदी, सोना, शेयर में तेजी आयेगी। सट्टा बदनी आलू, गुड़, सरसों में शुदि ५ शुक्र के दिन पिछले भौम के नीचे भाव कटें तो मंदी आयेगी अगर ऊँचे भाव कटें तो तेजी ३ या ५ दिन में आकर मार्केट ठप्प हो जायेगा। बाद श्रावण शुदि ८ भौम को कन्या शुक्र नीच का लगने के बाद खास तौर से शुक्र का स्वामी होने से चांदी में ७ से २७ रु० की लाइन ५ या १४ दिन में मंदी या तेजी, इसी प्रकार रुई में १०० टके तथा जूट, पाट, बारदाना और श्रृंगार की वस्तुओं में लाइन कल के साढ़े दस बजे से लाइन चलेगी पिछले साढ़े बजे से १० या २२ मिनट में लाइन का अनुशरण करें। सट्टे बदनी गुड़, आलू में सिंह संक्रान्ति शुदि १३ शनिवार को लगने के बाद मंदी चलेगी पर एक नोट ध्यान रखना इस माह में सोमवारी पूर्णिमा को ११ से १ बजे मध्य से चावल तथा चांदी, हीरे, मोती, रत्न में ३ या ५ दिन में मंदी की चाल बनेगी। अगर आलू, गुड़ में आज सोमवार को पिछले गुरुवार के भाव कटें तो मंदी काश ऊँचे भाव जिस वस्तु में क्रॉस होंगे उसी में तेजी निश्चित ही आयेगी। यह खास चांस इस माह का है।

भाद्रपद— इस माह में ५ मंगलवार हैं जो कभी-कभी भारी मंदी मार्केट में करते हैं। इसी माह में कृष्ण पक्ष की बदि तृतीय घटना और शुदि में प्रतिपक्ष तिथी बढ़ना भी ये दोनों संक्रमण भारी मंदी के सूचक हैं। बुध जो ज्योति शास्त्र में व्यापार पति कहलाता है वह भी २ चालों से संलग्न है। प्रथम तो भाद्र बदि ४ को प्रातः १ पल पर वक्री बदि सप्तमी पर अस्त जन्माष्टमी पर होगा। इस वास्ते ध्यान रखिये कि इस चाल के साथ भादों बदि १०, एकादशी पर पहिले ही से चालू सुपीरियर लाइन इन्फीरियर में परिवर्तन होगी। पिछली सट्टे बदनी की सारी लाइनें प्रतिपक्ष से लेकर जन्माष्टमी तक ज्यों की त्यों गुड़, सरसों, चना, खल, आलू, तौम्बे, अरंडा व चलेंगी। भादों बदि ९ से एकदम पलटने लगेंगी। यद्यपि हमारा ध्यान मंदी का है तो भी पिछली लिखी मिती पर ११ बज कर ४२ मिनट की लाइन का अनुशरण करें। शेयरों में मंदी, चांदी में तेजी, सोना अपोजिट जायेगा। बदि पक्ष में ६ को, अष्टमी की नौमी को १०० तेजी तो १०० ही मंदी डालें। ये ही एक चांस है जहाँ आप कम पैसा से मोटा लाभ व्यापार बदनी से उठा सकते हो। पीपरमैंट व तेल, अलसी तथा खल, बिनौला में ऊपर तारीख १ बजकर ४ मिनट से जिस ओर मार्केट १२ मिनट चले उसी ओर का व्यापार ४ से ९ दिन बराबर करना। इस टाइम बड़ी इलायची, सुपारी, गोला और गुवार, लहसुन में मंदी खत्म होकर तेजी का धीरे-धीरे आगमन होगा। भादों बदि १३ पर पू० फा० रवि तेजी कारक और सोमवती मावस पर वक्री मघायां बुध मंदी २ ग्रहों की चाल भिन्न-भिन्न असर कारक होने से ध्यान रखिये शुदि १ भौमवार को ११ ब० ५ मिनट से अगर आज पिछले शुक्र के नीचे भाव गुड़ के कटें तो मंदी, न कटें तो तेजी ५ दिन में ४५ से ६७ या दुगनी आयेगी। साम खल में ८० से १ रु० ८० पैसे आलू में ३८ से ९५ या दुगनी चाल निकलेगी। इसके अलावा फली तेल, सोयाबीन, डालडा, लालमिर्च, काली मिर्च कोचीन में तेजी आयेगी। विशेष रूप से एक चांस यह भी खल वायदे का शुदि में बुधवारी चांद दर्शन का है। अगर शुदि ३ गुरुवार को ११। ४० मिनट तक पिछले सोमवार के नीचे भाव ५ पै० से ज्यादा कटेंगे तो धमाके की बेअंदाज मंदी आयेगी पर नीचे भाव न कटें तो ५ दिन में रियक्शन आयेगा। इस टाइम अरंडा, मूंगफली में केवल मंदी, गुड़ में २ दिन मंदा, २ दिन तेजी। चांदी, सोना के भाव मंदे, शेयर चुनींदा तेजी में तथा दीगर वायदों में १/४ की रियक्शन आकर स्थिर भाव होंगे। चना, गेहूँ, जौ की मांग जो अब तक कमजोर थी बम्बई, गुजरात के व्यापारी तारुणी का व्यापार उत्तर प्रदेश से करने लगेंगे। इसी माह में भादों शुदि ९ को मार्गी बुध होने से पूर्णिमा भादों तक एक ही लाइन सब वस्तुओं में चलायेगा। इन्फीरियर लाइन में यहाँ मार्गी हुआ है। ज्योति शास्त्र में बुध शुभ ग्रह मंदी कारक है। पर यहाँ सूर्य से दबा है इस वास्ते पिछली लाइनों को पलटने की ताकत रखता है। मंदी में तेल, खल, गुड़, सरसों, सूत लेना परंच यह भी ध्यान रखना अगर यहाँ खग्रास चन्द्र ग्रहण न होता तो हम लिख सकते थे कि केवल मंदी करेगा सो नहीं, दूसरी शर्त है कि खाद्य पदार्थ मंदे तो अन्य वस्तु तेजी। शुदि की १४ मिति टूटी भी तेजी कारक है। यहाँ एकादशी, त्रयोदशी को मंदी खाना तेजी लगाना, ग्रहण के एक सप्ताह में यान दुर्घटना आदि राजनीति में उलटफेर का योग है। अतः सट्टे आगाऊ खरीदो। तात्कालिक के बेचो। इसी चाल से आप को बदनी सट्टे से लाभ जरूर होगा।

आश्विन— निरयन सिद्धांत से यह महीना ५ बुधवारों और ५ ही गुरुवारों से संलग्न है। ज्योति शास्त्र में ५ बुध कभी-कभी भारी तेजी करते हैं और ५ गुरुवार तेजी करते हैं पर गुरु का मीन असर केवल पीली वस्तु में ही होता है। इसलिये यहां मंदी के झटके में हल्दी, सोना, पीली दाल खरीद कर हाथों-हाथ लाभ उठाना। वायदे सट्टे गुड़ में लगते माह से बदि ७ तक एकतर्फा लाइन तेजी की चलेगी परन्तु यहाँ हाजिर में ज्यादा तेजी सट्टे में कम आयेगी। तेल, खल, सरसों वायदे में बुध प्रतिपदा को १२ बजकर १४ मिनट तक गत शनि के नीचे भाव न कटें तो तेजी कट जायें तो मंदी चांस ४ दिन में आकर मार्केट ठप्प हो जायेगा। पीतल, अल्मोनियम, तांबा, शीशा मंदा होगा। मैटीरियल सारे पदार्थ मंदे पर कैमीकल सारे पदार्थ तेजी पर बदि ४ से ४ दिन चलकर मार्केट स्थिर होंगे। इस टाइम में गेहूँ, चना, ज्वार, तिल, एरन्डा, सूत, अलसी में तेजी पर सूत, रुई, कपास के ऊँचे बने भाव पिछले लास्ट होंगे। अतः इन वस्तुओं का स्टॉक मत करना। जूट, पाट, बोरी, बारदाना के भाव बढ़ेंगे। नीचे भाव बनने पर स्टॉक से ३ माह में ही मोटा लाभ होगा। आश्विन बदि ११ की रात को बुधास्त पूर्व में होने से इसी दिन गुड़, आलू में १०० तेजी तो १०० ही मंदी डालें। काश एकादशी को न फलै तो आप सोमवार की भी तेजी-मंदी नजराना डालना अवश्य ही लाभ होगा। अगर दोनों दिन तेजी-मंदी न फलै तो आगे चतुर्दशी मंगल को लगाना क्योंकि इस दिन बुध कन्या का जो त्रयोदशी को आये हैं वे चतुर्दशी को कन्या के

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ना अपने ही पिता से कनेक्शन करेंगे। तब चांदी में तेजी करेंगे, क्योंकि चांदी का स्वामी चन्द्रमा खास तौर ह तेजी ७ या ९ या १८ दिन चलेगी। लाइन इन्फीरियर यहाँ कुछ दूसरी वस्तुओं भी जैसे सूखी मेवा, गोला, रा, घी, जौ तथा अन्य सभी बुध चन्द्र के अधिकृत वस्तुओं में जानें। अशौज शुदि १ गुरुवार को वृश्चिक भारी मंदी सफेद वस्तुओं में करने वाला है पर चन्द्रमा भी तुला राशि में आकाश में दर्शन है जो भारी तेजी क है। इस वास्ते यहाँ से नवरात्रि में शुक्र व चंद्र के अधिकार की वस्तुओं में ७ दिन की लाइन जोरदार गी। अगर आश्विन बदि ३ शनिवार को ११ ब॰ ४ मिनट तक जिधर की लाइन बन जायेगी वही लाइन ४ दिन चलेगी। शुक्र के अधिकार की ज्योति शास्त्र में रुई, सूत, रेशमी वस्त्र, कम्बल, मणि, हीरा तथा चांदी, ज वस्तु, आभूषण, स्फटिक, त्रिफला, दालचीनी आदि चन्द्र अधिकार की वस्तु शहद, फल-फूल, चावल, घी, गेहूँ, रस पदार्थ, मोती, श्वेत वस्त्र, नमक आदि होती हैं। इस चाल के बाद इसी महीने में शुदि ८ की को मार्गी गुरु हो रहे हैं। यह बहुत ही ग्रेट ग्रह देव गुरु कहलाते हैं। खास तौर से डालर, करंशी नोट में हल्दी के दबे भावों को ४॥ माह में सवाये भाव हाजिरी में करेगा। परंच सट्टा बदनी चल रहा हो तो ब्रा वायदा बेचो, नजदीक का खरीदो। जब-जब भी मार्गी गुरु मकर राशि के चन्द्रमा से कन्जक्शन करेगा पाप ग्रहों से ९० या १८० डिग्री पर जायेगा तभी-तभी तेजी करेगा। शुदि १२ ज्येष्ठा भौम ३४ घड़ी पर ने से सुवर्ण व अन्य गेहूँ, चना भौम के अधिकार की वस्तुओं में तेजी करेगा। सुवर्ण हर मंदी के झटकों में ादो। अगर ऊपर लिखे टाइम से अगले दिन भौम के नये ऊँचे भाव बनें तो एक दिन और नये भाव बनकर र रियक्शन १/४ आकर मार्केट स्थिर हो जायेगा। कोई भी चाल मार्केटों में नहीं रहेगी। गुड़ में आखिरी पर नी में कम मंदी खंडसारी पुरानी बेचना क्योंकि भविष्य में कार्तिक में मंदी के चांस बोल रहे हैं।

कार्तिक—में ५, शुक्रवार शुभ हैं जो मंदी कारक हैं। परन्तु सूर्य संक्रान्ति कार्तिक बदि दोज को शुक्रवारी क्री १५ मुहूर्ती तेजी कारक है। बदि पक्ष में मावस से पूर्व ही इन्फीरियर लाइन समाप्त होकर सुपीरियर लाइन चलना जो मंगशिर तक चलेगी एक बार को जोरदार लाइन चलेगी पर दो पृथक-पृथक तेजी-मंदी की न्डीशन बन रही है। इस वास्ते धातु पदार्थ तेज तो खाद्य पदार्थ मंदी यह कन्डीशन इस माह बन सकती है। सलिये सावधान रहें। बदि प्रतिपदा क्षय मंदी कारक होने से २ दिन में गुड़ वायदा मंदी होगा। अगर बदि ३ निवार को बुध के नीचे भाव न कटें तो मंदी समाप्त जानकर आलू, गुड़ में खरीदारी करें। यहाँ की बनी चाल, पावली तक चलेगी। तेल, सरसों बेचें, वायदा में मूँगफली, अरंडा, बेचान कर शुक्र-भौम को ही लाभ उठा ना। बदि ६ या ७ पर दोनों दिन सूखी मेवों का स्टॉक तथा हल्दी, मिर्च, केशर, बच सितावर तथा वैजीटेबिल, रा, चीनी भी स्टॉक करने से ८ या १८ दिन में लाभ देगा। खास तौर से प्याज, लहसुन, आलू भी लाभ देंगे। स माह गेहूँ का उठाना गोपाष्टमी से अच्छा होगा। मोटे अनाज ज्यादा लाभ देंगे क्योंकि चन्द्र दर्शन इतवारी । दालों में एक मंदी का झटका शुदि ४ से ७ दिन में आयेगा। पीपरमैंट की मांग बढ़ेगी। कुछ वस्तुओं से ाबन्दी हटेगी। विदेशी माल की आमद कम होगी। अतः देशी माल की खपत सुपीरियर लाइन शुक्ल पक्ष में ोने से नयी खंडसारी में तारुणी करना लाभप्रद रहेगा। खास तौर से अष्टमी शुदि में तेल व पाउडर में नरमी आने का योग बनेगा और चावलों की मांग घटेगी। वायदे आलू में जब भी ऊँचा भाव बने सट्टे बेचो पर गुड़ ें शुदि दशमी को गुरुवार पिछले के बने नीचे भाव कटें तो बेचना न कटें तो लेना। ४ ही दिन में ७८ से १) ४० या सवाई लाइन चलेगी। यहाँ खल लेना, देशी घी, चीनी, ऊँचे में बेचना पर सूत, रुई लेना। सूरजमुखी की कीमतें शुदि में ७ के बाद बढ़ेंगी।

मंगशिर—में ५ शनिवार ५ ही रविवार हैं। इस माह में तमाम महीने सुपीरियर लाइन प्रथम वृश्चिक राशि में बाद बदि १० से धनु राशि पर बुध रहेगा। उपरोक्त सुपीरियर लाइन की विशेषता है कि प्रथम तो वृश्चिक राशि में बदि ९ तक असर तेजी का करेगा बाद १०वीं से पूर्व की लाइन एकादशी से पलटने लगेंगी। सोने, चांदी की लाइन या तो जोरदार चलेगी या भाव पड़ जायेंगे। अगर १० के बाद एकादशी भौमवार के १२। बजे से तेजी न चले मोटी मंदी ५ दिन की आकर बाद तेजी चलेगी। विपरीत में विपरीत लाइन जानें। बस ऊपर लिखे समय पर परीक्षा कर व्यापार से लाभ उठाना। खल की लाइन २) ५० से ३) १५ की मंगशिर बदि मंगला चौथ से तेजी की चलेगी। पर तैयारी में विशेष रूप से तेल मूँगफली में मंदी होगी। सूरजमुखी में तेजी पर पीपरमैंट, आमला, सत-विरोजा में तेजी की चाल चलेगी जो खासतौर से अमावस्या तक चलकर वनफोर रियक्शन आगे ४ दिन में ही आयेगा पर रियक्शन लेवा को लाभ देगा। एक ध्यान रखिये गुजराती मांग मीठे व गुड़ में बदस्तूर बनी रहेगी। सूर्य वर्गोत्तम में बदि १४ से ३ दिन के लिये आते ही सूर्य के अधिकार की वस्तु तथा अमचूर, धनियाँ, जीरा तथा रोली मौली तथा रंगों में तेजी आयेगी और कैमीकल व रसायनों में मूल्य बढ़ेंगे। हाईड्रोजन लेने का टाइम अब है तथा अमोनिया बाईकार्ब, ब्लीचिंग पाउडर साथ ही ग्लेसरीन के भाव बढ़ेंगे। अन्य वायदों में भाव मजबूत की ओर जायेंगे। मंगशिर शुदि में तृतीया क्षय जोरदार तेजी कारक, गुजरात, मारवाड़, महाराष्ट्र की मांग बढ़ेगी। अतः उत्तर की मंडियों में इस फसल की वस्तु दाल, मूंग, उड़द में तेजी तथा शेयर मंदे, क्योंकि इसी के साथ दूसरी चाल मकर का शुक्र सूर्य-बुध से आगे कच्ची रुई, बिनौला में भी तेजी का बोलवाला साथ ही सोडा ऐश, बोरेक्श, हाईड्रो, पीपरमैंट, कपूर, नील का भी स्टॉक डेढ़ दो ही माह में लाभ। इस माह में सूत, रुई, खल का स्टॉक तो करना ही साथ ही बोरी, बारदाना, सुतली, बुहारी का स्टॉक शुदि पंचमी तक कर लें क्योंकि धनिष्ठा के प्रथम चरण में गुरु महाराज हल्दी, चना, उत्तम क्वालिटी दालों में भी चांस देंगे। आलू वायदे में मंदी। वक्री बुध जब शुदि ८ रविवार को प्राईवेट में होगा तब प्रथम तेजी पूर्व रहकर बाद में मंदी रहेगी। बदि ८ की वक्री होकर बुध देव मंगशिर शुदि १२ गुरु की रात को बुध अस्त हो जायेंगे तब वायदे गुड़ में भारी मंदी १५ दिन में करेंगे और पनघट तथा वैजीटेबिल, देशी घी, चीनी, खंडसारी में भी मंदी का श्रीगणेश होगा। ज्योतिष शास्त्र में बासमती चावल, लाल किला परमल, सेला में ज्यादा मंदी आयेगी। बुध एकमात्र व्यापारियों को लखपति बना देता है। बुधास्त पर २०१ मंदी ५१ तेजी डालेंगे तो भी लाभ होगा पर बुधास्त की डेट के डिफरैंश के कारण एकादशी को द्वादशी के नजराने और न फलैं तो त्रयोदशी की भी गली जरूर डालें। कत्था, इमली, अमचूर तथा क्रीम, घी, नाग केशर, पीपलामूल, कासनी, कुलंजन, हरड़ में एक मंदी जोरदार आयेगी।

पौष—में देशी घी, मिल्क पाउडर जैसे रजत इन्डाना, समस्त मिल्क फूड, क्रीम, घी, डिब्बा, इंडाना-श्वेता, अतुल, मोहन व फूल मार्का तथा किसान में एक मंदी पौष बदि में चावलों के साथ तथा वैजीटेबिल के संलग्न आयेगी। सोने, चांदी के भाव भी बदि १ से ४ मंदी, बदि ५ से ८ तेजी, मिती ९ से ११ तेजी पर बदि १२ से एकदम चांदी में ७ से २८ रु॰ की मंदी आयेगी।

नोट—अगर बदि १२ को १२ से १॥ के मध्य मन्दी न चले तो फौरन सौदा काटकर डबलकर देना चाहिए ये ही इस माह का खास चांस है। बदि १ से ९ में मार्केट पड़े रहेंगे पर ज्यों ही नौमी भौम श्रवण पर आयेगी दशमी बुधवार से एक सप्ताह में तेजी खड़ी आयेगी। पर विशेष नोट है कि बदि १२ को १ ब॰ २२ मि॰ से तेजी न चले तो अभी लिवाली से ता॰ २ जनवरी १९९८ तक दूर रहना। इस माह में हाजिर गुड़ में भयंकर मंदी का श्रीगणेश होगा। पौष बदि ३ भौम को बेचो अगर आज पिछले शुक्र के नीचे बने भाव न कटें तो अच्छी मंदी शुक्रवार बदि ५ तक आकर रियक्शन तेजी का आयेगा। खल मंदा, तेल तेजी पर जायेगा। इसी टाइम में चावलों में एक सप्ताह की मंदी बदि ११ से आयेगी। देशी घी, मिल्क पाउडर मंदा होगा, गोंद, सूखे मेवों, धनियाँ, पोस्तदाना तथा इलायची, जीरा, सौंफ में मंदी आने पर खरीदना, डूबे भाव में बेचना नहीं सिर्फ तारुणी कर सकते हो। काजू, मिश्री, मेथी, बादाम की मंदी बदि में आकर शुदि ४ से हर शुक्र-मंगल में चालू लाइन के ऊँचे-नीचे भाव बनते ही चले जायेंगे। क्योंकि पौष शुदि में नौमी क्षय इन्फीरियर लाइन आगे तेजी का बिगुल बजा रहा है। अतः इलायची दाना, लाल मिर्च, जीरा, धनियाँ, कश्मीरी मेवे व पाकिस्तान से आने वाली चीजें साथ ही केशर, चाय, गोला, लौंग, दालचीनी तथा गोंद में स्टॉक बढ़ाना आगे २ माह में ही लाभ होगा। बने मसालों के डिब्बों में १॥ माह में मोटी तेजी आयेगी। चुन्नी, अरहर, मटर, दाल, मूंग व उड़द तथा सोयाबी की मंदी का झटका आगे माघ में ही लाभ हो जायेगा। विशेष रूप से मैटीरियल, सीमेंट के भाव पौष में रहेंगे परन्तु महुआ में तेजी धीरे-धीरे बढ़ने लगेगी। माघ शुदि में चन्द्र दर्शन बुधवारी बुध की तमाम वस्तुओं में तेजी का दौर बढ़ेगा। आगे गुरुवार को पिछले सोमवार के ऊँचे भाव कटें तो तेजी न कटें तो मंदी। ५ दिन

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

का चांस खल, विनौला, अरंडा, सींगदाना, गुड़, आलू में जानें। चीनी, चावल, चांदी, चमेली, अभी इस माह स्टॉक न करें पर गुलाबी रंग की वस्तु, गुलाल आदि का स्टॉक शुदि ११ से अगले दिन प्रारंभ करें, मेथी, किरयाना की बहुधा वस्तुओं में स्टॉक करना न भूलें। गल्ले इस माह में मंदे परन्तु स्टॉकिस्ट आगे लाभ उठायेंगे। सोना में तेजी पर चांदी, एल्मोनियम, कॉपर के भाव पड़े रहेंगे मंदी में लेना। इस माह में एक बात यह है कि वायदे में ज्यादा असर बुध का होता है। भूले धनुषि बुध एकादशी की रात को भयंकर मंदी कारक है पर इसी के अपोजिट कुंभे गुरु जोरदार तेजी कारक है। इस वास्ते खल, गुड़, तेल सरसों तथा कॉपर बम्बई, अरंडा में पृथक-पृथक लाइनें चल सकती हैं। जिधर की लाइन गुरुवार मध्याह्न से चले उसी ओर विद् आऊट रियक्शन ५ दिन मार्केट चांदी, सोने में भी चलेगा। अगले माह में रियक्शन आयेगा क्योंकि यह महीना जनवरी १९९८ का समाप्त हो रहा है। समाप्ति पर चना, चोबचीनी जरूर लेना जिसका लाभ आगे होगा।

माघ—इस माह में ५ मंगल ५ ही बुध हैं। ज्योतिष शास्त्र में ५ बुध होना तो व्यापारियों को मालामाल करेगा बहुधा बुध की वस्तुओं में ऊँची तेजी गुजरात, महाराष्ट्र, जैसलमेर, बाडमेर से मांग खंडसारी व अन्य वस्तुओं की चलेगी, पर तारुणी करने वाले लाभ उठायेंगे। यह सांकेतिक चांस न समझना बल्कि ठोस समझना। पांच मंगलवार तथा बदि २ की रात को शुक्रास्त होना तथा बदि ५ मिति की रात को २७ घड़ी पर कुंभे भौम बदि १२ की रात शते भौम, शुदि ७ को बुधास्त और माघ शुदि १५ को पू॰ भा॰ भौम का नक्षत्र संक्रमण ये सभी घटाघूम यत्र-तत्र वर्षात करते हैं। बदि १, बदि ६, बदि १४, शुदि ६ व ७, शुदि १३, चौदश। इन सभी अवसरों पर वर्गोत्तम चन्द्र के हैं, अच्छी चाल नये भाव तेजी के चांस सम्पन्न होंगे। श्री सूर्य भगवान् भास्कर का वर्गोत्तम इस माह में लगते माह से बदि ३ तक सोने व सूर्य की अधिकृत तमाम वस्तु खुशबूदार शृंगार के सामान तेल, मूंगफली में तेजी आयेगी। शुदि ७ से ४ दिन में भौम के अधिकार की तमाम वस्तुओं में तेजी जोरदार आयेगी, यहाँ सुवर्ण पर भी असर पड़ेगा क्योंकि भौम लाल वस्तुओं का स्वामी होता है। बुध का वर्गोत्तम बदि १४ से ४ दिन में चलने से तेजी आयेगी। बुध की वस्तु जैसे हरी दाल, अन्य दाल, धान्य और भी मंदी वाली वस्तुओं में लम्बी तेजी या रियक्शन की तेजी तो जरूर ही आयेगी। इस माह में विशेष रूप से मकर की बड़ी संक्रान्ति भूखी बैठने से सूर्य का वर्गोत्तम ३ दिन चलेगा। सोना, लाल वस्तु तेजी के साथ-साथ मसाले पिसे हुए, अच्छे ब्रांडों में और देगी मिर्च, हींग, मेथी, काली मिर्च तथा जीरा, हल्दी, चना, गेहूँ के पड़े भाव भी, केमिकल, पीपरमैंट, तेल के साथ शृंगार के सामान में भी बदि ३ से ४ दिन में तथा बदि ११ से ३ दिन में और शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा से २ दिन, शुदि में ७ से ४ दिन में जोरदार लाइन चलने की पूर्ण सम्भावना ही नहीं बल्कि घंटों में खत्म होने वाले चांस जैसे गुड़, आलू, रूई, हल्दी, खल, चूरी में शुदि ७ को दूसरे दिन की १०० तेजी से २०० मंदी डालना। काश अष्टमी शुदि में तेजी-मंदी नजराने नहीं फलै तो दूसरे दिन की भी डालकर लाभ लें।

फाल्गुन—५ गुरु ५ शुक्रवार हैं। इस माह में मार्केट स्थिर पड़े रहेंगे तथा गेहूँ, चना, जौ, मटर, बेझड़ तथा रुई की आखिरी तेजी आकर मार्केट स्थिर होगा। फाल्गुन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को कुंभे सूर्य ३९ घड़ी पर तेजी कारक है परन्तु दोज को अगले दिन ही अस्त गुरु भारी मंदी कारक है इसलिये फाल्गुन बदि ३ शनिवार को गुड़, चना, खल, हल्दी, कॉपर, अरंडा में १ बजे तक जिधर की भी लाइन चले वही लाइन सीधी १० दिन तक चलेगी। चांदी, सोना में बार-बार मंदी का झटका आकर तेजी की लाइन चलेगी। विशेष रूप से सरसों, एसिड ऑयल में फाल्गुन बदि २ के बाद मंदी चलेगी। सोफ मंदी, मूंग वदी में तेजी का उछाला आयेगा। अगर फाल्गुन में वदि ३ को लिखे अनुसार न चलै तो फौरन सौदा डबल करके लाभ उठाना। शेयर कॉपर बम्बई में तेजी बदि ५ से आयेगी अगर षष्ठी को शुक्रवार बीते के बने भाव क्रॉस न हों तो एक और झटका ४ या ७ दिन में आकर मार्केट में बाद चाल हमारे लिखे अनुसार जानना। विशेष रूप से कॉपर बम्बई तथा स्टैन्डर्ड शेयर हैं उनमें बदि १२ से तेजी आयेगी। घी असली की मंदी शुदि फाल्गुन की द्वितीया से समाप्त होने लगेगी साथ ही यहाँ मोटे चावलों की भर्ती भी लाभ देगी क्योंकि भौम अस्त शुदि २ को होने से समस्त लाल वस्तु भी तेजी पर जायेंगे पर कुछ वस्तु चीनी व सफेद वस्तु, मणि, मोती तथा कपूर आदि में तेजी आयेगी। इसी उपरोक्त अवसर पर हल्दी में लास्ट तेजी आयेगी तथा अखाद्य तेलों में तेजी आयेगी। सूरजमुखी बोरी, बारदाना ... झटकों में लेना अच्छा रहेगा। नेपाली वस्तुओं में तेजी का योग बनेगा। शीरा, तम्बाकू में भौमास्त पर ... लास्ट महीने तक कर्व रेटों में ... दिन भी चल गई तो ४ या ६ दिन तेजी आकर २ दिन रियक्शन आकर फिर लास्ट महीने तक कर्व रेटों में ... बनती रहेगी। फाल्गुन शुदि षष्ठी का टूटन भी कुछ वस्तु में तेजी कारक है जो भी वस्तु मिट्टी से सुवर्ण तक तेजी के लिये खरीदोगे लाभ होगा। अतः मंदी के झटकों में लेना फौरी लाभ न भी हो तो भी स्टॉक रखना। फाल्गुन शुदि ९ महुआ, चावल, चीनी लम्बे रुख में लाभ देगी पर गेहूँ, चना, जौ, ज्वार तत्काल लाभ देगा। फाल्गुन शुदि ९ शुक्रवार को पिछले भौम के नीचे भाव जिम वस्तु व्यापार सट्टे में न कटें उसी में तेजी आयेगी पर नीचे भाव कट जायें तो मंदी का चांस निकलेगा ५ दिन में लाभ उठाना।

चैत्र—यह १५ दिन का पक्ष फाल्गुन की चालू लाइनों को बदस्तूर रखेगा। बदि पक्ष में मीन संक्रान्ति बदि १ को तेजी कारक है पर बदि २ की रात्रि को उदय गुरु पीली वस्तुओं में लास्ट तेजी लाकर १० दिन के चक्र से मंदी का चांस देगा। गुड़ में बदि ३ को चालू लाइन ही सीधी एक पक्ष चलेगी। खल, तेल में भाव टूटेंगे पर रेवती भौम के बाद यानि चैत्र बदि ६ से आगे मार्केट न टूटे तो ४ दिन तेजी आकर बाद फिर भी मार्केट ४ दिन बाद लौट जायेगा। बम्बई, अरंडा मंदा, सींगदाना तेज, तेल में स्थिरता, ये तीनों आइटम पृथक-पृथक चलने की संभावना है पर इस पक्ष में तेजी-मंदी के चांस घंटों में खत्म होने वाले चांस भी नहीं हैं। चांदी में बदि ८ शनिवार को मंदी ३ दिन में लाभ देगी यानि यहाँ मंदी आने पर लेकर हाथों-हाथ लाभ उठाना। चैत्र बदि १४ को शनि अस्त होने से शनि के अधिकार की वस्तु तिलहन में जोरदार मंदी आयेगी और बीच-बीच में तेजी के रियक्शन भी आलू में लम्बी तेजी आयेगी पर कब-कब लाइनें चलेंगी इसका विवरण सोने-चांदी शेयर की लाइनों का विवरण अगले सं॰ २०५५ विक्रम के लेख में पढ़ना।

पीतल पर संवत् २०५४ में एक खास तोहफा (संवत् २०५४ का पूर्ण चांस विवरण)

संवत् २०५४ में पीतल पर शुदि प्रतिपदा से लेकर ८ दिन मार्केट स्थिर रहेंगे पर ज्यों ही देवी की अष्टमी बीतेगी तभी से अगले दिन रामनवमी को पश्चिम में बुधास्त होगा तभी दशमी गुरुवार को अजमाइये और मोटी लाइन से २ माह में व्यापार से मोटा लाभ उठाईये। यहाँ से पूर्ण २ माह तेजी लाइनें ५५ रु॰ की चलेगी यह लाइन जेठ शुदि नवमी तक चलेगी। इसके बाद मंदी की लाइन भादों शुदि ४ तक चलेगी। इस पीरियड में मायूसी सख्त छा जायेगी तथा हर ऊँचे भाव में बेचान बोलना चाहिये। आगे भादों शुदि ५ से ५ या १० दिवसीय तेजी आकर १५ दिन आगे मार्केट कार्तिक बदि द्वितीया तक मार्केट स्थिर रहकर भविष्य में २७ दिवसीय तेजी आयेगी बाद में पौष बदि ३ तक या तो मंदी जोरदार आयेगी या नई चाल न निकलकर तैयारी में स्थिरता नजर आयेगी पर इस ऊपर टाइम में फूट का जब भी मंदी का धमाका आये लेना बाद फाल्गुन वदि ५ तक तेजी आकर पूर्ण संवत् २०५४ तक मार्केट गिरेंगे।

॥ श्री ओंकाराश्रम के चांस स्पेशल प्राप्त करें ॥

क्योंकि ऊपर नीचे भाव बाँधकर सट्टे, वायदे, हॉजिरी के चांस दिये जाते हैं, भावों की लिमिट पास होने पर व्यापारी मोटी झांकी में न आने से मोटी हानि से बच जाता है। (ओंकाराश्रम व्यापार अनुसंधान केन्द्र) सन् १९६८ से शांडिल्य भविष्य पूरे वर्ष का छापता है। एक वर्ष के दैनिक चांस अन्य चांस सारांश छपता है, मूल्य ६१ रु॰। सन् १९६८ से प्रांतीय समाचार दैनिक चांसों से संलग्न चन्दा एक वर्ष के ७५ रु॰ है, वायदा चांस एक माह १५१ रु॰ है, हाजिर चांस एक वस्तु एक वर्ष की चांस फीस ३५५ रु॰, छः माह २२५ रु॰, तीन माह १५० रु॰ है। ये सभी स्पेशल चांस हस्तलिखित भावों की लिमिट बाँधकर भेजे जाते हैं, फीस अग्रिम भेजें। वी.पी.पी. नहीं करते हैं। चांस प्रत्येक में गारंटी है। चांस फोन ३१२२३८ हापुड़ से कोई भी सम्मति फ्री प्राप्त करें।

पता—ओंकाराश्रम, ब्रह्मणान स्ट्रीट, प्रो॰ ओंकार दैवज्ञ, पो॰ हापुड़, जि॰ गाजियाबाद (यू॰पी॰)
कोड नं॰ ०१२२, फोन : कार्यालय : ३१२२३८

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

व्यापार भविष्य संवत् २०५४ विक्रमी

लेखक : श्री रामावतार गुप्ता व्यापार भूषण, पो. खोरी, जिला रिवाड़ी-१२३१०१ (हरियाणा)

चैत्र शुक्ल पक्ष—संवत् का राजा मंगल तथा मन्त्री सूर्य होगा। संवत् में आवरेज वर्षा की कमी तथा प्राकृतिक कारणों से समय-समय पर व्यापक नुकसान की सम्भावना रहेगी। इस पक्ष में रुई, घी आदि में खास तेजी के झटके आ सकते है। चैत्र-बैसाख के महीनों में तिलहन पदार्थ, चणा आदि लाल रंग की वस्तुएँ, मजीठ आदि का स्टाक आगे भाद्रपद-आसोज मास में अच्छा लाभ देगा। परन्तु ध्यान रहे कि उपरोक्त वस्तुओं में जो मन्दे स्तर पर चल रही हो उसका स्टाक विशेष लाभकारी सिद्ध होगा। सुदी चौथ मेष राशि में सूर्य + बुध + शुक्र का राशि योग अनाजों में तेजी का रुख लायेगा। घी, चावल, चाँदी में तेजी को सपोर्ट करेगा। तारीख ८ से ११ अप्रैल तक किसी भी दिन जिस इलाके अथवा प्रान्त में वर्षा हो तो वहाँ पर वर्षाकाल में निसन्देह उत्तम वर्षा होगी। तारीख १२ अप्रैल को यदि सूर्योदय से सूर्यास्त पर्यन्त आकाश बादलों से ढका रहे ऐसा अच्छी तरह विचार करके गेहूँ आदि अनाज का स्टाक करें। श्रावण मास में बेचने से लाभ होगा। सुदी छट पन्द्रह मुहूर्ती संक्रान्ति अनाज तथा रस पदार्थों के भावों में तेजी को सपोर्ट करेगी। सुदी अष्टमी मंगलवारी—

"चैत्र सुदी आठें दिना मंगल या बुधवार। जदी किनारे पर बसो पानी के आधार॥" *(भविष्य भारती)*

इस योग से आगे वर्षाकाल में वर्षा की कमी का संकेत मिलता है। सुदी १० शनि का उदय-मूंग, दलहन, लहसुन, काली वस्तुएँ बिजली के सामान में तेजी। तिलहन में गिरावट। रुई में अच्छी घट-बढ़ चलेगी तथा दो मास के अन्तर्गत रुई आदि में भारी तेजी के योग बन जायेंगे। सावधान, परन्तु रुख देखना भी जरूरी है।

बैसाख मास—मास में वर्षा की न्यूनता रहे। रसायन पदार्थों, रुई आदि में तेजी चलेगी। कृष्ण पक्ष में सभी खाद्य पदार्थ, दालें, मसाले, अनाज, तेलों, आलू, प्याज आदि में जनरल लाईन तेज रहेगी। बदी प्रतिपदा—

"बैसाखी पड़वा प्रथम दिन बादल निकसै भानु। उत्तम संवत् की यही, है उत्तम पहिचान॥" *(भविष्य भारती)*

बदी चौथ मंगल मार्गी होगा। अपने वक्र काल में जो वस्तुएँ जिस हिसाब से तेज हुई थीं उसी हिसाब से यहाँ मन्दी आ जायेगी एवं आठ दिन के अन्तर्गत रुई में अस्थाई मन्दी के भारी झटके आ सकते हैं। रुख देखना चाहिए। बदी पंचमी दिन १५ के अन्दर हैजा आदि संक्रामक बीमारियों का किसी इलाके में अत्याधिक जोर रहेगा। शुक्र का उदय सुभिक्ष तथा व्यापारिक वस्तुओं में मन्दी का प्रभाव। अनाजों में विशेष मन्दी का प्रभाव तो धातुओं में तेजी लायेगा। तारीख ३ मई को यदि आकाश प्रबल मेघों से ढका रहे तो अनाज का स्टाक बेचना लाभप्रद रहेगा। मंगलवारी मावस तेजी को सपोर्ट करेगी। एक सप्ताह के अन्तर्गत प्रायः सभी वस्तुओं में तेजी के उछाले। सुदी पक्ष में सोना-चाँदी में जनरल लाईन मन्दी। चाँदी में विशेष मन्दी के झटके आने संभव हैं। सुदी चौथ मार्गी बुध, एक सप्ताह घट-बढ़ ज्यादा रहे। अलसी, अरण्डी, बिनोला, गुड़, मूँगफली के भावों में प्रायः गिरावट तो अनाजों में तेजी। तथा प्रमुख शेयरों में घट-बढ़ ज्यादा रहेगी। सुदी छट दिन ३ के अन्तर्गत सोना-चाँदी में भारी मन्दी के झटके आने के योग हैं, सावधान! तारीख १३ मई को यदि पूर्व की वायु चले या आकाश बादलों से ढका रहे एवं अल्पवर्षा भी हो तो अन्न का स्टाक करके आगे भाद्रपद मास तक अच्छा लाभ मिलते ही शीघ्र बेच देना चाहिए। सुदी अष्टमी बुधवारी अनाजों में मन्दी कारक है। परन्तु वृष राशि पर सूर्य + शुक्र की दिन १५ करीब मीटिंग चलेगी। अतः तेजी का ही बिल पास होगा।

"सूर्य देव भृगुनाथ का एक राशि पर साथ। पकड़ा देती है फसल, महंगाई को हाथ॥" *(भविष्य भारती)*

गुरुवारी पूनम मन्दी कारक है परन्तु तिलहन पदार्थों में दिन तीन के अन्दर एक तेजी का उछाला। यदि आज आकाश में बिजली चमके, वर्षा हो अथवा चन्द्रमा पर कुन्डल (घेरा) हो तो मूंग, मोठ आदि दलहन पदार्थों तथा कपास, रुई में तेजी आ जायेगी।

ज्येष्ठ मास—मास में वर्षा योग मध्यम है। तारीख ८ से १० जून कहीं भयंकर वर्षा से जन-धन की हानि संभव। मास में गर्म हवाएँ संक्रामक बीमारियों का प्रकोप रहे। बदी एकम् शुक्रवारी-सुभिक्षकारी है।

"जेठ बदी प्रतिपदा को सोम-शुक्र-गुरुवार। वर्षा हो अत्यन्त ही उत्तम पैदावार॥" *(भविष्य भारती)*

अन्य योगों के आधार पर दिन २० के अन्तर्गत शासन के प्रति जनता में भारी विरोध, हड़ताल, पशुओं में बीमारी फैले तथा दिन ८ के अन्तर्गत सड़क दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि। बदी सप्तमी रुई में अच्छी मन्दी के झटके शीघ्र ही आयेंगे। यदि इससे पूर्व रुई के भाव तेज चल रहे हों तो यहाँ भारी मन्दी की संभावना रहेगी। सावधान! बदी नोमी मिथुने शुक्र अनाज, चावलों में तेजी को सपोर्ट करेगा। बारदाना, गुवार, तिलहन में गिरावट तथा रुई, घी में अच्छी मन्दी कारक भी है। **नोट**—इस मास में रुई में भारी तेजी तथा भारी मन्दी दोनों के ही योग पाए गए हैं। अतः आजार का रुख देखकर काम करना चाहिए। बदी त्रियोदशी कन्या राशि का मंगल लाल रंग की वस्तुएँ, रुई आदि में भारी तेजी कारक है। इसके अलावा धातुएँ, सरसों, रेशम, तिलहन आदि में भी तेजी का संचार होगा। दिन १० के अन्दर चाँदी, रुई में भारी उतार-चढ़ाव संभव। गुरुवारी अमावस्या को रोहिणी नक्षत्र में सूर्य + चन्द्रमा योग दुर्भिक्षकारी है। इसे खर्पर योग भी कहा गया है। अनाज में तेजी को बल मिलेगा तथा एशिया महाद्वीप के कई देशों में भारी उपद्रव, आगजनी आदि हो। सुदी पक्ष में सोना-चाँदी में जनरल लाईन तेज रहे। तारीख ६ जून स्टैं.टा. १७।०४ बजे से सात जून १८।०९ बजे तक जिस इलाके, गाँव, प्रान्त आदि में यदि वर्षा हो तो वहाँ वर्षा ऋतु में अल्प वर्षा योग बन जायेंगे। अर्थात् वर्षा न्यून होगी। सुदी दोयज शनिवारी आर्द्रा नक्षत्र युक्त है। आज वर्षा होना अशुभकारी है।

"दुतिया तृतीया जेठ सुदी आवै आर्द्रा रिक्ष। वर्षे तो कर्षे नमी दर्से दुःख दुर्भिक्ष॥" *(भविष्य भारती)*

सुदी तीज गुरु वक्री होगा। **"गुरु वक्री सुभिक्षं च। गुरु वक्रे स्थिर रोगो।"** सुभिक्षकारी है। अनाज, तिलहन, धातुएँ आदि में व्यापारिक वस्तुओं में शीघ्र ही मन्दी का प्रभाव दिखाई देगा। रुई में खास मन्दी कारक है। राई, तुअर, रेशम में मन्दी के झटके आयेंगे। सुदी नवमी मिथुन संक्रान्ति काल में आँधियों, समुद्री तूफान आदि से जन-धन की हानि संभव तथा मूल पदार्थों, अनाजों में तेजी लायेगी। शुक्रवारी पूनम मिथुने बुध दो सप्ताह के अन्तर्गत भारतवर्ष में अच्छी वर्षा, सोना-चाँदी, रुई में मन्दी के झटके तथा पूर्णिमा को मूल नक्षत्र का भी समावेश है।

"जेठी पूनम मूल रिख जो थोड़ी ही दिसन्त। साख ढहों दिसी नीपजै, तदानीर पलयन्त॥" *(भविष्य भारती)*

आषाढ़ मास—व्यापरिक दृष्टि से यह मास तेजी प्रधान रहेगा। मास में पूर्वी उत्तर भारत, गुजरात, महाराष्ट्र, सौराष्ट्र आदि में भारी वर्षा से जन धन की हानि। बदी प्रतिपदा—

"साढ़ बदी प्रतिपदा को वर्षा बादल गाज। अनावृष्टि दो मास तक महँगा बिकै अनाज॥" *(भविष्य भारती)*

बदी तीज श्रवण नक्षत्र युक्त होने से अनाज स्टाक करने की राय देती है। आगे लाभ होगा। बदी चौथ सिंह राशि में राहु का प्रवेश होगा। सोठ (अदरक), काली मिर्च, पीपल, दालचीनी, हल्दी, धनियां, किराना समान तथा तिलहन पदार्थों में आगे निसन्देह तेजी आयेगी। काली मिर्चों में भारी तेजी आ सकती है। सावधान! बदी छट पुष्ये शुक्र लाख, चपड़ा, सोना, गुड़, पारा, हींग, खांड आदि में दिन सात के अन्दर मन्दी का जोश भर जायेगा। रेशम, अनाज के भावों में तेजी चमकेगी। बदी एकादशी पुनर्वसु का बुध रुई, बिनोला, चाँदी आदि में दिन सात के अन्तर्गत अच्छी मन्दी के रियक्सन लायेगा। शुक्रवारी मावस शेयरों में तेजी का झटका लायेगी। सुदी पक्ष में भारी वर्षा योग कहीं बाढ़ की स्थिति से जनधन की हानि। बुध + शुक्र का योग कर्क राशि में होने से दुर्भिक्ष कारक तथा अनाजों में घोर तेजी कारक है तथा महावर्षाकारक है।

"बुध-शुक्र दोनों बसैं, चन्दा के घर जाय। तो दारुण दुर्भिक्ष हो, महंगा अन्न बिकाय॥" *(भविष्य भारती)*

योग पर गुरु दृष्टि से अधिक तेजी की संभावना नहीं रहेगी। तारीख ५ से १७ जुलाई तक भारी वर्षा के योग बनते है। अतः इस दौरान दूर-दूर तक भारतवर्ष में व्यापक वर्षा होनी चाहिए। सुदी तीज बुध पश्चिम

धर्मसन प्रकाशन, 2596, नई सड़क, दिल्ली-110006 ☎ 3285234, 3264986

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अनाज, बिनोला, अरण्डो, सरसों, चाँदी आदि में तेजी कारक तथा रुई, शेयर्स के भावों में गिरावट। खण्ड वृष्टि होगी। अर्थात् कहीं भारी वर्षा तो कहीं वर्षा अल्प होगी। देवशयनी एकादशी यदि आज (कम या अधिक) वर्षा हो जाए तो आगे रेवती में हानि पहुँचाने वाले जीव जन्तुओं का उपद्रव नहीं होगा। अर्थात् फसल अच्छी हो एवं यहाँ से सात मास तक अनाज के भावों में मन्दापन रहे। यदि आज वर्षा न हो तो विपरीत फल जानना चाहिए। शुक्रवारी त्रियोदशी शेयर्स में तीन दिन के अन्तर्गत तेजी के झटके लायेगी। सिंह का शुक्र-अनाज, लाल रंग की प्रमुख वस्तुएँ, मजीठ, घी, चीनी, रस पदार्थों के भावों में वृद्धि करेगा। चाँदी, रुई में प्रथम मन्दी आकर तेजी। वर्षा में कमी करेगा। आषाढ़ मास में समुद्री तूफान आदि से भारी क्षति की संभावना रहेगी।

श्रावण मास—मास में राजनैतिक हलचलें चलेंगी। तिलहन बाजार तेज। रुई में आगे भारी मन्दी आ सकती है। वर्षा की स्थिति ठीक रहे। परन्तु खंडवृष्टि हो। बदी चौथ चित्रा का मंगल दिन १२ के अन्दर किसी क्षेत्र में कोई संक्रामक रोग फैले। अनाज, धातुओं में तेजी कारक है। दोपहर बाद यदि आज वर्षा हो तो आगे अच्छी वर्षा के योग बन जायेगें। तारीख २४ जुलाई को यदि बादल तो खुब हो परन्तु वर्षा ना हो तो प्रत्येक अनाजों में तत्काल तेजी आ जायेगी। वर्षा होने से विपरीत फल होगा। बदी नवमी कृतिका नक्षत्र युक्त है—

"सावन कृतिका नखत में, यदि वर्षा हो जाए। चार मास वर्षा घणी, मन्दा धान्य बिकाए॥" *(भविष्य भारती)*

बदी एकादशी को मृगशिर नखत दुर्भिक्षकारी है। पू.फा. शुक्र वर्षा कारक एक सप्ताह के अन्तर्गत चावल, चाँदी, रुई, उर्द, मूंग आदि दलहन पदार्थ, बाजरा आदि में मन्दी कारक। बदी त्रियोदशी शनि वक्री होगा दुर्भिक्षकारी है। प्रजा को कष्टकारक। तीन मास महामारी रोग तथा प्राय: व्यापारिक वस्तुएँ, धातुएँ तेज तथा तेल पैदा करने वाली खेतियां सूख जाएं। अनाजों में भारी तेजी। यहाँ गुरु भी साथ-साथ वक्री चल रहा है। रुई में खास मन्दी आ सकती है। सावधान! श्रावण शुक्ल पक्ष में तिथि वृद्धि होकर क्षय मन्दी कारक तथा आगे कार्तिक मास में किसी राज्य का मन्त्री मण्डल भंग अथवा फेरबदल हो। सुदी एकम् सोमवारी दुर्भिक्षकारी है। तेजी को बढ़ावा मिलेगा। एक अन्य पोजिशन—

"शुक्र सिंह तुल भौम: हो, मीन होय शनिचार। धूल उड़े, वर्षा रुकै, महंगा चले बाजार॥" *(भविष्य भारती)*

तारीख १२ अगस्त तक यह योग है। प्राय: व्यापारिक वस्तुओं में महंगाई का जोश भर जायेगा एवं आंधियों का जोर रहे। परन्तु रुई में आगे एक महीना या अधिक के अन्तर्गत भारी मन्दी आ सकती है। सावधान! तारीख १० अगस्त यदि आज जिस इलाके में सूर्यास्त समय तक वर्षा ना हो तो वहाँ आगे वर्षा की आस छोड़ देनी चाहिए। सुदी १२ स्वाती का मंगल वर्षा में अवरोध, तिलहन में तेजी कारक। ४५ मुहुर्ती संक्रान्ति अनाज मन्दा करेगी। परन्तु अनाजों में घटा-बढ़ी ज्यादा रहे। सोमवारी पूनम एक सप्ताह के अन्दर प्राय: व्यापारिक वस्तुओं में अस्थाई मन्दी के झटके।

भाद्रपद मास—व्यापारिक दृष्टि से यह मास तेजी प्रधान रहे। बीच में सोमवती मावस मन्दी का प्रतीक भी है। यह मास जनता के लिए सुख सुविक्ष, आनन्द शुभफलप्रद है। पूर्णिमा को चन्द्र ग्रहण हो रहा है। कुंभ राशि से संबंधित व्यापारिक वस्तुओं में विशेष तेजी शीघ्र आ जायेगी। कपास, लाल रंग की वस्तुओं में कुछ समय आगे काफी तेजी की उम्मीद है। बदी २ से दिन १३ के अन्तर्गत जो वस्तुएँ तेजी पर रहें बेचना तथा मन्दे स्तर पर हो खरीदना। विशेष लाभकारी रहे। बदी चौथ वक्री बुध-दिन १० के अन्तर्गत खाण्ड, बिनोला, मूंगफली, घी, तेलों सभी प्रमुख शेयर्स, अनाज, सोना, चाँदी, धातुओं में तेजी आ जायेगी। बदी सप्तमी वक्री बुधास्त पश्चिमे गल्ला, अनाज, सोना-चाँदी में भारी तेजी के झटके। दो सप्ताह के लिए अस्त होगा। रुई में भारी फेरबदल संभव हो। सोमवती मावस मन्दी कारक। एक सप्ताह के अन्तर्गत प्राय: बस्तुओं में मन्दी के रियक्शन आयेंगे। एवं दिन १२ के अन्तर्गत गुजरात, सौराष्ट्र के इलाकों में भारी वर्षा से हानि तथा रुई के व्यापारियों रुई में मन्दी का ध्यान जमा लें। सुदी एकम् की वृद्धि—

"पड़वा पाँचें चतुर्दशी शुक्ल पक्ष में तीन। बढने पर मन्दी करें, तेजी हो जब छीन॥" *(भविष्य भारती)*

के अनुसार पक्ष में प्रथम गिरावट आकर पक्षान्त में तेजी आयेगी। आज का चन्द्रदर्शन तेजी कारक। नशीले पदार्थ, तम्बाकू, घी, अनाज आदि में आगे तेजी लायेगा। धातुओं, रुई, तिलों में मन्दी कारक। सुदी ३ विशाखा का मंगल तीन सप्ताह के अन्दर रुई, कपास, बिनोला में भारी तेजी ला सकता है। सचेत! तारीख ५ से ८ सितम्बर सायं चार बजे तक जिस इलाके में वर्षा न हो वहाँ वर्षा काल समाप्त हुआ समझ लेना चाहिए। जहाँ वर्षा हो वहाँ आगे भी वर्षा योग समझने चाहिए। तारीख १० सितम्बर को यदि दिन-रात आकाश निर्मल रहे तो सूत, सण, अनाज, बिनोला, मटर, गुवार, सोना-चाँदी, गुड़, चीनी, पाट, बारदाना, नमक आदि में पाँच मास तक बाजार जनरल तौर पर तेज रहेंगे। मंगलवारी पूनम को खग्रास चन्द्रग्रहण होगा। राई, मेथी, जस्ता आदि अन्य वस्तुओं का स्टाक चार मास पश्चात् अच्छा लाभ दें। अन्न बेचकर घी, गुड़, तेल, चणा का स्टाक भी आगे लाभ देगा। पीली वस्तुएँ जैसे मक्का, शहद, सोना आदि में चमक बढ़ेगी।

आश्विन मास—बदी एकम् बुधवारी "प्रतिपत्सर्व माषेशु बुधे दुर्भिक्ष कारिणी।" के अनुसार इस पक्ष में सभी खाद्य पदार्थ, दालें, मसाले, तेलों, घी, साग, सब्जियाँ, आलू, प्याज आदि में जनरल लाईन तेज रहेगी। वृश्चिक का मंगल सभी रस पदार्थ, द्रव्य पदार्थ, सोना-चाँदी के भावों में तेजी तथा सोने में विशेष तेजी के झटके तो रुई में दिन सात के अन्तर्गत एक अच्छी मन्दी का झटका अस्थाई तौर पर आ सकता है। बदी पंचमी रविवारी अभी घी में मन्दी लायेगी परन्तु आगे माघ की अमावस्या के आस-पास अच्छी तेजी भी लायेगी।

"आश्विन कृष्णा पंचमी जो होवे रविवार। माघी मावस को अवश्य घी का तेज बाजार॥" *(भविष्य भारती)*

बदी दशमी हस्ते सूर्य दिन १५ के अन्तर्गत हींग, हल्दी, घनियां, गेहूँ, गुड़, खाण्ड के भावों में वृद्धि करेगा। बदी ११ बुधास्त पूर्व घटा-बढ़ी कारक। लाल रंग के पदार्थों में शीघ्र तेजी आयेगी। तारीख २९ सितम्बर को यदि आकाश में बादल हो तो आगे नवरात्रों में वर्षा होगी तथा कार्तिक में रुई, कपास तेज हो जायेंगे। सुदी एकम् गुरुवारी शेयरों में तेजी के उछाले लायेगी। वृश्चिक राशि में मंगल + शुक्र का योग शासनकर्ताओं की दोषपूर्ण नीति से महंगाई तीव्र गति से बढ़ेगी। विश्व के उत्तर-पश्चिमी देशों में कहीं भारी उत्पात, दंगों आदि से भारी जनधन की आशंका रहेगी। सुदी ४ रविवारी—

"आश्विन शुक्ला चतुर्थी यदि आवै रविवार। घी बेचो अन्न संग्रहों आगे लाभ विचार॥" *(भविष्य भारती)*

अनाज का स्टाक आगे निसन्देह लाभकारी रहे। नोट कर लें। सुदी दशमी चित्रा में सूर्य + बुध का योग व्यापारिक वस्तुओं की तेजी में सहायक, कम्पनियों के शेयर्स, हरे रंग के पदार्थ मूंग आदि पर इसका विशेष प्रभाव होगा। सुदी १२ ज्येष्ठा का मंगल-**ज्येष्ठा कुजे स्वल्प जल च रोगा।** के अनुसार वर्षा में कमी तथा रोगों में वृद्धि होगी। दिन १२ के अन्तर्गत चाँदी मन्दी तथा रुई में अच्छी घटाबढ़ी होगी। पूर्णिमा-दिन सात के अन्दर सींगदाना, एरण्डा, सरसों, तेलों में एक अच्छी तेजी का उछाला तो अन्य वस्तुओं में मन्दी के रियक्शन भी लायेगी।

"आश्विन पूनम को अगर बिजली बादल गाज। नफा मिलेगा चैत्र तक, खूब खरीदो अनाज॥" *(भविष्य भारती)*

कार्तिक मास—बदी दोयज तुला की संक्रान्ति—

"हानि हाथी हेम की तुला राशि गत सूर। सभी तरह के धान्य में तेजी हो भरपूर॥" *(भविष्य भारती)*

के अनुसार अनाज, सोना, गुड़, खाण्ड, रस पदार्थों, लाल रंग के पदार्थ, लोहा, जस्ता, घी, मजीठ आदि में तेजी। पन्द्रह मुहूर्ती तथा खर्पर योग युक्त से अनाजों, रस पदार्थों आदि में तेजी को बल मिलेगा। यदि आज वर्षा हो तो तिल, तेलों, मूंग आदि दलहन पदार्थों का स्टाक चार मास पश्चात् उत्तम लाभ। रविवारी चतुर्थी रोहिणी युक्त है। वर्षा का अवरोध तथा एक सप्ताह के अन्तर्गत रुई में अच्छी मन्दी के रियक्शन आ सकते हैं। बदी दशमी मघा नक्षत्र युक्त है। चार मास के अन्तर्गत अच्छी तेजी निसन्देह आ जायेगी। सावधान! तारीख २५ से २७ अक्टूबर यदि अनाज मन्दा हो तो स्टाक करना अति विशेष लाभकारी सिद्ध होगा।

धर्मसन प्रकाशन, 2596, नई सड़क, दिल्ली - 110006 ☎ 3285234, 3264986

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सुदी पक्ष में घी आदि में जनरल लाईन तेज रहे। सुदी दोयज आज का चन्द्रदर्शन तेजी कारक है। गुड़,
तेल, सोना, चांदी के भावों में वृद्धि होगी। वृश्चिक राशि में बुध का प्रवेश रुई, प्रमुख शेयरों में मन्दी आएगी।
धातुएँ, अनाज, तिलहन में शीघ्र वृद्धि होगी। सुदी सप्तमी दिन ३ के अन्तर्गत घी, तेलों में रह-रहकर तेजी के
उछाले आते रहेंगे। सुदी अष्टमी श्रवण ४ गुरु मन्दी कारक है। दिन १५ के अन्तर्गत अनाजों, धातुओं, किराना,
गुड़, खाण्ड आदि में मन्दी लायेगा। बीच-बीच में रह-रहकर मन्दी के झटके आते रहेंगे। मंगलवारी एकादशी
तेजी कारक है। पूनम तक घी में कुछ विशेष तेजी के झटके कभी भी संभव होंगे।

"कार्तिक सुदी एकादशी जो नभ बादल छाए। तो आगे आषाढ़ में उत्तम जल वर्षाए॥" *(भविष्य भारती)*

पूर्णिमा भरणी नक्षत्र युक्त होने से—

"अश्विनी भरणी का बनै पूनम से संयोग। गुवार जुवार मकई मटर महंगाई अरु रोग।" *(भविष्य भारती)*

आगे सावनी फसल के मालों में सप्ताह दस दिन बाजार तेज रहें।

मार्गशीर्ष मास—इस मास में पांच शनि तथा पांच रविवार हैं।

"मार्गशीर्ष के मास में पांच होंय रविवार। पांच शनिश्चर वार हों तो तेजी होय अपार॥" *(भविष्य भारती)*

के अनुसार मास तेजी प्रधान तथा अनाजों आदि व्यापारिक वस्तुओं में तेजी चलेगी तथा ईशान कोण के
देशों में भारी उपद्रव, अग्निकाण्ड, भूकम्प आदि प्राकृतिक कारणों से व्यापक जन धन की हानि संभव। बदी
दोयज वृश्चिक संक्रान्ति खर्पर योग युक्त है। अनाजों में अच्छी तेजी। इस संक्रान्ति काल में तिल, तेल, राल,
कांच (शीशा) से बनी हुई वस्तु का स्टाक एक मास पश्चात् बेचने से उत्तम लाभ हो। तारीख २१ नवम्बर को
यदि दिन-रात आकाश निर्मल रहे तो आगे बैसाख में अनाज मन्दा, विपरीत स्थिति से बैसाख में अनाज तेज
रहे। एकादशी मंगलवारी इसके प्रभाव से आगे डेढ़ दो मास के अन्तर्गत कभी भी सरसों, बिनोला में भारी तेजी
कुछ समय के लिए निसन्देह आयेगी। सावधान! बदी त्रियोदशी उ.षा. शुक्र दिन सात के अन्तर्गत गुड़, खाण्ड,
सोना-चाँदी, अलसी, रुई में मन्दी कारक तथा रुई में अच्छी मन्दी के रियक्शन संभव हो। बदी १४ की वृद्धि—

"मगसिरं पहले पारव में कोई तिथि बढ़ जाये। कहीं जगत में युद्ध का भारी बादल छाये॥" *(भविष्य भारती)*

के अनुसार कहीं संसार में युद्ध छिड़ने की आशंका रहेगी। लाख चमड़ा, लोहा, एरण्डा, काली वस्तुएँ,
कत्था, पारा, सुपारी आदि अन्य व्यापारिक वस्तुओं में तेजी। रविवारी मावस रुई, चाँदी, बारदाना में तीन दिन
के अन्दर मंडी के झटके लायेगी।

सुदी एकम् आज का चन्द्र दर्शन

"जो राशि उगै सोम-शनि एक अचम्भो जिय जोय। छत्र पड़े दिन तीस में अन्न जू महंगों होय॥"

के अनुसार एक मास के अन्तर्गत किसी राज्य का मन्त्रिमंडल भंग अथवा परिवर्तन होगा तथा अनाज तेज
रहे। सुदी तीज का क्षय—

"किसी मास में तीज या सुदी चौथ घट जाये। ग्राहक मांगे मूंग घी विक्रेता नट जाये॥" *(भविष्य भारती)*

के अनुसार मूंग आदि दलहन एवं घी आदि में पक्ष में तेजी रहे तथा बीच-बीच में अच्छी तेजी के उछाले
भी संभव हों। सुदी छट उ.षा. मंगल दिन २० में कभी भी रुई में अचानक तेजी के झटके लायेगा। उर्द, तिलहन
पदार्थों के भाव भी बढ़ेंगे। सुदी अष्टमी यदि आज आकाश में बिजली चमके (जिस इलाके प्रान्त आदि में) तो
वहाँ श्रावण मास में निश्चय ही उत्तम वर्षा हो। सुदी एकादशी से मंगल + गुरु + शुक्र का योग करीब एक मास
रहेगा। स्टाक लाभकारी रहे। यथा—

"भौम भार्गव गुरु बसै, एक राशि पर तीन। अन्न भाव मन्दा रहे, संग्रह करो प्रवीन॥" *(भविष्य भारती)*

मन्दी कारक योग है, परन्तु त्रियोदशी से वक्री बुधास्त गल्ला, अनाज, चाँदी में अत्याधिक तेजी कारक
है। ग्यारह दिन पश्चात उदय हो जायेगा। अतः उदय तक बाजार की पोजिशन देखकर काम करें। रविवारी
पूनम बारदाना, जूट, गुड़, तेलों में तेजी के उछाले लायेगी।

पौष मास—मास में पांच सोमवार उत्तम फलदायक, सुख सुभिक्ष, मंदी कारक हैं। मास में खर्पर योग
होने से अनाज के भावों में मजबूती बनी रहे तथा तिलहन पदार्थों में सप्ताह दस दिन के लिए भारी तेजी संभव
हो। मास में वस्तुएँ मन्दे स्तर पर खरीद करें। आंधियों का जोर रहेगा। बदी तीज शनि मार्गी होगा।

"वक्र चाल चलते हुये शनि मार्गी हो जाए। चालू रुख बाजार का एकदम पलटा खाए॥" *(भविष्य भारती)*

स्थूल रूप से प्रायः व्यापारिक वस्तुओं में प्रथम मन्दी का वातावरण तथा रुई में अच्छी मन्दी संभव हो।
बदी अष्टमी धनिष्ठा २ गुरु मन्दी कारक। अनाज, तिलहन, पदार्थ मन्दे। बदी नवमी श्रवणे मंगल—

"श्रवण नखत पर जब कभी हो कोई ग्रह क्रूर। अन्न भाव महंगा रहे, गेहूँ तेज जरूर॥" *(भविष्य भारती)*

परन्तु यहां बुध का उदय भी मन्दी कारक है। अतः अनाजों में घटा-बढ़ी रहे। मन्दी होने से स्टाक
लाभकारी। लाल मिर्च, घी, बिनोला के भावों में वृद्धि करेगा। रुई सोने में घटा-बढ़ी रहेगी। बदी एकादशी शुक्र
देव वक्री होंगे। रुई, सोना-चाँदी, मजीठ, घी में तेजी कारक है। परन्तु मकर राशि के अन्तर्गत होने से पिछली
जो भी लाईन हो बदल जायेगी। रुख देखना भी जरूरी है। इस पदार्थ तेलों आदि पर भी इसका प्रभाव होगा।
सोमवती अमावस्या मन्दी कारक है। एक सप्ताह करीब व्यापारिक वस्तुओं में गिरावट आयेगी। अमावस्या
मूल नक्षत्र युक्त है। सुख सुविक्षकारी है।

सुदी पक्ष में घी, तेलों में जनरल लाईन तेज रहेगी। एवं कुछ विशेष तेजी के झटके भी आ सकते हैं। सुदी
पक्ष में छः (Six Month) मास के अन्दर सोना-चाँदी में धीरे-धीरे अथवा कभी भी भारी तेजी आने के योग
हैं। एवं लगभग छः (Six Month) मास के पश्चात् रुई में भारी मन्दी आ सकती है। सावधान! सुदी त्रियोदशी
घी आदि का स्टाक करने की राय देती है। आगे लाभ होगा। यह एक चांस है। तारीख ३१ दिसम्बर यदि आज
से पूर्व गेहूँ के भाव तेज चल रहे हों तो नोट करें कि पांच दिन के अन्तर्गत गेहूँ में भारी मन्दी आ जायेगी।
सावधान! सुदी एकादशी कृतिका नक्षत्र युक्त है—

"पोष सुदी एकादशी जो कृतिका नक्षत्र। लाल वस्तुओं में रहे, खूब लाभ सर्वत्र॥" *(भविष्य भारती)*

के अनुसार लाल रंग की वस्तुओं में तेजी तथा पहली बरसात तक अनाज के व्यापार से लाभ हो।
सोमवारी पूनम मन्दी कारक है। सावणी फसल के मालों में तथा किराना में मन्दी आयेगी।

माघ मास—मास में व्यापारिक वस्तुओं में तेजी चलेगी। बदी पक्ष में अनाजों में भारी तेजी चलेगी तथा
एक सप्ताह के अन्दर ही पक्ष में शुक्र का अस्त-उदय होना अशान्ति दुःख दुर्भिक्षकारी है। प्रभाव तेजी का ही
होगा।

"अस्त-उदय सप्ताह में अगर शुक्र हो जाए। भ्रान्त अशान्त प्रजा रहे दुःख नितान्त अधिकाए।" *(भविष्य भारती)*

मकर की संक्रान्ति खर्पर योग युक्त है। अतः अनाजों में अच्छी तेजी को बल मिलेगा। पिछले वर्ष
संक्रान्ति भी बुधवारी थी। अतः—

"कर्क-मकर दो बहिन हैं बैठें एक ही वार। कै पिरजा को पति मरे, कै पड़े अचिन्तो कार॥" *(भविष्य भारती)*

संक्रान्ति समय चन्द्रमा अपोजिशन में होने से कपड़ा, सूत, कपास, तिल, तेल, ज्वार, सुपारी, तमालपत्र
आदि का स्टाक चार या पांच मास पश्चात बेचने से अच्छा लाभ हो। बदी तीज गुरुवारी वर्षाकारक तथा जनता
में अनेक प्रकार के मंगलकार्य यज्ञादि हों। यथा-

"माघ बदी दोयज या तीज को वृहस्पति वार। उत्तम वर्षा, शान्ति सुख, बढ़े मंगलाचार॥" *(भविष्य भारती)*

बदी छट रविवारी अनाजों में भारी तेजी कारक है। बदी सप्तमी पूर्व में शुक्र का उदय बाजारों का रुख
तेजी की ओर अग्रसर होगा। नारियल, पंचवर्ण, सूत, रेशम आदि में भारी तेजी लायेगा। चावल, घी में तेजी।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बुधवारी अमावस्या तथा उ.षा. बुध अनाजों में गिरावट। अत: अनाजों में पाँच सात दिन घटा-बढ़ी रहे। सुदी एकम् गुरुवारी सुख सुभिक्ष, मन्दीकारी है। यदि इससे पूर्व (२७-२८ जनवरी) से आज दोपहर तक अनाज का बाजार तेज रहे तो नोट करें कि पांच दिन के अन्दर अनाजों में भारी मन्दी आ जायेगी। सुदी चौथ शनिवारी दुर्भिक्षकारी है। यथा—

"माघ मास में आवै चतुर्थी को शनिवार। चोर अग्नि भय, धान्य क्षय, अति दुर्भिक्ष विचार॥" *(भविष्य भारती)*

सुदी सप्तमी मंगलवारी भरणी नखत युक्त शुभ योग भी है। आगे उत्तम फसल का संकेत मिलता है।

"माघ सुदी सातै दिना भरणी नखत विचार। रोग नाश हो धरा पर उत्तम पैदावार।" *(भविष्य भारती)*

रात को बुधास्त पूर्व यहाँ अटके हुए रुई, सोना-चाँदी में घट-बढ़ से तेजी का तूफान मालूम दे। मतलब पाँच दिन तेज। फिर छ: दिन मन्दा। फिर गत दिन तेज। उदय तक इस चांस का उपयोग करें। लाभ होगा। बुधवारी पूनम दिन सात के अन्दर अलसी में विशेष तेजी के झटके। यदि आज आकाश निर्मल रहे तो आगे आने वाले आषाढ़ मास में प्रत्येक अनाज मन्दा रहे तथा वर्षा भी बहुत हो।

फाल्गुन मास— मास मन्दी प्रधान रहे। इस मास में रुई प्रमुख शेयर्स कालीमिर्चों आदि में भयंकर मन्दी के योग हैं। सावधान! परन्तु बदी चौदश से शनि + मंगल योग से शेयरों में तुरन्त चमक आ सकती है। अत: इससे आगे रुख देखना भी जरूरी है। बदी एकम् संक्रान्ति खर्पर योग युक्त है। अत: अनाजों में अधिक तेजी संभव नहीं है। भावों में मजबूती रह सकती है। बदी दोयज को गुरु अस्त मन्दी कारक योग है। प्राय: व्यापारिक वस्तुओं में मन्दी आयेगी। यथा—

"फागुन में गुरु अस्त हो अथवा वक्री चाल। मन्दी कारक योग है मन्दा हो सब माल॥" *(भविष्य भारती)*

बदी पंचमी से रुई आदि में पांच सात दिन के अन्तर्गत अच्छी मन्दी के रियक्शन आने के योग हैं। सावधान! शतभिषा नखत पर सूर्य-बुध-गुरु का योग मन्दी कारक है। पक्ष के अन्त तक यह योग है। प्राय: व्यापारिक वस्तुओं के भावो में मन्दी का संचार होगा। बदी चौदश मीन राशि में शनि का प्रवेश मंगल के साथ भी राशि योग बनायेगा। दुर्भिक्ष युद्ध, दंगे कारक योग है। यथा—

"कर्क मीन कन्या मकर जब शनि मंगलवास। युद्ध विकलता भूमि पर अरु धनधान्य विनाश॥" *(भविष्य भारती)*

किन्हीं दो या अधिक परस्पर देशों में युद्ध की प्रबल संभावना रहेगी। तेजी को कुछ बल मिलेगा। शुक्ल पक्ष में घी में कुछ अस्थाई भारी उछाले आ सकते हैं। सुदी दोयज मंगल का अस्त होगा। बाजार मन्दी की तरफ झुक जाएँगे। विशेष प्रभाव अनाज पर होगा। उ.भा. मंगल तीन सप्ताह के अन्तर्गत सोना-चाँदी, चन्दन, चणा, अनाज, कपूर आदि सुगन्धित पदार्थों के भावों में वृद्धि करेगा। सुदी तीज बुध का उदय पश्चिमे दुर्भिक्षकारी है। अनाज, घी, तेलों, अरण्डी, सरसों, चावलों के भावों में वृद्धि करेगा। परन्तु रुई शेयर्स के भावों में मन्दी कारक है। अत: इनमें घटा-बढ़ी रहे। सुदी अष्टमी रोहिणी नखत युक्त है।

"कुंभ मीन के अन्तरे अष्टमी रोहिणी होय। अल्पवर्षा दुर्भिक्षदुख भारी तेजी अन्न में होय।" *(भविष्य भारती)*

आगे अनाजों में भारी तेजी आयेगी। सावधान! इस योग से प्रथम बाजार एक दम गिर जाता है। फिर धीरे-धीरे बाजार तेज होकर अच्छी तेजी इस योग के प्रभाव से आती है। सुदी नवमी उ.भा. का शुक्र-चावल, मोती, कपूर, सफेद वस्तुओं एवं फल आदि मन्दे होंगे। दिन दस के अन्दर सब्जियों, फलों के व्यापारियों को सीमित व्यापार करना चाहिए। अन्यथा भारी हानि की संभावना हो सकती है। त्रियोदशी मंगलवारी लाल रंग की वस्तुओं के भावों में वृद्धि करेगी।

चैत्र कृष्ण पक्ष—पक्ष में अनाजों में भारी तेजी आ सकती है। घी के भावों में तेजी चमकेगी। इस मास में समुद्र से उत्पन्न होने वाले पदार्थों के व्यापार से लाभ की आशा न रखें। मीन की संक्रान्ति खर्पर योग युक्त है। गेहूँ आदि अन्न, राई, जीरा, अजवायन, किराना समान का स्टाक इस मास में अथवा दो मास पश्चात् बेचने से लाभ हो। बदी दोयज गुरु का उदय दिन १३ दिन तक बाजार रुख में तेजी का संचार करेगा। रुई, सोना-चाँदी, सूत, मूंगफली, सरसों, गुड़, अनाज आदि पर इसका प्रभाव होगा। वर्षा कारक है। बदी पंचमी बुधवारी अनाज तथा घी में तेजी को सपोर्ट करेगी। यथा—

"चैत्र बदी पाँचै दिना मंगल या बुधवार। गेहूँ अरु घी में तेजी चले बाजार॥" *(भविष्य भारती)*

अत: अच्छी तेजी भी संभव हो। आगे चाँदी में भी अच्छी तेजी के उछाले संभव हों। बदी सप्तमी यदि आज आकाश में बादल छा जाए आगे लाल रंग की वस्तुएँ, जैसे—लाल मिर्च, गुड़ आदि में मन्दी आ जायेगी। त्रियोदशी वक्री बुध-रस पदार्थों में तेजी लायेगा। घी, चावल, चीनी में प्रथम तेजी लाकर मन्दी लायेगा। बदी चौदश शनि का अस्त तेजी कारक है। रुई, अलसी, सरसों, पाट, कुप्पा, बारदाना, फल-फूलों, चाँदी, सुगन्धित पदार्थों में तेजी लायेगा।

नोट—यह लेख ग्रहों के दृष्टि सम्बन्ध, राशि परिवर्तन, वक्री-मार्गी, उदयास्त, तिथी, वार, योग, ग्रहों के नक्षत्र, चरण परिवर्तन आदि अन्य महत्त्वपूर्ण योगों के आधार पर लिखा गया है। होना न होना ईश्वराधीन है। एक ही समय में एक योग तेजी का तथा दूसरा योग मन्दी का हो तो बाजार का रुख देखते हुए काम करना चाहिए। **लाभ-हानि में हमारी किसी भी स्टेज पर कोई जिम्मेवारी नहीं होगी यह ध्यान में रखना चाहिए।**

आवश्यक सूचना—हमारे लेखों से लाभान्वित होने पर हजारों व्यापारियों ने हमें प्रशंसा पत्र भेजे हैं। हम इस सूचना के माध्यम से उनका आभार प्रकट करते हैं। यह लेख बहुत ही संक्षेप में लिखा गया है। पूरा ब्यौरा सिलसिलेवार साल भर का जानने के लिए हमारे द्वारा प्रकाशित प्रसद्दि पुस्तक "भविष्य फल प्रकाश सन् १९९७ ई. का मंगाकर व्यापार में लाभ उठायें। पुस्तक समय से मंगा लें। यह संवत् भारी उथल-पुथल वाला है। भारी लाभ देने वाले कई योग आये हैं।

ज्योतिष शास्त्र के आधार पर बाजार भावों की तेजी-मन्दी के बारे में विश्लेषण एवं पूर्वानुमान से सम्बन्धित यह पुस्तक गत् ४९ वर्षों से लगातार प्रकाशित की जा रही है। इस पुस्तक में साल भर की दैनिक तेजी-मन्दी, मासिक विश्लेषण, माल स्टाक करने के उचित महत्त्वपूर्ण मौके, माल खरीदने-बेचने की महत्त्वपूर्ण लाभकारी तारीखें (प्रत्येक मास की) अनाज, किराना, तिलहन, सरसों, सोना-चाँदी आदि धातुएँ, शेयर्स गुड़, खाण्ड, घी, रस पदार्थ, आलू, प्याज, लहसुन, रुई, पाट, बारदाना आदि। सभी व्यापारिक वस्तुओं के स्पेशल चांस (वर्ष भरके) अलग-अलग वस्तुओं के प्रकाशित किये गये हैं। इसके अलावा शकुन प्रसिद्ध ज्योतिषियों के व्यापार सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण लेख चांस भी प्रकाशित किये गये हैं। मूल्य ७५ रु. प्रति कापी, डाक व्यय रु. १० अलग = ८५ रु. मनीआर्डर द्वारा/पोस्टल आर्डर द्वारा भिजवायें। मंगवाना न भूलें। आज ही आदेश भेजें।

हमारी दूसरी पुस्तक "भविष्य भारती" अर्घकाण्ड सम्बन्धी, अद्भुत कविता पुस्तक (टीका सहित) जो कि हिन्दी के दोहों के रूप में है। इस पुस्तक में ज्योतिष के योगा-योग (फार्मूले) दिये गये हैं। यह लेख भी इसी पुस्तक के आधार पर लिखा गया है। यह पुस्तक प्रत्येक वर्ष हमेशा काम आयेगी। मूल्य ४५ रु. सजिल्द ५० रु. डाक खर्च ५ रु. अलग। पुस्तकें वी.पी. से मंगाने के लिए ३५ रु. का मनीआर्डर अग्रिम भेजें। यह आवश्यक है। अपना पता हर पत्र में हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी भाषा में पिन कोड सहित लिखें।

१. प्रकाश पुस्तकालय, मु.पो.-खोरी, जिला-रेवाड़ी (हरियाणा) पिन-१२३१०१

नोट—उपरोक्त पते से आपको कोई जवाब नहीं मिलता है तो निम्नलिखित पते पर पत्र-व्यवहार करें।

२. पता : श्री रामावतार गुप्ता, आर्य समाज रोड, राव उमराव सिंह मार्केट, नई सब्जी मण्डी, रेवाड़ी-१२३४०१ (हरियाणा)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection